

वाराणसी, बुधवार, 21 दिसम्बर, 2022

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

पौष मास, कृष्ण पक्ष 13, वर्ष 11, अंक 313, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित


अंदर - गोवा मुक्ति का ऐतिहासिक सच

अन्दर : बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन ने विराट के साथ तस्वीर साझा की



नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# कोरोना को लेकर अलर्ट मोड में केंद्र

## चीन-अमेरिका सहित कई देशों में बढ़े कोरोना के मामले

**नई दिल्ली।** चीन और अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों में कोरोना वायरस के अचानक बढ़ते मामलों से केंद्र सरकार सतर्क हो गई है। सरकार ने सभी राज्यों को चिट्ठी लिखकर कोविड के नए मामलों की जीनोम सीक्वेंसिंग करने को कहा है। स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण की तरफ से एनसीडीसी और आईसीएमआर को चिट्ठी लिखी गई है। लेटर में कहा गया है कि सभी राज्यों को जीनोम सीक्वेंसिंग पर जोर देना होगा। इस समय देश में कोरोना के मामले ज्यादा नहीं है। मौते काफी कम हो गई हैं। लेकिन पूरी दुनिया में ये वायरस फिर से पैर पसार रहा है। ऐसे में सरकार कोई भी लापरवाही नहीं बरतना चाहती है।

स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण की तरफ से ठउउऊ और क्छटफ को चिट्ठी लिखी

**राज्यों को एडवाइजरी**

**जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजें पॉजिटिव रिपोर्ट**

गई है। उन्होंने कहा है कि अगर कोरोना के नए वैरिएंट्स की समय रहते पहचान करनी है, इसके लिए जीनोम सीक्वेंसिंग जरूरी है। राज्यों को भी निर्देश दिया गया है कि वे जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए सैंपल भेजे। विश्व के कई बड़े देशों में कोरोना के केस अचानक बढ़ गए हैं। खासकर अमेरिका, ब्राजील, चीन, कोरिया और जापान में कोरोना के केस में अचानक इजाफा देखा जा रहा है। इससे केंद्र सरकार अलर्ट मोड पर आ गई है. सरकार ने सभी राज्यों से सतर्क रहने को कहा है। केंद्र सरकार को शक है कि कहीं कोरोना का नया वेरियंट तो



नहीं है, जिससे आने वाले दिनों में केस में अचानक बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। केंद्र ने राज्यों की सरकारों से कहा कि जिस तरह से विश्व के कई देशों में कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं, उससे समझा जा सकता है कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। ऐसे में कोरोना के ट्रेंड की निगरानी जरूरी है।

भारत में अभी भी कोरोना से जुड़े मामलों में हालात सामान्य हैं। अगर देश में कोरोना के मामलों की बात की जाए तो मंगलवार (20 दिसंबर) को देश में बीते 24 घंटों के दौरान कुल 112 कोरोना के नए मामले सामने आए हैं। वहीं देश में कोविड एक्टिव मरीजों की संख्या की बात की जाए तो उसमें भी गिरावट दर्ज की गई है। इसके साथ ही देश में अब कुल एक्टिव मामलों की संख्या 3490 रह गई है। वहीं बीते 24 घंटे में कोरोना से 3 लोगों की मौत हुई है।

**मनसुख मंडाविया आज करेंगे बैठक**

जानकारी के मुताबिक केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया आज देश में कोविड-19 स्थिति पर वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों के साथ बैठक करेंगे। उधर एक्सपर्ट्स ने सलाह दी है कि स्थिति को गंभीरता से देखने की जरूरत है। इसे लेकर परेशान होने के बजाए कारगर उपाय करें तो बेहतर रहेगा। चूंकि पूरी दुनिया में एक बार फिर कोरोना संक्रमण पैर बढ़ रहा है तो ऐसे में भारत सरकार भी कोई लापरवाही नहीं चाहेगी।

## इस बजट में सस्ती होगी शराब

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार आगामी बजट में शराब पर लगने वाले टैक्स को घटाने जा रही है? यह संभावना इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइन एसोसिएशन के हवाले से प्राप्त हुई है।

एसोसिएशन ने सरकार को प्रीमियम ब्रांड की अल्कोहल उत्पादन पर लगने वाले ज्यादा टेक्स के बारे में चिंता जताई है। एसोसिएशन का कहना है कि एल्कोबेव इंडस्ट्रीज में प्रीमियम ब्रांड पर 67 से 80 फीसदी टैक्स लगता है।जिसके कारण वह अल्कोहल को निर्यात नहीं कर पाते हैं। सरकार अगर टैक्स को कम कर देगी।तो भारत से शराब का निर्यात बहुत तेजी के साथ पड़ोसी देशों में बढ़ेगा। सरकार की आय भी बढ़ेगी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार इस दिशा में सकारात्मक रूप से विचार कर रही है। भारत दुनिया का नौवा सबसे बड़ा बाजार है। एसोसिएशन के महासचिव सुरेश मेनन ने कहा अगर टेक्स को सरकार कम कर देती है तो भारत से शराब का निर्यात बड़ी तेजी के साथ बढ़ेगा। इससे देश में रोजगार भी बढ़ेगा।

## बांग्लादेशी का खुलासा हवाला का काम करता हूं

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशी रिजवान मोहम्मद को जेल की सजा सुना दी गई है। उसके परिवार के लोगों को भी जेल भेजा गया है। पुलिस को रिजवान से पूछताछ के लिए 9 घंटे की रिमांड मिली थी जिसमें रिजवान ने कई और नए खुलासे किए हैं। इसके आधार पर पुलिस रिजवान की रिमांड के लिए दोबारा कोर्ट में अर्जी देगी। जानकारी के अनुसार 9 घंटे की पूछताछ के दौरान रिजवान ने कबूला कि वह हवाला का काम करता था और पाकिस्तान के कई लोगों से भी जुड़ा हुआ था इसलिए उसने पाकिस्तान समेत कई देशों की यात्रा भी की। इसमें वह बांग्लादेशी पासपोर्ट का इस्तेमाल करता था लेकिन पूछताछ के दौरान बांग्लादेशी रिजवान मोहम्मद ने कई सवालों के जवाब नहीं ?दिए। पुलिस ने जब सवालों को घुमा फिरा कर पूछा तो वह जवाब देने लगा। बांग्लादेश में रिजवान एक होटल चलाता था और शादी करके कानपुर के आर्यनगर स्थित

**पुलिस को बताया**

**पुलिस को रिजवान से पूछताछ के लिए 9 घंटे की रिमांड मिली थी**

एक प्लेट में बस गया। उसके हवाला के कारोबार की जानकारी उसकी पत्नी और ससुर खालिद को थी। बैंक अकाउंट के दस्तावेज जब रिजवान के सामने रखे गए तो उसने कई सच और उगले। हालांकि बैंक डिटेल्स को पुलिस ने सार्वजनिक नहीं किया। इन्हीं तथ्यों के आधार पर अब पुलिस रिजवान की 14 दिन रिमांड मांगेगी। पूछताछ के दौरान रिजवान के घर की दोबारा तलाशी ले गई जिसमें डेढ़ लाख रुपये और जूते की अलमारी में मिले हैं। साथ ही बांग्लादेश से खरीदी 101 नींद की गोलियां भी बरामद हुई है। कई दस्तावेज भी बरामद हुए हैं जिनकी जांच पुलिस कर रही है। रिजवान पर पुलिस ने खुद वादी बनकर एनडीपीएस की एक एफआईआर और दर्ज की गई है।

## उच्च स्तरीय बैठक में लिया जा सकता है कि लाइटवेट जोरावर टैंक खरीदने पर निर्णय

नई दिल्ली। भारतीय सेना एलएसी पर चीन की सेना को करारा जवाब देगी। भारत अब एलएसी पर लाइट वेट जोरावर टैंक की तैनाती करने वाला है। 354 लाइटवेट जोरावर टैंकों को सेना में शामिल करने का प्रस्ताव दिया गया है। इस हफ्ते होने वाली उच्च स्तरीय बैठक में इसको लेकर फैसला हो सकता है।






# निकाय चुनाव पर सस्पेंस बरकरार

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने नगरीय निकाय निर्वाचन से संबंधित स्टे को बुधवार तक के लिए बढ़ा दिया। यूपी के निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने इस मामले में कोई फैसला नहीं दिया। बुधवार को भी सुनवाई जारी रहेगी।

हाईकोर्ट ने 12 दिसंबर को निकाय चुनाव के लिए अधिसूचना जारी करने पर अंतरिम रोक लगाई थी। यह रोक मंगलवार तक प्रभावी थी। निकाय चुनाव में आपत्ति ओबीसी आरक्षण को लेकर है। इसी के लिए याचिका दाखिल की गई है। यह याचिका वैभव पांडेय और अन्य के नाम से दाखिल हुई है। इसमें सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए

**आरक्षण मुद्दा**

**नहीं आया हाईकोर्ट का फैसला आज भी होगी सुनवाई**




कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट का फॉर्म्युला अपनाने को कहा था, लेकिन यूपी सरकार ने बिना ट्रिपल टेस्ट के रैपिड सर्वे के आधार पर आरक्षण तय कर दिया।

इस याचिका में कहा गया है कि यूपी सरकार का फैसला सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ है। इसके जवाब में राज्य सरकार ने कहा है कि उसने आरक्षण के लिए रैपिड टेस्ट करा लिया था और इसी के आधार पर आरक्षण तय किए गए हैं। राज्य सरकार ने दावा किया है कि याचिकाकर्ताओं की अपील पोषणीय नहीं है। अगर उन्हें आरक्षण पर कोई आपत्ति थी तो वे प्रत्यावेदन देकर अपनी बात रख सकते थे। सोमवार को सरकार ने अपने हलफनामे में बताया था कि स्थानीय निकाय चुनाव मामले में 2017 में हुए ओबीसी के सर्वे को आरक्षण का आधार बनाया गया। अगर इस मसले पर जल्द फैसला नहीं आता है तो इस साल निकाय चुनाव होने की संभावना खत्म हो जाएगी, क्योंकि 24 दिसंबर से दो जनवरी तक हाईकोर्ट में शीतकालीन अवकाश रहेगा।

## किसानों की समस्याएं जस की तस, जल्द होगा बड़ा आंदोलन : राकेश टिकैत

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा देश में किसानों की समस्याएं जस की तस है। सरकार अपने वादों पर खरी नही उतरी है। गन्ना किसानों से किया गया वादा भी पूरा नही किया गया। उन्होंने कहा कि देश को एक बार फिर बड़े आंदोलन की जरूरत है। जल्द ही किसानों की मांगों को लेकर आंदोलन किया जाएगा। किसान नेता राकेश टिकैत मंगलवार को मेरठ पहुंचे। वह यहां गढ़ रोड स्थित एक अस्पताल में भर्ती प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा का हाल जानने पहुंचे थे। पांच दिन पहले सड़क हादसे में वह घायल हो गए थे। आवारा पशु गाड़ी के सामने आने के कारण हादसा हुआ था। इसी दौरान मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में उन्होंने यह बात कही।



# खड़गे के बयान पर भाजपा का पलटवार यह असली नहीं बल्कि 'इतालवी कांग्रेस'

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दावा किया कि मौजूदा कांग्रेस असली नहीं बल्कि 'इतालवी कांग्रेस' है। भाजपा की यह प्रतिक्रिया कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की उस टिप्पणी पर आई जिसमें खरगे ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी ने देश को आजादी दिलाने में योगदान दिया लेकिन सत्तारूढ़ पार्टी ने देश के लिए एक कुत्ता भी नहीं खोया। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने खरगे की टिप्पणियों की कड़ी निंदा कर दावा किया कि विपक्षी दल का स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत का दावा करना गलत है क्योंकि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आजादी के बाद कहा था कि कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए। उन्होंने कहा यह असली कांग्रेस नहीं है। हम सभी जानते हैं कि इसने सुभाष चंद्र बोस बाल गंगाधर



तिलक और सरदार पटेल जैसे नेताओं के साथ कैसा व्यवहार किया जो असली कांग्रेस में थे। जोशी ने कांग्रेस की सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष रही सोनिया गांधी की जन्मभूमि की ओर इशारा करते हुए कहा यह एक इतालवी कांग्रेस है जिसका नेतृत्व कुछ अन्य लोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा यह फर्जी नेताओं से भरी फर्जी कांग्रेस है। उसके अध्यक्ष रबर स्टैंप हैं।

खरगे के इसी बयान को मुद्दा बनाकर भाजपा सदस्यों ने मंगलवार को राज्यसभा में भी हंगामा किया। राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल में कहा कि इस प्रकार का अभद्र भाषण देना देश के हर मतदाता का अपमान है। उन्होंने कहा कि वह खरगे के व्यवहार और उनकी भाषा की निंदा करते हैं। केंद्रीय मंत्री किरण रीजीजू ने भी खरगे पर ह्यह्यअपमानजनकह्न भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और कहा कि इसी वजह से नेता लोगों के उपहास का विषय बन जाते हैं।

# रात 12 बजे के बाद नहीं चलेंगी निगम की बसें

**कोहरे को लेकर निर्णय**

**लखनऊ में निगम के एमडी ने बैठक कर सभी आरएम को दिया निर्देश**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** ठंड के दिनों कोहरे से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर से बड़ा निर्णय लेते हुए रात 12 बजे के बाद से निगम की बसों के संचालन पर रोक लगा दी गयी।

मंगलवार को लखनऊ में निगम के एमडी संजय कुमार ने बैठक करते हुए इस बात का निर्णय लिया और प्रदेश भर के क्षेत्रीय प्रबंधकों को इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने का निर्देश दिया। एमडी संजय कुमार ने बैठक में कहा कि कोहरे के चलते सड़क पर दृश्यता कम हो जाती है ऐसे में सड़क पर दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, इसको रोकने के लिए यह कदम उ ठाया गया है। उन्होंने आरएम को निर्देश देते हुए कहा कि चालक-परिचालक को इस बात का निर्देश दें कि अगर संचालन के समय कोहरा, धुंध से दृश्यता कम होती दिखे तो तत्काल बस को अपने नजदीक के डिपो, पुलिस स्टेशन या फिर किसी ढाबे पर रोक दें और धुंध छटने के बाद ही बस का संचालन शुरू करें। उन्होंने सभी को निर्देशित किया है कि अधिकारी अपने रोडवेज स्टैंड पर रात्रि आठ से रात्रि 12 बजे तक कैम्प करेंगे और यात्रियों की सुविधाओं के पति सजग रहेंगे। बस स्टेशन पर अलाव व रैन बसेरा पर भी ध्यान रखा जायेगा।

# कारोबारियों को प्रोत्साहन की जरूरत है न कि भ्रष्टाचारी छापों की: अखिलेश

**हमला**

**कानपुर से लौटते वक्त मैगी खाने से खुद को रोक नहीं पाए अखिलेश**

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव कानपुर दौरे पर गए थे। यहां उन्होंने जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी से मुलाकात की। इस मुलाकात से पहले अखिलेश यादव ने कानपुर देहात जाकर पुलिस कस्टडी में मरे बलवंत सिंह के परिजनों से मुलाकात की थी। बलवंत के परिजनों का आरोप है कि पुलिस की पिटाई के कारण उसकी मौत हुई थी। इन दोनों मुलाकातों से वापसी के दौरान अखिलेश यादव आर्यनगर से सपा विधायक अमिताभ बाजपेई के आग्रह



पर गंगा बैराज स्थित मनोज निषाद की मैगी की दुकान पर रूककर मैगी खाई। इस दौरान अखिलेश यादव ने व्यापारी का हाल चाल जाना। साथ में सपा विधायक मो. हसन रूमी सपा विधायक अतुल प्रधान और पूर्व विधायक सतीश निगम मौजूद रहे। मैगी खाने की तस्वीर ट्वीट करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लिखा छोटे कारोबारियों के विकास से ही भाजपा सरकार में दम तोड़ती अर्थव्यवस्था वापस सांस ले सकती है कारोबारियों को प्रोत्साहन की जरूरत है ना कि भ्रष्टाचारी छापों की।

गौरतलब है कि हाल में व्यापारियों पर पड़े जीएसटी छापे का अखिलेश यादव पुरजोर विरोध कर रहे हैं। कानपुर जिला जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी से सोमवार को अखिलेश यादव ने मुलाकात की। करीब आधे घंटे की मुलाकात के बाद अखिलेश यादव जेल से बाहर निकले और योगी सरकार पर बरस पड़े। उन्होंने कहा कि इरफान को झूठे मुकदमे में फंसाया गया है इरफान ने कोई गलत काम नहीं किया लेकिन एक के बाद एक मुकदमा लादा जा रहा है।

## पीएम मोदी ने सांसदों से कहा मोटा अनाज खाएं और लोगों को खाने के लिए करें प्रेरित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भाजपा के सभी सांसदों को स्वस्थ रहने का मंत्र देकर मिलेट्स अर्थात मोटा अनाज खाने की सलाह देकर लोगों के बीच भी इस बढ़ावा देने को कहा है। संसद भवन परिसर में भाजपा संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए मिलेट्स के भोजन को जन आंदोलन बनाने की सलाह देकर प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे पोषण अभियान को बढ़ावा मिल सकता है। पीएम मोदी द्वारा दी गई नसीहत की जानकारी देकर संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाने का विषय रखकर कहा कि मिलेट्स से पोषण अभियान को बढ़ावा दे सकते हैं। भारत में जी-20 की अध्यक्षता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए लाखों लोग भारत आएंगे और जहां भी संभव होगा उनके भोजन में कुछ मिलेट्स से बना खाना भी रखा जाएगा।

# जरूरत पड़ी तो कार्यस्थगन पर रोज चर्चा कराऊंगा: धनखड़

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को राज्यसभा के सदस्यों को आश्वस्त किया कि स्थिति की गंभीरता के अनुरूप यदि जरूरत पड़ी तो वह हर दिन नियम 267 के तहत कार्यस्थगन के नोटिस स्वीकार कर सदन में चर्चा कराने से भी संकोच नहीं करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनके पूरे कार्यकाल के दौरान यदि ऐसा कोई नोटिस सही प्रारूप में नहीं मिला तो वह एक भी बार उसे स्वीकार नहीं करेंगे। राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा नियम 267 के तहत दिये गये विभिन्न नोटिस को आसन द्वारा लगातार खारिज किए जाने पर सदस्यों की आपत्ति के बाद सभापति धनखड़ ने शून्यकाल के दौरान यह बात कही। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे की एक टिप्पणी



को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच हुई तीखी नोकझोंक के बाद जैसे ही सदन में व्यवस्था बहाल हुई और कार्यवाही आगे बढ़ी सभापति धनखड़ ने कहा कि आज उन्हें नियम 267 के तहत कार्यस्थगन कर चर्चा कराने के लिए छह नोटिस मिले हैं। सभापति ने कहा कि इनमें से एक नोटिस समाजवादी पार्टी के प्रोफेसर रामगोपाल यादव का है जिसे देखकर लगा कि उन्होंने इसे सौंपने से पहले इस पर होमवर्क किया है।

# डेनमार्क की मदद से यूपी की 24 नदियों की संवारेंगे सूरत

## वर्चुअल मीटिंग में तय, प्रस्तावित परियोजना में काशी की वरुणा नदी को भी किया गया है शामिल

सुरोजीत चैटर्जी

**वाराणसी।** डेनमार्क सरकार के सहयोग से उत्तर प्रदेश की 24 छोटी नदियों का पुरुद्धार होगा। परियोजना के तहत उन नदियों में काशी की वरुणा नदी को भी शामिल किया गया है। खास यह भी कि इसके लिए किसी विश्वविद्यालय या संस्थान में स्थापित प्रयोगशालाओं की मदद लेने के बजाय प्रोजेक्ट प्लेस पर ही सजीव प्रयोगशालायें तैयार की जाएंगी। नई सोच की इन 'लिविंग लैब' की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। इस कवायद के पीछे मकसद है कि दुनिया की नदियों को स्वच्छ रखने के लिए किए जा रहे प्रयासों के क्रम में भारत की नदियों को भी साफ-सुथरा कर वैश्विक स्तर पर उनके समाधान की प्रक्रिया में शामिल करना है। इस बारे में मंगलवार को नई दिल्ली स्थित डेनमार्क दूतावास के प्रतिनिधियों और केंद्रीय जल आयोग के अफसरों के साथ हुई वर्चुअल बैठक में आरम्भिक रणनीति तय की गई। जिसके अंतर्गत सीडब्ल्यूसी और आईआईटी बीएचयू मिलकर डेनमार्क सरकार

**खुशखबरी**

**भारत-डेनमार्क के समझौते में आईआईटी बीएचयू, केंद्रीय जल आयोग और मनरेगा की रहेगी भूमिका**

**किसी संस्थान या विश्वविद्यालय में प्रयोगशाला के बजाय कार्य स्थल पर स्थापित करेंगे 'लिविंग लैब'**



के साथ मनरेगा के माध्यम से काम करेंगे। इसमें आईआईटी बीएचयू 'नॉलेज पार्टनर' की भूमिका निभाएगा। वहीं लिविंग लैब के जरिये परियोजना का क्रियान्वयन और विश्लेषण किया जायेगा। प्रोजेक्ट से स्वच्छ नदियों के क्षेत्र में भारत और डेनमार्क के बीच तालमेल किया जाएगा।इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य समग्र और नदी का अविरल कायाकल्प, जल गुणवत्ता की निगरानी और प्रबंधन समेत जल गुणवत्ता की मॉडलिंग और भविष्यवाणियों पर दोनों देशों के बीच तकनीकी ज्ञान का आपसी आदान-प्रदान भी है। साथ ही मिलने वाले रिजल्ट के माध्यम से नदियों को साफ-सुथरा करने के दौरान जटिल चुनौतियों का अनुभव आधारित समाधान भी सुनिश्चित करेंगे। दोनों देशों के इस संयुक्त प्रयास से वैश्विक और स्थानीय, स्थायी समाधान लाने के लिए एक मंच विकसित किया जाएगा। यह समाधान लाने के लिए एक साझा मंच बनाएंगे। नदियों की स्थिति के वैश्विक स्थायी समाधान के लिए तैयार खाका में वरुणा नदी कार्य योजना बनाई गई है। इसमें मनरेगा की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। प्रोजेक्ट में मनरेगा के जरिये वरुणा और यूपी की चिह्नित अन्य 23 छोटी नदियों के उन क्षेत्रों में कार्य होगा जहां नदी के तटीय इलाकों में मिट्टी आदि के काम कराएंगे। कुल मिलाकर विलुप्तप्राय वरुणा नदी के पुनरुद्धार कार्य में डेनमार्क के अनुभव, केंद्रीय जल आयोग के दिशा-निर्देश व आईआईटी बीएचयू के तकनीकी मार्गदर्शन से मनरेगा का सहयोग लेंगे। मंगलवार को हुई वर्चुअल मीटिंग में आईआईटी बीएचयू के प्रो. प्रभात कुमार सिंह और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शिशिर गौड़ ने प्रेजेंटेशन दिया। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल उपस्थित रहे।

### वरुणा की दुर्गति के हैं कई कारण

भारत में नदियों का एक अच्छा नेटवर्क है जो कई हजारों वर्षों से उपमहाद्वीप को फलने-फूलने में मदद करता है। लेकिन जनसंख्या विस्फोट, जलवायु परिवर्तन और तेजी से शहरीकरण के साथ कृषि और औद्योगिक क्रांति सहित मिट्टी और पानी जैसे प्राकृतिक संसाधनों को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से भारत की नदियों के सामने इस तरह के चैलेंज हैं। भू-गर्भ जल के अत्यधिक दोहन, अति सिंचाई, असंख्य स्थान पर मोड़ दिए गए नहर, अतिक्रमण आदि कारणों से छोटी नदियों के चैनल सूख गया हैं। इसके अलावा नालों और सीवर सहित औद्योगिक इकाइयों के केमिकलयुक्त पानी नदियों में गिरने से उसमें प्रदूषण और कृषि अपशिष्ट का उच्च स्तर बन गया है। प्रदूषण के महत्वपूर्ण स्तरों और गैर-बारहमासी प्रवाह के कारण नदी और तटवर्ती पारिस्थितिकी तंत्र का विनाश हुआ है। फलस्वरूप वर्ष पर्यंत बहने वाली तमाम नदियां अब साल में कुछ ही महीने तक प्रवाहमान रहती हैं। उनमें वरुणा नदी भी शामिल है।

### मानवजनित विनाश की चपेट में नदियां

जानकारी के मुताबिक भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन के बीच गत वर्ष अक्टूबर में इस परियोजना को मूर्त रूप देने का समझौता हुआ था। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत वाराणसी की वरुणा नदी समेत चिह्नित अन्य नदियों को स्वच्छ करने के लिए स्मार्ट प्रयोगशाला 'लिविंग लैब' के माध्यम कार्य करेगा। यानि वाराणसी को परियोजना स्थल के रूप में चुना गया है। यहां वरुणा और अस्सी नदियां वर्तमान में मौसमी हैं लेकिन अतीत में इन नदियों के पानी की गुणवत्ता अच्छी थी बल्कि वर्ष पर्यंत इनमें प्रवाह बना रहता था। प्रयागराज जिले के भूजल स्रोतों से निकली वरुणा संत रविदास नगर, जौनपुर होकर 200 किमी से अधिक बहती हुई वाराणसी में गंगा में मिलती है। लगभग दो दशक पहले तक वरुणा का प्रवाह वर्तमान की तुलना में बेहतर था लेकिन वर्तमान में यह नदी मानवजनित विनाश की चपेट में है।

# अग्निवीर में भर्ती के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**शिकंजे में**

**मिलिट्री इंटेलिजेंस की इनपुट पर एसटीएफ ने कैंटोमेंट से दबोचा**

जनसंदेश न्यूज



गिरफ्तार ठग

**वाराणसी।** अग्निवीर सेना भर्ती में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला नेपाली युवक को एसटीएफ ने मिलिट्री इंटेलिजेंस की सूचना पर छावनी कैंटोमेंट से पकड़ा। आरोपी की पहचान क्याक्मी नेपाल निवासी वेल नारायण मानेंधर के तौर पर हुई है। एसटीएफ ने उसके पास से

नेपाली नागरिकता प्रमाण पत्र, 17 हजार रुपए नेपाली करेंसी, 800 रुपए भारतीय करेंसी, दो आधार कार्ड समेत अन्य दास्तावेज बरामद किया। आगे की कार्रवाई में गिरफ्तार ठग को कैंट थाना पुलिस के हवाले किया गया। एसटीएफ वाराणसी इकाई के एडिशनल एसपी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि अग्निवीर भर्ती के नाम पर बेरोजगार युवकों को ठगने का इनपुट मिलिट्री इंटेलिजेंस से मिला था।

ऐसे में इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जांच मे सामने आया कि अग्निवीर भर्ती में असफल अभ्यर्थियों को पास कराने के नाम पर उसने तीन-तीन लाख रूपया लिया था। उनका एक गिरोह है उसी गिरोह के तहत पैसे की उगाही की गयी थी।

मंगलवार को ठग ने असफल अभ्यर्थियों को मेडिकल पास कराने के लिए बुलाया था। यहां पहुंचे अभ्यर्थियों की निशानदेही पर इंस्पेक्टर अनिल सिंह के नेतृत्व में एसटीएफ की टीम ने वेल नारायण मानेंधर को पकड़ लिया।

### छह महीने से एक रेस्टोरेंट में करता था काम

पूछताछ में वेल नारायण मानेंधर ने बताया कि वह छह महीने से कैंट क्षेत्र के एक रेस्टोरेंट में खाना बनाता था। यहां उसकी मुलाकात दिवस विश्वकर्मा से हुई। दिवस विश्वकर्मा 39 गोरखा ट्रेनिंग सेंटर ) में सिपाही है। दिवस विश्वकर्मा ने वेल नारायण मानेंधर को बताया था कि अग्निवीर भर्ती रैली होने वाली है। यदि कोई कैंडिडेट होगा तो बताना। इस पर वेल नारायण मानेंधर ने मीरजापुर के रहने वाले आयुष सिंह से संपर्क किया। आयुष ने चंदौली के रहने वाले अपने तीन अन्य साथी सचिन, वीरेंद्र और मनीष को भी दिवस विश्वकर्मा से मिलाया। दिवस विश्वकर्मा ने चारों युवकों से अपने अकाउंट में कुछ पैसे मंगवाए गए और बाकी उसने कैश लिया।

# युवक की दुर्घटना में मौत

जनसंदेश न्यूज

**दुखद**

**हो गया था इंगेजमेंट मार्च में तय थी शादी, निजी बैंक में था कार्यरत**

**तरना।** दोस्त का जन्मदिन में शामिल होने गए चमाव निवासी 22 वर्षीय प्रवीण सिंह की दुर्घटना में मौत हो गई। बाइक पर सवार दूसरे साथी खजुरी पांडेयपुर निवासी यश दुबे की हालत गंभीर है, उसे बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया।



प्रवीण के भाई सुनील सिंह के अनुसार सोमवार की शाम प्रवीण अपने चार पहिया वाहन से किसी दोस्त के जन्मदिन में शामिल होने गया था वहां पर किसी अन्य दोस्त की स्पोर्ट्स बाइक देख कर चलाने के लिए लिया, उसके साथ यश दुबे भी बैठ गया यूपी कॉलेज से गिलट बाजार की तरफ पंचकोशी मार्ग पर आते समय तीव्र गति होने के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों बाइक सवार दीवार से जा टकराए। क्षेत्रीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया पुलिस और परिजनों के सहयोग से घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया जहां प्रवीण सिंह को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। यश दुबे को गंभीर अवस्था में ट्रामा सेंटर बीएचयू भेजा। प्रवीण के पिता हृदय नारायण सिंह ने बताया कि प्रवीण का इंगेजमेंट हो गया था और मार्च माह में शादी होनी थी। कुछ दिन पूर्व ही प्रवीण का प्राइवेट बैंक में नियुक्ति हुआ था जहां उसे एक सप्ताह बाद ज्वाइन करना था। प्रवीण की मौत से घर में हाहाकार मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

## संक्षेप

### 90 फीसदी पड़े वोट, मतगणना आज



**पिंडरा।** तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा के वार्षिक चुनाव में वकीलों ने जमकर वोट डाला। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबन्ध रहे। मतदान सुबह 10 बजे से 4 बजे तक चला। प्रत्याशी अपने पक्ष में मतदान के लिए वोटरों से अपील करते दिखे। 90 प्रतिशत मतदान हुआ। मतगणना बुधवार को होगी। पिंडरा तहसील के लाइब्रेरी भवन में बने छह बूथों पर वोट डालने की सुविधा दी। दोपहर 2 बजे तक मात्र 150 मत पड़े थे। लेकिन उसके बाद तेजी आई और अंतिम समय तक मतदान चला। इस दौरान कुल 348 मत के सापेक्ष 310 मत पड़े। चुनाव अधिकारी जटाशंकर मिश्रा व मांता पटेल ने बताया कि कुल 348 के सापेक्ष 310 मत पड़े। अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार राजेश पटेल, प्रफुल्ल मौर्य व रामभरत यादव मैदान में है। वही महामंत्री के लिए राजेश सिंह व श्याम मोहन उपाध्याय आमने सामने है। शेष पदों पर पहले ही निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है।

### भाजपा नेता हत्याकांड के आरोपी की जमानत खारिज

**वाराणसी।** जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने भाजपा नेता पशुपति सिंह की हत्या के मामले में आरोपी छित्तूपुर सिगरा निवासी श्याम बाबू की जमानत अर्जी सुनवाई के बाद खारिज कर दी। इसके पहले तीन आरोपितों की जमानत अर्जी खारिज हो चुकी है। अदालत में जमानत अर्जी का विरोध जिला शासकीय अधिवक्ता आलोक चंद्र शुक्ल व वादी के अधिवक्ता प्रेम प्रकाश 'गौतम' ने की। प्रकरण के मुताबिक सिगरा के जयप्रकाश नगर कॉलोनी में बीते 13 अक्टूबर 2022 की रात पशुपति सिंह की कुछ मनबढ़ों ने लाठी-डंडे और रॉड से हमला कर हत्या कर दी थी। मृतक के बेटा राजन की ओर से सिगरा थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।

### आधा दर्जन बकरे समेत गैस सिलेंडर और चूल्हा चोरी

**रोहनिया।** रोहनिया थाना क्षेत्र के मोहनसराय, दाउतपुर और शहाबाबाद सोमवार की रात आधा दर्जन बकरा चोरी हो गया। एक जगह गैस सिलेंडर भी चोर उठा ले गये। मतलब की खाने पीने का पूरा बंदोबस्त चोर साथ में कर गये। मामले की जानकारी होने पर तीनों गांव के लोगों में रोष व्याप्त हैं। आरोप है कि रोहनिया थाना और पुलिस चौकी के सिपाही गश्त नहीं करते अगर करते तो चोरी जैसी वारदात नहीं होती। जानकारी के अनुसार शहाबाबाद निवासी पूर्व प्रधान गोपाल यादव का मोहनसराय में मिठाई का दुकान है यहां चोर चार गैस सिलेंडर और दो चुल्हा उठा ले गये। सागरपुर दरेखु निवासी पूर्व ग्राम प्रधान रमेश सिंह व मोती दाउतपुर के यहाँ से तीन बकरा व शहाबाबाद निवासी बच्चन यादव के यहाँ से भी तीन बकरा चोरी हो गया। कुछ दिनों पहले हरिहरपुर निवासी कन्हैया लाल की ट्रैक्टर ट्राली चोर चुरा ले गये और रोहनिया पुलिस केवल कागजी कार्रवाई कर शांत बैठ गयी है।

### आभूषण की दुकान में चोरी

**चिरईगांव।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के गौरा कला बाजार पुलिस पिकेट क के बगल में आभूषण की दुकान को चोरों ने निशाना बनाया। मामले की जानकारी मंगलवार को दुकान खोलने के दौरान पीड़ित शिवकुमार सेठ को हुई तो उसने पुलिस को मामले से अवगत कराया। चोरी की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और प्रदर्शन करने लगे। इस बात की जानकारी मिलने पर मौके पर चौकी प्रभारी चिरईगांव , चांदपुर और जाल्हूपुर के साथ थाना प्रभारी चौबेपुर राजेश सिंह पहुंचे और चोरी का पदार्फाश का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया।

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**सारनाथ।** पंचकोशी रेलवे क्रासिंग के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर मंगलवार को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कमौली (चौबेपुर) निवासी हौसिला यादव की मौत पंचकोशी रेलवे क्रोसिंग के समीप रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। वह पंचकोशी से घर की तरफ जा रहे थे। दोनों पटरी पर ट्रेन आने से वह कंफ्यूज हो गए और ट्रेन की चपेट में आ गए। घटना के बाद परिजनों ने शव का शिनाख्त किया। उन्होंने बताया कि उनको दो पुत्र व एक पुत्री है। वह पुत्री की शादी कर चुके हैं।

### महिला की तहरीर पर तीन पर मुकदमा

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के लच्छापुर गांव निवासिनी विवाहिता रानी देवी ने मंगलवार को मिर्जामुराद थाने पर तहरीर दी। आरोप है कि 14 दिसम्बर को पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने उसे मारापीटा था। पुलिस ने महिला की तहरीर पर रपट दर्ज कर आगेकी कार्रवाई में जुट गयी है।

### पुरानी रंजिश में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**बड़ागांव।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के पतेर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक पक्ष के लोगों ने घर में घुसकर दो सगी बहनों को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार उपरोक्त गांव में सोमवार की शाम जावेद, कयामुद्दीन और अख्तर अली ने सगी बहनों करिश्मा और ज्योति को अकेला पाकर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### शराब के नशे में मारपीट, केस

**वाराणसी।** चितईपुर थाना क्षेत्र कर्मनवीर सुसुवाही में रहने वाली आशा पाण्डेय और उनके वृद्ध पति उद्धव पाण्डेय की पिटाई और घर में तोड़फोड़ करने के मामले में भोले और उसके आधा दर्जन अज्ञात साथियों के विरुद्ध बलवा तोड़फोड़ में मुकदमा दर्ज हुआ। आशा पाण्डेय का आरोप हैं कि रविवार की रात कुत्ते को रोटी खिलाने के लिए निकली। पड़ोस में वाले नागेंद्र सिंह का भाई भोला नशे में धुत था। दरवाजे के सामने पेशाब करने लगा। जिसका विरोध करने अपने साथियों के साथ घर में घुसकर मारपीट तोड़फोड़ करने लगा।

# गजब के चोर, सोना ले गए चांदी छोड़ गए



**पिंडरा।** फुलपुर थानाक्षेत्र के मंगारी बाजार में एक व्यापारी के मकान में छत के रास्ते घुसे चोर आलमारी को तोड़कर सोने चांदी के आभूषण छत पर उठा ले गये और वहां पर डब्बों से छांटकर सोने के आभूषण उठा ले गये और चांदी के आभूषणों को छोड़ दिया। गृहस्वामी के अनुसार चोरी गये आभूषणों की कीमत लगभग तेरह लाख रुपए से ज्यादा बताया जा रहा है। सूचना पर पीआरबी 112 पहुंची। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

जानकारी के अनुसार उपरोक्त बाजार निवासी सियाराम बरनवाल के दो बेटे हैं एक अविवाहित हैं जो बालाजी दर्शन कर गया है बड़ा पुत्र झारखंड में अध्यापक है और परिवार के साथ वही रहता है। वर्तमान में गृहस्वामी अपनी पत्नी के साथ मकान में रहते हैं। सोमवार की रात दोनों खाना खाकर सो गये तो चोर किसी समय चोर बगल में बन रहे मंदिर के बांस बल्ली के सहारे छत पर चढ़कर अंदर उतर गये तथा एक कमरे में लगे ताले और अंदर की आलमारी को तोड़कर जेवरात के डिब्बे उठा ले गये। चोरी जेवरात सोने के थे। जिसमें एक हार,दो जोड़ी चुड़ी,जेंट्स अंगुठी तीन,लेडिज अंगुठी चौदह, कान का झाला एक जोड़ी, झुमका एक जोड़ी,दो मांग टीका,नथिया एक, चैन एक और दो लाकेट चोर उठा ले गये वहीं चांदी के आभूषणों को उनके डिब्बे में छोड़ दिया चोरी की जानकारी गृहस्वामी को सुबह सोकर उठने पर हुई।

# रेस्टोरेंट में मारपीट के आरोपी को मिली जमानत


**वाराणसी।** जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने रेस्टोरेंट में घुसकर संचालक पर जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपित सराय मोहना, सारनाथ निवासी आरोपित दीपू साहनी की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव, कृष्णा यादव व रोहित यादव ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी शिवशंकर प्रसाद ने दशाश्वमेध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि 6 छह नवंबर 2022 को वह अपने रेस्टोरेंट में बैठा था। उसी दौरान दीपू साहनी, अमित साहनी, रोहित साहनी, दीपू का भांजा राजेश यादव और दीपू के पांच कर्मचारी व 7-8 सहयोगियों के साथ रेस्टोरेंट में चापड़, लोहे की रॉड, बांस इत्यादि लेकर घुस आए और मारपीट करने लगे। इस दौरान उनलोगों ने वादी, वादी के भाई जय नारायण मोहन गुप्ता, भरत को पर प्राणघातक हमला किया। जिससे उनलोगों के सिर, हाथ, एवं शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई। इस मामले में पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था।

# सीबीसीआईडी करेगी नितेश सिंह बबलू हत्याकांड की जांच

**बढ़े कदम**

**30 सितंबर 2019 को तहसील में दिनदहाड़े कर दी गयी थी हत्या**

**वाराणसी।** 30 सितंबर 2019 में सदर तहसील में जमीन कारोबारी और ठेकेदार नितेश सिंह बबलू सिंह हत्याकांड की जांच अब सीबीसीआईडी को हैंडओवर किया गया है। बबलू के परिजनों ने होईकोर्ट में अपील की थी कि पुलिस ने निष्पक्ष जांच नहीं किया ऐसे में इस अपराध की जांच सीबीआई से करायी जाए। कोर्ट ने बजाय सीबीआई के इस प्रकरण की जांच सीबीसीआईडी को सौंपा।



30 सिंतबर को सदर तहसील में बाइक सवार दो बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्याकांड को अंजाम गिरधारी उर्फ डॉक्टर और उसके एक साथी ने दिया था। गिरधारी बीते साल 2021 में लखनऊ पुलिस के हत्थे चढ़ा और एनकांउटर में ढेर हो गया जबकि हत्याकांड को अंजाम देने वाला दूसरा बदमाश कौन था इस बात की तस्दीक अबतक पुलिस नहीं कर सकी। वहीं इस मामले में नितेश सिंह के परिजनों ने हत्याकांड के सूत्रधार के तौर पर एक पूर्व सांसद और विधायक को बताया था। हत्याकांड में पुलिस जांच और तमाम कमियों के बाद नितेश के परिजनों ने निष्पक्ष जांच के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की थी।

कोर्ट ने अब इस मामले की जांच के लिए सीबीआई तो नहीं लेकिन सीबीसीआईडी को हैंडओवर किया।

### ये है पूरा प्रकरण

सदर तहसील में बस संचालक, प्रॉपर्टी डीलर और ठेकेदार को बाइक सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर मौत के घाट उतार दिया। घटना उस समय हुई जब तहसील में रोज की तरह काम चल रहा था। ठेकेदार को उस वक्त बदमाशों ने गोली मारी जब वह तहसील में अपनी फॉर्च्यूनर से पहुंचे थे। हथियारबंद बदमाशों ने इस हत्याकांड को उस वक्त अंजाम दिया जब एक तरफ तहसील में रोज की तरह काम चल रहा था, तभी फॉर्च्यूनर गाड़ी से ये शख्स तहसील परिसर में पहुंचा। नितेश सिंह जैसे ही अपना काम खत्म कर वापस गाड़ी में बैठने लगा वहां मौजूद बदमाशों ने उसे नमस्ते कहा और गोली मार दी। ड्राइविंग सीट पर नितेश की मौत हो गयी।

# ज्ञानवापी क्षेत्राधिकार को लेकर सुनवाई टली

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में मंगलवार को ज्ञानवापी प्रकरण सुनवाई के क्षेत्राधिकार के लेकर दाखिल निगरानी याचिका पर सुनवाई टल गई है। इस मामले अगली सुनवाई दस जनवरी को होगी। इस मामले में पिछले तिथि पर कोर्ट ने शैलेन्द्र कुमार पाठक व जैनेन्द्र कुमार पाठक को पक्षकार बनाए जाने की अर्जी पर सुनवाई के लिए लंबित है।

वाद मित्र और मुस्लिम पक्ष की ओर से पहले ही आपत्ति दाखिल हो चुकी है। प्रकरण के अनुसार निगरानी कर्ता अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की ओर से जुलाई 2021 में निगरानी याचिका दाखिल की गई थी। कहा गया था कि लोअर कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद वक्फ बोर्ड की संपत्ति है।

उसकी सुनवाई के अधिकार लखनऊ वक्फ बोर्ड को है, सिविल न्यायालय को नहीं। इसके बावजूद अवर न्यायालय ने उनकी याचिका खारिज करते हुए पुरातात्विक सर्वेक्षण के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई जारी रखी और प्रतिवादी के क्षेत्राधिकार के प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया था। जिसके बाद अंजुमन इंतजामिया ने लोवर कोर्ट के आदेश के खिलाफ सत्र न्यायालय में निगरानी याचिका दाखिल किया था। इस मामले पिछले तिथि पर शैलेन्द्र कुमार पाठक व जैनेन्द्र कुमार पाठक ने पक्षकार बनाए जाने के लिए अधिवक्ता देशरत्न श्रीवास्तव के मार्फत प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर सुनवाई लंबित है। इस आवेदन पर वाद मित्र ने आपत्ति दाखिल कर खारिज करने की गुहार लगाई गई ।

### अविमुक्तेश्वरानंद की याचिका पर सुनवाई आज

**वाराणसी।** सिविल जज सीनियर डिविजन की अदालत में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र पर भी बुधवार को सुनवाई होनी है। इसमें ज्ञानवापी परिसर में मिले शिवलिंग को आदि विश्वेश्वर बताते हुए नियमित पूजा-पाठ, राग-भोग की मांग की गई है।

### आदि विश्वेश्वर मामले हुई सुनवाई, विष्णु जैन ने दी दलील

**वाराणसी।** ज्ञानवापी आदि विश्वश्वर मामले मे किरन सिंह की तरफ से दाखिल वाद की सुनवाई श्रृंगार गौरी मूल वाद के साथ किये जाने के आवेदन पर जिला जज की अदालत में सुनवाई शुरू हो गई है, इस मुद्दे पर श्रृंगार गौरी मामले की वादिनी लक्ष्मी देवी समेत चार महिलाओं की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विष्णु जैन ने दलील रखी। कहा कि ज्ञानवापी से संबंधित मुकदमो को अपने पास स्थानांत्रित कर एक साथ सुनवाई की जाय क्योंकि सभी मुकदमो में विधि व तथ्य समान है ऐसे में सभी मुकदमो को एक साथ सुना जाय वही किरन सिंह की तरफ से भी जबाब में दलील रखना शुरू कर दिया गया है अधिवक्ताओ मानबहादुर सिंह, शिवम गौड़, अनुपम द्विवेदी की दलील थी कि जिन महिला वादियों को स्थानांतरण आवेदन देने का कोई अधिकार नहीं है,किसी अन्य मुकदमे में पक्षकार भी नहीं है ऐसे में सीपीसी की धारा 24 में स्थानांतरण आवेदन देने का कोई अधिकार नहीं है, सभी मुकदमो में अनुतोष अलग अलग है और पक्षकार भी अलग अलग हैं, ऐसे में न इनके मामले समेकित किये जा सकते हैं न स्थानांत्रित किये जा सकते हैं। अदालत में दलीले जारी है और कोर्ट ने सुनवाई जारी रखते हुए बुधवार 21 दिसंबर की तिथि नियत कर दी। किरन सिंह की तरफ से दाखिल वाद में भगवान आदि विश्वश्वर को ज्ञानवापी का मलिकाना हक और तथाकथित मस्जिद के गुम्बद को हटाकर कब्जा दिए जाने की मांग की गई है।

# कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ रेप का मुकदमा

**वाराणसी।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर एक अपंग महिला के साथ बलात्कर करने व धमकी देने के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कैन्ट पुलिस को नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया जिसपर आरोपी कैन्ट क्षेत्र के इमिलिया घाट निवासी राजेश उर्फ कल्लू के खिलाफ दुराचार सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। आरोप है कि उसी गांव की निवासिनी अपंग महिला को चार अगस्त की रात में आरोपी राजेश उर्फ कल्लू इमलिया घाट ने दुराचार किया। रात करीब 11 बजे के आस-पास राजेश उर्फ कल्लू महिला के कमरे में घूसा था और जबरन रेप किया। इस मामले में पीड़िता ने रात को ही घटना के बारे में पुलिस हेल्प लाईन को सूचना दी थी और पांच अगस्त को कैण्ट जाकर राजेश उर्फ कल्लू के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करने के लिये प्रार्थना दिया था। लेकिन कैंट पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। पीड़िता 18 अगस्त को पुलिस कमिश्नर को भी पत्र के माध्यम से अवगत कराया लेकिन पुलिस कमिश्नर की तरफ से भी मामले को संज्ञान में नहीं लिया गया। अंत में उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ कैंट थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

# पीड़िता मुकरी, रेप का आरोपी दोषमुक्त

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट शैलेंद्र सिंह की अदालत ने रेप व पॉक्सो के रामनगर थाने के मामले में आरोपी शिव कुमार साहनी को पीड़िता और वादी पिता के बयान में विरोधाभास के कारण दोषमुक्त कर दिया। आरोपी के अधिवक्ता अरुण सिंह और अजय पांडेय के मुताबिक विचारण में पीड़िता कलम बंद बयान से मुकर गई और कहा कि मां और पिता के दबाव में हमने बयान दर्ज कराया था और आपसी सहमति से संबंध बनाया गया था। विचारण में चिकित्सकीय प्रपत्रों में पीड़िता की उम्र 19 वर्ष पाते हुए बालिग पाया जबकि वादी ने 7 अक्टूबर 2015 को दर्ज कराई प्राथमिकी में पुत्री की उम्र 16 वर्ष बताते हुए घर से भगाकर अपहरण करने और दुराचार का आरोप अभियुक्त पर लगाया था। पीड़िता ने पुलिस पर थाने में ही खुद तहरीर लिखने के साथ सादे कागज पर हस्ताक्षर कराने का आरोप लगाया, कोर्ट ने इन परिस्थितियों में आरोपी को बरी कर दिया।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2013 अनुक्रमांक 2188602 का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र खो गया है। पिन्टू कुमार राम पुत्र चन्द्रमा राम, ग्राम+पोस्ट-रेवती, जिला-बलिया, उप्र।

मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम रविकांत हो गया है जो गलत है। अंक पत्र के आधार पर वास्तविक एवं सही नाम रविकांत सिंह यादव है। रविकांत सिंह यादव पुत्र रामबली सिंह यादव रजिस्ट्रेसन नंबर 14380371H (AAD) ग्राम व पोस्ट-गंगौली, कासिमाबाद, गाजीपुर।

मेरे आधार कार्ड, पैनकार्ड, पासपोर्ट, अंक प्रमाण-पत्र में मेरा नाम त्रुटिवश रजनीश दर्ज हो गया है परन्तु सही एवं सम्पूर्ण नाम रजनीश रामप्रसाद कुमार पुत्र रामप्रसाद नाम से जाना-पहचाना जाता हूं जो दर्ज होना आवश्यक है। पता- ग्रा0-सकरा, पो0-पेसारा, परगना व तहसील-केराकत, जिला-जौनपुर।

**आवश्यकता**

बयालसी स्नातकोत्तर जलालपुर, जौनपुर (अनुदानित महाविद्यालय) में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में, मनोविज्ञान, गृहविज्ञान व अंग्रेजी विषय में एक-एक प्रवक्ता की आवश्यकता है। शैक्षिक योग्यता विश्वविद्यालय की परिनियमावली व यू0जी0सी0 के मानक के अनुसार। सादे कागज पर फोटोयुक्त दो प्रतियों में आवेदन-पत्र समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित पंजीकृत डाक से सचिव के नाम प्रकाशन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रेषित करें।

सचिव
मो0-9452712888

# पुलिस ने पकड़ी पैतीस लाख की अंग्रेजी शराब

**दो गिरफ्तार**

**बोरी की आड़ में 491 पेटी छिपाकर रखी गयी थी**



**मिर्जामुराद।** चालव का भूजा यानी लायी की बोरी के पीछे 35 लाख की शराब छिपाकर तस्करी के लिए बिहार जा रही थी लेकिन इसके पहले मुखबिर की सूचना पर मिर्जामुराद पुलिस ने डंगहरिया एनएच-टू ओवरब्रिज के पास दबोचा लिया। तलाश में पुलिस को 491 पेटी अंग्रेजी शराब मिला। जिसकी कीमत करीब 35 लाख आंकी गयी साथ ही दो तस्कर को पकड़ा गया। डीसीपी गोमती जोन विक्रांत वीर ने बताया कि आरोपितों की पहचान राजस्थान निवासी गोमाराम और हरजी राम के तौर पर हुई। पुलिस टीम को 20 हजार पुरस्कार की घोषणा की।

थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह की माने तो वह टीम के साथ सोमवार की रात रूपापुर के पास चेकिंग अभियान चला रहे थे। इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि उक्त मार्ग पर ट्रक से शराब की बड़ी खेप तस्करी के लिए बिहार जा रही है। कुछ ही देर बाद प्रयागराज की तरफ से आ रही एक ट्रक को रुकने का इशारा किया लेकिन बजाय रूकने के चालक ने गति तेज कर दी और भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने ट्रक पीछा कर डंगहरिया ओवरब्रिज के पास घेर लिया। तलाश में पुलिस को 491 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब मिली जो लायी के बोरे के पीछे छिपाकर रखी थी। इस दौरान दो तस्कर को दबोचा गया। शराब गाजियाबाद से बिहार और भुनेश्वर तस्करी के लिए जा रही थी।

# पुलिस ने बंद कराया बिना कैनोपी वाला जेनरेटर

जनसंदेश न्यूज

**कार्रवाई**

**सत्या फाउंडेशन के हेल्पलाइन नंबर पर की गयी थी शिकायत**

**वाराणसी।** लालपुर-पांडेयपुर थाना अंतर्गत बेनीपुर के पास ओम नगर कालोनी, फेज-1 निवासी परिवार ने सोमवार को बिना कैनोपी के संचालिक जेनरेटर की ध्वनी से परेशान होकर इस बात की शिकायत 'सत्या फाउंडेशन' के हेल्पलाइन नंबर 9212735622 की थी। फाउंडेशन ने पुलिस कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज करायी।

पड़ोसी का आरोप था कि पूर्व में कई बाद इस बात के लिए आग्रह किया गया था कि कैनोपी युक्त जेनरेटर संचालित करें ताकि ध्वनी प्रदूषण से कॉलोनी के लोगों को राहत मिले लेकिन इस बात को नहीं सुना गया। ऐसे में पड़ोसी ने सत्या फाउंडेशन के हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर मदद मांगी ताकि उक्त के खिलाफ कार्रवाई हो सके।

फाउंडेशन की माने तो आरोपी जेनरेटर चालक के खिलाफ कार्रवाई के लिए लालपुर पांडेयपुर थाना प्रभारी परमहंस गुप्ता के सीयूजी नंबर पर भी अवगत कराया गया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने बिना कैनोपी वाले जेनरेटर को बंद कराया साथ ही चेतावनी दी कि अगर अब जेरनेटर नियम विरूद्ध संचालित होगा तो कानूनी कार्रवाई की जायेगी। सत्या फांउडेशन के संस्थापक सचिव चेतन उपाध्याय ने बताया कि कुछ लोग भ्रम फैलाते हैं कि रात 10 बजे के बाद धीमी आवाज में लाउडस्पीकर बजाया जा सकता है जबकि यह सरासर झूठ है।

शादी-विवाह हो या धार्मिक कार्यक्रम रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक पटाखा, डीजे, बैंड, मशीन, हार्न, लाउडस्पीकर आदि को पूरी तरह सेस्विच ऑफ करने का नियम है और दिन के दौरान आवाज को धीमा रखने का कानूनी प्रावधान है।

**कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, वाराणसी**

**विज्ञप्ति**

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम वाराणसी क्षेत्र हेतु जेम पोर्टल से चयनित कम्पनी प्योधी इन्फाटेक प्रा0लि0 बरेली द्वारा आउटसोर्स 83 संविदा परिचालकों के आबद्धीकरण हेतु ऑनलाईन प्रार्थना पत्र दिनांक 18.12.2022 के प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 24.12.2022 के सायं 17.00 बजे तक सेवायोजन कार्यालय के सेवायोजन पोर्टल https://sewayojan.up.nic.in पर आमंत्रित किये जा रहे है। आउटसोर्स संविदा परिचालक पद की निर्धारित योग्यता इण्टरमीडिएट के साथ कम्प्यूटर डिग्री 'सीसीसी' अनिवार्य है।

क्षेत्रीय प्रबन्धक
वाराणसी

पत्रांक: 8315/वा0/क्षे0प्र0/स्था0/संविदा परि0/आबद्धीकरण/22, दिनांक: 20.12.2022

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मझवॉ, मीरजापुर**

पत्रांक: /टेण्डर-नोटिस/2022-23 दिनांक 20.12.2022

**अल्प निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत मझवॉ द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 की अनुमोदित मनरेगा/पंचम राज्य वित्त, केन्द्रिय पन्द्रहवां वित्त की निम्न परियोजनाओं के कार्य हेतु विकास खण्ड में अर्ह एवं पंजीकृत फर्म सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक हों, दिनांक 20.12.2022 से दिनांक 26.12.2022 को दोपहर तक कार्यालय अवधि में सशमय निविदा अपने पैड एवं निविदा फार्म बंद लिफाफे में कार्यालय में जमा कर सकते हैं दिनांक 26.12.2022 को सायं काल 04 बजे मेरी देख-रेख में कमेटी द्वारा खोला जायेगा। निविदा सबसे कम दर का ही स्वीकृत किया जायेगा। शेष निरस्त कर दिया जायेगा। निविदादाता को आयकर एवं व्यापार कर/जी0एस0टी0 के अन्तर्गत रजिस्टर्ड होना आवश्यक होगा अन्यथा निविदा अमान्य कर दी जायेगी। निविदा के साथ धरोहर की धनराशि अनुमानित लागत की धनराशि का 2 प्रतिशत एफ0डी0/डिमाण्ड ड्राफ्ट अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में/फर्म के पक्ष में तैयार कर मूल रूप से जमा करनी होगी। निविदा फार्म कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा निविदा निरस्त करने का अधिकारी अधोहस्ताक्षरी में होगा।

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु. में) | धरोहर की धनराशि (लाख रु. में) | निविदा मूल्य रु0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ग्राम पंचायत का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 | मीरजापुर | ग्राम पंचायत दिवाय में पुतुल के घर से ग्राम चकिया मेनू पटेल के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 36.50 | 0.730 | 225+500 and 131 GST@18% | 1 माह | दिवाय |

नोट-नियम व शर्तें तथा अन्य कोई भी जानकारी कार्यालय से कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(रामदरश)
कार्यक्रम अधिकारी
मझवॉ मीरजापुर



# वाराणसी



# कोहरे के चलते बढ़ी ठंड तो लोग हुए हलकान

## सोमवार की रात से ही छा गया था घना कोहरा तो पूर्वाह्न तक रहा बरकरार



मंगलवार की सुबह गंगा घाटों पर कोहरे ने आने वाले समय की झलक दे दी है।

**मौसम का मिजाज**

**सीजन के पहले घने कोहरे ने काफी डराया तो बदन पर गर्म कपड़ा गहराया**

**सुबह की बेला में 50 मीटर तो दोपहर में 200 मीटर दर्ज की गयी विजिबिलिटी**

**वाराणसी।** सर्द सीजन का पहला घना कोहरा सोमवार को दिन में देखने को मिला। सोमवार की रात से छाया घना कोहरा मंगलवार को पूर्वाह्न तक बरकरार रहा। इस घने कोहरे ने लोगों को काफी डरा दिया है। मौसम के बदले मिजाज के चलते लोगों के बदन पर और गर्म कपड़ों ने डेरा डाल दिया है। मंगलवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे विजिबिलिटी 50 मीटर और दोपहर में भी शहर में विजिबिलिटी 200 मीटर रिकॉर्ड दर्ज की गई। कोहरा के चलते ठंड का मीटर भी चढ़ने लगा है। इसके साथ ही गलन बढ़ने से हड़ियों में चुभन के साथ ही बदन भी कंपकंपाने लगा है।

### विक्षोभ देंगे मौसम को सर्द रंगत

मौसम विज्ञानी बताते हैं कि 30 जनवरी तक का समय पश्चिमी विक्षोभ की शृंखला का होता है। इस दौर में लगभग सात-आठ विक्षोभ एक के बाद एक आते रहते हैं। इनकी वजह से ठंड का दौर बढ़ता जाता है। अब जबकि पश्चिमी विक्षोभ आ चुका है तो मौसम ने तगड़ी करवट बदल ली है। अन्य विक्षोभ भी मौसम को सर्द रंगत देंगे।

### घटी दृश्यता, सड़क पर रहें सावधान

शहर और आसपास के इलाकों में सुबह-शाम वातावरण में घने कोहरे की दस्तक होने लगी है। अल सुबह कोहरे की वजह से दृश्यता की परेशानी हो रही है। इधर शाम ढलते रोड कोहरे की आगोश में समाती चली जा रही हैं, जिससे देर रात तक दृश्यता काफी नगण्य हो जा रही है। इस दौरान गाड़ी चलाने वालों को अतिरिक्त रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है। पछुआ पवन के चलते ही ठंड इनक्रीज होने लगेगी।

### ठंड ने हवा को भी किया खराब

ठंड बढ़ने के साथ-साथ अब हवा भी खराब होने लगी है। सुबह का एयर क्वालिटी इंडेक्स (अदक) 118 अंक रिकॉर्ड किया गया। वहीं, शहर में सबसे ज्यादा प्रदूषित हवा मलदहिया में बह रही है। यहां का अदक135 अंक दर्ज हुआ। जबकि अर्दली बाजार में 130 अंक, बीएचयू में 103 और भेलूपुर में 102 अंक रिकॉर्ड किया गया।

### कोहरे की दस्तक, दिन में जली ट्रैफिक लाइट

हरहुआ। मंगलवार की सुबह कोहरे का असर दिखा। आलम ये रहा कि दिन के दस बजे ट्रैफिक की लाइट जलानी पड़ी ताकि वाहनों का संकेत मिल सके। वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय राज मार्ग एनएच- 31 हाईवे रिंग रोड फेज वन और टू फेज समेत अन्य संपर्क मार्ग के गुजरने वाले वाहनों को सिग्नल देने के लिए दिन के दस बजे लाइट ऑन करना पड़ा। रविवार और सोमवार को मौसम साफ था लेकिन मंगलवार को दुधिया धूप वो भी बेअसर रही। सोमवार की रात आठ बजे से ही ग्रामीण इलाकों को कोहरा अपने आगोस में लेने लगा और रात 12बजे के बाद पूरी तरह आगोस में ले लिया। मंगलवार की सुबह करीब दस बजे तक कोहरा घेरे रहा। स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

मंगलवार की सुबह में तापमान सात से नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि शाम को अधिकतम तापमान 21.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गयी। जबकि आद्रता 98 प्रतिशत रही। वहीं, सुबह के बाद हवा भी चली। सोमवार की रात में ही काफी घना कोहरा छा गया था। लोगों ने इस ठंड का पहला भयानक कोहरा देखा। मंगलवार को पूर्वाह्न तक सूरज कोहरे के ही आगोश में अठखेलियां करता नजर आया। धूप निकलने से कोहरा छंटा अवश्य लेकिन यह पल क्षणिक ही रहा। सुबह में ओस की हल्की बूंदें भी नजर आईं। मौसम विज्ञान विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिन तक शहर व देहात में काफी घना कोहरा छाया रहेगा। ठंड के साथ गलन बढ़ने से लोगों का हाल बेहाल है। कड़ाके की ठंडक व गलन से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गर्म कपड़ों के अलावा अलाव और चंद मिनट की धूप इस कड़ाके ठंड से थोड़ी राहत दे रही है। साधन सम्पन्न लोगों ने हीटर का उपयोग शुरू कर दिया है।

# तीन घंटे विलंब से दिल्ली गई वंदे भारत

**समस्या**

**कैंट स्टेशन पर आने वाली एक दर्जन से अधिक ट्रेनें पांच घंटे तक होती रहीं लेट**



**वाराणसी।** ठंडक ने अब दस्तक देना शुरू कर दिया तो कोहरे की चादर भी बिछने लगी, कोहरे का असर अब ट्रेनों पर दिखना शुरू हो गया, मंगलवार को कैंट स्टेशन पर वंदे भारत अपने निर्धारित समय से तीन घंटे देरी से पहुंची वहीं एक दर्जन से अधिक ट्रेनें भी एक घंटे से 12 घंटे देरी से गंतव्य रवाना हुई।

### प्रभावित ट्रेनें

- 15232 गोंदिया एक्सप्रेस चार घंटे देरी से 11:37 पर पहुंची
- 13006 अमृतसर हावड़ा एक्सप्रेस छह घंटे देरी से 11:47 पर पहुंची
- 22356 पाटलीपुत्र सुपरफास्ट एक्सप्रेस 12 घंटे देरी 3:13 पर पहुंची
- 13308 गंगा सतलज एक्सप्रेस छह घंटे देरी से 3:23 पर पहुंची
- 12332 हिमगिरी एक्सप्रेस छह घंटे देरी से 3:45 पर पहुंची
- 12562 स्वतंत्रता एक्सप्रेस नौ घंटे देरी से 5:16 पर पहुंची
- 15160 सारनाथ एक्सप्रेस एक घंटा देरी से 5:20 पर पहुंची
- 13240 कोटा पटना एक्सप्रेस पांच घंटे देरी से 7:58 पर पहुंची
- 13414 फरक्का एक्सप्रेस पांच घंटे देरी से 8:45 पर पहुंची
- 13010 दून एक्सप्रेस पांच घंटे देरी से 9:20 पर पहुंची

इसके साथ ही अन्य ट्रेनें भी देरी से कैंट स्टेशन पहुंची।

# दृश्यता कम होने पर नही उतर पाएंगे विमान

जनसंदेश न्यूज



**बाबतपुर।** लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 900 मीटर से कम दृश्यता होने पर विमानों का आवागमन प्रभावित हो सकता है।हवाई अड्डे पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम की छमता 900 मीटर की बताई जाती है इससे कम दृश्यता होने की स्थिति में विमानों का रनवे पर उतर पाना मुश्किल होगा। मंगलवार को घने कोहरे की वजह से सुबह के समय हवाई अड्डे पर दृश्यता कम हो गई जिससे हवाई अड्डे पर उतरने वाले विमान अपने निर्धारित समय से दो से तीन घण्टे विलम्ब से उतरे वही कुछ विमान निरस्त भी रहे। ऐसे में नियत समय से अपने गंतव्य को न पहुच पाने की वजह से विमान यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बतादे की हवाई अड्डे पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम कैटेगरी वन कार्य कर रहा है जिसकी छमता 900 मीटर है। उक्त सिस्टम सही दिशा निर्देश करते हुए रनवे पर विमानों को आसानी से उतरने में मदत करता है। मौसम खराब होने से दृश्यता कम हो जाने पर आई एल एस सिस्टम द्वारा रनवे पर विमानों को मिलने वाला सिंग्नल कम कार्य करता है ऐसे में विमानों को उतरने में असुविधा होती है।और विमान हवा में चक्कर काटते हुए दूसरे हवाई अड्डे पर डायवर्ट कर दिए जाते हैं। वर्तमान समय मे हवाई अड्डे से दिल्ली मुंबई हैदराबाद कोलकाता चेन्नई बेंगलुरु अहमदाबाद और भुवनेश्वर सहित अन्य शहरों के लिए अलग-अलग विमानन कंपनियों द्वारा सीधी विमान सेवाएं संचालित की जा रही है हला की ठंड के समय कोहरे को ध्यान में रखते हुए विमानन कंपनियों द्वारा पूर्व में भी सुबह में संचालित होने वाले विमानों की समय सारिणी में परिवर्तन कर दिया गया था। अब हवाई अड्डे पर सुबह 11 बजे विमानों का आवागमन प्रारम्भ होता है। धुंध और कोहरे की वजह से दृश्यता कम हो जाने से सुबह 11 बजे पहुचने वाले विमान अपने निर्धारित समय से करीब दो से तीन घण्टे की देरी से हवाई अड्डे पर पहुचे। विमान के निरस्त एवं विलंबित होने की वजह से टिकट निरस्त और दूसरा टिकट लेने हेतु टिकट काउंटरों पर यात्रियों की भीड़ लगी रही।

### ये विमान रहे प्रभावित

इंडिगो का विमान 6ई 915 हैदराबाद से उड़ान भरकर वाराणसी हवाई अड्डे पर 11:25 बजे के बदले 1:30 बजे पहुंचा। एयर इंडिया दिल्ली का एआई 406 एयरपोर्ट पर11:45 के बदले 2:40 बजे पहुंचा, गो फर्स्ट का विमान जी8 184 दिल्ली से उड़ान भरकर एयरपोर्ट पर दोपहर 12:00 बजे के बदले 2:40 बजे पंहुचा, इंडिगो का विमान 6ई 6361 दिल्ली से उड़ान भरकर एयरपोर्ट पर 12:20 के बदले दोपहर 2:05 बजे पहुंचा। एयर इंडिया मुंबई एआइ 695 उड़ान भरकर दोपहर 12:40 के बदले 2:52 बजे पहुंचा, गो फर्स्ट मुंबई जी8 8349 का विमान मुंबई से उड़ान भरकर 1:20 के बदले शाम 5:00 बजे पहुंचा।

### ये विमान रहे निरस्त

- इंडिगो वाराणसी भुनेश्वर का विमान 6ई 7972 निरस्त
- इंडिगो वाराणसी बेगलुरु 6ई 968 निरस्त
- इंडिगो वाराणसी हैदराबाद 6ई 783 निरस्त
- इंडिगो वाराणसी मुंबई 6ई 5208 निरस्त
- स्पाइसजेट वाराणसी दिल्ली एसजी 958 निरस्त
- गो फर्स्ट वाराणसी मुंबई जी8 201 निरस्त

# मेट्रो की तर्ज पर ई-बसों में मिलेगी जानकारी

**एमडी गौरव वर्मा ने ई-बस में यात्री सुविधाओं का लिया जायजा**

**वाराणसी।** नगर विभाग की ओर से शहर में सचांलित ई-बसों में यात्री सुविधाओं के विस्तार पर अधिकारियों की ओर से मंथन शुरू कर दिया गया है। मंगलवार को ई-बस सेवा के एमडी गौरव वर्मा की ओर से ई-बस में कैंट से गोदौलिया तक का सफर करते यात्री सुविधाओं का जायजा लिया गया, इसके साथ उन्होंने सफर कर रहे यात्रियों से बस से संबंधित फीड बैक भी लिया। उन्होंने बताकि आगामी समय में शहर को और ई-बसों की सौगात मिलने वाली है, इसके लिए उनके ठहराव वाले स्थान पर साइन बोर्ड, बस के भीतर अन्य सुविधाओं को बढ़ाने पर मंथन शुरू कर दिया गया है। बताया कि आने वाले समय में ई-बस में मेट्रो की तर्ज पर यात्रियों को आने वाले स्टेशन, उसकी दूरी, गुजरने वाले स्थान का नाम, वर्तमान स्थान का नाम को यात्रियों को बताने की शुरूआत की जायेगी।



### बसों के संचालन को रोडवेज पर टीम गठित

**वाराणसी।** परिवहन निगम के एमडी संजय कुमार के निर्देश मिलते ही मंगलवार को वाराणसी परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा ने यात्रियों की सुविधाओं व बसों के संचालन के लिए कैंट बस स्टेशन पर एक टीम का गठन कर दिया, इसके नोडल एआरएम ग्रामीण विजय कुमार को बनाया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा ने बताया कि कोहरे में बसों के संचालन पर रात्रि में प्रतिबंध लगा दिया गया है, इसके साथ ही यात्री सुविधाओं की मॉनिटरिंग के लिए टीम का गठन कर दिया गया है। जिसके नोडल एआरएम ग्रामीण विजय कुमार को बनाया गया है। रोडवेज बस स्टैंड पर अलाव व रैन बसेरा के लिए पूरी व्यवस्था के निर्देशदिये गये हैं। उन्होंने बताया कि एआरएम ग्रामीण के साथ ही अन्य अधिकारी भी निर्देशन के अनुसार रात्रि आठ बजे से रात्रि 12 बजे तक स्टैंड पर कैंप करेंगे। सभी चालकों को निर्देशित किया गया है कि दृश्यता कम होने पर बस को सुरक्षित स्थान पर रोक दें धुंध छटने के बाद ही गंतव्य को रवाना हों।

# भारत जोड़ो यात्रा से प्रेम, सदभाव व सौहार्द का संदेश

**तैयारी**

**अजय राय के नेतृत्व में 22 दिसम्बर को सारनाथ से आरंभ होगी यात्रा**

**22 किलोमीटर की होगी ऐतिहासिक यात्रा**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपने सभी प्रांतीय अध्यक्षों के नेतृत्व में पूरे उत्तर प्रदेश में प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा निकाली है। प्रयागराज प्रांत के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों में यह प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा पूर्व विधायक, प्रयागराज के अध्यक्ष अजय राय के कुशल नेतृत्व में पिछले ग्यारह दिसम्बर से लगातार विभिन्न जिलों में निकाली जा रही है । इसी क्रम में 22 दिसम्बर को प्रयागराज प्रांत की अंतिम यात्रा वाराणसी में आयोजित है । भारत जोड़ो यात्रा को अभूतपूर्व व ऐतिहासिक बनाने के लिए मंगलवार को वाराणसी जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ कांग्रेसजनों की उपस्थिति में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल श्रीवास्तव के सिगरा स्थित आवास पर एक पत्रकारवार्ता आयोजित हुई। पत्रकार वार्ता में पूर्व सांसद डॉ राजेश मिश्र ने कहा कि 21 दिसम्बर की शाम को गाजीपुर से वाराणसी आ रही यात्रा के अभूतपूर्व स्वागत व पुनः 22 दिसम्बर को सारनाथ से यात्रा के ऐतिहासिक शुरूआत की जाएगी। कहा कि पूरे यात्रा के मार्ग को सुव्यवस्थित कर तिरंगे से सजाया जाएगा व यात्रा के मार्ग में आने वाले सभी चौराहों व हमारे महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनके प्रति अपनी विनम्र कृतज्ञता अर्पित की जाएगी ।

इसी क्रम में पूरे यात्रा के रुट को निर्धारित करते हुए लगभग 20 से 25 प्वांइट निर्धारित किये गए हैं । बनारस में सारनाथ से यात्रा की शुरूआत व महान संत रैदास की पवित्र जन्मस्थली सीर गोवर्धन में यात्रा के समापन के पीछे हमारा मकसद पूरे देश को एकता, अखंडता, प्रेम, सद्भाव का संदेश देना है। पत्रकारवार्ता में जिला पूर्व सासंद डॉ राजेश मिश्र, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश चौबे, अनिल श्रीवास्तव, प्रजानाथ शर्मा, प्रो. सतीश राय, हाजी रईस अहमद समेत कई नेता उपस्थित थे।



भारत जोड़ो यात्रा के बाबत जानकारी देते कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. राजेश मिश्रा, अनिल श्रीवास्तव व अन्य ।

# विधायक सौरभ ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास

**खिलाई मिठाई**

**71.68 लाख की लागत से मार्ग निर्माण जल निकासी व विभिन्न वार्डों के लिए होगी पथ-प्रकाश की व्यवस्था**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने मंगलवार को भगवानपुर वार्ड में 71.68 लाख की लागत से मार्ग निर्माण व जल निकासी एवं विभिन्न वार्डों के लिए हाइमास्ट व स्ट्रीट लाइट कार्य का शिलान्यास किया।

विधायक ने भगवानपुर वार्ड के सामनेघाट में मरी माता मंदिर से कृष्णा नगर ट्रांसफॉर्मर तक 21.61 लाख की लागत से 419 मीटर मार्ग निर्माण व जल निकासी कार्य के शिलान्यास का पूजन विमल कुमार मिश्रा एवं विजय केसरी से कराया। इसी वार्ड के ही सामनेघाट स्थित कृष्णा नगर कॉलोनी में रमाशंकर पटेल के आवास से सुमित तिवारी के आवास तक 12.65 लाख की लागत से 150 मीटर मार्ग निर्माण एवं जल निकासी कार्य के शिलान्यास का पूजन रमाशंकर पटेल एवं राजगृही सिंह से कराया। विधायक ने भगवानपुर बस्ती में बल्लूजी के आवास से किशोरी विश्वकर्मा के आवास तक 12.72 लाख की लागत से मार्ग निर्माण व जल निकासी कार्य के शिलान्यास का पूजन आजाद पटेल से कराया। तीनों परियोजनाओं में भाजपा किसान मोर्चा के महानगर महामंत्री अमित सिंह 'चिंटू' ने नारियल फोड़कर पूजन सम्पन्न कराया। विधायक ने नगर निगम के सीमा विस्तार के तहत नए जुड़े क्षेत्रों में लगने के लिए 24.70 लाख की लागत से आठ हाइमास्ट लाइट तथा 195 एलईडी लाइट भी निर्गत की। इस दौरान विधायक ने सभी को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। कार्यक्रमों में राजीव सिंह पटेल, आदित्य शर्मा, वीरू यादव, किशन शर्मा, हेमंत दादा, शेखर दुबे, भरत गुप्ता, शिवकुमार मिश्रा, जंगी बाबा, अजय पांडेय, अभय दुबे, आंनद सिंह, झिल्लर मौर्य, रमेश पांडे, दीपक गुप्ता, शिवम दुबे, देवाशीष खमारु, अनिल मिश्रा, राकेश चन्द्र पांडे, भरत गुप्ता, चन्द्रशेखर दुबे, पुरुषोत्तम पांडे, दीपक चन्द ज्योति, सोनू ज्योति, निमिष, अरविन्द तिवारी, शशि पांडे आदि उपस्थित थे।



शिलान्यास के पश्चात जनता-जनार्दन को मिष्ठान वितरित करते विधायक सौरभ श्रीवास्तव

# तत्काल प्रभाव से चेक करें ओवरलोडेड ट्रांसफॉर्मर और लीकेज

## यूपीपीसीएल के एमडी ने सभी डिस्कॉम इकाइयों के एमडी को दिया निर्देश

जितेंद्र श्रीवास्तव/राकेश सिन्हा

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. (यूपीपीसीएल) के शीर्ष प्रबंधन ने सर्द मौसम में बिजली की न्यूनतम मांग को देखते हुए ओवरलोडेड ट्रांसफॉर्मरों और उसके लीकेज को चेक करने का निर्देश दिया है। इस बाबत शीर्ष प्रबंधन ने प्रदेश के सभी डिस्कॉम इकाइयों को इसे गंभीरता से लेने और आदेश को तत्काल प्रभाव से अमल में लाने को कहा है। बता दें कि यूपीपीसीएल मुख्यालय की तरफ से समय-समय पर वितरक ट्रांसफॉर्मरों के कम से कम खराब होने और उनके मरम्मत कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने को निर्देशित किया जा चुका है। यूपीपीसीएल के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने प्रदेश के सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक को जारी निर्देश में कहा है कि सर्द मौसम के चलते वर्तमान समय में विद्युत की डिमांड न्यूनतम स्तर पर है। ऐसे में यह आवश्यक है कि न्यूनतम विद्युत मांग की अवधि में आवश्यक प्रीवेंटिव मेंटेनेंस के कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। ताकि आगामी गर्मी के सीजन में विद्युत फॉल्ट होने की वजह से आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न न हो। यूपीपीसीएल के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने यह भी कहा गया है कि क्षेत्रों में स्थापित वितरक ट्रांसफॉर्मरों को छतिग्रस्त होने से बचाने के लिए संबंधित ट्रांसफॉर्मर एवं एलटी केबल तथा एलटी लाइन का प्रीवेंटिव मेंटिनेस कराए जाने के लिए आवश्यकतानुसार सामग्री का प्रबंध कर मुख्यालय की तरफ से जारी प्रीवेंटिव मेंटिनेस शेड्यूल के अनुसार कार्य कराया जाए। उन्होंने इस संबंध में सभी डिस्कॉम को 'इंस्पेक्शन ऑफ मेंटेनेंस ऑफ डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर' वाला प्रारूप प्रेषित किया है। जिसमें 11 केवी के फ्यूज, कंडीशन ऑफ ड्रॉपर, कंडीशन ऑफ प्लिंथ, एलटी फ्यूज सेट, ऑयल लीकेज, कंडीशन ऑफ एलटी बसवार, कंडीशन ऑफ अल्मुनियम लॅग, कंडीशन ऑफ एलटी पीवीसी केबल, नंबर ऑफ कनेक्टेड कंजूमर, टोटल कनेक्टेड लोड, ट्रांसफॉर्मर ओवर ओवरलोडेड-एस या नो, इंक्रीजिंग कैपेसिटी आफ ट्रांसफॉर्मर (रिक्वायर्ड अथवा नॉट रिक्वायर्ड) लाइन चार्ट आदि सूचनाएं संबंधित कॉलम में भरना अनिवार्य है। इसके लिए क्षेत्रों के संबंधित उपखंड अधिकारी और अवर अभियंता की जिम्मेदारी तय की गयी है।

यूपीपीसीएल के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने '11 केवी फीडर वाइज डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर सर्वे एवं मेंटिनेंस का डिटेल' के तहत 10 केवीए से लेकर 1000 केवीए तक के स्थापित ट्रांसफॉर्मरों की भी जानकारी मांगी है। इसके तहत क्षेत्र में लगाये गये कितने ट्रांसफॉर्मर ओवरलोडेड हैं, कितने ट्रांसफॉर्मर में आयल लीकेज है, कितने ट्रांसफॉर्मर की अर्थिंग खराब है, कितने ट्रांसफॉर्मर के एलटी केबल डैमेज हैं आदि सूचनाएं देनी है। इन सारी सूचनाओं को कॉलमवाइज भरकर प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को अनिवार्य रूप से पावर कॉरपोरेशन के रेस्पो स्थित क्वॉलिटी सेल को भेजा जाना हे। क्वॉलिटी सेल इन सूचनाओं को यूपीपीसीएल के प्रबंध निदेशक को उपलब्ध कराएगा।

**गर्मी की तैयारियां**

**सर्द मौसम में बिजली की न्यूनतम मांग के दौरान प्रिवेंटिव मेंटेनेंस पर बल**

**आगामी गर्मी के सीजन को ध्यान में रखते हुए अभी से तैयारियों का निर्देश**

**एचटी, एलटी लाइनों संग फ्यूज, तार, लॅग आदि को भी किया जाए दुरुस्त**



### इस काम पर भी अधिक जोर दें

यूपीपीसीएल के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को मूल रूप से 11 केवी के ड्रॉपर, 11 केवी के फ्यूज, ऑयल लीकेज, एलटी बसबार, ऑन एलटी रॉड, एलटी क्रिंपिंग लॅग, रेसिस्टेंट लेस जॉइंट्स इन बिटवीन क्रिंपिंग लॅग एंड एलटी केबल, साइज ऑफ एलटी केबल, लोड कैपेसिटी ऑफ एलटी सर्किट, एलटी फ्यूज, नेचुरल अर्थिंग आदि कार्य को प्राथमिकता से कराने पर जोर दिया है।





रिटेल डायरेक्टरी



# बीएचयू में बंटे पांच सूत्री मांगों के 10 हजार पर्चे

**प्रशासन अलर्ट**

**निलंबित शोध छात्र 'काला दिवस' मनाने के लिए जुटा रहे समर्थन**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** बीएचयू परिसर मंगलवार दूसरे दिन भी 'काला दिवस' के प्रचार में पर्चे बांटे गए। कुलपति के नाम पांच सूत्री मांगों को लेकर अब तक करीब 10 हजार पर्चे बांटने का दावा किया गया है। समाचार पत्रों के अंदर भी पर्चे डाले जा रहे हैं। 'बीएचयू बचाओ संघर्ष समिति' ने साइंस फैकल्टी, आईआईटी, एग्रीकल्चर, आईएमएस और डेंटल फैकल्टी में पर्चे वितरित किए।

बता दें कि छात्रों ने बुधवार को बीएचयू परिसर में काला दिवस मनाने की तैयारी की है। निलंबित छात्रों ने अपनी पांच प्रमुख मांगों को इन पर्चों में छपवाकर कैंपस में छात्रों और प्रोफेसरों में बंटवा रहे हैं। वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन और प्रॉक्टोरियल बोर्ड भी अलर्ट होकर इन छात्रों से निपटने की तैयारी जोर-शोर से कर रहा है। बता दें कि सुरक्षा गार्डों से झड़प के मामले में कुछ दिन पहले निलंबित आर्ट फैकल्टी के शोध छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय कैग के रिपोर्ट की खुली अवहेलना कर रहा है। मगर, विश्वविद्यालय प्रशासन के तानाशाही के खिलाफ हमारा आंदोलन चलता रहेगा। हमारी मांग है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रहे छात्रों का निलंबन तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। आंदोलनकारी छात्रों की मांग है कि कैग के आदेश का अनुपालन करते हुए छात्रसंघ, अध्यापक संघ और कर्मचारी संघ की बहाली की जाए। इसके अलावा छात्रों ने मांग की है कि बीफ को कोर्स के सिलेबस से हटाया जाए। इसके साथ ही छात्रों ने फीस वृद्धि का मुद्दा भी उठाया। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों पर जबरिया 150 प्रतिशत फीस का बोझ डाल रहा है, जो भी कतई न्याय संगत नहीं है।

## बीएचयू में रैगिंग की कार्रवाई पर भड़के छात्र

**नाराजगी**

**निलंबित सीनियर्स पर 25 हजार जुर्माने के विरोध में दिया धरना**

वाराणसी। आईएमएस-बीएचयू के दंत चिकित्सा संकाय के बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (बीडीएस) के छात्रों ने मंगलवार को कैंपस में सेंट्रल ऑफिस स्थित कुलपति कार्यालय के सामने धरना दिया। आंदोलनकारी छात्र रैगिंग की कार्रवाई पर खासे नाराज है। बता दें कि प्रथम वर्ष के छात्रों ने दूसरे वर्ष के छात्रों पर रैगिंग का आरोप लगाया था। इसको संज्ञान में लेते हुए कमेटी ने दो छात्रों पर जुर्माना लगाया गया है। वहीं एक छात्र को छह माह के लिए निलंबित कर दिया गया है। जबकि सीनियर छात्रों ने रैगिंग से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कमेटी की कार्रवाई को गलत ठहराते हुए इसे वापस लेने की मांग की। इसी को लेकर विद्यार्थियों ने धरना दिया। भावी चिकित्सकों का आरोप है कि उनके कुछ साथियों को जबरन रैंगिंग के मामले में छह महीने के लिए निलंबित किया गया है। वहीं, बीडीएस सेकेंड ईयर के पांच छात्रों पर 25 हजार रुपये तक का जुर्माना भी लगाया गया है।

# सब्जी उत्पादन में देश में अव्वल सूबा

**बोले सूर्य प्रताप शाही**

**भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान परिसर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू**



फीता काटकर संगोष्ठी का किया गया आगाज

**वाराणसी।** प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा व कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के शोध परिणामों के उपयोग से उत्तर प्रदेश सब्जी उत्पादन में देश के प्रथम स्थान पर है। वह संस्थान परिसर में अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (सब्जी फसलें) के स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह में मंगलवार को मुख्य अतिथि थे।

उन्होंने बताया कि सब्जियों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाते हुये विगत वर्षों में सब्जियों का 11 हजार करोड़ रुपये का निर्यात किया गया। अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (सब्जी फसलें) विगत 50 वर्षों में 500 से अधिक किस्में विकसित की गयी है। एपीडा के सहयोग और एफपीओ के माध्यम से कोरोना काल में 3500 मैट्रिक टन सब्जियों का निर्यात किया गया। प्रदेश सरकार चार मैगों पैक हाउस का निर्माण करा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार की तरपु से जैविक जीवनाशी के विकास के लिए संस्थान को 1.5 करोड़ रुपये की सहायता दी गयी है।

उन्होंने प्रदेश में कुल 89 कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से किसानों को प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण देकर उनकी आय में वृद्धि करने का प्रयास किया जा रहा है। भारत एवं प्रदेश सरकार के सहयोग से एग्रो टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिये कृषि की नवीनतम किस्मों एवं तकनीकों को चयनित गांवों में प्रसार किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी के कुलाधिपति डॉ. पंजाब सिंह ने बताया कि हमारा देश 342 मिलियन टन औद्योनिक उत्पादन के साथ चीन के बाद दूसरे स्थान पर है, जिसमें सब्जियों का उत्पादन 60 प्रतिशत है। उन्होंने किसानों को आह्वान किया कि अपने फसल चक्र में सब्जियों का समावेश कर अपनी आय दुगुना करें।

भारतीय कृषि अनुसंघान परिषद नई दिल्ली के उप महानिदेशक (उद्यान विज्ञान) डॉ. एके सिंह भारत में सब्जी उत्पादन बढ़ाने में स्थानीय इकाई की सराहना की। बताया विगत 50 वर्षों में अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (सब्जी फसलें) ने 500 से अधिक किस्में तथा 400 से अधिक सब्जी उत्पादन की तकनीकें विकसित की है। इस दौरान वैज्ञानिकों डॉ. कीर्ति सिंह, डॉ. विष्णु स्वरूप व डॉ. गौतम कल्लू को सम्मानित किया गया। धन्यवाद निदेशक डॉ. तुषार कांति बेहेरा ने दिया।

## भेलूपुर समेत अन्य जगहों पर चला अभियान

**वाराणसी।** भेलुपुर में अतिक्रमण की शिकायत पर नगर निगम प्रर्वतन दल ने कार्रवाई की। एक गली में अवैध रूप से कब्जा किया गया था। ऐसे में अतिक्रमण निरीक्षक संजय श्रीवास्तव ने जमीन मालिक को दस्तावेजों के साथ नगर निगम राजस्व कार्यालय बुलाया ताकि कार्रवाई की जा सके। दुर्गाकुंड, गुरुधाम, चेतमणी चौराहा तथा संकुल धारा पोखरा क्षेत्रों में प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाते हुए वेंडरों से प्लास्टिक के थैले जब्त कर कर जुर्माना वसूला गया।

## संक्षेप

### रविशंकर-दुर्ग की प्रभावी जीत



**वाराणसी।** पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी (महिला व पुरुष) प्रतियोगिता बीएचयू क्रीड़ा परिषद के एम्फीथिएटर ग्राउंड के एस्ट्रो टर्फ मैदान पर मंगलवार से शुरू हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी सुनील सेठ व विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी नागेंद्र सिंह ने किया।मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में खेल और टीम वर्क की भावना को विकसित करती है। युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए इस तरह के आयोजनों पर और बल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विश्वविद्यालय-महाविद्यालय के साथ कई तरह के आयोजनों को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में पं. रवि शंकर सिंह विश्वविद्यालय-रायपुर ने अटल बिहारी वाजपेई-बिलासपुर को 4-1 से हराया। हेमचंद्र यादव विश्वविद्यालय-दुर्ग ने उत्कल विश्वविद्यालय को 3-0 से पराजित किया। धन्यवाद सहायक निदेशक डॉ. धीरेंद्र तिवारी ने दिया। इस दौरान प्रो. डीसी राय, प्रो. अभिमन्यु सिंह आदि उपस्थित थे। चार साल के अंतराल पर स्पर्धा हो रही है।

### तुम जो मिल गये हो तो ये लगता है...

**वाराणसी।** स्वरांगना ललित कला केन्द्र द्वारा संचालित सिद्धगिरी बाग स्थित बागेश्वरी देवी ठुमरी अकादमी रिसर्च सेंटर में आपकी महफिल के तहत गीतों भरी शाम का आयोजन किया गया जिसमें कलाकारों ने गजल के अलावा सदा बहार गीतों की प्रस्तुति कर सभी को झुमने के लिए बाध्य कर दिया। कार्यक्रम की गायक कलाकार प्रमोद वर्मा पम्मू ने शुरूआत तुम जो मिल गये हो गये तो ऐ लगता है ये जहां मिल गया से की। इसके बाद उन्होंने ईश्वर सत्य है, सत्य ही शिव है, शिव ही सुंदर है, कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना, मांझी नैया ढूढ़े किनारा आदि कई गीतों की समधुर प्रस्तुति कर सभी को खूब झूमाया। गायक कलाकार प्रफुल्ल चन्द्र दास ने सारंगी तेरी याद में, डोली में उठाये के कहार (स्व. एसडी बर्मन रचित) होठों पे छू लो तो मेरा गीत अमर कर दो, प्यार का पहला खत लिखने में वक्त तो लगता है (स्व. जगजीत सिंह) सुना कर खूब वाहवाही लूटी। गायक कलाकार विजय चतुर्वेदी बब्बू ने तुम जो मिल गये हो तो ऐ लगता है ये जहां मिल गया समेत कई गीतों की प्रस्तुति की।



### लड़की भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**सिंधोरा।** सिंधोरा पुलिस ने नाबालिग के अपहरण का आरोपी अभियुक्त ओम प्रकाश पटेल निवासी राजपुर थाना सिंधोरा को कैंट स्टेशन के पास से दबोचा। वह नाबालिग के साथ कहीं भागने वाला था। पीड़ित पक्ष ने अभियुक्त के खिलाफ 363 और 366 के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। बरामद किशोरी को परिजनों को हवाले किया गया।

# धर्म कार्य के लिए दृढ़ संकल्प की जरूरत

**संकल्प होना जरूरी**

**शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का विद्वतजनों ने किया सम्मान**



**वाराणसी।** धर्म का कार्य करने के लिए किसी सिंहासन या उच्च पद की नहीं होती अपितु दृढ़ संकल्प की आवश्यकता होती है। बहुत से लोग बड़े पदों पर नहीं हैं लेकिन फिर भी धर्म कार्य कर रहे हैं। इसलिए हम यह समझते हैं कि धर्म कार्यों में सिद्धि के लिए किसी संसाधनों की नहीं, अपितु संकल्प की आवश्यकता होती है। उक्त उद्गार ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती महाराज ने श्रीविद्यामठ केदारघाट में आयोजित विद्वत सभा के अवसर पर संस्कृत भाषा में व्यक्त किए। कहा कि काशी में एक ज्योति है इसी कारण लोग काशी को सर्वप्रकाशिका कहते हैं। यहॉ वह ज्योति ज्ञान की ही ज्योति है जिसके प्रचार-प्रसार यहा के विद्वानों द्वारा हो रहा है। इसलिए यह नगरी सर्वप्रकाशिका के रूप में विख्यात है। सभा में प्रो. राजाराम त्रिपाठी जी द्वारा रचित महेश्वर सूत्र महिमा और दुर्गायन ग्रन्थ का विमोचन शंकराचार्य ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सर्वश्री प्रो. कमलेश झा,प्रो. राजनाथ त्रिपाठी, प्रो. राजाराम शुक्ल,सदा शिव कुमार द्विवेदी,उमेश चन्द्र दुबे,जय प्रकाश त्रिपाठी,धर्मदत्त चतुर्वेदी,कमलाकांत त्रिपाठी,शत्रुघन त्रिपाठी गोप बंधु मिश्र आदि विद्वानों ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चंद्रमा पाण्डेय जी,सिद्धदात्री भारद्वाज जी,बलराम त्रिपाठी जी,माधव जनार्दन रटाते जी,डॉ श्रीराम भट्ट जी,नीरज कुमार पाण्डेय जी,अवध राम पाण्डेय जी,अनंत भट्ट जी,गिरीश चन्द्र तिवारी जी,विद्वज्जन उपस्थित रहे।

## सीएम के गोद लिए गांव में एनआरसी सुविधा

**वाराणसी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री की गोद ली हुई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हाथी बाजार में स्थापित लघु पोषण पुनर्वास केंद्र (मिनी एनआरसी) का मंगलवार को रोहनिया विधायक डॉ सुनील पटेल ने शुभारंभ किया। शुभारम्भ के बाद विधायक ने मिनी एनआरसी में प्रदान की जा रही चिकित्सीय एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। वहां भर्ती बच्चों के परिजनों से उपचार संबंधी जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सरकार पूरा प्रयास कर रही है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने सीएचसी की अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि दो दिनों में यहां 10 बच्चे भर्ती कर उपचार किया जा चुका है। सीएमओ ने यह भी बताया कि जनपद में कुपोषण घटाने के लिए जिलाधिकारी ने सभी 12 सीएचसी पर मिनी एनआरसी शुरू करने का निर्देश दिया था। साथ ही वहां तैनात पीडियाट्रिक्स, चिकित्साधिकारी और स्टाफ नर्स भर्ती बच्चों की 24 घंटे सातों दिन देखरेख करेंगे। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ए के मौर्या, अधीक्षक डॉ हंसराज सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी व स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

# दूरस्थ इलाकों में प्रसव संबंधी सेवाएं मजबूत-सीएमओ

**सुविधा**

**सीएचसी हाथी पर सीएचओ का हुआ प्रसव, जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ**

**वाराणसी।** सीएचसी हाथी बाजार में मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) का सफलतापूर्वक सिजेरियन प्रसव किया गया । जच्चा बच्चा दोनों पूरी तरह से स्वस्थ हैं। छतेरी मानापुर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की सीएचओ उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) की श्रेणी में थीं । साथ ही अन्य जटिलताओं के साथ ग्रसित थीं । सोमवार देर रात उन्हें भर्ती कर चिकित्सकों व विशेषज्ञों के परामर्श पर अगले दिन सिजेरियन प्रसव किया गया । मेडिकल टीम में डॉ हंसराज, डॉ अंजलि शर्मा, डॉ सरोज चौहान, डॉक्टर देवेंद्र चौहान, डॉ देवेस, डॉ जय गोविंद, फार्मासिस्ट सुनील बच्चन, एलटी विवेक सिंह, स्टाफ नर्स रूचि व अर्चना, सतेंद्र, वीरेन्द्र शामिल थे। अधीक्षक डॉ हंसराज ने बताया कि सीएचसी में अप्रैल से नवंबर तक 303 प्रसव हो चुके हैं जिसमें से 300 सामान्य प्रसव और 3 सिजेरियन प्रसव हुए हैं। मेडिकल टीम द्वारा सफल ऑपरेशन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि जनपद के सभी 10 प्रथम संदर्भन इकाई (इकाई) में प्रसव संबंधी सेवाओं को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है।



# खराब दिनचर्या व जंक फूड बढ़ा रहा फैटी लीवर

**समस्या**

**लापरवाही से लीवर फेल्योर, सिरोसिस व कैंसर की आशंका**

**वाराणसी।** अनियमित दिनचर्या और जंक फूड से आजकल के लोगों का लीवर फैटी हो रहा है। समय से इलाज न होने से यही लोग लीवर फेल्योर, सिरोसिस और कैंसर जैसी बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। यह कहना है राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में कायचिकित्सा एवं पंचकर्म विभाग के डॉ अजय कुमार का। डा.अजय बताते है कि पांच वर्ष पूर्व तक चिकित्सालय में महीने भर में 4-6 फैटी लीवर मरीज आते थे। यही आंकड़ा वर्तमान में 8-10 हो गया है। खास बात यह कि इसमें अधिकांश ऐसे किशोर और युवा होते हैं जो अनियमित दिनचर्या व जंक फूड के आदि होते हैं। जब हम फास्ट-फूड, तला हुआ भोजन अधिक करते हैं तो वह लीवर पर अटैक करता है। उसे सही से काम करने से रोकने लगता है। आगे चलकर यही फैटी लीवर का कारण बन जाता है।



**लक्षण**- फैटी लिवर होने की आशंका में थकान होना, वजन घटना, भूख न लगना, पेट के उपरी हिस्से या बीच में दर्द होना इसके लक्षण हो सकते हैं। इसके अलावा नॉन अल्कोहलिक स्टीटोहेपेटाइटिस यानी नैश और सिरोसिस होने पर हथेलियों का लाल होना, पेट में सूजन, त्वचा की सतह के नीचे बढ़ी हुए रक्त वाहिकाएं और त्वचा व आंखों का पीला होना आदि लक्षण दिख सकता है।

**उपाय**- अल्कोहल का सेवन बंद करना चाहिए, कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल में रखना चाहिए, चीनी का सेवन कम करें, वजन व ब्लड सुगर को नियंत्रित करें, ज्यादा तलीभुनी-वसायुक्त भोजन से परहेज करें, रोज कम से कम 30 मिनट तक व्यायाम करें, खाने में ज्यादातर ताजा फल, सब्जियां लें ।

## काशी का सेंट पॉल चर्च वास्तुकला की है मिसाल

**वाराणसी।** ब्रिटिश वास्तुकला का शानदार उदाहरण सिगरा का सेंट पॉल चर्च ने बेशकीमती इतिहास समेटे रखा है। चर्च में आज भी ऐसी धरोहर है जो सैकड़ों साल से उसी रूप में है। उस समय इंग्लैंड से मंगाई गईं तीन घड़ियां आज भी मौजूद हैं। एक दौर ऐसा भी था कि इन घड़ियों का घंटा बजते ही पूरे शहर के लोग अपनी घड़ी की सुई मिलाते थे। बनारस आने वाले सैलानियों के लिए आज भी यह आकर्षण का केंद्र रहता है। सवा सौ फीट लंबा चर्च दूर से ही दिख जाता है। लखोटिया ईंट से खड़े इस चर्च को अंग्रेज आर्किटेक्ट जॉन पॉल ने तैयार किया था। प्रोटेस्टेंट मसीही समुदाय के इस प्राचीन चर्च की इमारत आज भी वैसे ही खड़ी है। 1841 में निर्माण के बाद से चर्च का संचालन इंग्लैंड मिशनरी सोसाइटी करती थी। आजादी के बाद 1970 में जब चर्च ऑफ नॉर्थ ईस्ट संस्था बनी तो यह भी उससे संबद्ध हो गया।

# शिरडी के साई बाबा की निकली शोभायात्रा



**वाराणसी।** मलदहिया स्थित शिरडी साईं बाबा मंदिर का दो दिवसीय 11 वां स्थापना दिवस समारोह मंगलवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। प्रातःकाल बाबा का काकड़ आरती व पंचामत से स्नान कराया गया बाबा को मनमोहक फूलों से युक्त हार अर्पित किया गया तत्पश्चात बाबा का आरती की गई। पूरे मंदिर परिसर को सुंदर फूलों से सजाया गया था। श्री साईं बाबा की पालकी शोभायात्रा मलदहिया स्थित मंदिर परिसर से निकाली गई। जो तेलियाबाग जगतगंज लहुराबीर होते हुए पुनः मंदिर परिषद में आकर संपन्न हुआ। शोभायात्रा के मार्ग में विभिन्न जगहों पर बाबा की आरती उतारी गई यात्रा मंदिर परिसर पर पहुंचने पर आरती उतारी गई सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अध्यक्षता रजनीश कनौजिया ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रेम मिश्र , अशोक जायसवाल, राम भजन अग्रहरि ,जगन्नाथ अग्रहरि, गुलशन कनौजिया ,आशीष कनौजिया, सत्य प्रकाश आर्य, मनीष गुप्ता, पं. सत्यम शास्त्री, सुशील गुप्ता, अनिल श्रीवास्तव, अरविंद उपाध्याय ,राहुल गुप्ता, उज्जवल कनौजिया, आदित्य चौधरी उपस्थित रहे।

## पोषणीयता के खिलाफ निगरानी याचिका पर सुनवाई आज

**वाराणसी।** ज्ञानवापी प्रकरण में पोषणीयता के खिलाफ निगरानी याचिका पर बुधवार को जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में सुनवाई होनी है। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की ओर से पिछले दिनों लोवर कोर्ट के आदेश के खिलाफ सत्र न्यायालय में निगरानी अर्जी दाखिल की थी। आरोप है की भगवान आदि विश्वेश्वर की ओर से विश्व वैदिक सनातन संघ की अतंरराष्ट्रीय महामंत्री किरन सिंह ने दाखिल पोषणीय योग्य नहीं है। लोवर कोर्ट ने निगरानीकर्ता ने कहा की उसने लोवर कोर्ट में वाद की पोषणीयता से सबंधित चुनौती वाली अर्जी सरसरी तौर से निरस्त कर दिया है। जो विधि के अनुसार सही नही है। निगरानीकर्ता की अर्जी स्वीकार करते हुए लोवर कोर्ट के आदेश निरस्त करने के आदेश देने की गुहार लगाई है।

# रक्तदान शिविर का आयोजन



**वाराणसी।** सत्यम फाउण्डेशन की ओर से 18 दिसम्बर को रक्तदान महादान कार्यक्रम का आयोजन शंकरपुरी कालोनी, महमूरगंज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. दयाशंकर मिश्र दयालु (राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन ने द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। फाउण्डेशन के अध्यक्ष डा. वीके जोशी ने रक्तदान के महत्व के बारे में बताया। स्वागत व सम्मान फाउण्डेशन के संरक्षक ई. अखिलानंद मिश्र ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डा. सीबी सिंहने दिया। कार्यक्रम में डा. मुकुंद श्रीवास्तव, डा. जयनाथ मिश्र, डा. रामनयन त्रिपाठी, कुलदीप त्रिपाठी, झुनझुनलाल, संजय यादव, कृष्णा सिंह, आशीष त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

# सनबीम एकेडमी की स्कॉलरशिप प्रवेश परीक्षा शीघ्र होगी आयोजित



**वाराणसी।** सनबीम एकेडमी में कक्षा 9 व कक्षा 11 में प्रवेश के लिए अति प्रतिष्ठित व बहु प्रतीक्षित स्कालरशिप प्रवेश परीक्षा एलीट-11 का आयोजन शीघ्र ही प्रस्तावित है। कक्षा 9 में विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए फरवरी के द्वितीय सप्ताह व कक्षा 11 में प्रवेश के लिए अप्रैल के प्रथम सप्ताह में इस प्रवेश परीक्षा का आयोजन होगा। इस प्रवेश परीक्षा के लिए कराये गये रजिस्ट्रेशन के आधार पर कहा जा सकता है कि यह प्रवेश परीक्षा प्रति वर्ष नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। 2016 से प्रारंभ प्रवेश परीक्षा एलीट 11 में कक्षा 9 के सर्वश्रेष्ठ 11 विद्यार्थियों को व कक्षा 11 के विभिन्न विषय वर्गों के सर्वश्रेष्ठ 11 विद्यार्थियों को दो वर्षों के लिए पूर्ण रुपेण निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। विद्यालय समूह के सचिव जगदीप मधोक, निदेशिका पूनम मधोक व उपनिदेशक डा. जीपी मिश्र ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है।

# बढ़ गयी एंटीबायोटिक्स की 40 फीसदी तक डिमांड

देव कुमार केशरी

**बदला मौसम**

**सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार, इंफेक्शन, एंटी एलर्जी आदि दवाओं की खपत में इजाफा**

**वाराणसी।** मौसम ने तगड़ी करवट बदली है। सर्द मौसम में कोल्ड वॉर का भी असर खूब देखने को मिलता है। तरह-तरह की सीजनल बीमारियों से कमोवेश हर परिवार ग्रसित है। यह अलग बात है कि कहीं कम और कहीं ज्यादा प्रभाव मिल सकता है। यहीं वजह है कि सरकारी और निजी अस्पतालों के साथ ही क्लीनिकों में सीजनल मरीजों की उपस्थिति काफी अधिक होने लगी है। ऐसे में एंटीबायोटिकस दवाओं की बिक्री में तकरीबन 40 फीसदी तक का इजाफा देखने को मिल रहा है।

पहले लोग डेंगू, मलेरिया से पीड़ित थे। इससे उबरे पब्लिक को ज्यादा दिन नहीं बीते कि मौसम ने करवट ले लिया। पारा के उतार-चढ़ाव के बीच पछुआ के जोर पकड़ने से सेहत भी नासाज होने लगा। लोग सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार और पेट संबंधी बीमारी से ग्रसित होने लगे हैं। लिहाजा, वाराणसी समेत समूचे पूर्वांचल और बिहार के समीपवर्ती जिलों में खांसी, बुखार, दर्द, इंफेक्शन, मल्टीविटामिन, एंटी एलर्जी समेत एंटीबायोटिक्स दवाओं की खपत में काफी इजाफा हो गया है। एंटीबायोटिक्स की डिमांड बढ़ने से सप्तसागर, नेहरू मार्केट व बुलानाला दवा मंडी में इसकी बिक्री में करीब 40 फीसदी तक का इजाफा हो गया है। एक तरफ ठंड तो दूसरी तरफ मौसमी बिमारियों ने दवा की डिमांड बढ़ा दी है। एजिथ्रोमाइसिन, डॉक्सीसाइक्लिन, अरिथ्रोमाईसीन और अमोक्सिलिन सॉल्ट की दवाओं ने सीजन का रिकॉर्ड तोड़ा दिया है।

थोक कारोबारियों की मानें तो आमतौर पर सर्दियों के सीजन में दवा, खासकर एंटीबायोटिक्स की मांग बढ़ जाती है। लेकिन इस सीजन ने थोक कारोबार में गर्मी पैदा कर दी है। बताया कि दवा मंडियों से रोजाना चार-पांच करोड़ रुपये की दवाओं की आपूर्ति की जा रही है। सप्लाई की जाने वाली दवाओं में एंटीबायोटिक्स का बड़ा हिस्सा है। कोरोना काल में अपनी खपत और डिमांड के चलते सुर्खियों में बने रहने वाले पैरासिटामाल की ब्रिक्री में भी इजाफा है। दवा बाजार में ठंड से बुखार वाली दवा की डिमांड में तेजी बनी हुई है। इस बीच बाजार में बुखार, थकान और पेट दर्द की दवाओं की मांग भी बढ़ गई है। जनवरी भर ऐसी दवाओं की अधिक खपत बनी रह सकती है। अस्पतालों में भर्ती मरीजों के तीमारदार और दवा के फुटकर व्यापारी दवाइयां लेने आ रहे हैं।

## डीएम के आदेश के बाद रोजगार सेविका को किया बर्खास्त

**रोहनिया।** आराजी लाइन ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत देउरा कि रोजगार सेविका गीता पाल को भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने पर जिला अधिकारी के आदेशानुसार बर्खास्त कर दिया गया था। सोमवार को ग्राम पंचायत देउरा के पंचायत भवन पर रोजगार सेविका के संबंध में एक मीटिंग आहूत की गई थी। जिसमें आराजी लाइन ब्लॉक से नोडल अधिकारी, ग्राम सचिव व ग्राम प्रधान की अगुवाई में सभी ग्राम पंचायत सदस्यों के समक्ष रोजगार सेविका को लेकर चुनाव कराया गया। जिसमें ग्राम पंचायत सदस्यों ने पूर्ण बहुमत हासिल कर रोजगार सेविका गीता पाल को ग्रामीण स्तर से भी पूर्ण रूप से कार्यमुक्त कर दिया है।

## शूटिंग करने काशी पहुंचे हंसराज रघुवंशी

**वाराणसी।** मशहूर शिवभक्त गायक हंसराज रघुवंशी काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। हंसराज रघुवंशी ने बाबा काशी विश्वनाथ का दर्शन पूजन किया। दर्शन करने के बाद बोले- 'जीवन में लोगों को एक बार काशी अवश्य आना चाहिए। यहां जो सुख शांति वैभव है वह इस तीनों लोक में और कहीं नहीं है। बाबा का दर्शन करके साक्षात आत्मा का परमात्मा से मिलन हो जाता है।

## भाजपाइयो ने फूंका पाक विदेश मंत्री का पुतला



**मिर्जामुराद।** कछवांरोड चौराहे पर मंगलवार को भाजपा सेवापुरी मंडल अध्यक्ष यतीश तिवारी व किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रमेश सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वहां के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की तरफ से की गई आपत्तिजनक टिप्पणी बेहद शर्मनाक है। इस दौरान दिनेश तिवारी, उपेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेन्द्र बिंद, अरुण तिवारी, राजेन्द्र गौड़, सीताराम सरोज, जितेंद्र पांडेय, अनीता सिंह, हरिशंकर विश्वकर्मा आदि थे।

## शोध अध्ययन की रीढ़ है शोध उपकरण :डॉ. राजीव

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ शिक्षा शास्त्र विभाग में शोध उपकरणों की उपयोगिता विषय पर व्याख्यान हुआ। डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि समाज विज्ञान के शोध मे अनुसंधान उपकरणों की अहम भूमिका होती है। अनुसंधान उपकरणों का चयन करते समय विशेष सावधानी की आवश्यक्ता होती है। शोध के उद्देश्य के आधार पर ही शोध उपकरण का चयन करना चाहिए। डॉ. शैलेंद्र वर्मा ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया और कहा कि किसी भी शोध उपकरण मे विश्वसनीयता और वैधता का होना एक अनिवार्य तत्व है । डॉ. राखी देब ने विषय प्रवर्तन किया। इस दौरान डॉ. दिनेश, पूनम कुमारी, शिखा, डॉ. वीणा, डॉ. ज्योत्सना राय, डॉ. अभिलाषा, डॉ रमेश, रोहिणी, उममूल फातिमी, ज्योति , नैना चौरसिया, कृष्णकांत आदि मौजूद रहे।

# मारपीट में पूर्व प्रधान समेत तीन घायल

## पंचायत भवन के निर्माण के लिए हो रही थी नापी

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** विकास खण्ड सोहांव के ग्राम पंचायत दरियापुर के दरीबपुर मौजा में पंचायत भवन की जमीन नापी के दौरान दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसमें पूर्व ग्राम प्रधान सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी। पूर्व प्रधान को गंभीर चोटें आई है, जिनका इलाज सीएचसी नरहीं में चल रहा है।



जानकारी के अनुसार दरियापुर गांव में पंचायत भवन का निर्माण होना है। इसके लिए ग्राम प्रधान नंदनी सिंह एवं क्षेत्रीय लेखपाल चंदन कुमार जमीन का चिन्हांकन के लिए पुराने प्राथमिक विद्यालय पर पहुंचे थे। जिस पर गांव के ही कुछ लोगों का कब्जा होना बताया जा रहा है। नापी के दौरान पूर्व प्रधान सुरेंद्र नाथ सिंह भी आ गये। जमीन पर कब्जे को लेकर वर्तमान एवं पूर्व प्रधान के लोगों में कहासुनी होने लगी, जो देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गयी। दोनों पक्षों से जमकर लाठी-डंडे एवं ईंट-पत्थर चलने लगें। इसमे प्रवीण राजभर (23), राधेश्याम राजभर (33) और पूर्व प्रधान सुरेंद्र नाथ सिंह (55) गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को सीएचसी नरहीं पहुंचाया। घटना की जानकारी होते नरही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पूर्व प्रधान सुरेंद्र सिंह की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

# अपाला टोली प्रथम एवं द्वितीय रही अरुणिमा सिन्हा टोली

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ पांच दिवसीय रोवर-रेंजर्स शिविर का समापन



रेंजर्स से जानकारी लेती इनरव्हील क्लब की सदस्य



विजेता टीम को सम्मानित करतीं स्वाति सिन्हा

**बांसडीह।** भारत स्काउट गाइड के तत्वावधान में द्वारिका प्रसाद सिन्हा महिला महाविद्यालय में चल रहे पंच दिवसीय रोवर रेंजर शिविर का समापन मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हो गया। रोवर प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि इनरव्हील क्लब की सदस्य नंदनी तिवारी, अनिता सिन्हा, सपना पाठक ने संयुक्त रूप से समस्त रोवर रेंजर्स की छात्राओं के साथ प्रार्थना एव झंडा गीत के साथ किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तरुण प्रकाश सिंह, रामराज तिवारी, मुकेश सिंह ने सभी शिविर का अवलोकन किया तथा जानकारी प्राप्त किया।

शिविर में कुल पांच टीमों ने भाग लिया था, जिसमें विजेता टीम के रूप में अपाला टोली रही। दूसरे स्थान पर अरुणिमा सिन्हा टोली एवं तीसरे स्थान पर लता मंगेशकर टोली रही। मुख्य अतिथि ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि रोवर प्रशिक्षण शिविर राष्ट्रीय एकता, शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक उन्नति के लिए जरूरी है। स्काउटिंग एवं गाइडिंग भारत में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में एक सशक्त माध्यम के रूप में स्थापित है। विशिष्ट अतिथि तरुण प्रकाश सिंह ने कहा कि रोवर रेंजर्स का कार्य विपरीत परिस्थितियों में मानसिक संतुलन बनाए रखते हुए राष्ट्र को विपत्तियों से बचाकर मुख्य लक्ष्य सेवा होना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि रामराज तिवारी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा में समाज के सभी लोगो तक सेवा पहुंचे, यह रोवर रैंजर्स का प्रमुख दायित्व है। विद्यालय के प्राचार्य बदरे आलम ने सभी प्रशिक्षु छात्राओं से एक अच्छे स्काउट गाइड बनने की अपील की। रोवर प्रभारी अभिनव पाठक एव रेंजर प्रशिक्षक अभिजीत तिवारी ने सभी रोवर रेंजर्स का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर राजेश सिंह, गौरव तिवारी, शैलेश सिंह, विंध्याचल सोनी, शिवप्रकाश, हिमांशु, वेद प्रकाश सिंह, मनोज चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे। आगंतुकों का आभार विद्यालय के प्रबंधक अभिषेक आनंद सिन्हा ने प्रकट किया।

# ग्रामीणों के शोर मचाने पर भाग चले बदमाश

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सबलपुर (करमानपुर) गांव में सोमवार की रात भैंस चुराने के लिए आये हथियार बन्द अपराधियों को ग्रामीणों ने हो-हल्ला कर भगा दिया। जाते-जाते अपराधी गृह स्वामी का मोबाइल फोन, विदेशी टार्च व तकिए के नीचे रखा 20 हजार रुपये लेते गए। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

गृह स्वामी रविन्द्र गोड़ ने बताया कि मैं सब्जी की खेती करता हूं। सब्जी व गेहूं बेचकर 20 हजार रुपये की व्यवस्था किया था। यह पैसा उर्वरक विक्रेता को देना था। क्योंकि उसके यहां से खाद उधार आया था। सोमवार की रात लगभग ग्यारह बजे चार लोग गमछा से मुंह बांधे हुए आये। उसमें से एक व्यक्ति ने मेरे कनपटी पर तमंचा सटा दिया और बोला कि शोर मचाओगे तो गोली मार दूंगा। मैं हिलने का प्रयास किया तो उसमें से एक अपराधी ने मेरे पंखे पर लाठी मार दिया। मारे डर के मैं चारपाई पर बैठ गया और लाठी के चोट से मेरे मुंह से चीख निकल गयी। घर मे सो रहा मेरा बेटा पप्पू गोड़ बाहर निकला तो बदमाशों ने दो लाठी उसे भी मार दिया। उसने हो-हल्ला मचाना शुरू किया, जिसके बाद महिलाएं भी चिल्लाने लगी। एक अपराधी भैंस खोलकर ले जाने लगा। उसका पड़वा बंधा हुआ था, किंतु भैंस पगहा खिंचकर मड़हे में घुस गई। तब तक लोग एकत्र हो गए और शोर मचाना शुरू किया। चारों बदमाश उत्तर दिशा की तरफ भागे।

ग्रामीणों द्वारा पीछा करने पर एक अपराधी ने तमंचा से हवा में एक फायर किया। मारे डर के ग्रामीण वापस आ गए। 112 नम्बर पर फोन कर पुलिस को बुलाया। 112 नम्बर पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद बैरिया थाना की पुलिस भी कुछ ही देर में मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों से बातचीत करने के बाद आस-पास के क्षेत्रों में लाइट जलाकर तलाशी ली और सुबह मौके पर आने की बात कह वापस लौट गई।

**मंशा विफल**

**20 हजार नगदी समेत मोबाइल एवं टॉर्च उठा ले गये**

> प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है। मामले की जांच की जा रही है। जांचोपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी।
>
> धर्मवीर सिंह, एसएचओ बैरिया

## इलाज के दौरान दूसरे घायल ने तोड़ा दम

**सिकंदरपुर।** खेजुरी थाना क्षेत्र के खड़सरा स्थित न्यू पीएचसी के पास बीते गुरुवार की देर रात हुए सड़क हादसे में घायल दूसरे व्यक्ति की भी आजमगढ़ में इलाज के दौरान सोमवार की शाम मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया। बता दें कि पिछले गुरुवार की देर रात को स्कार्पियो के पेड़ से टकराने की वजह से सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के चकखान निवासी अजय खरवार (45) पुत्र स्व. उदय भान खरवार, शिवजी राजभर (48) पुत्र पारस राजभर, वीरन राजभर (38) पुत्र स्व. रामजन्म एवं उनके साथी मनोज साहू (42) पुत्र स्व. मदन साहू गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इनमें से शिवजी राजभर की मौत वाराणसी में इलाज के दौरान शनिवार को हो गई थी। वहीं, वीरन राजभर समेत तीन घायलों का इलाज अलग-अलग हास्पिटलों में चल रहा था। इसमें वीरन राजभर की सोमवार की शाम आजमगढ़ में मौत हो गई। वहीं, अजय खरवार और मनोज साहू का इलाज गोरखपुर एवं वाराणसी में जारी है। परिजनों की माने तो दोनों घायलों की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है।

# 62 आपत्तियों का निस्तारण, 30 परीक्षा केंद्र रद

## जिले में कुल 206 केन्द्रों पर एक लाख 59 हजार छात्र देंगे परीक्षा

**बलिया।** यूपी बोर्ड परीक्षा सकुशल और नकलविहीन कराने को लेकर विभाग कमर कस चुका है। इसके लिये विभागीय अधिकारी और कर्मचारी अभी से बोर्ड परीक्षा की तैयारियों में जुट गये है। बोर्ड परीक्षा 2023 की तैयारी में जुटे माध्यमिक शिक्षा विभाग ने परीक्षा केंद्रों को लेकर आई 62 आपत्तियों का निस्तारण करते हुए 30 परीक्षा केंद्रों को रद्द कर दिया है।

22 नए विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाने की संस्तुति बोर्ड को भेजने का निर्णय किया है। हालांकि, इसके पूर्व नए परीक्षा केंद्र बनाए जाने वाले विद्यालयों की एसडीएम और संबंधित क्षेत्राधिकारियों से जांच कराने का भी निर्णय लिया है। यह निर्णय सोमवार को हुई जिला परीक्षा समिति की बैठक में हुआ। पूर्व में बोर्ड द्वारा 214 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जबकि 11 विद्यालयों को डिबार करते हुए तीन स्कूलों की मान्यता भी वापस ली गई है। आपत्तियों के निस्तारण के बाद अब जिले में कुल 206 केंद्र रहेंगे, जहां कुल एक लाख 59 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देगें।

डीआईओएस रमेश कुमार सिंह ने बताया कि उपजिलाधिकारी स्तर पर चल रही जांच में किसी केंद्रों को लेकर शिकायत आएगी तो उसे परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा। बताया कि एसडीएम और क्षेत्राधिकारियों की रिपोर्ट आने के बाद परीक्षा केंद्रों की सूची को बोर्ड को प्रेषित कर दिया जाएगा।

# साढ़े तीन करोड़ से संवारीं जाएंगी मोहल्लों की गलियां

## महानगरों जैसी दिखेंगी मोहल्लों की सड़कें

**बलिया।** नगर की मुख्य सड़कों के निर्माण के बाद अब मोहल्लों की गलियों को संवारा जाएगा। इससे लोगों को जर्जर सड़क और गलियों से राहत मिलेगी। सीवरेज व बिजली लाइन के कारण वर्षों से खराब पड़ी 42 सड़कों का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इसमें नगर पालिका परिषद की ओर से 3.50 करोड़ रुपये खर्च किया जाएगा। शहर के 25 वार्डो की सड़कों पर पहली बार थ्रीडी सीमेंटेट ईंट का प्रयोग होगा।

महानगरों की तर्ज पर मोहल्लों की सड़कें भी दिखेंगी। नगर पालिका में पिछले चार वर्षों से जल-जमाव व अंडरग्राउंड लाइनों सहित अन्य कार्यों के कारण अधिकतर सड़कें टूट गई हैं। सड़कों पर आए दिन राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। बाइक व साइकिल सवारों को सड़क के चलते ही कई तरह की परेशानी बढ़ जाती है। व्यापारी व नगरवासी बार-बार सड़कों की हालत सुधारने की मांग कर रहे थे। मोहल्लों में सड़कों संग नाली की मरम्मत कार्य भी होगा। जानकारी के अनुसार जगदीशपुर, विजयीपुर, कृष्णानगर, बेदुआ, राजपूत नेवरी, काशीपुर, सतनी सराय, जापलिनगंज, हरपुर, मिड्ढी, आनंदनगर, रामपुर, प्रोफेसर कालोनी, सिविल लाइन, गुरुद्वारा रोड, गुदरीबाजार, बनकटा सहित अन्य मोहल्लों का कायाकल्प किया जाएगा। थ्रीडी सीमेंटेड ईंट के प्रयोग से शहर के मोहल्लों की सुंदरता बढ़ेगी। वही, महानगरों की तर्ज पर मोहल्लों की सड़कें भी दिखेंगी।

**जल्द ही शुरू होगा काम**

**बलिया।** इस संबंध में नगर पालिक परिषद कार्यालय के अधिशासी अधिकारी सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि नगर में जर्जर सड़कों का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। शहर को सुंदर स्वरूप देने की योजना है। इन सड़कों में थीडी सीमेटेंट ईंट का प्रयोग होगा। यह सामान्य ईंटों की तुलना में मजबूत व आकर्षक दिखेंगी। जल्द ही काम शुरू कराया जाएगा।

## ई-रिक्शा पलटने से आधा दर्जन यात्री घायल

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दया छपरा स्थित गंजहवा बाबा के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर वाहनों की टक्कर में ई-रिक्शा पलट कर खाई में जा गिरा। घटना के बाद मौके पर कई लोग जुट गये और घायल आधा दर्जन यात्रियों को उठाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अपने वाहन से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया। बता दे कि रामगढ़ की तरफ से आ रहा ई-रिक्शा दया छपरा स्थित गंजहवा बाबा मंदिर के निकट सवारी बैठा रहा था। इसी बीच बैरिया की तरफ से रामगढ़ की तरफ जा रही टेम्पो को पीछे से कमांडर जीप ने धक्का मार दिया। कमांडर जीप के धक्के से टेंपो ई-रिक्शा से टकरा गई और ई-रिक्शा सड़क के किनारे खड्ड में जा गिरा। इसमें सुमन देवी (33) निवासी प्रसाद छपरा, मीना देवी (45) निवासी मिश्र के हाता, हरेराम यादव (45) निवासी दिघार, अजीत वर्मा (30) निवासी बुधन चक, राकेश पांडे (30) निवासी दया छपरा व ई-रिक्शा चालक दिलीप कुमार (35) निवासी दिघार घायल हो गए। क्षेत्र से ड्यूटी कर लौट रहे उप निरीक्षक गंगा प्रसाद ने मय फोर्स मौके पर पहुंचकर घायलों को सरकारी वाहन से सोनबरसा अस्पताल पहुंचाया, जहां घायलों का इलाज चल रहा है।

# भगवान की लीलाओं का श्रवण करना चाहिए



प्रवचन करते कथावाचक



कथा सुनते श्रद्धालु

**बोले हिमांशु जी महाराज**

**प्रभु के स्वरूप से स्वतः होता है सिद्ध ज्ञान का संचार**

**मझौवां।** भगवान अपने भक्तों की भक्ति के वश में होकर अनेकों प्रकार के अवतार ग्रहण करते हैं और अनेकों लीलाएं करते हैं। मनुष्य को भगवान की उन लीलाओं का कथा श्रवण एवं भजन करना चाहिए, जिससे मनुष्य का उद्धार हो।

उक्त बातें मानस प्रचार परिषद दया छपरा द्वारा प्रसाद छपरा में आयोजित नौ दिवसीय 70वां मानस सम्मेलन में आरा, बिहार से पधारे ख्याति लब्ध मानस मर्मज्ञ हिमांशु जी महाराज उर्फ हलचल बाबा ने व्यक्त किया। कहा कि भगवान अनंत है। उनके गुण भी अनंत हैं। जो यह सोचता है कि मैं प्रभु के गुणों को गिन लूंगा तो वह मूर्ख है। प्रभु के विराट ब्रह्मांड शरीर में तीनों लोक स्थित है। उन्हीं के इंद्रियों से समस्त देह धारियों की ज्ञानेंद्रियां और कामेंद्रिया बनी है। प्रभु के स्वरूप से ही स्वतः सिद्ध ज्ञान का संचार होता है। दूसरे क्रम में बक्सर से आये रितेश तिवारी जी ने बताया कि प्रभु ने देवताओं की रक्षा के लिए देवासुर संग्राम में आततायिओं का वध किया। वामन अवतार ग्रहण करके प्रभु ने याचना के बहाने इस पृथ्वी को दैत्य राज बली से छीन लिया और अदिति नंदन देवताओं को दे दिया। वही, प्रभु रामावतार में समुद्र पर पुल बांधा तथा रावण एवं उसकी राजधानी लंका को मटिया मेट कर दिया।

**कथा रूपी सागर में गोता लगाते रहे श्रद्धालु**

**मझौवां।** तीसरे क्रम में लखनऊ से पधारे डॉ. ओंकार नाथ दुबे ने बताया कि प्रभु श्रीराम ब्रह्म है। वीर हनुमान संत है और सुग्रीव जीव है। जब जीव रूपी सुग्रीव का मिलन संत रूपी वीर हनुमान से हुआ तो ब्रह्म रूपी भगवान ने जीव रूपी सुग्रीव का बाली को मार कर कल्याण कर दिए। कथा देर रात तक चलती रही, जहां श्रद्धालु जन कथा रूपी सागर में डूबते-उतराते रहे। इस मौके हरेंद्र कुमार पाण्डेय, गोपाल जी पाण्डेय, कामेश्वर पाल, दयाशंकर तिवारी, लाल जी, विजय पटेल, अक्षयबर पाण्डेय, कुमारी मधु, श्रीमती रागिनी देवी आदि मौजूद रहे।

# महाविद्यालयों ने लगाये अलग-अलग स्टाल

**कार्यक्रम**

**मुख्य अतिथि समेत अन्य ने किया सभी स्टालों का निरीक्षण**



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि



स्टालों का निरीक्षण करते मुख्य अतिथि एवं कुलपति

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस समारोह के प्रथम दिन कुलपति प्रो. कल्पलता पाण्डेय और पूर्व कुलपति प्रो. लल्लन जी सिंह द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित कुल 14 संकुलों के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों द्वारा अपने-अपने परिक्षेत्र से संबंधित विशेषताओं को दर्शाते हुए स्टाल लगाए गए थे।

मुख्य अतिथि प्रो. लल्लन जी सिंह और कुलपति प्रो. कल्पलता पाण्डेय द्वारा सभी स्टालों का निरीक्षण किया गया और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में संचालित समाज कार्य विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पुष्पा मिश्रा ने बताया कि ग्रामीण महिला सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार के अंतर्गत सेंटर आफ एक्सीलेंस के परियोजना में मशरूम की खेती और मउर के निर्माण आदि स्वरोजगार के लिए महिलाओं को प्रशिक्षित करने पर केंद्रित माडल प्रस्तुत किया गया।

अंग्रेजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अजय कुमार चौबे द्वारा वर्किंग माडल आफ कंटीन्यूअस टेंस पर माडल प्रस्तुत किया गया। समाजशास्त्र विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रियंका सिंह द्वारा अनेकता में एकता के प्रारूप को दर्शाया गया। वाणिज्य विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विनीत सिंह ने प्राचीन से वर्तमान करेंसी पर माडल प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में विश्विद्यालय परिसर के कृषि स्नातक छात्रों द्वारा एक लाइवस्टॉक रिसर्च सेंटर का माडल प्रस्तुत किया, जिसमें पवन चक्की, बायोगैस प्लांट, साइलेज टावर, लेबर रेजिडेंस, हास्पिटल मिल्क पार्लर एक्सपेरिमेंटल शेड, फीडिंग शेड, फडर कल्टीवेशन एरिया, वाच टावर, कंपोस्ट पिट आदि सम्मिलित थे। इसकी मुख्य अतिथि, कुलपति एवं अन्य गणमान्य लोगों ने प्रशंसा की। साथ ही इसे साकार करने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया। भूगोल विभाग की पूजा सिंह और शशि प्रताप शुक्ला द्वारा ग्लोबल वार्मिंग के दुष्परिणामों को माडल द्वारा दर्शाया गया। गृह विज्ञान विभाग की डॉ. तृप्ति तिवारी और अन्य द्वारा फूड स्टाल लगाया गया। योग विभाग द्वारा योग से संबंधित विभिन्न आसनों पर आधारित माडल प्रदर्शित किया गया। पीजीडीसीए विभाग द्वारा कम्युनिकेशन स्किल तथा कंप्यूटर के माडल को प्रदर्शित किया गया। राजनीति विभाग द्वारा संसद भवन पर आधारित माडल प्रस्तुत किया गया। इनके अलावा शांति आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल, श्री मुरली मनोहर टाउन परास्नातक महाविद्यालय, कुंवर सिंह महाविद्यालय, बलराम सिंह स्मारक महाविद्यालय, श्रीनाथ बाबा महाविद्यालय रसड़ा, श्री नरहेजी स्नातक महाविद्यालय सहित अन्य महाविद्यालयों ने भी अपने माडल प्रस्तुत किये और उनकी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर कुलसचिव एसएल पाल, प्रो. आरएन मिश्र, प्रो. बैकुंठनाथ पाण्डेय, प्रो. अंजनी सिंह, प्रो. नीरजा सिंह, प्रो. अरविंद नेत्र पाण्डेय, प्रो. निशा राघव, प्रो. साहेब दूबे, प्रो. फूलबदन सिंह आदि मौजूद रहे।

## आज से गांधी प्रतिमा के सामने धरना देंगे छात्रनेता

**बलिया।** छात्रनेताओं की बैठक मंगलवार को चंद्रशेखर उद्यान में हुई। छात्रनेताओं ने कहा कि सभी महाविद्यालयों में मिड टर्म और बीटीसी का पेपर चल रहा। छात्रसंघ हमेशा से छात्रहित के मुद्दों पर लड़ता है। छात्रों के पेपर को मद्देनजर रखते हुए किसी प्रकार का प्रदर्शन नहीं किया जा रहा है। 21 दिसम्बर से शहीद चौक में गांधी प्रतिमा के सामने तीन दिवसीय धरना चलेगा। कहा कि पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के संयोजक नागेन्द्र बहादुर सिंह झुन्नू को जेल भेज कर छात्रों की आवाज उठाने से नहीं रोक सकते। हमारा आंदोलन तब तक चलेगा, जब तक सतीश चन्द्र कालेज के गालीबाज शिक्षक की बर्खास्तगी एवं जेल के साथ ही सभी छात्र-छात्राओं का पैसा वापस नहीं किया जाता। आदित्य योगी ने कहा कि 21 दिसम्बर से चौक परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने तीन दिवसीय धरना चलेगा। अमित दुबे ने कहा कि छात्रों पर फर्जी मुकदमे किए जा रहे है। विवेक पाठक ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में दलालों का बोलबाला हो गया है। इस अवसर पर आनन्द विक्रम सिंह, मोती यादव, यशजीत सिंह, प्रवीण सिंह, सिंटू यादव, रिशू पांडेय, आदित्य योगी, सूरज गुप्ता, प्रमोद यादव, आदर्श मिश्रा, रितेश पांडेय, धनजी यादव, मदनी नसीम, अभिषेक यादव, मनीष सिंह आदि मौजूद रहे।

# संक्षेप

## सेंट मेरिज स्कूल में वार्षिक खेलकूद संपन्न



**रसड़ा।** सेंट मेरिज स्कूल मरियमपुर, रसड़ा के मैदान में मंगलवार को वार्षिक खेलकूद दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि फादर जान अब्राहम ने खेल का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करने के बाद हरी झंडी दिखाकर किया। इसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा मार्च पास्ट के माध्यम से सलामी दी गई। खेल के संयोजक व शारीरिक शिक्षक शशि प्रताप सिंह के दिशा-निर्देश में शिक्षा वर्ग सत्र 2022-23 के तहत छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर की दौड़ तथा ऊंची कूद इत्यादि खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने फादर जान अब्राहम ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलना भी आवश्यक है। खेल से शरीर स्वस्थ और दुरुस्त रहता है।

## ऑपरेशन के लिए आठ मरीजों को किया चिह्नित



**बैरिया।** जन्म से कटे होठ एवं तालू वाले मरीजों का आपरेशन कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पर शिविर का आयोजन किया गया। इसमें आठ मरीजों को आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा के अधीक्षक डा. आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि कटे होठ एवं तालू वाले मरीजों को इस मुहिम से खुशी मिलने वाली है। पंजीकरण के बाद उन्हे लखनऊ भेजकर आपरेशन कराया जाएगा। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि कटे होठ एवं तालू वाले मरीज कहीं दिखे तो उन्हें शिविर में लाकर पंजीकरण करायें। शिविर में पहुंचने से वंचित रहने वाले मरीजों का जिला अस्पताल में भी पंजीकरण किया जाएगा। इस अवसर पर डा. मनोज उपाध्याय, डा. संतोष कुमार, गणेश यादव, डा. सतीश आदि मौजूद रहे।

## सपा का झंडा लेकर किया साथ चलने का निश्चय



**बलिया।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी बलिया के एसटी-एसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कंचन भारती के नेतृत्व में मंगलवार को दर्जनों साथियों ने समाजवादी पार्टी का झंडा थाम कर पार्टी के साथ चलने का निश्चय किया। सपा विधायक संग्राम सिंह यादव एवं राजमंगल यादव के हाथों सपा का झंडा लेते हुए प्रसपा के नेताओं ने कहा कि आज के बाद समाजवादी पार्टी को ताकत प्रदान करना ही हम लोगों का उद्देश्य होगा और 2024 के लोकसभा चुनाव में इस एकता का असर अवश्य दिखेगा। इस अवसर पर डा. विश्राम यादव, आद्याशंकर यादव, यशपाल सिंह, सुशील पाण्डेय कान्हजी, राज नारायण यादव, जमाल आलम, राजन कन्नौजिया, रविंदर नाथ यादव, रामेश्वर पासवान, जलालुदीन जेडी, गुरुज लाल राजभर, जीतेश वर्मा, राकेश कुमार राम, विनोद कुमार, अवधेश आदि मौजूद रहे।

## 50 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**बलिया।** मनियर थाना पुलिस ने मंगलवार को अवैध दारू और उपकरण के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गये तस्करों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर पिलूई गांव के बगिया बहेरा नाला के पास से मंगलवार के दिन 50 लीटर अपमिश्रित कच्ची शराब दो पीपा के साथ मनीष यादव पुत्र परमात्मा यादव निवासी विक्रमपुर पश्चिम, थाना मनियर व सुरेंद्र चौहान पुत्र स्व. जयचंद चौहान निवासी मनियर सरवार वार्ड नंबर चार को गिरफ्तार किया। उनके पास से अपमिश्रित सामग्री नौसादर, यूरिया, नमक व एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने अभियुक्त गणों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया।

## चोरी की बाइक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** सिकंदरपुर पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चोरी की बाइक बेचने जा रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा अपराध के समूल उन्मूलन व जनपद में अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थानाध्यक्ष सिकंदरपुर दिनेश कुमार पाठक मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर रामपुर कटराई नहर मोड़ के पास से एक अभियुक्त को फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम राकेश कुमार सिंह पुत्र स्व. मुन्नीलाल निवासी महरो, थाना सिकन्दरपुर बताया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दिनेश पाठक, हेड कांस्टेबल अच्छेलाल, कांस्टेबल आनंद कुमार, दिनेश चौधरी, महिला आरक्षी रीना यादव शामिल रहे।

## नौ लोगों पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज

**बैरिया।** योगी सरकार के निर्देश पर बिजली चोरी के आरोप में बैरिया/ लोकधाम ठेकहा के अवर अभियंता विनोद भारद्वाज ने दुखहरन गिरी के मठिया निवासी नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। अवर अभियंता विनोद भारद्वाज ने बताया कि उक्त गांव निवासी महेश गिरी, धनन्जय गिरी, अनिल गिरी, मिथिलेश गिरी उर्फ वकील गिरी, अवधेश गिरी, त्रिभुवन गोड़, गोपाल सिंह व चंद्रशेखर गिरी पर सोमवार को प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। अवर अभियंता ने स्पष्ट किया है कि शासन की मंशा के अनुरूप सघन विद्युत चेकिंग अभियान के तहत जांच के क्रम में उक्त नौ लोग विद्युत कनेक्शन का कोई भी वैध दस्तावेज नही प्रस्तुत कर पाए। इसके चलते उक्त लोगों पर बिजली चोरी करने का मामला दर्ज कराया गया है। क्षेत्र में किसी को विद्युत चोरी नही करने दिया जायेगा। यह अभियान अनवरत चलता रहेगा।

## पुलिस ने दारू की भट्ठियों पर की तोड़फोड़

**बलिया।** मनियर थाना पुलिस दियारे क्षेत्र में लगातार दबिश देकर दारू की भट्ठियों पर तोड़फोड़ कर रही है। इसी क्रम में मंगलवार को एसएचओ मनियर प्रवीण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अरुण कुमार सिंह, कांस्टेबल पतिराम चौरसिया, कांस्टेबल संजय कुशवाहा, कांस्टेबल अजय यादव, कांस्टेबल आदित्य पांडेय आदि पुलिस बल मनियर थाना क्षेत्र के ककरघट्टा खास, एलासगढ़ दियरा टुकड़ा नंबर दो के सामने दियारे क्षेत्र में जाकर अवैध रूप से संचालित दारू की भट्ठियों पर तोड़फोड़ की एवं भारी मात्रा में लहन नष्ट किया। बताते चलें कि मनियर के दियारे क्षेत्र में अवैध रूप से दारू की भट्ठियां संचालित होती है। इस धंधे में संलिप्त दारू बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों सहित बिहार में भी सप्लाई करते हैं। दारू का धंधा कुटीर उद्योग का रूप ले चुका है।

## पुण्यतिथि पर याद किये गये शक्तिप्रकाश

**बलिया।** भाजपा नेता एवं जेटीएम स्कूल बिगही के प्रबंधक स्व. शक्तिप्रकाश तिवारी उर्फ नन्हेजी की दूसरी पुण्यतिथि विद्यालय परिसर में मनाया गया। इसके पूर्व सुन्दर कांड का पाठ किया गया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। वही, स्कूल के बच्चों द्वारा भी पुष्प अर्पित किया गया। वक्ताओं ने स्व.तिवारी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रधान छितेश्वर तिवारी, अभिनाश तिवारी, अभय शंकर चौबे, ओंकार सिंह, विपिन तिवारी, शैलेश राय, प्रिया दुबे, प्रभा दुबे, प्रिया उपाध्याय, मन्या उपाध्याय, उमेश पांडेय, बेला सिंह, सुमन, उधारी, बरमेश्वर मिश्र, रविशंकर, रामेश्वर तिवारी आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि रंजन सिंह तथा संचालन संतोष तिवारी बाबा ने किया।

## वॉलीबॉल एवं खो-खो प्रतियोगिता के लिए होगा चयन

**बलिया।** खेल निदेशालय उप्र लखनऊ के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला वालीबाल एवं खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 30 दिसम्बर, 2022 तक जिला खेल कार्यालय इन्दिरा गांधी स्टेडियम जौनपुर में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सीनियर महिला वालीबाल एवं खो-खो प्रतियोगिता हेतु आजमगढ़ मण्डल की टीम का जिला स्तरीय चयन ट्रायल्स 24 दिसम्बर, 2022 को वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम बलिया में एवं मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल्स 26 दिसम्बर, 2022 को सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम आजमगढ़ में प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्यालय दिवस में जिला खेल कार्यालय बलिया में सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

# निकाय चुनाव में अनुसूचित जनजाति को सीटें आरक्षित हों

**मांग को लेकर धरना**

### 13वें दिन भी डटे रहे गोंगपा कार्यकर्ता


मॉडल तहसील के समीप धरना देते गोंगपा कार्यकर्ता

**बलिया।** नगर निकाय चुनाव में अनुसूचित जनजाति हेतु सीटें आरक्षित कराने की मांग को लेकर मॉडल तहसील के समीप चल रहा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का धरना मंगलवार को 13वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर पूर्व चेयरमैन एवं सपा नेता लक्ष्मण गुप्ता, परवेज रोशन, सुभाष यादव आदि पहुंचे और समर्थन दिया।

वक्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार 2012 व 2017 के नगर निकाय चुनाव में अनुसूचित जनजाति हेतु सीटें आरक्षित थी, उसी आधार पर 2022 के चुनाव में भी अनुसूचित जनजाति हेतु सीटें आरक्षित करना संवैधानिक है। एक तरफ भाजपा सरकार जनजातीय गौरव दिवस मनाने का दिखावा करती है, वही दूसरी तरफ जनजातियों के संवैधानिक अधिकारों का दमन करने का काम कर रही है। इसका ताजा उदाहरण 2022 के निकाय चुनाव के लिए प्रकाशित अधिसूचना सूची में अनुसूचित जनजाति के लिए एक भी सीट आरक्षित न करना है। इस अवसर पर छितेश्वर गोंड, मुन्ना गोंड, अनुज खरवार, अरविन्द गोंडवाना, मनोज शाह, चन्द्रशेखर खरवार, सुदेश शाह, सुरेश शाह, ओमप्रकाश खरवार, जीउत गोंड, दादा अलगू गोंड, त्रिलोकी प्रसाद खरवार, शिवजी प्रजापति, श्रीभगवान गोंड, मुख्तार अहमद, सिकन्दर गोंड, दरोगा गोंड, रामनारायन गोंड, दिनेश यादव, ओमप्रकाश गोंड, संजय गोंड, उदय नारायन, हीरालाल गोंड, दरोगा गोंड, विजय शंकर गोंड, दीलिप शाह, शिवशंकर खरवार, रामसेवक खरवार आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता सुमेर गोंड तथा संचालन परशुराम खरवार ने किया।

# विश्व कल्याण को वैदिक मंत्रों से आहुति

**कार्यक्रम**

### नरही में युवा चेतना जागृति अभियान कराने का संकल्प

जनसंदेश न्यूज


वैदिक मंत्रों के बीच आहुति देते श्रद्धालु

**बलिया।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट द्वारा दो दिवसीय युवा चेतना जागृति अभियान गायत्री महायज्ञ के अंतिम दिन नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ से कार्यक्रम की पूर्णाहुति की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में शांतिकुंज से आए हुए मनीष जी एवं आचार्य ऋषि देव तिवारी ने यज्ञ में विभिन्न संस्कार, दीक्षा, जन्मदिन आदि संस्कार कराएं।

यज्ञ में विश्व कल्याण, सबको सद्बुद्धि एवं सर्व विधि से कल्याण के लिए गायत्री महामंत्र महामृत्युंजय मंत्र अनेक वैदिक मंत्रों से आहुति दी गई। कार्यक्रम में युवा कार्यकर्ता ओमप्रकाश वर्मा को शहरी युवा प्रकोष्ठ का समन्वयक व रितेश श्रीवास्तव को सह समन्वयक बनाया गया। दोनों को तिलक और चंदन लगाकर आचार्य जी ने आशीर्वाद दिया।

युवा चेतना अभियान के अगले चरण में नरही ग्राम में युवा चेतना जागृति अभियान करने के लिये वहां के स्थानीय रणजीत राय ने कार्यक्रम में कलश लेकर संकल्प किया। कार्यक्रम में परम पूज्य गुरुदेव द्वारा लिखित विचार क्रांति धर्मी साहित्य का सेट भारी संख्या में लोगों ने लिया, जिसे अपने सिर पर रखकर पूजन कर प्रतिदिन स्वाध्याय करने का संकल्प लिया। अंत में स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम में किए गए सहयोग के लिए ट्रस्ट के संरक्षक देवेंद्र नाथ उपाध्याय ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में मुख्य प्रबंध ट्रस्टी अनिल श्रीवास्तव, सहायक प्रबंध ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा मिश्रा, विजय प्रकाश श्रीवास्तव, श्रीमती प्रेमलता राय, ओम प्रकाश वर्मा, रितेश श्रीवास्तव, श्रीमती मीना कुमारी, मंजू राय, धर्मशीला राय, विनोद सिंह, अशोक श्रीवास्तव, विश्वजीत, राम जी यादव, जितेंद्र राय, डमडम जी आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### तीन आरक्षी बने मुख्य आरक्षी, खुशी की लहर



**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** स्थानीय कोतवाली के 3 कांस्टेबल द्वारा अच्छे कार्य करने पर पुलिस हेड क्वार्टर लखनऊ के आदेश के क्रम में इन्हें दीवान बनाया गया। दीवान बनने की जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। मंगलवार को कोतवाली परिसर में आरक्षी संदीप यादव, सुनील यादव, विवेक कुमार गुप्ता को मुख्य आरक्षी बनाए जाने पर कोतवाल शैलेश सिंह ने इनके वर्दी पर बैज लगाकर इन्हें इनका मान बढ़ाया और अपने हाथों से इन्हें मिठाई भी खिलाई। इस मौके पर चैकी प्रभारी कस्बा पंकज सिंह यादव, चैकी प्रभारी खैराबाद बंसराज प्रसाद, उप निरीक्षक विनोद सरोज, मनोज कुमार सिंह, उमेश कुमार सीसीटीएनएस प्रभारी अब्दुल रब समेत महिला कांस्टेबल एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### दूसरे दिन 11 प्रत्याशियों ने किया नामांकन



**मऊ।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन मऊ की नई कार्यकारिणी के चुनाव में नामांकन के दूसरे दिन मंगलवार को विभिन्न पदों पर कुल 11 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। अध्यक्ष पद के लिए दिनेश राय, कनिष्ठ उपाध्यक्ष हेतु प्रदीप कुमार पाण्डेय, महामंत्री पद हेतु संजय कुमार सिंह व संतोष कुमार श्रीवास्तव, सहमंत्री प्रशासन हेतु चन्द्रभूषण भारद्वाज, वरिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी हेतु रमेश सिंह, जावेद अहमद, अतुल गुप्ता, विजय मिश्रा, कमला यादव तथा विनोद कुमार शुक्ल ने पर्चा दाखिल किया। नामांकन के लिए कल बुधवार को अंतिम दिन है। नामांकन पत्र के जांच के लिए 22 दिसम्बर तथा वापसी हेतु 23 दिसम्बर नियत है। टेण्डर मतदान 26 व 27 को दिन में 12 बजे से 2 बजे तक डाला जायेगा। मतदान 28 दिसम्बर को 10 बजे से 2.30 बजे तक और उसी दिन 3 बजे से मतगणना शुरू होगा। नामांकन के दूसरे दिन एल्डर कमेटी के सदस्य जवाहर लाल पाण्डेय एवं बीबी सिंह के साथ ही अन्य लोगों ने भी अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

### आशुतोष के शतक से न्यू स्पोर्ट्स लाइन फाइनल में



**मऊ।** डॉ भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट स्टेडियम में कल्पना क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वधान में आयोजित विमला देवी मेमोरियल कैश टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मैच बापू खालिद क्रिकेट एकेडमी और स्पोर्ट्सलाइन के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यू स्पोर्ट्स लाइन ने आशुतोष के बेहतरीन शतक की पारी से निर्धारित 30 ओवरों में 4 विकेट खोकर 233 रन बनाया। जिसमें आशुतोष ने 109 रन तथा आर्य ने 74 रन का शानदार पारी खेली। बापू खालिद की तरफ से निलेश ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बापू खालिद क्रिकेट एकेडमी निर्धारित 30 ओवरों में 9 विकेट खोकर मात्र 178 रन ही बना सकी। जिसमें अक्षय ने 65 रन तथा उज्जवल ने शानदार 56 रन की पारी खेली। न्यू स्पोर्टस्लाइन की तरफ से आशुतोष ने तीन विकेट लिए। आशुतोष के बेहतरीन प्रदर्शन की वजह से उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर निर्णायक भूमिका पर अंपायर पंकज मौर्या तथा अभिषेक रहे। इस दौरान क्रिकेट कोच मोहम्मद शाहिद, उमेंद्र सिंह, हेमंत सिंह, रिशु शर्मा, ज्ञान प्रकाश यादव, अखंड प्रताप सिंह, अमलेश यादव इत्यादि लोग उपस्थित रहे। कल का फाइनल मैच न्यू स्पोर्टस्लाइन एवं मोनू सिंह क्रिकेट अकैडमी के बीच प्रातः 10 बजे से खेला जाएगा।

# शराब तस्करी पर नहीं लग पा रही रोक

**तस्करी**

### छोटे-बड़े घाटों से इस पार से उस पार हो रही शराब

**बैरिया।** द्वाबा से सटे सीमावर्ती बिहार के सारण में जहरीली शराब पीकर 74 लोगों की मौत के बाद शराब की तस्करी रोकने के लिए उत्तर प्रदेश की पुलिस ने कमर कस लिया है। बावजूद इसके सीमावर्ती क्षेत्रों में शराब की तस्करी आबाध गति से जारी है।

जयप्रभा सेतु का रास्ता हो अथवा सिताब दियर के ग्रामीण क्षेत्रों अथवा महुली पीपा पुल से शराब की तस्करी जारी है। कहीं गाड़ी से शराब जा रहा है तो कहीं बाइक या साइकिल अथवा फिर नाव से। पिछले एक वर्ष में द्वाबा क्षेत्र में दर्जनों सड़क छाप लोग शराब की तस्करी से पूंजीपति हो बन गये हैं। वही, पुलिस ने भी करोड़ों रुपए की शराब जप्त की है। बावजूद इसके शराब की तस्करी बदस्तूर जारी है। पुलिस तो हाथ-पांव कभी-कभी मारती भी है, लेकिन आबकारी विभाग के कान पर जूं नहीं रेंग रहा है। कुल मिलाकर क्षेत्र के कई सरकारी शराब की दुकानों का शराब सीधे बिहार पहुंच रहा है। संबंधित विभाग सबकुछ जानकर भी अनजान बना हुआ है। शराब की तस्करी में गंगा व सरयू के छोटे-बड़े घाट भी तस्करों के लिए माकूल हैं, जहां पर पुलिस से आंख बचाकर युवा साइकिल और बाइक से नाव के सहारे शराब इस पार से उस पार

> अवैध शराब की तस्करी नही होने दी जायेगी। इसके लिए पुलिस मुस्तैद है। सीमा पर पैनी निगाह लगाए हुए हैं। किसी भी कीमत पर शराब की तस्करी नहीं होने दी जाएगी। पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने पिछले एक वर्ष में भारी मात्रा में शराब जब्त किया है और तस्करों को जेल भेजा है। आगे भी यह अभियान चलता रहेगा। अभी भी कई तस्कर पुलिस के रडार पर हैं।
>
> **गुरु प्रसाद सिंह, चौकी इंचार्ज चांद दियर/ जयप्रकाश नगर**

# अवैध शराब के खिलाफ युवाओं ने छेड़ी मुहिम

**सख्ती**

### घूम-घूमकर धंधे में संलिप्त लोगों को दे रहे चेतावनी

**बैरिया।** लोकनायक जयप्रकाश नरायण की धरती सिताब दियारा के युवकों ने अवैध शराब के खिलाफ संगठन बनाकर मुहिम छेड़ दिया है। उप्र-बिहार में बंटे सिताब दियारा शराब की तस्करी व अवैध शराब की बिक्री के लिए कुख्यात हो चला था। यहां के युवकों ने संकल्प लिया है कि किसी भी कीमत पर अवैध शराब की बिक्री या तस्करी नहीं होने देंगे। वही, इस धंधे में लिप्त लोगों को घूम-घूम कर चेतावनी दे रहे हैं कि अवैध शराब के धंधे का परित्याग करें। वरना अंजाम अच्छा नहीं होगा। सिताब दियारा के संतोष सिंह, विनोद सिंह, अजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, नीरज सिंह, जयप्रकाश सिंह, चंदन सिंह आदि युवक घूम-घूम कर अवैध शराब के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। उनका कहना है कि मुट्ठी भर स्वार्थी लोगों के चलते लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिष्ठा दांव पर नही लगाई जा सकती है। शराब की बिक्री व तस्करी में कोई लिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ हम लोग नामजद मुकदमा कायम कराएंगे। कच्ची शराब प्लास्टिक के थैले में बांध करके फेरी लगाकर बेचा जाता था। उसे भी रोकने के प्रयास में लगे हुए हैं। उक्त युवकों का कहना है कि लोकनायक ने नशाबंदी का अभियान सिताब दियारा के क्रांति मैदान से शुरू किया था और यही क्षेत्र अवैध शराब का गढ़ बन जाए, ऐसा हम लोग होने नही देगें। क्षेत्र में युवाओं के इस पहल की चर्चा जोरों पर है। अगर यूपी-बिहार के प्रशासन ने इन युवाओं का ईमानदारी से सहयोग किया तो निश्चित रूप से शराब की तस्करी व तिजारत पर ब्रेक लगेगा और छपरा जैसी बड़ी घटना नहीं होगी।

# नियमों को तोड़ सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रहे वाहन

**अभियान**

### बेअसर यातायात माह, सड़कों पर घंटों लगा रहता जाम

**बलिया।** यातायात पुलिस की चेकिंग और जागरूकता अभियान के बावजूद लोग नियमों को तोड़ रहे हैं। जिले में यातायात माह बेअसर नजर आ रहा है। एक ही बाइक पर तीन सवारी बैठकर धड़ल्ले से सड़कों पर दौड़ रहे है। यातायात पुलिस द्वारा ऐसे लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है, लेकिन कोई असर होता नहीं दिख रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रही है। यातायात नियमों का पालन सभी के लिए जरूरी है। चेकिंग के दौरान चालान काटकर कार्रवाई की जा रही है। वाहन चालक गुटबाजी करते हुए पुलिस पर ही अनर्गल आरोप लगाकर कार्रवाई रोकने की जुगत में जुटे हैं। यातायात पुलिस और थानों पर तैनात पुलिस कर्मी जगह-जगह यातायात जागरूकता शिविर लगा रहे हैं। बाइक चलाते समय हेलमेट पहनने, चार पहिया चलाते समय सीट बेल्ट बांधने, अपनी लेन में चलने, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करने सहित अन्य बिंदुओं की जानकारी लोगों को दी जा रही है। ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए ई-रिक्शा और टेंपो चालकों को भी प्रशिक्षित किया गया है। बावजूद इसके कहीं पर भी यातायात माह को लेकर गंभीरता नजर नहीं आ रही है।

> **लोगों को किया जा रहा जागरूक**
>
> **बलिया।** यातायात प्रभारी निरीक्षक विश्वदीप सिंह ने बताया कि यातायात माह के तहत लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। लोगों से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट बांधने की अपील की जा रही है। इसके साथ चेकिंग करके पुलिस चालान भी काट रही है। यातायात नियमों के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# जनपदीय प्रतियोगिता का सर्वविजेता बना सोहाव

जनसंदेश न्यूज

**स्पोर्ट्स**

### परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

### बेस्ट एथलीट अवार्ड से नवाजे गए नरही नंबर एक के आदित्य



**बलिया।** जनपदीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में शिक्षा क्षेत्र सोहाव की टीम ओवर ऑल चैम्पियन हुई। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री प्रदेश दयाशंकर सिंह ने सोहाव के ब्लॉक व्यायाम शिक्षक नीरज राय एवं बीईओ लोकेश मिश्र को सर्वजेता ट्रॉफी प्रदान की। वहीं नवानगर की टीम द्वितीय एवं गड़वार की टीम तृतीय स्थान पर रही। मंगलवार को दो दिवसीय जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के सभी खेल वर्ग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के विजेताओं को परिवहन मंत्री ने पुरस्कृत किया। इसके पूर्व प्रदेश सरकार के मंत्री का स्वागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह ने पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। परिवहन मंत्री ने सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि यही नौनिहाल देश का भविष्य हैं।

मंत्री दयाशंकर सिंह ने प्रतियोगिता के बेस्ट एथलीट पुरस्कार से सोहाव के प्राथमिक विद्यालय नरहीं नंबर एक के आदित्य को पुरस्कृत किया। विदित हो कि आदित्य ने 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ एवं लंबी कूद में गोल्डन हैट्रिक लगाई थी। अन्य वर्गों में प्राथमिक बालिका वर्ग की कबड्डी में सोहाव विजेता हुई वहीं बेलहरी द्वितीय स्थान पर रही, जूनियर बालक वर्ग की कबड्डी में सोहाव विजेता एवं बेलहरी उपविजेता रही।

जूनियर बालिका वर्ग की कबड्डी में हनुमानगंज विजेता वहीं सोहाव उपविजेता रही। बेलहरी की पीटी टीम ने अपने प्रदर्शन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, खिलाड़ियों के विशेष प्रदर्शन को भी सभी ने जम कर सराहा। विदित हो कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी व टीमें मंडलीय प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगी।

**निर्णायक की भूमिका में मुस्तैद दिखे शिक्षक :** निर्णायक की भूमिका जिला व्यायाम शिक्षक विनोद कुमार सिंह, जिला स्काउट मास्टर अरविंद कुमार सिंह, नीतू सिंह, कनक चक्रधर, नीरज राय, विनय राय, अनूप राय, मोहम्मद खुर्शीद, धीरेंद्र राय, भक्ति विक्रम सिंह, अवनीश राय, अविनाश यादव, अखिलेश राय, संजय पांडे, सत्यजीत राय, चंद्रभानु सिंह, पंकज द्वेवेदी, अमृत सिंह, मोहम्मद वसीम, अनिल कनौजिया, अजीत राय, अनिल मिश्र, पवन कुमार, भावानंद शर्मा व शिवानाद शाह आदि ने निभाई।

**प्रतियोगिता में इनकी रही उपस्थिति :** इस दौरान उप क्रीड़ा अधिकारी अजय प्रताप साहू, खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार झा, डीपी सिंह, आरपी सिंह, माधवेंद्र पांडे, लोकेश मिश्र, हिमांशु मिश्र, जिला समन्वयक सत्येंद्र राय, नूरुल हुदा, ओमप्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे। माध्यमिक क्रीड़ा सचिव हरेंद्र सिंह, सुनील पांडे, रमेश श्रीवास्तव, शिक्षक प्रतिनिधियों में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, राजेश पांडेय, वीरेंद्र यादव, मोहम्मद शमशाद, जुबेर अहमद, अजय सिंह, रंजना पांडे, कमलेश सिंह, अरविंद सिंह, सत्यजीत राय, अम्बरीष तिवारी, सुभाष सिंह, शशिकांत उपाध्याय आदि उपस्थित रह खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का हुआ समापन



**रेवती।** नगर स्थित मनःस्थली एजुकेशन सेंटर में चल रहे सप्ताह व्यापी वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता युवा खेल-कूद उत्सव 2022-23 मंगलवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं के फाइनल के बीच उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। टैगोर हाउस को प्रथम तथा पटेल हाउस को द्वितीय घोषित किया गया। बीते बृहस्पतिवार से चल रहे इस खेल-कूद प्रतियोगिता में नर्सरी से लेकर दूसरी कक्षा के बच्चों के बीच साइकिल रेस, म्यूजिकल चेयर, फ्रॉग रेस, बनाना रेस, जलेबी रेस, टर्न ऑफ वार, तीसरी कक्षा से पांचवी के छात्र-छात्राओं के बीच कीप बैलून सेफ, टग रेस, हर्डल रेस, रिंग टास, पजल तथा छठवीं कक्षा से नवीं तक के विद्यार्थियों के बीच दौड़ प्रतियोगिताओं के अलावा बास्केटबॉल, बैडमिंटन, ऊंची कूद, लंबी कूद, खो-खो कबड्डी, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट, वालीबॉल के अतिरिक्त शतरंज, कैरम, लूडो आदि प्रतिस्पर्धा में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। हर्षिता मौर्य, हर्षी पाण्डेय, नेहा यादव, स्तुति सिंह, रविंद्र प्रताप सिंह, धनजी चैहान, शिवम तिवारी, उज्जवल सिंह आदि ने बैडमिंटन, कैरम, खो-खो, शतरंज, कबड्डी, बास्केट बाल आदि में उम्दा प्रदर्शन किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि विनय कुमार सिंह सब रजिस्ट्रार बलिया ने विद्यालय के निदेशक सुदेश उपाध्याय,प्रबंधक डॉ अरुण कुमार तिवारी तथा प्रधानाचार्य के सहयोग से फीता काटने, मां सरस्वती के समीप स्थित दीप का प्रज्ज्वलन करने के पश्चात मशाल जलाकर मैचों का आगाज किया। अपने सम्बोधन में सब रजिस्ट्रार ने खेल के प्रति छात्र-छात्राओं की प्रतिभागित की सराहना करते हुए उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहते हुए अपने स्वतंत्र मानस से कैरियर को चुनने का सुझाव दिया।


# जिलास्तरीय चयन ट्रायल्स 24 को

**बलिया।** खेल निदेशालय उप्र लखनऊ के तत्वावधान में उप्र हैण्डबाल संघ के समन्वय से प्रदेशीय सब-जूनियर बालिका हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 31 दिसम्बर तक इन्दिरा गांधी स्टेडियम जौनपुर में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आजमगढ़ मण्डल की टीम का जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स 24 दिसम्बर को वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम बलिया में एवं मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स 26 दिसम्बर को सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम आजमगढ़ में प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। उक्त चयन/ट्रायल्स में प्रतिभाग करने वाली सब-जूनियर बालिका हैण्डबाल खिलाड़ियों की आयु 01.01.2006 या उसके बाद की होनी चाहिए। आयु के सम्बन्ध में विद्यालय/संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा प्राप्त जन्मतिथि प्रमाण-पत्र एवं पात्रता प्रमाण-पत्र एवं आधार कार्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

# आमजन को दिव्यांग बच्चों के विकास के प्रति करें जागरूक : सीडीओ

**आग्रह**

### दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा के क्रियान्वयन को जिला स्तरीय कार्यशाला शुरू



**मऊ।** दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा के क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय कार्यशाल का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी प्रशान्त नागर द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि दिव्यांग बच्चे समाज के प्रमुख हिस्सा हैं। इनके शिक्षा, खेल, मानसिक विकास के लिए समावेशी शिक्षा उनके सर्वांगीण विकास में कारगर साबित हो रही है। आमजन को दिव्यांग बच्चों के विकास के प्रति जागरूक करना होगा।

उन्होनें कहा कि कार्यशाला में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा की विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन एवं समर्थ पोर्टल के माध्यम से सतत अनुश्रवण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी ने दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण उत्थान के लिए सतत प्रयास करने पर जोर दिया एवं कहा कि शासन से संचालित योजनायें व उसके मॉडल से बदलाव आने लगा है। दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समावेशी शिक्षा कारगर साबित हो रही है। योजना की बदौलत दिव्यांग बच्चों में पढ़ने की ललक जगी है। दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा के प्रति जन समुदाय को जागरूक करने, उन्हें आम जनमानस के साथ सामान्य जीवन व्यतीत करने में होने वाली कठिनाइयों का समाधान, दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन, उनका नामांकन और विद्यालयों में उनकी नियमित उपस्थिति, शिक्षा विभाग के साथ-साथ अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों की दिव्यांगता के प्रति जागरूकता को और बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सहयोगात्मक नेतृत्व प्रदान किये जाने के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है यह निश्चित ही लाभकारी होगा। कार्यशाला को बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 संतोष कुमार सिंह, जिला समन्वयक अमित कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों ने सम्बोधित किया।

# स्वीकृत 180 योजनाओं पर फौरन काम हो

**जिलाधिकारी ने कहा**

### जल-जीवन मिशन के तहत लिया गया हाल

जनसंदेश न्यूज



**मऊ।** मंगलवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार के अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) विभाग द्वारा संचालित पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) ने बताया कि जनपद मऊ में नामित कार्यदाई संस्था मेसर्स एलसी इंफ्रा, अहमदाबाद को कुल 461 राजस्व ग्रामों में हर घर नल योजना के निर्माण कार्य का लक्ष्य आवंटित है। कार्यदाई संस्था द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को कुल प्रेषित डीपी आर में से राज्य स्तर से 180 डीपीआर को स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है तथा 114 योजनाओं पर कार्य भी शुरू किया जा चुका है। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने नामित कार्यदाई संस्था को राज्य स्तर से स्वीकृत सभी 180 योजनाओं पर 1 सप्ताह के अंदर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान स्वीकृत योजनाओं की भौतिक प्रगति ठीक न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था के जिला प्रतिनिधि श्री भास्कर को 1 सप्ताह के अंदर सभी कार्य स्थलों पर मशीनों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही मजदूरों की संख्या भी दोगुना करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस संबंध में जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को कार्यदाई संस्था को पर्याप्त मात्रा में मशीनें एवं मजदूरों की संख्या सुनिश्चित करने हेतु लिखित आदेश जारी कर अग्रिम कार्रवाई करने के निर्देश दिए।उन्होंने कार्यदाई संस्था के जिला प्रतिनिधि को सभी कार्य मानकों के अनुरूप करने एवम् गुणवत्तापूर्ण सामग्री का प्रयोग करने के भी निर्देश दिए। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी। टीपीआई द्वारा अवगत कराया गया की कार्यदाई संस्था द्वारा कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने से मजदूरों की सुरक्षा भी खतरे में रहती है।

जिलाधिकारी ने जिला प्रतिनिधि को समस्त कार्य स्थलों पर सुरक्षा मानकों को अपनाने एवं आमजन की दिक्कतों को देखते हुए निर्माण के दौरान किए गए तोड़फोड़ का यथाशीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए। जनपद के लिए 372 ग्राम पंचायतों के नए निर्धारित लक्ष्यों हेतु जमीनों के चिन्हांकन कार्य की चर्चा के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि अब तक 255 ग्राम पंचायतों में जमीनों का चिन्हांकन कर लिया गया है, शेष का 1 सप्ताह के अंदर चिन्हांकन कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी ने नए निर्धारित लक्ष्यों के लिए जनपद के लिए नामित दोनों एजेंसियों के जिला प्रतिनिधियों को शीघ्र ही सारे डीपीआर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए जिससे यथाशीघ्र नए लक्ष्यों पर कार्य शुरू हो सके। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) एमए किदवई, कार्यदाई संस्था के जिला प्रतिनिधि भास्कर, टीपीआई डीपीएमयू आदि उपस्थित थे।

# डीएम के निर्देश पर सभी तहसीलों में ठंड से बचाव कार्य का लिया जायजा

**निरीक्षण**

### तहसीलों में जरूरतमंदों को कंबल का भी हुआ वितरण

**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश पर जनपद मुख्यालय के साथ-साथ समस्त तहसीलों में भी ठंड से बचाव हेतु रैन बसेरों एवं अलाव जलने की स्थिति का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही सभी तहसील में उप जिलाधिकारियो एवं अधिशासी अधिकारियों द्वारा कंबल वितरण का कार्य संपन्न हुआ। ज्ञातव्य है कि कल स्वयं जिलाधिकारी ने जनपद मुख्यालय स्थित रैन बसेरों एवं अलाव जलने की स्थिति का जायजा लेने के साथ ही रोडवेज परिसर एवं रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया था। तहसील घोसी- तहसीलदार घोसी उमेश सिंह ने बताया कि तहसील घोसी में कुल 45 जगहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। यहां पर 3 रैन बसेरा भी हैं, जो क्रमशः नगर पंचायत घोसी, नगर पंचायत अमिला एवं नगर पंचायत दोहरीघाट में स्थापित की गई हैं। इन रैन बसेरों में पर्याप्त मात्रा में चैकी, गद्दा, रजाई एवम् कंबल के साथ ही शुद्ध पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा कल तहसील प्रशासन एवं नगर पंचायत द्वारा कुल 87 जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण का कार्य भी किया गया। तहसील मधुबन- उप जिलाधिकारी मधुबन ने बताया कि मधुबन में एक स्थाई रैन बसेरा नगर पंचायत मधुबन द्वारा संचालित है, जो न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित है। नगर पंचायत मधुबन के कुल 21 स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी चयनित जगहों पर अलाव जलने का इंतजाम किया गया है। कल नगर पंचायत क्षेत्र मधुबन में कुल 100 जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरण भी किया गया। तहसील मोहम्मदाबाद गोहना- उप जिला अधिकारी मोहम्मदाबाद गोहना के अनुसार मोहम्मदाबाद गोहना तहसील के नगर पंचायत क्षेत्र चिरैयाकोट, वलीदपुर एवम् मोहम्मदाबाद गोहना में कुल 100 से भी ज्यादा जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कराया गया। इसके अलावा पूरे तहसील में कुल 50 चयनित स्थलों पर अलाव जलने की भी व्यवस्था शुरू कर दी गई है, जिसमें से 13 ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित है। इसके अलावा प्रत्येक नगर पंचायत में एक-एक अस्थाई रैन बसेरों की भी व्यवस्था की गई है।

पूर्वोत्तर रेलवे
सार्वजनिक अधिसूचना
(25000 वोल्ट पर ओवर हेड ट्रैक्शन तारों के चार्जिंग के सम्बन्ध में)
रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी प्रयोग-कर्ताओं को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि पूर्वोत्तर रलवे के निम्नलिखित खण्ड पर ओवर हेड ट्रैक्शन तारों को खण्ड के निम्नलिखित तारीख को या बाद मे 25 K V 50 हर्टज ए.सी. पर चार्ज किया जाएगा। उक्त तारीख पर और उस तारीख के बाद से ओवर हेड ट्रैक्शन तारो को सभी समय चर्जित (चालू) माना जाए और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उस ओवर हेड लाइन के नजदीक में या काम करने न जाए।
खण्ड 1. वाराणसी सिटी लाइन सं. 10, 12, 13, 15, 16 व 17, दिनांक 22/12/2022
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, टीआरडी, वाराणसी मंडल
पुवाधि/विद्युत - 151

# पुलिस ने पशुओं को किया बरामद



नगसर हाल्ट थाना परिसर में बरामद पशु।

**नगसर।** नगसर हाल्ट थाना पुलिस ने सोमवार की देर शाम अवैध रूप से तस्करी के लिए बिहार प्रांत ले जा रहे नौ राशी बैल के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनकी तलाशी लेने पर एक अवैध तमंचा भी बरामद हुआ। पुलिस ने अभियुक्तों से आवश्यक पूछताछ के बाद संबंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया। नगसर हाल्ट थानाध्यक्ष आनंद कुमार भारती ने बताया कि सूर्य भानपुर नहर पुलिया के पास 2 गौ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 9 बैल और एक देसी तमंचा 315 बोर एवं एक कारतूस बरामद किया गया। वहीं 9 बैल को रेवतीपुर गौशाला भेज दिया गया। पुलिसियां पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम वीरेंद्र राम पुत्र बसावन राम निवासी ग्राम बढ्ढा एवं मुख्तार अब्बासी पुत्र निजामुद्दीन अब्बासी निवासी ग्राम नुआंव थाना नुआंव जनपद कैमूर बिहार बताया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष आनंद कुमार भारती, उपनिरीक्षक रामबालक, कांस्टेबल कमलेश कुमार, शिवम मद्धेशिया, अजय कुमार शर्मा, सौरव यादव, राजबहादुर, आलोक यादव, संजीव कुमार एवं महिला कांस्टेबल अर्पणा सिंह आदि मौजूद रहे।

# राजनीतिक दल बगावत रोकने की बना रहे रणनीति

## वार्ड बने राजनीति का केंद्र, दावेदार घर-घर पहुंचा रहे हैं अपने संदेश, निर्दलियों की बाढ़ संभव

**निकाय चुनाव**

### सियासी समीकरण साधने में जुटे दावेदार,पार्टी कार्यालयों के काट रहे चक्कर

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** नगरीय निकाय चुनाव आने वाले दिनों में तय माने जा रहे हैं। वार्डों और अध्यक्ष पद के आरक्षण के बाद भाजपा व सपा में सभासद व अध्यक्ष के प्रत्याशियों की चयन की प्रक्रिया जल्द शुरू हो जाएगी। बसपा भी सभासद के लिए टिकट देगी। इस बार फ्री आल के आधार पर चुनाव नहीं लड़ेगी।

बसपा के साथ-साथ नगरीय निकाय चुनाव में आप पार्टी भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिये चुनावी रण में होगी। वार्डों का आरक्षण के बाद राजनीतिक दलों ने प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया शुरू की है। वहीं दावेदारों ने अपने-अपने वार्डों में लोगों के घरों में दस्तक देना शुरू कर दी है। अपने दल के चुनाव-चिन्ह के साथ पर्चे भी बांटना शुरू कर दिये है।

इसलिए इस बार निर्दलीय उम्मीदवारों की बाढ़ से आने की उम्मीद है। दोनों दलों के बागी उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में नजर आएंगें। राजनीतिक दल बागवत को रोकने के लिये रणनीति बना रहे हैं।

### पूछ रहे हैं कि कोई समस्या तो नहीं

कोई समस्या तो नहीं है? सभासद के दावेदारों ने अपने वार्डों में सक्रियता बढ़ा दी है। सुबह से ही दावेदार लोगों के घरों में दस्तक देना शुरू कर देते हैं। दावेदार लोगों से पूछ रहे हैं कि कोई समस्या तो नहीं है। पानी तो समय से मिल रहा है। सीवर चौक तो नहीं है। सफाई कर्मचारी तो रोज आते हैं। अपने-अपने वार्डों में सफाई करा रहे हैं। आयुष्मान कार्ड, वोटर कार्ड की पूछ रहे हैं। सड़क व सीवर लाइन बदलवाने की समस्या बताने पर दावेदार वादा कर रहे हैं कि बस चुनाव के बाद सबसे पहले आपकी समस्या का समाधान कराया जाएगा।

### नये रिश्ते बनाने शुरू...

दावेदारों ने अपने वार्ड क्षेत्र के लोगों से रिश्ते निकालने के साथ नये रिश्ते बनाने शुरू कर दिये। किसी को अंकल-आंटी ताऊ, दादा-दादी व भैया-भाभी बनाकर संवाद कर रहे हैं। अभी से फोटो, नाम वायोडाटा व वादों के पर्चे बांट रहे हैं। इन पर संभावित पार्टी का चुनाव चिन्ह भी है। यह पर्चे संपर्क कर बांटे जा रहे हैं।




### दावेदारों की फौज देखकर राजनीतिक दल चिंतित

प्रत्येक वार्ड में पांच से सात दावेदार नजर आ रहे हैं। कुछ वार्डों में इससे अधिक संख्या है। दावेदारों की संख्या ने राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ा दी है। भाजपा व सपा के प्रमुख नेता स्वीकार कर रहे हैं। निश्चिततौर पर पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर कुछ पार्टी से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ सकते हैं।

### वार्डों के वाट्सअप ग्रुप बनाये

दावेदारों ने अपने-अपने वार्डों के प्रमुख लोगों के मोबाइल नंबर लेकर व्हाट्स ग्रूप बना लिये हैं। सुबह की नमस्ते से लेकर अपनी जानकारी भेज रहे हैं। इसके बाद यह भी भेज रहे हैं। आज उन्होंने किस मोहल्ले, किस कालोनी व बाजार में क्या काम कर रहे हैं।

## संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**मरदह।** थाना क्षेत्र के कंसहरी गांव के पास मरदह-जलालाबाद मार्ग पर दो बाइकों में आमने -सामने की टक्कर में एक बाइक सवार सुगन्ध कुमार (22) निवासी ग्राम नवपुरवा थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ की मौत हो गई। दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में मृत सुगन्ध कुमार पुत्र कन्हैया राम मरदह थाना क्षेत्र के नसीरूद्दीनपुर गांव में स्थित अपनी बहन माया से मिलने रविवार को रिश्तेदारी में आया था। मंगलवार शाम को बाइक से वापस अपने घर नवपुरवा लौट रहा था। कंसहरी गांव के पास के सामने के तरफ से आ रही बाइक से टक्कर में युवक गिर कर अचेत हो गया। 108 एम्बुलेंस से उपचार हेतु मरदह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक सुगंध के चार भाई और तीन बहनें थी भाइयों में दूसरे नंबर पर था।दुर्घटना की सूचना पर मरदह पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। नसीरुद्दीनपुर गांव निवासी सुगन्ध के बहनोई राकेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### जालसाज की गिरफ्तारी के लिए दबिश डाल रही पुलिस

**सेवराई।** गहमर थाना क्षेत्र के एक गांव से सेना भर्ती के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने वाले युवक की गिरफ्तारी हेतु पुलिस हर संभावित जगहों पर दबिश दे रही है लेकिन पुलिस के हाथ अभी खाली हैं। ज्ञात हो कि थाना क्षेत्र के शायर के पालहनपुर गांव निवासी रोहित कुमार पुत्र जयप्रकाश ने गहमर थाने में तहरीर दिया कि थाना क्षेत्र के ही देवकली गांव निवासी संजीव मौर्या उसे सेना में भर्ती कराने के नाम पर 9 लाख रुपये अलग अलग किस्त में अलग अलग खातों में लिए हैं। तय समय बीत जाने के बाद भी संजीव द्वारा ना तो रोहित को सेना में भर्ती कराया गया और नहीं उसके पैसे वापस किए गए । जब अधिक समय बीत गया तो रोहित ने अपने पैसे की मांग करनी शुरू की तो संजीव द्वारा उसे धमकी दिया जाने लगा । पैसे वापस न मिलता देख निराश होकर रोहित वह गहमर कोतवाल को अपना तहरीर दिया। इस संबंध में कोतवाल पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि उक्त युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

### युवक के हत्यारे को पुलिस ने किया गिरफ्तार,भेजा जेल

**भांवरकोल।** स्थानीय पुलिस ने 24 घंटा के अंदर युवक के हत्यारे को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है और हत्यारे के पास हत्या में प्रयुक्त तमंचा को भी बरामद किया है। ज्ञात हो कि बीते अट्ठारह दिसंबर की रात्रि 11:00 बजे पातालगंगा सब्जी मंडी में इकबाल सिद्दीकी ठेहे वाला के यहां मजदूरी का कार्य करने वाला 35 वर्षीय कमलेश यादव ग्राम मछटी को लघुशंका करते समय गोली मारकर रात्रि में फरार हो गया था। विवेचना के दौरान चौकी प्रभारी मछटी ओंकार तिवारी ने घटना का पदार्फाश करते हुए अभियुक्त को उसके दुकान पातालगंगा चट्टी से बीते सोमवार को अपने हमराही कांस्टेबल मनोज सिंह बिंदा प्रसाद प्रदीप कुमार के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के पश्चात धारा 307 और विभिन्न धाराओं में न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष भांवरकोल सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि घटना में प्रयुक्त तमंचा और एक खोखा अभियुक्त के पास से बरामद हुआ।

### बीस लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**सुहवल।** थाना पुलिस ने क्षेत्र के दो अलग अलग जगहों से दो व्यक्तियों को? गिरफ्तार कर उनके पास से बीस लीटर अवैध शराब बरामद किया है,पकड़े गये दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा लिख उनका चालान कर दिया गया है। इसके चलते इस धंधे में लिप्त लोगों में हडकंप मचा हुआ है। पुलिस के अनुसार चलाए गये इस अभियान के क्रम में बीते सोमवार की शाम को उपनिरीक्षक प्रमोद यादव अपने हमराही बल के साथ कन्हैया कुशवाहा जबकि उपनिरीक्षक दिग्विजय नाथ तिवारी ने शिवकुमार निवासी ढढनी रणवीर राय को क्रमशः सुहवल शिवाला व मलसा तिराहे से दबोच उनके खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक तारावती यादव ने बताया कि क्षेत्र में शराब की तस्करी किसी कीमत पर नहीं होने दी जायेगी, बताया कि पकडे गये दोनों का चालान कर दिया गया है।

### पांच लोगों पर मिनी गुण्डा एक्ट

**सुहवल।** थाना क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने व अपराधिक कृत्यों में लिप्त लोगों पर प्रभावी अंकुश लगाने के क्रम में स्थानीय पुलिस ने क्षेत्रीय लोगों के लिए आतंक का पर्याय बन रहे थाना अन्तर्गत तीन गाँवों के पांच लोगों के खिलाफ आलाधिकारियों के संतुस्ति पर थाना पुलिस ने मिनी गुंडा एक्ट के तहत पाबंद करने के साथ ही संम्बन्धितों को इसकी नोटिस तामिला करा दी है। जिसके बाद से ही इन लोगों में हडकंप मचा हुआ है। पाबन्द किए लोगों में थाना क्षेत्र के सुजानपुर निवासी श्रीराम,राधेश्याम व परशुराम जबकि अंधारीपुर के अरविन्द व ताड़ीघाट निवासी नीरज यादव है। प्रभारी निरीक्षक तारावती यादव ने बताया कि उक्त सभी पांचों के खिलाफ थाने में कई संगीन मामलें पंजीकृत है, ये क्षेत्र गाँव के लिए पूरी तरह से आतंक के पर्याय बनते जा रहे है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अमन चैन बनाए रखने में दिक्कतें आ सकती, इनका आतंक इतना है कि इन्हें देख लोग खुद ब खुस रास्ता बदल लेते है। वहीं उन्होंने बताया कि इधर इनके खिलाफ मिनी गुंडा के तहत कार्यवाई की जाने के बाद पुलिस अब इनके खिलाफ अगली कार्यवाई की तैयारी में जुट गई है। पुलिस इनके संम्भावित ठिकानों पर लगातार दविश दे इन्हें दबोचने की कोशिश में लगी है।

### ठंड से बचाव के लिए रैन बसेरा स्थापित

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय तहसील अंतर्गत शासन द्वारा रैन बसेरा की स्थानीय क्षेत्र में तीन स्थानों पर व्यवस्था कर दी गई है। नागरिकों को रात्रि के समय ठहरने के लिए कड़ाके की ठंड का सामना ना करना पड़े। उपजिलाधिकारी हर्षिता तिवारी ने बताया कि स्थानीय तहसील अंतर्गत तीन स्थानों पर क्रमशः कृषि उत्पादन मंडी समिति, तहसील परिसर व नगरपालिका मुहम्मदाबाद में रैन बसेरा की व्यवस्था की गई है। कृषि उत्पादन मंडी समिति के नोडल अधिकारी संदीप श्रीवास्तव , तहसील के चितरंजन चौहान, नगरपालिका परिसर के सगीर अहमद हैं। इसके अंतर्गत रैन बसेरा में कंबल ,रजाई ,बिस्तर, पेयजल तथा प्रकाश की पूरी व्यवस्था है। ज्ञातव्य हो कि कड़ाके की ठंड के अंतर्गत इसकी व्यवस्था की गई है। ताकि रात्रि के समय यात्रियों को किसी कठिनाई का सामना ना करना पड़े।

### एकमुश्त समाधान योजना की बढ़ी तिथि

**गाजीपुर।** समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि. के माध्यम से संचालित योजनान्तर्गत वितरित ऋणों के सापेक्ष अधिदेय ऋणों की वसूली हेतु नवीन एकमुश्त समाधान योजना 15 दिसम्बर से 30 जून तक बढ़ाया गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)/जिला प्रबन्धक, ने बताया है कि निगम के माध्यम से ऋण प्राप्त करने वाले समस्त लाभार्थियों/ऋण गृहिताओं को सूचित किया जाता है कि एकमुश्त समाधान योजना के माध्यम से अपने ऋणों की अदायगी कर योजना का लाभ प्राप्त करें। इस हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी(विकास) पदेन जिला प्रबन्धक, उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि, निकट लूदर्स कान्वेंट स्कूल तुलसी सागर में उपस्थित होकर अपने देय ऋणों का समाधान करा सकते है।

### 25 दिसंबर तक पेंशनर आधार कराएं प्रमाणीकरण

**गाजीपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव ने बताया कि वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थियों को अपने आधार प्रमाणीकरण की कार्यवाही 25 दिसबंर तक पूर्ण करा लें। जनपद में कुल 105182 वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थियों के सापेक्ष अभी तक कुल 15229 लाभार्थियों के आधार प्रमाणीकरण की कार्यवाही लंबित है, जिन वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थियों द्वारा आधार प्रमाणीकरण की कार्यवाही करा ली गयी है। उनके पेंशन का भुगतान निदेशालय, समाज कल्याण उप्र लखनऊ द्वारा पीएफएमएस प्रणाली के माध्यम से उनके बैंक खाते में किया जा रहा है। यदि कोई वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थी अपने आधार प्रमाणीकरण की कार्यवाही निर्धारित तिथि तक नही कराते है, तो उनकी पेंशन भुगतान निदेशालय समाज कल्याण, उप्र लखनऊ द्वारा संभव नही होगा।

### 23 को उद्योग बंधुओं की बैठक

**गाजीपुर।** जनपद के उद्यमियों/व्यापारियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु माह दिसम्बर, 2022 की जिला उद्योग बन्धु/व्यापार बन्धु की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 23 दिसंबर को अपराह्न 4.00 बजे राइफल क्लब में आहूत की गई है। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र प्रवीण कुमार मौर्य ने सम्बन्धित उद्यमियों/ व्यापारियों/निर्यातकों एवं उद्योग बन्धु/व्यापार बन्धु समिति के सम्मानित सदस्यों से अनुरोध है कि कृपया उक्त तिथि, समय एवं स्थान पर बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

### पीआरडी जवान प्रशिक्षण के लिए कराएं सत्यापन

**गाजीपुर।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के अन्तर्गत 22 दिवसीय सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त पीआरडी जवानों को प्रभारी जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बताया कि पीआरडी स्वयंसेवक जो जवान अभी तक अपना सत्यापन नही कराये है। वे लोग अपना सत्यापन फार्म भर कर अन्तिम तिथि 26 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर दे। इस तिथि के पश्चात सत्यापन नही किया जयेगा।

# नकाबपोशों ने छात्र को मारी गोली

**वारदात**

### वारदात के बाद नकाबपोश बदमाश असलहा लहराते फरार

### हमलावरों ने एक दिन पहले उसके भाई को लाठी-डंडों से पीटा था

**सादात।** थाना क्षेत्र में एक छात्र को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। गोली छात्र के पीठ में लगी। घटना के बाद लोगों की भीड़ जुट गई। इधर, वारदात को अंजाम देकर नकाबपोश बदमाश हवा में अललहा लहराते फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल छात्र को सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के पदुमपुर गांव निवासी घायल छात्र आशीष यादव (20) पुत्र राजेश यादव ने पुलिस को बताया कि उसका मौसेरा भाई श्रवण यादव पुत्र राधेश्याम यादव निवासी रामपुर बलभद्र पालीटेक्निक की पढ़ाई करता है। श्रवण मरदापुर स्थित कालेज से सोमवार की अपराह्न में पैदल ही रेलवे स्टेशन जा रहा था, जहां से ट्रेन पकड़कर घर जाता है। इसी दरम्यान रेलवे क्रासिंग के निकट करीब आधा दर्जन अज्ञात नकाबपोश हमलावरों ने उसका मोबाइल छीन लिया और किसी फोटो की बात को लेकर लाठी-डंडा और लात घूंसा से उसकी पिटाई करने लगे। जब वह चले गए तो उसका मोबाइल कालेज के ही किसी छात्र ने दूसरी तरफ से लाकर यह कहते हुए दिया कि मोबाइल गिरा पड़ा था। इसके बाद ट्रेन पकड़कर घर जाने के बाद श्रवण ने अपने मौसेरे भाई आशीष को आपबीती सुनाया। उसके साथ आज फिर कोई वारदात न हो इसके लिए वह दोनों मौसेरे भाई साथ आये। दादर एक्सप्रेस से उतरकर पैदल ही रेलवे पटरी पकड़कर कालेज जा रहे थे, तभी रेलवे क्रासिंग के पास पहले से मौजूद उन्हीं अज्ञात हमलावरों ने फिर से हमला कर दिया। उनके द्वारा चलाई गई दो गोलियां आशीष के पीठ में लगीं, जिसके बाद हमलावर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सक ने गोली का बुलेट पीठ में फंसे होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष शैलेष कुमार मिश्रा ने बताया कि घायल युवक को उपचार के लिए भेजा गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि इलाज के बाद छात्र से तहरीर लेकर हमलावरों के पता लगाते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।



घायल छात्र आशीष यादव।

### छात्र को मनबढ़ युवकों ने पीटा

**बारा।** गहमर थाना क्षेत्र के गहमर-सायर मार्ग स्थित पुलिया के पास मंगलवार की सुबह स्कूल जा रहे छात्र को मनबढ़ युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में छात्र के पिता ने दो युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। करहिया गांव निवासी विशाल राजभर गहमर इंटर कालेज का छात्र है। वह हठौरी गांव से कोचिंग कर गहमर इंटर कालेज में पढ़ने जा रहा था। पुलिया के पास पहले से खड़े युवकों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस एवं परिजनों ने घायल युवक को निजी अस्पताल पहुंचाया। छात्र के पिता राधेश्याम राजभर ने इसकी लिखित तहरीर गहमर थाने में देकर बताया कि उनका पुत्र मंगलवार की सुबह हथोड़ी गांव में कोचिंग करने के बाद कालेज जा रहा था। गहमर - सायर मार्ग पर स्थित पुलिया के पास पहले से खड़े जाफर पुत्र रशीद अंसारी, मुन्ना उर्फ लादेन ने उसको लाठी - डंडे से मारकर घायल कर झाड़ी में फेंक दिया। राहगीरों ने इसकी सूचना गहमर पुलिस के साथ परिजनों को दी। प्रभारी निरीक्षक गहमर पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि घटना की लिखित तहरीर मिली है। मामले की जांच कर दोषी आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी

## घटनास्थल के पास नहीं दिखा खून का कोई निशान

**जमानियां।** रेलवे स्टेशन के बाईपास रेलवे फाटक के पास अज्ञात महिला का शव मिला है। घटना की जानकारी होते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि रेलवे बाईपास फाटक से कुछ ही दूर डाउन लाइन के पास मंगलवार की सुबह करीब छह बजे झाड़ियों में करीब 22 वर्षीय एक अज्ञात महिला का शव देखा गया। लोगों ने घटना की जानकारी चौकी पुलिस को फोन से दी। मौके पर पहुंचे स्टेशन चौकी प्रभारी रंजीत कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। वहीं लोगों ने बताया कि मृतक महिला लाल छींटदार समीज व काले रंग का सलवार व हल्के गुलाबी रंग का दुपट्टा पहनी हुई थी। घटनास्थल के आस पास या रेल पटरी पर खून का कोई निशान भी नहीं दिखा। जिसका लोगों के बीच तरह तरह का चर्चा जोरो पर था। कोतवाली प्रभारी वन्दना सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव का शिनाख्त नही हो पाया है। मामले की जांच की जा रही है।



जमानियां रेलवे स्टेशन के बाईपास रेलवे फाटक के पास पहुंची पुलिस।

# ऑपरेशन कायाकल्प शासन की महत्वकांक्षी योजना

**गाजीपुर।** नगर क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय रायगंज दो का भूमि पूजन मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद अग्रवाल एवं ई.ओ नगर पालिका द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। ज्ञातव्य हो कि जिलाधिकारी द्वारा नगर क्षेत्र के विद्यालयों का कायाकल्प हेतु कुल14 विद्यालयों का चयन किया गया था। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में कक्षा-कक्ष में टाईलीकरण, दिव्यांग शौचालय, बालक/ बालिका शौचालय, रनिंग वाटर, इंटरलॉकिंग आदि कार्यों का संपादन किया जाना है। जिसके तहत नगर क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय रायगंज दो में सौंदर्यीकरण की आधारशिला जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा रखा गया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव ने कहा ऑपरेशन कायाकल्प शासन की महत्वकांक्षी योजना है। जिसके तहत 19 पैरामीटर्स निर्धारित है। उन्हीं पैरामीटर्स पर विद्यालयों के संतृप्तिकरण का कार्य जारी है और निरंतर समीक्षा करते हुए 100% संतृप्तिकरण का लक्ष्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। इस अवसर पर सभासद कुंवर बहादुर सिंह, अवर अभियंता विवेक बिंद, पीयूष श्रीवास्तव,अदनान अहमद, शीला सिंह, फरजाना बेगम आदि लोग उपस्थित रहे।



उच्च प्राथमिक विद्यालय रायगंज-2 में दीप प्रज्ज्वलित करते बीएसए हेमंत राव एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद अग्रवाल।

### शराब की दुकान पर धमकी एसडीएम, दी चेतावनी

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत आगामी नगर निकाय चुनाव को दृष्टिगत जिलाधिकारी के आदेश तथा पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में मंगलवार को उपजिलाधिकारी हर्षिता तिवारी ,क्षेत्राधिकारी श्याम बहादुर सिंह तथा आबकारी निरीक्षक पंकज सिंह ने संयुक्त टीम के साथ राजकीय शहीद डिग्री कॉलेज के पास स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान पर जांच की। एसडीएम ने क्षेत्र की विभिन्न शराब की अंग्रेजी व देशी दुकानों का निरीक्षण की। दुकानों पर उपस्थित विक्रेताओं को नियमानुसार दुकान संचालन के निर्देश के साथ-साथ साफ-सफाई बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए। लाइसेंस नंबर अंकित कराने के साथ-साथ सीसीटीवी का कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया। क्षेत्राधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने आबकारी अधिकारी को निर्देश देते हुए यह बताया कि सीसीटीवी का कैमरा सड़क की तरफ लगाया जाए। इसके साथ ही क्षेत्राधिकारी ने सभी विक्रेताओं को देशी या अंग्रेजी शराब की दुकानों के विक्रेताओं को अपने कागजातों का वेरिफिकेशन क्षेत्राधिकारी कार्यालय या पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कराने का निर्देश दिया। इसके पश्चात बिक्री के विवरण को जांचा गया तथा समुचित दिशा निर्देश भी दिया गया।

# बाइक की डिग्गी तोड़कर 90 हजार रुपये उड़ाये

**उचक्कागिरी**

### बलेसड़ी गांव निवासी सदानंद राम से हुई उचक्कागिरी

**जनसंदेश न्यूज**

**कासिमाबाद।** कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को एक युवक के द्वारा बैंक ऑफ इंडिया शाखा से 90 हजार नगदी निकालकर बाइक में रख दी और पोस्ट ऑफिस के पास स्थित एक एटीएम से पैसा निकालने के दौरान बाइक की डिग्गी से उच्चक्कों ने रूपया पर हाथ साफ कर दिया। युवक के द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। पीड़ित युवक की सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई। कासिमाबाद कोतवाली क्षेत्र के वेलसड़ी गांव निवासी सदानंद राम का पुत्र आशुतोष कुमार ने बताया कि मेरे चाचा सवानंद कुमार बाहर काम करते हैं। उनके द्वारा मेरे खाते में पैसा भेजा गया था। जो निकाल कर उनके घर पर देना था। बाइक से बैंक ऑफ इंडिया शाखा गया हुआ था। जहां 11 बजे जमा पर्ची से निकासी के द्वारा 90 हजार रुपए निकालकर डिग्गी में नकदी रख दी, बाइक से और पैसा निकालने के लिए पोस्ट ऑफिस के पास स्थित एक एटीएम में निकालने के लिए बाहर बाइक खड़ी कर दी और आठ हजार रुपए निकालने के लिए एटीएम में चला गया। पैसा निकालने के बाद जैसे ही बाहर आया तो देखा कि मेरा बाइक की डिग्री खुली है। उसमें रखी रकम गायब है और बाइक का अगला टायर पंचर है। यह देखकर घबरा गया। युवक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बैंक से लेकर एटीएम तक सीसी फुटेज द्वारा जांच करने में जुट गई। कासिमाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि डिग्गी से पैसा चोरी की सूचना मिली है, छानबीन की जा रही है।



कासिमाबाद बाजार में युवक से उचक्कागिरी के बाद कागजी कार्रवाई करती पुलिस।

# गौरवशाली धरोहरों को बचाये रखना हम सब की जिम्मेदारी

**बोले कुंवर रमेश सिंह पप्पू**

### छात्र शैक्षिक भ्रमण से जानेंगे ऐतिहासिक धरोहरों का महत्व

**गाजीपुर।** मरदह शिक्षा क्षेत्र के बीरबलपुर जूनियर हाईस्कूल पृथ्वीपुर के छात्र मंगलवार को शैक्षिक भ्रमण पर सारनाथ का ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व के स्थलों को देखने के लिए रवाना हुए। शैक्षिक भ्रमण पर निकले छात्रों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए जंगीपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रहे कुंवर रमेश सिंह पप्पू ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण पर जाने से छात्रों को पुरातात्विक और ऐतिहासिक स्थलों के बारे में जानकारी मिलती है। रमेश सिंह ने हरी झंडी दिखाते हुए छात्रों को जानकारी देते हुए बताया कि छात्रों को नियमित शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया जाता है। जहाँ पर छात्र खुले वातावरण में शिक्षा को अपने व्यक्तिगत अनुभवों से परिभाषित करते है। शैक्षिक भ्रमण के माध्यम से छात्रों में एक अनुभूति जागृत होती है, जिससे वे भारत की विभिन्नताओं जैसे इतिहास, विज्ञान शिष्टाचार और प्रकृति को व्यक्तिगत रूप से जान सकते है। इसके अतिरिक्त छात्रों में समूह में रहने की प्रवृति, नायक बनने की क्षमता तथा आत्मविश्वास एवं भाई चारे की भावना प्रबल होती है। बच्चे द्वारा स्कूल में बिताए गए समय में सबसे रोचक गतिविधियों में से एक होता है भ्रमण। भ्रमण यदि सुनियोजित तरीके से किए जाएँ तो वे सीखने-सिखाने की प्रक्रिया के लिए बहुत महत्व रखते हैं। प्राचीन धरोहरों की गौरवगाथा को दुनिया में प्रसारित करने के लिए विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया जाना चाहिए। भ्रमण द्वारा इतने अधिक शैक्षिक लाभ होते हैं कि सभी का आसानी से वर्णन नहीं किया जा सकता। शैक्षिक भ्रमण शिक्षा का अंग है, इससे अनुभव मिलता है। भ्रमण से जो हम सीखते हैं, उसे पुस्तकों से सीखना कठिन होता है। क्योंकि सीखने में आँख की भूमिका अन्य ज्ञानेन्द्रियों की तुलना में सबसे अधिक होती है। छात्रों के साथ विद्यालय के सहायक अध्यापक ओमप्रकाश सिंह, मिथिलेश यादव सहित अन्य अध्यापक गण मौजूद रहें। वहीं रवानगी के दौरान सुनील जायसवाल, विनोद पटेल, टुनटुन सिंह, संतोष खरवार,आजाद सिंह, मनीष यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।



बीरबल जूनियर हाईस्कूल के छात्रों के शैक्षिक भ्रमण को हरी झंडी दिखाते भाजपा नेता कुंवर रमेश सिंह पप्पू।

### 18 सूत्रीय मांग को लेकर शिक्षकों का धरना

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसोसिएशन जनपद शाखा द्वारा प्रांतीय आवाहन पर कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकास भवन पर मंगलवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया गया। धरनारत कर्मचारियों ने बीएसए को पत्रक सौंपा। जिलाध्यक्ष दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव कहा कि उत्तर प्रदेश शिक्षा परिषद कर्मचारी एसोसिएशन के प्रांतीय आवाहन पर आज 18 सूत्री मांगों को लेकर के धरना प्रदर्शन चल रहा है। जिसमें महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश के तुगलकी फरमान के विरोध में चल रहा है। जबकि सचिव उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के विभिन्न पौधों द्वारा वर्ष 1997 से परिषदीय कनिष्ठ लिपिकों की नवीन नियुक्ति आधुनिक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति विकास खंडों पर पद सृजित ना होते हुए भी शासन से प्रस्तुत होने के प्रत्याशा में की जाती रही है। किंतु अब तक विकास खंडों पर लिपिक पद का स्वीकृत नहीं हुए जिस कारण लिपिकों का वेतन जनपद स्तर पर स्वीकृत पद के सापेक्ष निकाला जा रहा है। धरना में जयप्रकाश सिंह, सुभाष सिंह, रोशन लाल, विनोद चौधरी, जयप्रकाश, जितेंद्र सिंह, रमेश गुप्ता, अखिलेश सिंह, राजेश यादव, सुभाष यादव, देवेंद्र मौर्य, कामेश्वर रावत आदि रहें। संचालन शाहिद परवेज हनुमान यादव ने किया।

# कृषि निवेश मेले में किसानों को दी गई अहम जानकारी



जखनियां ब्लॉक में कृषि मेला में उपस्थित मुख्य अतिथि।

**जनसंदेश न्यूज**

**जखनियाँ।** विकास खण्ड में कृषि निवेश मेला व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर किसानों को जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री रिंकू सिंह व विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी जखनिया यशवंत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

ब्लॉक परिसर में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय कृषि निवेश मेला का आयोजन किया गया। सहायक विकास अधिकारी कृषि जखनिया राधेश्याम यादव,बलवंत कुमार द्वारा किसानों को फसलों की पैदावार बढ़ाने की तकनीकी के बारे में बताया गया व मिट्टी की गुणवत्ता जांचने के तरीके भी बताए गए। जिसमें जैविक खेती, प्राकृतिक खेती आदि के बारे में किसानों को जागरूक किया गया।

मेला में राधेश्याम यादव, मन्नन सिंह, अशोक सिंह कुशवाहा, वेदप्रकाश, बलवंत कुमार, संतोष चौहान, धर्मेंद्र कुमार, पवन यादव, जितेंद्र कुमार आदि रहें।

## जनसंपादकीय

# गोवा मुक्ति का ऐतिहासिक सच

छः दशक पूर्व 19 नवंबर 2022 को पुर्तगाली दासता से गोवा को मुक्त हुआ। मगर श्रेय गया भारतीय सेना को, न कि स्वाधीनता-संग्राम सेनानियों को। अतः संदेह भी व्यक्त किया जाता रहा कि महात्मा गांधी ने तीन दशकों में बत्तीस लाख वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल के समूचे भारत को स्वतंत्र करा लिया, मगर पौने चार सौ वर्ग किलोमीटर के गोवा से यूरोपीय साम्राज्यवादियों को खदेड़ने में सत्तासीन जवाहरलाल नेहरू ने इतने साल क्यों लगा दिए ? वह भी प्रधानमंत्री द्वारा बार-बार ऐलान करने के बावजूद भी कि गोवा में भारत सैनिक कार्यवाही कदापि नहीं करेगा। मगर वहीं बल प्रयोग किया गया। तीसरी लोकसभा के मतदान के ठीक दो माह पूर्व ही फौजी कार्यवाही क्यों ? लोहिया पर शोधकर्ताओं, जिनमें संयोजक श्री अभिजान सिंह प्रमुख हैं, के दस्तावेजी प्रमाणों के आधार पर अब सच की खोज हुई है। तब चाहे कृष्ण मेनन, भारत के रक्षा मंत्री और नेहरू के अनन्य सखा, उत्तर बम्बई से कांग्रेस के प्रत्याशी थे। उनके प्रतिद्वंद्वी थे आचार्य जेबी कृपलानी, स्वाधीनता सेनानी और पूर्व राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष। वे निर्दलीय उम्मीदवार थे। उनकी जीत तय थी।

प्रथम और द्वितीय (1952 तथा 1957) लोकसभा के मतदान की तुलना में तीसरी लोकसभा का चुनाव नेहरू-कांग्रेस हेतु काफी दुविधाजनक तथा आशंकामय भी हो गया था। उस वक्त स्वयं अपने फूलपुर (प्रयागराज) लोकसभा निर्वाचन में प्रधानमंत्री को सोशलिस्ट प्रतिद्वंद्वी डा. लोहिया से मुकाबला था। बाद में मतगणना में दिखा कि नेहरू के मिले हर दो वोट की तुलना में लोहिया को एक वोट मिला था। नेहरू ने नामांकन के दिन ही जनसभा में घोषणा की थी कि वे फिर चुनाव अभियान में इलाहाबाद नहीं आ पायेंगे। मगर तीन बार आये। लोहिया की चुनौती इतनी गंभीर थी।

उसी वक्त बम्बई में भी आभास हो रहा था कि कृपलानी से संघर्ष में मेनन पराजित हो जायेंगे। उनकी छवि तब तक पूर्णतया कम्युनिस्ट चीन-समर्थक वाली हो गयी थी। उसी दौर में पाकिस्तानी राष्ट्रपति मार्शल मोहम्मद अयूब खान ने नेहरू के समक्ष प्रस्ताव रखा था कि संयुक्त सैनिक संधि बने ताकि दोनों राष्ट्रों की सुरक्षा हो सके। इस पर नेहरू का व्यंग्य था : संयुक्त सैनिक संधि ! किसके विरुद्ध ?

क्योंकि मेनन ने ऐसा माहौल बना दिया था कि भारत पर आक्रमण का खतरा माओवादी चीन से नहीं, वरन अमेरिका–समर्थित इस्लामी पाकिस्तान से है। वरिष्ठ कांग्रेसी पुरोधाओं (एसके पाटिल, मोरारजी देसाई आदि) ने नेहरू को कम्युनिस्ट-प्रेमी मेनन के विरुद्ध सचेत भी किया था। पर कोई असर नहीं पड़ा। इस बारे संवैधानिक विदेश एवं सेना के विषयों पर नेहरू काबीना के वरिष्ठ मंत्री मोरारजी देसाई ने अपनी आत्मकथा : स्टोरी आफ माई लाइफ (भाग दो) में लिखा था : राज्यपालों के सम्मेलन में अपने उद्घाटन भाषण में राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद ने कहा भी था कि : गोवा को स्वतंत्र कराने हेतु हमारी (नेहरू) सरकार शांतिपूर्ण प्रयास कर रही है। मगर आश्चर्य व्यक्त करते हुये मोरारजी ने आगे लिखा कि उसी वक्त उन्हें सरकारी सूचना मिली थी कि रेल मंत्री को बताया गया कि गुलाम गोवा से लगे बेलगाम (अब बेलगावी) रेलवे स्टेशन से विशेष रेलों में भारतीय सैनिक को सीमा पार ले ले जाने की व्यवस्था की जाये। इस विषय की सूचना केवल रक्षामंत्री वीके कृष्णमेनन को ही थी। जब मोरारजी को सैन्य कार्यवाही का पता चला तो उन्होंने विरोध किया कि : गांधीवादी भारत कई बार ऐलानिया तौर पर विश्व को बता चुका है कि इन पुर्तगाली उपनिवेश को अहिंसक तरीके से मुक्त कराया जायेगा। मोरारजी देसाई ने स्पष्ट लिखा : चौदह वर्षों से हम देश दुनिया को यही बताते रहे कि गोवा को वार्ता द्वारा स्वाधीन करायेंगे।

तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष यूएन ढेबर ने भी देसाई की राय का अनुमोदन किया था। देसाई के विचार में मेनन ने अपनी लोकसभा सीट जीतने हेतु ऐसे सैन्य कदम की ताइद करायी थी। उनका सुझाव था कि यदि अपरिहार्य हो तो, तीसरी लोकसभा के मतदान के बाद ऐसी सैन्य कार्यवाही की जाये। ताकि मौकापरस्ती का आरोप न लगे। मगर मेनन की जिद के सामने नेहरू झुक गये। फिर सेना गोवा गयी। पुर्तगाली भागे। और मेनन चुनाव जीत गये। पर नियति का खेल था। सात माह बाद (अक्टूबर 1962) लाल चीन की सेनाओं ने पूर्वोत्तर भारत पर हमला किया। जनाक्रोश के परिणाम स्वरूप रक्षा मंत्री मेनन को नेहरू ने बर्खास्त कर दिया।

तभी संसद में एक प्रश्न पूछा गया था : कितनी सीमावर्ती भूमि चीन के कब्जे में है ? कितनी मुक्त करा ली गयी है ? नये रक्षामंत्री यशवंतराव बलवंतराव चह्वाण का उत्तर था: यथास्थिति बनी है। अर्थात 43180 वर्ग किलोमीटर भूमि चीन ने हथिया ली है। विपक्ष के किसी सांसद ने पूछा भी कि खाली कराने के क्या प्रयास किये जा रहे हैं? कांग्रेसी सांसद ने ही तंज कसा कि पूर्व मंत्री मेनन के अनधिकृत कब्जे से उनका नयी दिल्ली स्थित बंगला राज्य सम्पत्ति विभाग ने खाली नहीं करा पाया ? मेनन चुनाव जीत गये। गोवा आया, किन्तु अरुणाचल और लद्दाख की भूमि चीन ले गया। आज भी उसी का है।

लोहिया एक जीवनी में उल्लिखित है कि है, फरवरी 1947 में नेहरू ने यहां तक कह दिया कि गोवा का प्रश्न महत्वहीन है। उन्होंने इस पर भी संदेह जताया कि गोवा के लोग भारत के साथ आना चाहते हैं। इसके बाद गोवा की स्वतंत्रता का आंदोलन मुरझाने लगा। लेकिन गोवा के लोगों का मन बदल चुका था, उनकी स्वतंत्र आत्मा के प्रतीक बन चुके थे डॉक्टर राममनोहर लोहिया।

यूं तो गोवा मुक्ति संग्राम एक सदी से अधिक पुराना है। उसमें तेजी आई 18 जून 1946 को जब डॉ राममनोहर लोहिया, प्रथम सत्याग्रही को पुर्तगाली सरकार ने जेल में डाला था।

गोवा को पुर्तगालियों की गुलामी से निजात दिलाने के लिए 1946 से लेकर 1961 के बीच अनगिनत हिन्दुस्तानियों ने अपनी जान की कुर्बानियां दीं। बहुत सारे लोग बरसों पुर्तगाली जेलों में रहे और उनके यातनायें सही उनमें से एक वीर का नाम रहे लोहिया के अनन्य शिष्य मधु लिमये है। गोवा आज भारत का हिस्सा है तो इसका एक बड़ा श्रेय डा लोहिया और उनके शिष्य मधु लिमये को जाता है।



**के विक्रम राव**

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, संपर्क : 9415000909**

# न्याय की निगाह में कोई तुच्छ नहीं

जी हाँ, न्यायपालिका के लिए देश का हर नागरिक और हर मामला महत्वपूर्ण है। उसके लिए कोई तुच्छ नहीं। उच्च भी नहीं। उसकी जिम्मेदारी है कि कहीं किसी के प्रति अन्याय न हो। यह जिम्मेदारी उसे संविधान ने दी है। संविधान ने आम नागरिक को जो स्वतंत्रताएँ दी हैं, उनकी रक्षा करना न्यायपालिका का दायित्व है।

इसी आशय की कुछ बातें अपने एक संबोधन में भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने कही हैं। उन्होंने एक किस्सा भी सुनाया। सच्चे केस का किस्सा। हुआ यों कि उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले की एक अदालत ने इकराम नाम के एक व्यक्ति को विद्युत अधिनियम से जुड़े बिजली चोरी के 9 आपराधिक मामलों में दो-दो साल कैद की सजा सुनाई थी। लेकिन सेशन जज साहब एक बात कहना भूल गए और वह यह कि ये सारी सजाएँ एक साथ चलेंगी। शायद उन्होंने सोचा हो कि जेल प्रशासन उनकी अनकही को भी सुन लेगा। लेकिन जेल प्रशासन के पास प्रायः आँखें नहीं होतीं, शायद उसी तरह प्रशासन के पास कान नहीं होते। दिल तो शायद दोनों के ही पास नहीं होता। पर दिमाग तो होना चाहिए न! दिल-दिमाग दोनों न रहेंगे तो दोनों ही संवेदनहीन हो जाएँगे। इस मामले में भी ऐसा ही हुआ। अंधे-बहरे तंत्र के बीच फँस आरोपी बरसों जेल में सड़ता रहा। लंबी मुद्दत के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले में हस्तक्षेप किया और फिर आरोपी को राहत मिली। यह किस्सा सुनाते हुए माननीय मुख्य न्यायाधीश ने उचित ही कहा कि कानून की उचित प्रक्रिया में नागरिकों का विश्वास और स्वतंत्रता का अधिकार न्यायपालिका में निहित है, जो 'स्वतंत्रताओं की संरक्षक' है। बंबई बार एसोसिएशन में यह किस्सा सुनाए हुए उन्होंने जोड़ा कि ये यह कहना चाहते हैं कि नागरिकों की स्वतंत्रताओं के संरक्षक के तौर पर हम पर विश्वास करें।

सवाल उठता है कि मुख्य न्यायाधीश को यह बात क्यों कहनी पड़ी! क्या न्यायपालिका पर लोगों का विश्वास डिग रहा है? या मुख्य न्यायधीश को यह लग रहा है कि उनकी या न्यायाधीशों की कर्तव्य-निष्ठा पर उंगलियाँ उठ रही हैं? या अदालतें नागरिकों की स्वतंत्रता के प्रति संवेदनहीन होकर फैसले सुना रही हैं? या कि उनकी योग्यता, क्षमता और नीयत पर कोई शक कर रहा है? या कोई ताकत न्याय को संविधान से इतर प्रभावित कर रही है?

हो सकता है, ऐसी कोई बात न भी हो और मुख्य न्यायाधीश ने यह किस्सा न्यायपालिका के सतर्क और जागरूक रहने का संदेश देने के लिए सुनाया हो। यदि ऐसा है तो बड़ी अच्छी बात है, क्योंकि इससे न्यायपालिका को आत्मालोचन की प्रेरणा मिलेगी। लेकिन जिस समय और जैसे घटनाक्रम के बीच यह बात कही गई है, उसे देखते हुए यह लगना स्वाभाविक है कि इस सारी चर्चा का निशाना किसी और भी दिशा में हो सकता है। तब तो और भी, जब इस बिजली के उपकरण और बिजली चोरी की सजा से जुड़ी याचिका पर फैसला सुनाते हुए मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह सवाल खड़ा किया हो कि 'हम यहाँ क्यों हैं, यदि हम अपनी आत्मा की आवाज नहीं सुनते?' सवाल यह दिला रहे हैं कि किंचित ने यह भी कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के लिए कोई मामला छोटा या बड़ा नहीं है। यदि हम व्यक्तिगत आजादी के मामलों में कार्रवाई नहीं करते और राहत प्रदान नहीं करते, तो हम यहाँ क्यों हैं?

दरअसल इस किस्से को सुनाने और इस टिप्पणी की जड़ में कुछ ऐसे संकेत छिपे हैं, जो विधायिका तथा कार्यपालिका द्वारा न्यायपालिका के कार्य में हस्तक्षेप की घटनाओं से जुड़े हैं। न्यायाधीशों की नियुक्ति विषयक कॉलेजियम वाला विवाद तो अपनी जगह है ही। इससे आगे बढ़ते हुए गत दिनों केंद्रीय कानून मंत्री महोदय ने सुप्रीम कोर्ट के कामकाज पर टिप्पणी करते हुए यह सुझाव दिया था कि सुप्रीम कोर्ट को जमानत के मामले नहीं, इसके संवैधानिक मामले सुनने चाहिए। कुछ समय से केंद्र सरकार शायद राज्य सरकारों की तरह ही चाहे-अनचाहे न्यायपालिका से भी सींग लड़ाने की जुगत में है! हो सकता है कि अब डबल की जगह ट्रिपल इंजन की जरूरत आन पड़ी हो!

कुछ भी हो, लेकिन लोकतंत्र के सभी खंभों को यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत का संविधान सर्वोपरि है और संविधान के निर्माताओं ने इस देश को संवैधानिक लोकतंत्र बनाया है, न कि संसदीय लोकतंत्र।



**ऋषभदेव शर्मा**

**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

# लैंगिक समानता बनाम मर्दानगी का बोझ

बीच- बहस



**जावेद अनीस**

जेंडर एक सामाजिक-सांस्कृतिक शब्द है जो समाज में पुरुषों और महिलाओं के कार्यों और व्यवहारों को परिभाषित करता हैं. यह एक ऐसा मानव निर्मित सिद्धांत है जो ऐतिहासिक रुप से उनके बीच शक्ति और सामाजिक स्तरीकरण को स्थापित करता है, जहाँ पुरुषों को महिलाओं से श्रेष्ठ माना जाता है. लैंगिक आधार पर महिलाओं के साथ भेदभाव की जड़ यही सोच है जिसके आधार पर सदियों से समाज में महिलाओं को पुरुषों की तुलना में कमजोर माना जाता रहा है. महिलाओं के खिलाफ लैंगिक भेदभाव का यह चलन मोटे तौर पर पूरी दुनिया में व्याप्त रहा है.

महान व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई ने कहीं लिखा है कि 'भगवान पांच लड़कियों के बाद लड़का देकर अपने होने का सबूत देता रहता है।' यही हमारे समाज का सच है दरसल महिलायों को लेकर जीवन के लगभग हर क्षेत्र में हमारी यही सोच और व्यवहार हावी है जो आधी आबादी की सबसे बड़ी दुश्मन है. तकनीकी भाषा में इसे पितृसत्तात्मक सोच कहा जाता है, हम एक पुरानी सभ्यता है समय बदला, काल बदला लेकिन हमारी यह सोच नहीं बदल सकी उलटे इसमें नये आयाम जुड़ते गये , हम ऐसा परिवार समाज और स्कूल ही नहीं बना सके जो हममें पीढ़ियों से चले आ रहे इस सोच को बदलने में मदद कर सकें. वैसे तो शिक्षा शास्त्री लों को बदलाव का कारखाना कहते हैं लेकिन देखिये हमारे स्कूल क्या कर रहे वे पुराने मूल्यों को अगली पीढ़ी में हस्तांतरित करने के माध्यम ही साबित हो रहे हैं.

अगर हम महिला-पुरुष समानता की अवधारणा को अभी तक स्वीकार नहीं कर सके हैं तो फिर तरक्की किस बात की हो रही है ? वर्ष 1961 से लेकर 2011 तक की जनगणना पर नजर डालें तो यह बात साफ तौर पर उभर कर सामने आती है कि देश में पुरूष-महिला लिंगानुपात के बीच की खाई लगातार बढ़ती गयी है, पिछले 50 सालों के दौरान 0-6 वर्ष आयु समूह के बाल लिंगानुपात में 63 पाइन्ट की गिरावट आयी है. वर्ष 2001 की जनगणना में जहाँ छह वर्ष तक की उम्र के बच्चों में प्रति एक हजार बालक पर बालिकाओं की संख्या 927 थी तो वही 2011 की जनगणना में यह अनुपात कम हो कर 914 (पिछले दशक से -1.40 प्रतिषत कम) हो गया है,ध्यान देने वाली बात यह है कि अब तक की हुई सारी जनगणनाओं में यह अनुपात न्यूनतम है यानी गिरावट की दर कम होने के बजाये तेज हुई है. यदि देश के विभिन्न राज्यों में लिंगानुपात को देखें तो पाते हैं कि यह अनुपात संपन्न राज्यों में पिछड़े राज्यों की मुकाबले ज्यादा खराब है, इसी तरह से गरीब गांवों की तुलना में अमीर (प्रति व्यक्ति आय के आधार पर) शहरों में लड़कियों की संख्या काफी कम है. कूड़े के ढेर से कन्या भ्रूण मिलने की खबरें अब भी आती रहती हैं लेकिन उन्नत तकनीक ने इस काम को और आसान बना दिया है.

उपरोक्त स्थिति बताती है कि आर्थिक रूप से हम ने भले ही तरक्की कर ली हो लेकिन सामाजिक रूप से हम बहुत पिछड़े हुए समाज है गैर-बराबरी के मूल्यों और यौन कुंठाओं से लबालब. नयी परिस्थितियों में यह स्थिति विकराल रूप लेता जा रहा है. वैसे तो शिक्षा तथा रोजगार के क्षेत्र में महिलाओं की संख्या और अवसर बढ़े हैं और आज कोई ऐसा काम नही बचा है जिसे वो ना कर रही हों, जहाँ कहीं भी मौका मिला है महिलाओं ने अपने आपको साबित किया है. लेकिन इन सबके बावजूद हमारे सामाजिक ढाँचे में लड़कियों और महिलाओं की हैसियत में कोई बुनियादी बदलाव नहीं आया है. असली चुनौती इसी ढांचे को बदलने की है जो की आसान नहीं है.

दरअसल लैंगिक समानता एक जटिल मुद्दा है, पितृसत्ता पुरषों को कुछ विशेषधिकार देती है अगर महिलाऐं इस व्यवस्था द्वारा बनाये गये भूमिका के अनुसार चलती हैं तो उन्हें अच्छा और संस्कारी कहा जाता हैं लेकिन जैसे ही वो इन नियमों और बंधनों को तोड़ने लगती है समस्याऐं सामने आने लगती हैं. हमारे समाज में शुरू से ही बच्चों को सिखाया जाता है कि महिलायें पुरषों से कमतर होती हैं बाद में यही सोच पितृसत्ता और मर्दानगी की विचारधारा को मजबूती देती है. मर्दानगी वो विचार है जिसे हमारे समाज में हर बेटे के अन्दर बचपन से डाला जाता है, उन्हें सिखाया जाता है कि कौन सा काम लड़कों का है और कौन सा काम लड़कियों का है. बेटों में खुद को बेटियों से ज्यादा महत्वपूर्ण होने और इसके आधार पर विशेषाधिकार की भावना का विकास किया जाता है.

पितृसत्ता से केवल महिलाओं को ही परेशानी नहीं उठानी पड़ती है, बल्कि इसका शिकार पुरुष भी होते हैं उन्हें ना केवल मर्दानगी ओढ़नी पड़ती है बल्कि ज्यादातर समय इसकी कसौटी पर खरा उतरना होता है. उन्हें हमेशा अपनी मर्दानगी साबित करनी होती है. समाज मर्दानगी के नाम पर लड़कों को मजबूत बनने, दर्द को सहने, गुस्सा करने, हिंसक होने,दुश्मन को सबक सिखाने और खुद को लड़कियों से बेहतर मानने का प्रशिक्षण देता है, इस तरह से समाज चुपचाप और कुशलता के साथ पितृसत्ता को एक पीढ़ी से दूसरे पीढ़ी तक हस्तांतरित करता रहता है.

भूमंडलीकरण के बाद मर्दानगी के पीछे आर्थिक पक्ष भी जुड़ गया और अब इसका सम्बन्ध बाजार से भी होने लगा है.अब महिलायें, बच्चे, प्यार, सेक्स, व्यवहार और रिश्ते एक तरह से कमोडिटी बन चुकी हैं. कमोडिटी यानी ऐसी वस्तु जिसे खरीदा, बेचा या अदला बदला जा सकता है. आज महिलाओं और पुरुषों दोनों को बाजार बता रहा है कि उन्हें कैसे दिखना है, कैसे व्यवहार करना है,क्या खाना है, किसके साथ कैसा संबंध बनाना है. यानी मानव जीवन के हर क्षेत्र को बाजार नियंत्रित करके अपने हिसाब से चला रहा है, यहाँ भी पुरुष ही स्तरीकरण में पहले स्थान पर है.

आजादी के बाद हमारे संविधान में सभी को समानता का



हक दिया गया है और इन भेदभावों को दूर करने के लिए कई कदम भी उठाये गये हैं, नए कानून भी बनाये गए हैं जो की महत्वपूर्ण हैं परन्तु इन सब के बावजूद बदलाव की गति बहुत धीमी है. इसलिए जरुरी है कि इस स्थिति को बदलने का प्रयास केवल भुक्तभोगी लोग ना करें बल्कि इस प्रक्रिया में समाज विशेषकर पुरुष और लड़के भी शामिल हो. ये जरुरी हो जाता है कि जो भेदभाव से जुड़े सामाजिक मानदंडों को बनाये रखते हैं वे भी परिस्थियों को समझते हुए बदलाव की प्रक्रिया में शामिल हो.

अब यह विचार स्वीकार किया जाने लगा है कि जेंडर समानता केवल महिलाओं का ही मुद्दा नही है. जेंडर आधारित गैरबराबरी और हिंसा को केवल महिलाऐं खत्म नही कर सकती हैं लैंगिक न्याय व समानता को स्थापित करने में महिलाओं के साथ पुरुषों और किशोरों की भी महत्वपूर्ण भूमिका बनती है.व्यापक बदलाव के लिए जरुरी है कि पुरुष अपने परिवार और आसपास की महिलाओं के प्रति अपनी अपेक्षाओं में बदलाव लायें. इससे ना केवल समाज में हिंसा और भेदभाव कम होगा बल्कि समता आधारित नए मानवीय संबंध भी बनेगें. जेंडर समानता की मुहिम में महिलाओं के साथ पुरुष को भी जोड़ना होगा और ऐसे तरीके खोजने होगें जिससे पुरुषों और लड़कों को खुद में बदलाव लाने में मदद मिल सके और वे मर्दानगी का बोझ उतार कर महिलाओं और लड़कियों के साथ समान रुप से चलने में सक्षम हो सकें.

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# रांगेय राघव की जन्मशती: अल्पसमय में विपुल लेखन

स्मरण



**दिव्यानंद**

'तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर का विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग भारत का पहला हिन्दी विभाग है, जहां रांगेय राघव की जन्मशती मनाई जा रही है। इसी विभाग ने 2021 में अमृत राय की दो दिवसीय जन्मशती मनाई। और 2021 के ही मार्च में रेणु पर देश का पहला दो दिन का ऑफलाइन सेमिनार आयोजित किया। यह एक ऐसा तथ्य है जिसे खूब फैलना चाहिए क्योंकि मैं यह मानता हूं कि अच्छी बातों का प्रचार बुरी बातों का विरोध है।' उपरोक्त बातें हिन्दी के वरिष्ठ आलोचक और 'जन संस्कृति मंच' के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर रविभूषण ने कही।

विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर द्वारा दो दिवसीय (19-20 दिसंबर, 2022) राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। आज संगोष्ठी का पहला दिन था; जिसमें दो सत्रों में संगोष्ठी आयोजित हुई। पहले सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर रविभूषण ने की।

आगे उन्होंने कहा कि रांगेय राघव ने लगभग एक सौ पचास पुस्तकें लिखीं जिनमें सौ मूल पुस्तक हैं और पचास अनूदित।रांगेय राघव ने ये सब कुछ 1938 से 1962 यानी चौबीस वर्षों में संभव किया। इतने कम समय में इतने विपुल लेखन का उदाहरण हमें बराए नाम दिखाई देता है। उनकी रचनावली चालीस वर्ष पहले ही आ चुकी है। सन्-1984 में सुलोचना राघव द्वारा उनकी रचनाएं दस खंडों में संपादित की गईं हैं। यह राजपाल एंड संस से प्रकाशित है। वे किसी एक विधा में नहीं सिमटे। उनका ज्ञान-संसार ऋग्वेद से लेकर विज्ञान तक फैला है। फिलोसोफी ,हिस्ट्री, इकॉनोमी, सायकोलॉजी इन सभी विषयों का वे ज्ञान रखते हैं ।

उनका आगरा वृहत्रयी से संबंध रहा है- रामविलास शर्मा, रांगेय राघव और राजेंद्र यादव। इनके पिता का संबंध स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन से था। इनका लेखन किशोरावस्था से ही आरंभ हो गया था। इन्होंने 1938 ईस्वी से कविता लिखनी शुरू की। यह 'घरौंदे' से चर्चित हुए। आरंभ में ये पत्र-पत्रिकाओं में 'तिरुमल्लै नंबाकम वीर राघव आचार्य' के नाम से अपनी रचना भेजते थे लेकिन बाद में उन्होंने अपना साहित्यिक नाम 'रांगेय राघव' रखा. प्रेमचंद का साहित्य आदर्शोन्मुख है। रांगेय राघव ने इस तरह हिन्दी कथा-साहित्य की परंपरा को आगे बढ़ाया। हिन्दी आलोचना में अमृतराय और रामविलास शर्मा पर चर्चा होगी तब रांगेय राघव के साहित्य पर और विचार प्रखर रूप से सामने आएगा। रांगेय राघव का साहित्य श्रम, निष्ठा, साधना का पर्याय है।

इनके बाद कार्यक्रम को मानविकी संकाय के अध्यक्ष प्रोफेसर उदय कुमार मिश्र ने संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'रांगेय राघव ने बहुत कम समय में बहुत सारा अध्ययन कर अंग्रेजी के साहित्य का हिंदी में विपुल अनुवाद किया है। रांगेय राघव के साहित्य को पाठ्यक्रम में अवश्य डालना चाहिए और ज्यादा-से-ज्यादा इन्हें पढ़ा जाना चाहिए।'



पहले सत्र का संचालन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर दिव्यानन्द ने किया और धन्यवाद ज्ञापन और स्वागत वक्तव्य विभागाध्यक्ष प्रोफेसर योगेन्द्र ने दिया।

दूसरे सत्र की अध्यक्षता कोलकाता से आए प्रोफेसर आशुतोष सिंह ने की। वे 'हिंदी आलोचना और रांगेय राघव' विषय पर अपनी बात कह रहे थे। उन्होंने कहा, 'रांगेय राघव पर सबसे अधिक रामविलास शर्मा ने लिखा। उस दौर में प्रगतिशील आंदोलन चल रहा था और यह आंदोलन 1936 से 1950 तक चला। उस दौर का आंदोलन अविस्मरणीय दशक के रूप में आज हमारे समक्ष उपस्थित है। रांगेय राघव की रचनाओं में विविधता के कई आयाम हैं। रांगेय राघव और रामविलास शर्मा अपने समय के प्रखर लेखक थे और एक-दूसरे के प्रखर आलोचक थे।'

द्वितीय सत्र की द्वितीय वक्ता डॉ. रीता चौधरी थीं। ये पंचानन बर्मा विश्वविद्यालय, कूचबिहार, पश्चिम बंगाल से आई थीं। इन्होंने रांगेय राघव की कहानी पर अपनी बात कही। उन्होंने कहा 'रांगेय राघव जी को हम लोग क्यों पढ़ें? जब हम आज के परिवेश को देखते हैं और रांगेय राघव की कहानियों से गुजरते तो हमें इस प्रश्न का उत्तर मिल जाता है कि उन्हें क्यों पढ़ा जाए। उनकी कहानियों के केंद्र में प्रेम है और उसके इर्द-गिर्द अन्य समस्याओं को चित्रित किया है।'

दूसरे सत्र का संचालन विभाग की शोधार्थी सुश्री दिव्या और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुजाता ने किया।

इस संगोष्ठी के दूसरे दिन और तीसरे सत्र की अध्यक्षता 'संवेद' और 'सबलोग' पत्रिका के संपादक किशन कालजयी ने की। इस सत्र में वक्ता के रूप में कहानीकार रविशंकर सिंह (पश्चिम बंगाल), असिस्टेंट प्रो. दिव्यानन्द (भागलपुर) और डॉ. शोभा कुमारी (भागलपुर) शामिल थीं।




श्री रविशंकर सिंह जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि रांगेय राघव की कहानियों में स्त्री चरित्र मजबूती के साथ उभर कर सामने आया है। उन्होंने अपने पात्र के माध्यम से तात्कालिक सामाजिक ढांचे को भी प्रस्तुत किया है। रांगेय राघव के साहित्य को वे शिवमूर्ति, संजीव के साहित्य से जोड़ते हुए समाज के हर वर्ग के यथार्थ को प्रस्तुत करता साहित्य बताया।

डॉ. शोभा कुमारी ने रांगेय राघव की आलोचनात्मक दृष्टि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रांगेय राघव प्रगतिशील आलोचना की दृष्टि रखते थे। इन्होंने समाज के यथार्थ को अपनी आलोचनात्मक दृष्टि के साथ 'बरगद' जैसी कहानी में प्रस्तुत किया है।

श्री दिव्यानन्द ने रिपोर्ताज विधा की शुरूआत के बारे में बात करते हुए बताया कि इस विधा का आरंभ द्वितीय विश्वयुद्ध के समय तब हुआ जब व्यावसायिक संवाददाता के साथ-साथ मानवीयता के वशीभूत हो साहित्यकारों ने युद्ध भूमि से रिपोर्ट भेजनी शुरू की। इसने एक फर्क.पैदा कर दिया-साहित्यकारों की रिपोर्ट ज्यादा संवेदनशील, बहुस्तरीय और अर्थवान थी। रिपोर्ताज विधा इस तरह पत्रकारिता से शुरू हुई और आज यह एक स्थापित साहित्यिक विधा है। रांगेय राघव का रिपोर्ताज 'तूफानों के बीच' फरवरी 1946 में सरस्वती प्रेस से प्रकाशित हुआ। इसमें आठ अध्यायों में रांगेय राघव ने भीषण अकाल के अलग-अलग रूपों को चित्रित किया है। यह रिपोर्ताज हिन्दी के आरंभिक रिपोताजों में से है। रांगेय राघव आगरे के डॉक्टरों के एक मेडिकल मिशन के सदस्य बनकर पूर्वी बंगाल गए थे और वहां दृश्य ने उन्हें विचलित कर दिया। बंगाल से लौटने के बाद कई विधाओं में उन्होंने इस अकाल को चित्रित किया।

'विषाद मठ' ऐसा ही उपन्यास है। रांगेय राघव ने अकाल के समय सेठ-साहूकारों की भूमिका, सांप्रदायिकता की समस्या को अपने रिपोर्ताज में रेखांकित करते हुए लिखा कि भूखे बंगाल का शीशा चटका नहीं, पिघलकर इकट्ठा हो गया। मन करता है, मैं रो दूं। दिव्यानन्द ने 'कारवां' और 'बीबीसी' की रिपोर्ट में प्रकाशित अकाल के चित्रों को रांगेय राघव के लेखन की संगति में रखते हुए कहा कि बंगाल का अकाल, अकाल नहीं, औपनिवेशिक देश द्वारा किया गया नरसंहार था; इसलिए इसे अकाल नहीं कहना चाहिए। आगे उन्होंने हिन्दी, अंग्रेजी, बांग्ला, उर्दू आदि में प्रकाशित अकाल संबंधी साहित्य की चर्चा करते हुए कहा कि रिपोर्ताज एक मुश्किल विधा है; इसलिए हमारे पास इसके उदाहरण भी कम हैं।

संगोष्ठी के अध्यक्ष श्री किशन कालजयी जी ने कहा कि रांगेय राघव के साहित्य में विषय की स्पष्टता है। इसके साथ ही उनकी भाषा भी स्पष्ट है जिनसे उनके विचार एवं सोच की स्पष्टता नजर आती है। रामविलास शर्मा और रांगेय राघव को विरोध की दृष्टि से नहीं देखना चाहिए। दोनों अपने समय के महत्वपूर्ण लेखक हैं जिन्हें पूर्ण रूप से स्वीकार करना चाहिए। किसन कालजयी नें रांगेय राघव के मार्क्सवादी दृष्टि और उसकी जटिलता को विस्तार से रखा। चतुर्थ सत्र में विभिन्न प्रतिभागियों नें अपने शोध पत्र को प्रस्तुत किया। शोध पत्रों की प्रस्तुति पर टिप्पणी करते हुए प्रो. रविभूषण ने विद्यार्थियों, शोधार्थियों को सुझाव दिया और विभागाध्यक्ष योगेन्द्र के बारे में कहा कि ये एक सृजनशील अध्यक्ष हैं जो लगातार अकादमिक गतिविधि को भागलपुर जैसे छोटे शहर में बनाए रखते हैं।अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो० योगेंद्र नें सभी आगंतुक अथितियों के प्रति आभार प्रकट किया।

**(लेखक युवा चिंतक हैं और भागलपुर विवि में हिंदी विभाग से जुड़े हैं)**

# आगरा में साहित्योत्सव 2022 दिसम्बर 21 से

आयोजन



**प्रेमशंकर**

दयालबाग, अर्थात 'दयामय मालिक का बाग', राधास्वामी सतसंग समुदाय का मुख्यालय है। इस आश्रम की स्थापना 20 जनवरी, 1915 को बसंत पंचमी के पवित्र दिन राधास्वामी मत के पाँचवे आचार्य पूज्य गुरु साहबजी महाराज द्वारा की गई। यह आगरा शहर से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूरी पर यमुना के किनारे प्राकृतिक वातावरण में स्थित राधास्वामी मत के अनुयायियों की स्वयं में परिपूर्ण एक आदर्श कॉलोनी है, जो अपनी संस्थाओं एवं निवासियों द्वारा सहयोग की भावना से सामाजिक व आर्थिक क्षेत्र में किये गये कार्यों के लिए प्रसिद्ध है।

'ईश्वर का पितृत्व एवं मनुष्य का भ्रातृत्व' समुदाय का आदर्श है एवं 'मानव जाति की सेवा' इसका सिद्धान्त वाक्य है। अपनी स्थापना के समय से ही राधास्वामी मत के अनुयायियों ने श्रम, प्रेम, शिक्षा, कृषि और सामुदायिक सहयोग की भावना के माध्यम से आध्यात्मिकता से परिपूर्ण एक आत्मनिर्भर समाज के निर्माण की योजना पर काम किया है जिसका परिणाम है कि आज दयालबाग अपनी सभी आवश्यकताओं की पूर्ति सामुदायिक उत्पादन और वितरण की प्रणाली के आधार पर कर रहा है, प्रदूषण मुक्त जीवन शैली के लिए समुन्नत तकनीक का प्रयोग कर रहा है, आवास, कृषि, वस्त्र स्वास्थ्य,शिक्षा, संचार, प्रसारण, यातायात, लघु उद्योग, गोशाला, दुग्ध प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों में वृहत्तर समाज के लिए अनुकरणीय मॉडल के रूप में उपस्थित है। दयालबाग की मूल भावना को शिक्षा के क्षेत्र में सफलता पूर्वक क्रियान्वयन के लिए दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट की स्थापना की गई जो अद्यतन उपरयुक्त लक्ष्य के प्रति समर्पित प्रदेश की अग्रणी शैक्षणिक संस्था है।

अनुपम उपवन और सेंटर फॉर आर्ट्स ब्यूटी ऐंड क्रिएटिविटी : कहते हैं कि कृषि संस्कृति की बुनियाद है। कोरोना काल में जबकि देश के अधिसंख्यक संस्थान बंद पड़े थे, दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट उत्तर कोरोना काल की परिस्थितियों से जूझने के लिए एक वैकल्पिक मॉडल के विकास के लिए प्रयासरत रहा। पहले से उपलब्ध हरे भरे भागों के नीचे कक्षाए नियमित रही। लगभग 110 एकड़ में फैले अनुपजाऊ एवं रेतीली जमीन पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया। फल के बाग लगाए गए, जैविक तरीके से सब्जी और फसल की खेती को सिलसिलेवार ढंग से बढ़ाया गया। इस नए बसे उपवन को नाम दिया गया 'अनुपम उपवन'। कोरोना काल में प्रकृति और शिक्षा का संबंध उभर कर सामने आया था। गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर की संकल्पना का एक प्रयोग शांति निकेतन फिर से खड़ा होने को तैयार था। रंग, ध्वनि, प्रकाश और अभिव्यक्ति के लिए कृत्रिम चीजों की ओर जाने की बजाय प्रकृति के साहचर्य की जरूरत फिर से समझ में आने लगी थी। बंद पड़ी रंगशालाए खोलने का वक्त था । ऐसे में प्रकृति से बड़ी रंगशाला कहाँ मिलती। चारो ओर के प्राकृतिक वातावरण के केंद्र में कलाओं की पारस्परिकता एवं समेकितता के बुनियादी सिद्धांत के आधार पर 'सेंटर फॉर आर्ट्स, ब्यूटी ऐंड क्रिएटिविटी' की नींव पड़ी । यह केंद्र अभी अपनी शैशवावस्था में अवश्य है पर आने वाले समाय में यह न सिर्फ आगरा बल्कि समस्त उत्तर भारत की बड़ी सांस्कृतिक जरूरत को पूरा करने लायक केंद्र बनने के लिए प्रयासरत है।

**साहित्योत्सव 2022**

कला की वृहत्तर दुनिया का नागरिक हर सदस्य यह मानता है कि 'जो है उससे बेहतर की कामना' ही मुख्य सांस्कृतिक लक्ष्य है। किन्तु बेहतर की इस लालसा ने आज जिस कदर मनुष्य को प्रतिस्पर्धी एवं एक अदद उपभोक्ता के रूप में तब्दील कर दिया है, वह चिंता जनक है। आज साहित्य में सरोकारों के बदले आत्ममुग्धता, मूल्यपरकता की जगह बाजारू चकाचौध, निःस्वार्थ सेवा की जगह स्वार्थपरकता ने ले ली है। संवेदनाओं के क्षरण के इस दौर में मनुष्य की स्वाभाविक अभिव्यक्तियियों को पाना एक कठिन चुनौती है। जरूरत है संवेदना के, अभिव्यक्ति के ऐसे सोपान की खोज की जाए जहां से मनुष्य और मनुष्य के बीच का भेद खतम हो और प्रकृति, जिससे मनुष्य ने अपनी अभिव्यक्ति के प्रारम्भिक गुर सीखे, से उसकी नजदीकी फिर से स्थापित हो सके। सौन्दर्य के कृत्रिम रास्ते की बजाय प्राकृतिक रास्ते की खोज की जाए। दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित 'साहित्योत्सव 2022' परंपरागत साहित्योत्सवों की चकाचौध से अलग शांत



एवं आध्यात्मिक परिवेश में सौंदर्य और सुख की नई कामना को साकार करने का प्रयास है।

कार्यक्रम विवरण इस प्रकार है। 21 दिसम्बर सायं 3 बजे साहित्योत्सव का उद्घाटन वरिष्ठ पत्रकार शशि शेखर द्वारा। 4.30 बजेः रसूल हमजातोव की प्रसिद्ध कृति 'मेरा दागिस्तान' एवं मुक्तिबोध की कहानी 'पक्षी और दीमक' पर आधारित नाटक- 'पक्षी और दीमक', निर्देशक - प्रवीण शेखर। 22 से 31दिसम्बर तक प्रतिदिन 10 बजे से 3 बजे तक नाट्य कार्यशाला का आयोजन। बाकी दिनों का कार्यक्रम आयोजन स्थल पर उपलब्ध रहेगा। विभिन्न सत्रों में जो विद्वान, लेखक, कवि, संगीतकार शामिल होंगे, उनमें सर्वेश सिंह, नरेश सक्सेना प्रियम अंकित, देवी प्रसाद मिश्र , राम जी राय, अवधेश प्रधान, सदानंद शाही, गोपेश्वर सिंह, प्रणय कृष्ण, बजरंग बिहारी तिवारी, डॉ प्रीति चौधरी और कलापिनी कोमकली।

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

## परीक्षा की पवित्रता और शुचिता से समझौता नहीं : कुलपति

**आजमगढ़।** महाराजा सुहेलदेव राज्य विवि आजमगढ़ के अधीन स्नातक प्रथम और तृतीय सेमेस्टर तथा परास्नातक प्रथम सेमेस्टर की प्रकाशित समय सारणी के अनुसार परीक्षाएं सोमवार से प्रारम्भ हो गई। पहले दिन की परीक्षा सकुशल सम्पन्न होने के बाद मंगलवार को भी दोनों पालियों में दोनों जनपदों में शुचितापूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न हुई। मंगलवार को स्नातक प्रथम सेमेस्टर के प्राणि विज्ञान, पत्रकारिता, अर्थशास्त्र, स्नातक तृतीय सेमेस्टर के मनोविज्ञान, वाणिज्य के छात्र परीक्षा में शामिल हुए वही परास्नातक के भौतिकी, रसायन, गणित, बॉटनी, एमकॉम, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू और अरबी की परीक्षाएं संपन्न हुई। प्रथम पाली में दोनों जनपदों में कुल 20552 छात्रों में 925 छात्र अनुपस्थित रहे वहीं 16191 में 706 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार शर्मा ने परीक्षाओं के दौरान शुचिता और पवित्रता बनाएं रखने के लिए दोनों जनपदों में पर्यवेक्षक दल और उड़ाका दल की टीमों का गठन कर दिया है। कुलपति ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षाओं के दौरान परीक्षा की पवित्रता और शुचिता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और नकलविहीन परीक्षा हेतु प्रत्येक मानकों का पालन किया जाएगा।

# भारी मतों से जीतेगें नगर पालिका चुनाव : दयाशंकर



कालीनगंज त्रिमुहानी पर स्वागत करते अभिषेक जायसवाल दीनू।



रैदोपुर त्रिमुहानी पर स्वागत करते ऋत्विक जायसवाल।

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** नगर पालिका चुनाव को लेकर मुकेरीगंज स्थित गेस्ट हाउस मे भाजपा की बैठक की गयी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि आप के उत्साह को देखकर यह विश्वास है कि चुनाव भारी मतो से जीतेगें।

नगर पालिका चुनाव को लेकर शहर के मुकेरीगंज स्थित गेस्ट हाउस में भाजपा कार्यकताओं की बैठक की गयी। बैठक में शामिल होने आये जिला प्रभारी परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का शहर में कई स्थानों पर जोरदार स्वागत किया गया। रैदोपुर त्रिमुहानी पर ऋत्विक जायसवाल द्वारा अपने समर्थकों के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

ऋत्विक जायसवाल अपने समर्थकों के लम्बे काफिले के साथ जब पहुंचे तो लोग ऋत्विक के समर्थन में गगनचुम्बी नारे लगाने लगे। कालीनगंज त्रिमुहानी पर अभिषेक जायसवाल दीनू द्वारा अपने समर्थकों के साथ स्वागत व अभिनंदन किया गया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने कार्यकताओं का उत्साह भरते हुए कहा कि आप का उत्साह देखकर विश्वास हो गया है कि नगर पालिका का चुनाव भारी मतो से जीतेगें। प्रधामंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार देश का चतुमुर्खी विकास कर रही है। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरुरतमंदों तक पहुंच रहा है। यही कारण है कि हमारी सरकार से जनता खुश है।

इस मौके पर सहजानन्द राय, डा. अशोक सिंह, अखिलेश मिश्रा गुड्डू, घनश्याम पटेल, विनय गुप्ता, सन्त प्रसाद अग्रवाल, बबिता जसरसिया, अशोक सोनकर आदि लोग उपस्थित रहे।

## 24 को मनायी जायेगी महाकवि पं.लक्ष्मी नारायण मिश्र की 120वीं जयंती

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 24 दिसम्बर को आधुनिक हिन्दी नाटक के जन्मदाता, भारतीय साहित्य के निमार्ता, स्वतंत्रता सेनानी नाटककार-महाकवि पं.लक्ष्मी नारायण मिश्र की 120वीं जयन्ती मनाये जाने की तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पं.लक्ष्मी नारायण मिश्र की मूर्ति की साफ-सफाई एवं समय से रंगाई-पुताई कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि मूर्ति स्थल पर बैठने, साउण्ड सिस्टम एवं स्टैंड आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि पं.लक्ष्मी नारायण मिश्र के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालने के लिए अच्छे प्रवक्ताओं को भी बुलाना सुनिश्चित करें, ताकि लोगों का ज्ञानवर्धन हो सके। उन्होने कहा कि नेहरू हाल में आयोजित विचार गोष्ठी की तैयारियों को समय से सुनिश्चित करा लिया जाय। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी जेपी सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, एसडीएम सदर, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आजमगढ़ एवं ईओ नगर पालिका आजमगढ़ उपस्थित रहे।

# ट्रक की चपेट में आने से छात्रा की गई जान



शिवानी उर्फ रिमझिम मौर्य (फाइल फोटो)।



घटना स्थल पर जुटी लोगों की भीड़।

**जनसंदेश न्यूज**

**माहुल (आजमगढ़)।** अहरौला थाना क्षेत्र के माहुल अहरौला मार्ग पर मंगलवार को ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चालक बाइक से छिटक कर दूर गिरने से बाल बाल बच गया। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ट्रक को अहरौला थाना ले गयी। छात्रा की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया ।

मृत छात्रा शिवानी उर्फ रिमझिम मौर्य 24वर्ष पुत्री रामधनी मौर्य अहरौला थाना क्षेत्र के गनवारा गांव की रहने वाली थी, और अंबेडकरनगर जिले के भीखपुर स्थित फूलपत्ती महाविद्यालय में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। घटना के समय वह गांव के ही विकास मौर्य पुत्र रामबुझारत के साथ विद्यालय की बस पकड़ने के लिए उसकी बाइक पर बैठ कर राजारामनगर बाजार आ रही थी।

गनवारा गांव के पास माहुल अहरौला मार्ग पर बाइक सवार ट्रक के चपेट में आ गया। जिससे ट्रक लड़की को रौद दिया। छात्रा शिवानी मौर्या की मौके पर मौत हो गयी। ड्राइबर ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। मौके पर आस पास के लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छात्रा की मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया।

# ऑटो चालक ने बाइक सवार को मारा चाकू

### युवक गम्भीर रूप से घायल, उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती

**पटवध (आजमगढ़)।** शिब्ली नेशनल कालेज के पास आटो चालक व बाइक सवार में किसी बात को बहस हो गयी जिससे गुस्साये आटो चालक ने युवक को चाकू मार कर घायल कर दिया। पुलिस व स्थानीय लोगों ने युवक को जिला अस्पातल में भर्ती कराया तो वही आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।



चाकू लगने से घायल युवक।

शिबली नेशनल कॉलेज के पास ऑटो चालक और एक बाइक सवार में टक्कर हो गई जिसका विरोध करते हुए बाइक सवार उस युवक ने उसे रोक दिया। जिसके बाद दोनों में आपस में बहस शुरू हुई बाद में दोनों ही लोग आपस में झगड़ने लगे और बात हाथापाई पर आ गयी जिसके बाद ऑटो चालक ने अपने जेब से चाकू निकालकर युवक के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया जिससे युवक लहूलुहान हो गया। घटनास्थल से कुछ ही दूर पर ट्रैफिक पुलिस को खबर मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच कर आरोपी को दबोच लिया ऑटो चालक का नाम रमेश यादव पुत्र कैलाश यादव जो पांडे बाजार का निवासी है। वहीं गंभीर रूप से घायल युवक का नाम सोनू शर्मा पुत्र राजेंद्र शर्मा दलाल घाट का निवासी बताया गया। युवक को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। आरोपी को हिरासत में लेते हुए थाना कोतवाली भेज दिया।

# सलमान ने नैनो कार को बना दिया हेलीकॉप्टर

**लालगंज (आजमगढ़)।** जनपद में प्रतिभाओं की कमी नहीं है केवल उन्हे उचित मंच मिलने की जरूरत है। लालगंज तहसील क्षेत्र के पकड़ी गांव के सलमान ने नैनो कार को हेलीकॉप्टर का रूप दे दिया और उनके इस हेलीकॉप्टर रूपी नैनो कार को देखने वालों का तांता लगा हुआ है। सलमान ने बताया कि इसे बनाने में उन्हें 4 महीने का समय लगा और करीब तीन लाख रुपए खर्च आये हैं। वह बताते हैं कि इसमें चालक को छोड़कर 4 लोग बैठ सकते हैं तथा उनके इस हेलीकॉप्टर रूपी कार को लगन आदि में बुक करने वालों की काफी डिमांड है। पेशे से कारपेंटर सलमान की पकड़ी पुलिस चैकी के बगल में फर्नीचर आदि की दुकान है। जनपद के इस नौजवान के जुनून ने ऐसा तहलका मचा दिया है। इसे बनाने की परिकल्पना के संबंध में पूछे जाने पर सलमान बताते हैं कि वह एक यूट्यूब चैनल देख रहे थे जिसमें किसी बिहार के युवक ने ऐसा करके चैलेंज किया कि जो बिहार के लड़के कर सकते हैं वह कोई नहीं कर सकता। इस बात से उन्हें काफी तकलीफ हुई और उन्होंने इसे प्रतिष्ठा का सवाल बनाकर ठान लिया कि वह अपनी नैनो कार को हेलीकॉप्टर का रूप देंगे। वह इस जुनून में कबाड़ आदि से एकत्र की गई सामग्री तथा कुछ महंगे सामान दिल्ली, हरियाणा, जौनपुर, बनारस आदि से खरीद कर अपनी नैनो कार को हेलीकॉप्टर बनाने में जुट गए।



सलमान द्वारा बनाया गया हेलीकाप्टर कार।

उन्होंने बताया कि 4 महीने की अथक मेहनत के बाद वह इस कारनामा को अंजाम देने में सफल हुए। लाइटों से सुसज्जित किए गए इस नैनो हेलीकॉप्टर में ऐसी लाइटिंग की गई है जिसे लोग देखते ही रह जाते हैं। रात के समय इसकी खूबसूरती काफी बढ़ जाती है उनके इस कार को दूर से देखने पर ऐसा लगता है जैसे वास्तव में हेलीकॉप्टर ही आकर जमीन पर उतरा हो।

## जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का चल रहा खेल

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** शासन द्वारा गावों को डिजिटल कर सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है बावजूद जनसेवा संचालकों द्वारा प्रमाण पत्र बनाने का खेल खेला जा रहा है। ग्राम प्रधान ने मामले में सीएमओ को पत्र भेज कर जांच की मांग की है। जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र को इधर कई वर्षों से आनलाइन कर दिया गया है। गावों में सभी प्रमाण पत्रों की उपलब्धता के लिए मानदेय पर तैनाती की गयी है फिर भी लोग जनसेवा का चक्कर काट रहे हैं। दोनो प्रमाण पत्रो के बनाने का खेल लंबे समय से चल रहा है। मृत्यु कहीं होती है और प्रमाण पत्र में कहीं और से जारी कर दिया जाता है। यही नहीं आजमगढ़ में बन रहे प्रमाण पत्र में बलिया जनपद का केन्द्र दिखाया जा रहा है। आवंक गांव निवासी रमाशंकर नामक व्यक्ति के निधन के बाद खालीसपुर बाजार में स्थित जनसेवा केन्द्र से मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया तो प्रमाण पत्र पर जारी अधिकारी की मुहर छपरा बलिया की दी गयी है। मामले की जानकारी होने पर ग्राम प्रधान जाहिद खा ने सीएमओ को पत्र भेज कर जनपद में चल रहे प्रमाण पत्र के खेल पर रोक लगाने की मांग की है। जाहिद ने कहा कि यह खेल लंबे समय से चल रहा है और विभाग की मिलीभगत से खेला जा रहा है।

# खाद्य आयुक्त ने व्यापारियों की समस्या सुन किया निराकरण

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** सहायक आयुक्त (खाद्य) आजमगढ़ मण्डल, द्वारा मारवाड़ी धर्मशाला में विभिन्न खाद्य कारोबारियों की समस्याओं का अनुश्रवण कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया। शासन के निर्देशानुसार हर त्रैमासिक चक्र में खाद्य व्यवसाय से जुड़े विभिन्न प्रकार के व्यापारियों की समस्याओं का अनुश्रवण कर उसका निराकरण करना तथा आवश्यक हो तो उसको शासन को प्रेषित किया जाये।



बैठक में उपस्थित व्यापारी व खाद्य अधिकारीगण।

व्यापारियों ने विभिन्न समस्याओं से सहायक आयुक्त (खाद्य) को अवगत कराया कि लाइसेंस का नवीनीकरण के लिए लाइसेंस की अवधि समाप्ति के 30 दिन पूर्व न करने पर प्रतिदिन 100 की पेनल्टी को समाप्त किया जाय। इसके अतिरिक्त मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने व्यापारियों से अपील किया कि आप सभी लोग अपने कैश मेमो या टैक्स इनवॉइस पर १ि लाइसेंस नम्बर अनिवार्य रूप से अंकित करें। इसके अतिरिक्त यह सभी व्यापारियों से अपील किया गया कि आप सभी लोग नमूना संकलन के समय उस खाद्य पदार्थ को जहां से क्रय किया है, उसका बिल या कैश मेमो अवश्य प्रस्तुत करें, जिससे उसके विरुद्ध भी विधिक कार्यवाही कर उस अंतिम विक्रेता या उत्पादनकर्ता तक पहुंचा जा सके। रेस्टोरेंट व्यवसाइयों ने नए विनियम में प्रति सर्विंग उससे प्राप्त ऊर्जा (कैलोरी) का अंकन अनिवार्य रूप से करने पर आपत्ति जताई और उसे हटवाने की मांग की तथा व्यापारियों द्वारा यह प्रशंसा कि गयी कि इस तरह की बैठक व्यापारियों के हित में हर माह किया जाना उपयोगी होगा। उक्त बैठक में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण आरसी शुक्ल, प्रेम चंद्र, आरबी चैहान, संजय सिंह, अंकित सिंह, मण्डलीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी साकिब खान व जनपद के प्रतिष्ठित व्यवसायी सम्मिलित हुए।

# सरल व सादे मिजाज के थे लोदी यादवः बलराम

### लोदी किसान इंटर कॉलेज महादेवपुर में मनायी गयी 20वीं पुण्य तिथि

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** क्षेत्र के मालवीय कहे जाने वाले सामाजिक संत व लोदी किसान इंटर कॉलेज महादेवपुर, लोदी किसान महाविद्यालय महादेवपुर के संस्थापक स्व.लोदी यादव की 20वीं पुण्यतिथि मंगलवार को लोदी किसान इंटर कॉलेज महादेवपुर के प्रांगण में मनाई गई। जयंती समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया।



स्व.लोदी यादव को पुष्पांजलि अर्पित करते पूर्व मंत्री बलराम यादव।

पूर्व मंत्री बलराम यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष सुभाष जायसवाल, ब्लाक प्रमुख चंद्र शेखर यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चन्द्रजीत यादव, राधेश्याम यादव, बेचू यादव, हरीराम यादव सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पूर्व मंत्री बलराम यादव ने कहा कि मेरे पिता स्व.लोदी यादव बहुत ही सादे स्वभाव के व्यक्ति थे। वह सामाजिक संत कहे जाते थे। इनके कर्मों की वजह से ही आज मैं पूरे प्रदेश में जाना पहचाना जाता हूं। इनके पद चिन्हों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि इन्होंने अपने जीवन में तमाम शिक्षा के मंदिर की स्थापना किया है। ब्लॉक प्रमुख चन्द्रशेखर यादव ने कहा कि स्व.बाबा लोदी यादव हम लोगों के प्रेरणा स्रोत हैं।

इन्होंने हम लोगों को उंगली पकड़ कर चलाया है तथा शिक्षा के लिए प्रेरित किया करते थे। नगर पंचायत अध्यक्ष सुभाष चंद्र जायसवाल ने कहा कि स्व.लोदी यादव बहुत ही सूझबूझ वाले व्यक्ति थे। इस अवसर पर जगदंबा प्रसाद यादव, हीरालाल यादव, सुभाष चंद्र यादव, कलावती, प्रेमशीला, प्रमिला यादव, डॉ.रामाश्रय यादव, तेज बहादुर यादव, बृजेश यादव, गीतांजलि, राधेश्याम यादव, चन्द्रजीत यादव, कमला यादव, हाजी मोहम्मद अनवर अंसारी, बेचू यादव, तीरथ यादव, हरीराम यादव, मुलायम यादव, जयप्रकाश यादव, श्रीराम मौर्य, महेंद्र, उमाशंकर यादव, रमापति, रामहित यादव आदि उपस्थित रहे।

## नगर निकाय चुनाव के लिए भाजपाइयों ने कसी कमर

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** नगर पंचायत चुनाव की सुगबुगाहट होते ही देश की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने नगर पंचायतों में ताबड़तोड़ बैठक प्रारम्भ कर दिया ।प्रदेश, जिला व मंडल स्तर के कार्यकताओं को सक्रिय किया गया। जीयनपुर नगर पंचायत में नगर निकाय के चुनाव प्रभारी दिवाकर सिंह महीनों से लगे हुए हैं। हर सप्ताह में बैठक की जा रही है। जीयनपुर नगर पंचायत में कुल 11 वार्ड है। 11 वार्ड में प्रतिदिन समीक्षा कर रहे हैं। अजमतगढ़ नगर पंचायत में भी कुल 11 वार्ड वहां भी बैठक की जा रही है। जिले से लेकर नगर पंचायत तक तमाम टीम बनी हुई है। जिले के पूर्व महामंत्री व चुनाव प्रभारी जीयनपुर दिवाकर सिंह ने बताया कि जीयनपुर का नगर पंचायत चुनाव लड़ा जाएगा और जीता भी जाएगा। भारतीय जनता पार्टी वर्षों से निरंतर प्रयासरत है और उसी प्रयास का परिणाम रहा कि कई जगह चुनाव पक्ष में रहा है। भाजपा की मंगलवार को जीयनपुर में बैठक हुई जिसमें पन्ना प्रमुख बनाये गये। मेरा बूथ सबसे मजबूत बूथ जीता तो चुनाव जीता इसी मंत्र के सहारे भाजपा के कार्यकर्ता चुनाव जिताने में अपने उम्मीदवारों को लगे हुए है। बैठक में जयप्रकाश सिंह, आशुतोष जायसवाल, मदन मोहन श्रीवास्तव, नीलू श्रीवास्तव, सुरेश प्रजापति, धर्मेंद्र सिंह, चंद्रशेखर सिंह, बबलू सिंह, बाँके लाल यादव, सुधीर राय, आलोक चैरसिया, संतोष जायसवाल, आलोक श्रीवास्तव, आदि उपस्थित रहे।

# महिलाओं को किया जागरूक

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** महिला कल्याण विभाग द्वारा विकास खण्ड बिलरियागंज में राष्ट्रीय जेण्डर अभियान के अन्तर्गत मंगलवार को चैथे दिन महिलाओं के विरूद्ध हिंसा से जुड़े मुद्दों के प्रति महिलाओं को जागरूक किया गया।



बिलरियागंज में शपथ लेतीं महिलाएं।

महिला कल्याण अधिकारी प्रीति उपाध्याय ने कहा कि समाज से लिंग भेदभाव को समाप्त करें एवं बेटा-बेटी में भेदभाव न करें, दोनों को समान शिक्षा दें तथा दोनों से घर का काम समान रूप से करायें। उन्होने कहा कि लड़कों को महिलाओं एवं बालिकाओं का सम्मान करना भी सिखायें। साथ ही महिलाओं का जहां भी शोषण हो, उसका कड़ा विरोध करें। उन्होने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, लिंग परीक्षण, कन्या भ्रूण हत्या, महिलाओं के खिलाफ हिंसा की रोकथाम एवं भेदभाव के उन्मूलन के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 के बारे में बताते हुए कहा कि इस अधिनियम का उद्देश्य घरेलू हिंसा से महिलाओं को बचाना और पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता उपलब्ध कराना है। इस कानून के तहत घरेलू हिंसा के दायरे में अनेक प्रकार के हिंसा और दुर्व्यवहार आते हैं। जिसमें शारीरिक दुरूपयोग, लैगिंग शोषण, मौखिक और भावनात्मक हिंसा, आर्थिक हिंसा, ये सब घरेलू हिंसा की श्रेणी में आते हैं। महिलाओं हेतु संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का पम्पलेट वितरित किया गया एवं शपथ भी दिलायी गयी। इस अवसर पर आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री सहित विकास खण्ड बिलरियागंज के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### अमेरिकी वैज्ञानिक ने मां करुणा पब्लिक स्कूल को लिया गोद



**तरवां (आजमगढ़)।** सरवनपुर (शादीपुर) के मूल निवासी, समाजसेवी एवं अमेरिका में वैज्ञानिक विनोद सिंह पुत्र स्व.नौबत सिंह ने मेहनाजपुर क्षेत्र में स्थित मां करुणा पब्लिक स्कूल को गोद लेने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के मेधावी छात्रों को मुफ्त शिक्षा प्रदान की जाएगी एवं कक्षा 12 उत्तीर्ण करने के बाद प्रत्येक मेधावी छात्रों की आगे की पढ़ाई एवं तैयारी का पूरा खर्च वहन किया जाएगा चाहे वह बच्चा किसी क्षेत्र में जाना चाहता हो। उन्होंने कहा कि उन्हें स्कूल गोद लेने की बेहद खुशी है और अब स्कूल का हर बच्चा उनका बच्चा है। उन्होंने यह भी कहा कि वह स्वयं निचले स्तर से उठकर आज ये मुकाम हासिल किए हैं। वह बच्चों का दर्द और जरूरतें समझते हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह, प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार सिंह एवं प्रबंधन समिति के सदस्य राकेश यादव, शशि भूषण सिंह, सतीश सिंह, अंकित शर्मा एवं विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने पूरे हर्षोल्लास के साथ किया।

### पट्टे से अधिक बालू खनन से किसानों में आक्रोश



**महराजगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लॉक के देवारांचल में बालू खनन को लेकर आसपास के किसानों और जमीन के सह खातेदारों ने सरकारी पट्टे से अधिक जमीन पर खनन को लेकर थाना प्रभारी को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। सह खातेदारों और किसानों का आरोप है कि देवारा तुर्कचारा के गाटा संख्या 297 मि. के 18 विस्वा के रकबे पर बालू खनन की सरकारी अनुमति ली गई है। उक्त रकबा कर्मी देवी के नाम पर हैं परंतु सरकारी अनुमति के नाम पर अनुमति प्रासकर्ता द्वारा 18 बिस्वा से अधिक के रकबे पर खनन किया जा रहा है जिसको लेकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य शीला यादव के नेतृत्व में किसानों और सह खातेदारों ने स्थानीय कोतवाली में कोतवाली प्रभारी कमल कांत वर्मा से शिकायत करते हुए शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। थाना प्रभारी ने किसानों और सह खातेदारों को स्थलीय और अभिलेखीय निरीक्षण के साथ-साथ संबंधित विभाग की जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

### जबरिया निकाल ले गये खेत से मिट्टी



**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के नसीर पुर खालसा गांव के रोड के किनारे निजामाबाद बाईपास के पास खतिरपुर के प्रधान ओम प्रकाश जायसवाल और प्रेम प्रकाश जमीन है जिसके विवाद का मुकदमा उपजिलाधिकारी निजामाबाद के कार्यालय में चल रहा है। मंगलवार को कुछ लोग लग्जरी गाड़ियों से दो जेसीबी और दर्जनों ट्रैक्टर लेकर पहुंचे और जबरन मिट्टी खोदने लगे। सूचना मिलते ही खतिरपुर के प्रधान के भाई वहां पहुंच कर काम रोकने के लिए कहा। दोनों पक्षों में घण्टों वाद विवाद होता रहा लेकिन खनन कर रहे लोग जबरन मिट्टी निकलते रहे। पीड़ित ने थाना तहसील सभी अधिकारियों को लिखित तहरीर दिया लेकिन खनन होता रहा। घटना की सूचना पर नायब अभिषेक सिंह मौके पर पहुंच कर दोनों पक्षों के लोगों को अपना अपना कागजात लेकर तहसील आने को कहा।

### कृषक गोष्ठी में उत्पादन बढ़ाने की दी गयी जानकारी



**लालगंज (आजमगढ़)।** तरवां विकासखंड परिसर में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम रबी निवेश मेला व रबी उत्पादक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषक गोष्ठी में जिले से आये कृषि वैज्ञानिक डॉ वेदप्रकाश सिंह एवं अवधेश सिंह प्राविधिक सहायक ने कृषि उत्पादन बढ़ाने के साथ कृषि लागत कम करने के विभिन्न तरीकों से किसानों को अवगत कराया। डॉक्टर अजय सिंह तरवा ने खरपतवार नियंत्रण एवं कीट रोग प्रबन्ध के बारे में लोगों को जानकारी प्रदान की। सहायक कृषि निरीक्षक बलराम सिंह यादव ने इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट एवं जैविक कृषि के बारे में उपस्थित काश्तकारों को विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम खंड विकास अधिकारी तरवां प्रियंका सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जय प्रकाश सिंह, अजीत सिंह, के साथ कृषि विभाग से सहायक कृषि अधिकारी ओमप्रकाश, रमेश यादव, कमलेश यादव, बृजेश कुमार, आनंद कुमार, आनंद प्रकाश, बांकेलाल यादव, एसके सिंह, शशांक सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### पीड़ित ने एसपी से लगायी न्याय की गुहार



**आजमगढ़।** बिलरियागंज थाना क्षेत्र के वनार्पुर जगदीशपुर गांव निवासी ललसू ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगायी तथा झूठे आरोप में फसाने वाले साजिशकताओं के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। बिलरियागंज थाना क्षेत्र के वनार्पुर जगदीशपुर गांव निवासी ललसू पुत्र कल्पू ने पुलिस अधीक्षक को सौपे पत्रक के माध्यम से बताया कि सरदौली गरथौली बूढ़ानपुर में उसकी और सहखातेदार की भूमिधरी है उक्त जमीन को दबंग चैतू पुत्र पुन्नू द्वारा बहुत दिनों से कब्जा किया गया था। प्रशासन के निष्पक्ष कार्यशैली के चलते उक्त कब्जे को खाली कराया जा सका। पीड़ित का अरोप है कि जालसाज दबंग फितरबाज किस्म के शिवमोहन शिल्पकार के प्रभाव में आकर विपक्षी चैतु व उसके पुत्रगण द्वारा अपनी बकरी को स्वयं काटकर पोखरी में फेकवाकर पीड़ित और उसके परिवार पर फर्जी मुकदमें में फसाने की साजिश रची गयी। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को सौपे प्रार्थना पत्र के माध्यम से झूठे मामले की जांच कराने व साजिश रचने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

### हत्या में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार



**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना अहरौला पुलिस ने हत्या के प्रयास में वांछित चल रहे 2 अभियुक्तों को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया। बीते 10 दिसम्बर को वादी मुकदमा देवेन्द्र निषाद पुत्र दुख्खू निषाद निवासी समदी थाना अहरौला ने थाना स्थानीय पर शिकायत किया कि विपक्षी राम अजोर निषाद पुत्र सियाराम निषाद, वीरेन्द्र निषाद पुत्र रामराज निषाद, मोनू निषाद पुत्र राम अजोर निवासीगण समदी थाना अहरौला द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर आलोक निषाद को गोली मारकर घायल किया गया। गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी। उक्त के संबंध में पुलिस ने राम अजोर निषाद पुत्र सियाराम निषाद आदि 3 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश में थी। मंगलवार को पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त देवेन्द्र निषाद पुत्र दुख्खू निषाद व वीरेन्द्र निषाद पुत्र रामराज निषाद निवासी समदी थाना अहरौला को शाहपुर बाजार पुलिया के पास से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

### बघरा गोलीकाण्ड में वांछित अभियुक्तों पर पुरस्कार घोषित

**लालगंज (आजमगढ़)।** बीते 17 दिसम्बर 2022 को थाना तरवां के ग्राम बघरा में गोली चलने की घटना हुयी थी। जिसमें रविकेश यादव की मौके पर ही मृत्यु हो गयी तथा सचिन यादव के अंगूठे में गोली लगी थी। इसके सम्बन्ध में नामजद 4 अभियुक्तो के विरुद्ध थाना तरवां पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। उक्त मामले में फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने 25-25 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित किया है। वांछित व फरार अभियुक्तो में संचम यादव, पंचम यादव पुत्रगण राम प्रसाद यादव निवासी बघरा थाना तरवां तथा लालजी यादव पुत्र स्व. मोती यादव निवासी बघरा थाना तरवां और अरविन्द यादव पुत्र भोला यादव निवासी बघरा थाना तरवां की गिरफ्तारी के लिए एसपी अनुराग आर्य ने 25-25 हजार का पुरस्कार घोषित किया है।

# तालाब में गंदगी पर भड़कीं सीडीओ ने लगाई फटकार


निरीक्षण करतीं सीडीओ

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस ने विकास खण्ड सीटी, ग्राम पंचायत-अघवार एवं लोहंदी कला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी रामदरस चौधरी, ग्राम पंचायत सचिव तरूण कुमार भारती, तकनीकी सहायक जमुना प्रसाद एवं ग्राम प्रधान पुष्पा गौतम उपस्थित रहीं।

अमृत सरोवर एवं ओपेन जिम का निरीक्षण ग्राम पंचायत अघवार के अमृत सरोवर के ओपेन जिम की कुल अनुमानित लागत-2.40 लाख, जिसके सापेक्ष-2.27 लाख खर्च मनरेगा से किया गया है। ग्राम पंचायत द्वार राज्य वित्त एवं चैदहवॉ वित्त से रु-2 लाख का जिम उपकरण का क्रय किया गया है। अमृत सरोवर का पानी बहुत गंदा पाया गया। तालाब की बाउण्ड्री राज्य वित्त से कराने का निर्देश दिया गया। ओपेन जिम एवं अमृत सरोवर अगल बगल होने के दृष्टिगत उन्हें कटीले तारों से घेरने का निर्देश दिया गया। जिम का संचालन एवं अमृत सरोवर में बोटिंग हेतु टेण्डर प्रक्रिया एक सप्ताह में कराने का निर्देश दिया गया। जिससे ग्राम पंचायत को आय का स्त्रोत मिले एवं पर्यटन को बढ़ावा मिले। मौके पर खण्ड विकास अधिकारी, अवर अभियंता उपेन्द्र नाथ तिवारी, ग्राम पंचायत सचिव पंकज सिंह, तकनीकी सहायक अवधेष कुमार एवं ग्राम प्रधान संतोष यादव उपस्थित रहें। अमृत सरोवर में पानी बहुत कम था, जिस पर गहरी नाराजगी व्यक्त किया गया। अमृत सरोवर पर ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है, जिसके सन्दर्भ में निर्देषित किया किया गया कि तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराया जाय एवं अमृत सरोवर के पास सिल्ट चैम्बर बनाया जाय, जिससे तालाब के अन्दर अपषिश्ट पदार्थ (पालीथीन इत्यादि) ना जा सके।

## जनपद में बोर्ड परीक्षा के लिए बनाये गये 119 केन्द्र

**मीरजापुर।** डीएम दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। डीएम द्वारा जनपद में सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये कुल 119 विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाये जाने हेतु संस्तुति प्रदान की गयी। उन्होने जिला विद्यालय को निर्देशित करते हुये कहा कि विद्यालयों की धारण क्षमता एवं भौतिक संसाधनों के अनुसार परीक्षार्थियों का समायोजन किया जाय। उन्होने कहा कि चयनित परीक्षा केन्द्रों का प्रशासनिक दृष्टिकोण से पुनः जॅाच करा लिया जाय, ताकि परीक्षा केन्द्रो पर सभी बुनियादी सुविधायें उपलब्ध रहें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ला, अपर डीएम नमामि गंगे अमरेन्द्र कुमार वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक अमर नाथ सिंह के अलावा अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## काफी दिनों से भटक रही महिला को मिला न्याय


महिला को नियुक्ति पत्र देतीं डीएम

**मीरजापुर।** नगर पालिका परिषद से समूह घ के चालक पद पर कार्यरत कर्मचारी रामू पुत्र स्व0 महंगू के 07 अक्टूबर 2021 को नगर पालिका में सेवाकाल के दौरान मृत्यु हो गयी थी, उसके मृत्यु के पश्चात परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी उनकी पत्नी दामिनी के ऊपर आ गयी थी। दामिनी की आर्थिक हालत काफी दयनीय हो गयी।

दामिनी अनुकम्पा के आधार पर मृतक आश्रित के रूप में नियुक्ति के लिये भटक रही थी। दामिनी किसी के माध्यम से जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के समक्ष प्रार्थना पत्र देकर अपनी फरियाद सुनाई गई। प्रकरण की जानकारी करते हुये जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नियमानुसार कार्यवाही करते हुये मृतक आश्रित पर नियुक्ति करने हेतु निर्देशित किया गया। चूकि आवेदिका पढ़ी लिखी नही थी अतएव जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका के द्वारा आवेदिका दामिनी पत्नी स्व0 रामू निवासिनी ग्राम गोपालपुर, राजापुर थाना कोतवाली देहात की नियुक्ति नगर पालिका परिषद मीरजापुर में अकेन्द्रीयत पद के रिक्त सफाई कर्मचारी पद पर करते हुये जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रट में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

नियुक्ति पत्र पाकर आवेदिका काफी प्रसन्न व खुशहाल देखी गयी। जिलाधिकारी के इस पहल की उपस्थित लोगों के द्वारा सराहना की गयी।

## टीबी जांच कैंप लगाया गया बुखार के मरीज कराएं जांच


रोगियों की जांच करने पहुंची टीम।

**आग्रह**

### दो बच्चियों की टीवी से हुई मौत पर करायी गयी जांच

**अहरौरा।** नगर के डीह वार्ड में टीबी मरीजों के जांच के लिए सीएचसी दस्ते द्वारा डोर टू डोर सैंपल कलेक्शन किया गया, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र अग्रहरि के पहल पर सीएचसी अधीक्षक डाक्टर अवधेश सिंह के नेतृत्व में अहरौरा सीएचसी पर तैनात व जमालपुर से विशेष रूप से बुलायी गयी टीबी जांच टीम मंगलवार को सुबह डीह वार्ड पहुंच लोगों को सैंपल किट सौंपा। हिदायत दिया कि मुहल्ले में जिस किसी को भी टीबी संबधित लक्षण खांसी बुखार अथवा सर्दी की शिकायत हो वे लोग परीक्षण अवश्य करवा लें। जिससे समय रहते लोगों का निदान कराया जा सके। जांच दल मे डाक्टर अभिषेक, सुरेश कुमार, रंजीत उपाध्याय सहित भाजपा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र अग्रहरि, जयकिशन जायसवाल, विनोद सोनकर, रिंकू, विनोद सोनकर, बिंदा आदि रहे।

### बिनानी महाविद्यालय में छात्रसंघ की मांग को लेकर प्रदर्शन

**मीरजापुर।** नगर के जीडी बिनानी महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर छात्रों ने मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया। कहा कि एक माह से धरना प्रदर्शन के साथ ही छह बार पत्रक दिया गया। महाविद्यालय एवं जिला प्रशासन को पत्रक सौंपने के बाद भी कोई ठोस निर्णय नही लिया गया। छात्रों ने छात्र संघ चुनाव कराए जाने की पुरजोर मांग की। छात्रों ने महाविद्यालय प्रशासन छात्र हितों की अनदेखी का आरोप लगाया। महाविद्यालय के प्राचार्य उमेश सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन की अनुमति से मिलने पर चुनाव की तिथि की घोषणा की जाएगी। जीडी बिनानी महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव को लेकर एक बार फिर सरगर्मी बढ़ गई है। छात्र चुनाव प्रचार करते हुए अति शीध्र चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। महाविद्यालय और जिला प्रशासन नगर निकाय चुनाव की तिथि घोषित किए जाने का इंतजार कर रहा है। छात्र नेता उपेंद्र सिंह का कहना है कि सत्र आधा से ज्यादा बीत चुका है, लेकिन छात्र संघ का चुनाव नहीं कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि चुनाव कराने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन संभालता है। लिहाजा उसके द्वारा अनुमति मिलने के बाद तिथि की घोषणा की जाएगी।

# भाई को भेज रहा था फीस पैसा चला आया मीरजापुर

**सावधानी बरतें**

### पंजाब के युवक ने लगाई थी पुलिस से गुहार

### सीओ सदर शैलेद्र त्रिपाठी ने कराया वापस


सीओ सदर शैलेद्र त्रिपाठी

**मीरजापुर।** बीटेक की पढ़ाई करने वाले छोटे भाई हरमन सिंह की 22 हजार रुपया फीस जमा करने के लिए पेट्रोल टंकी पर काम करने वाले मनजोत गूगल पे का सोमवार को सहारा लिया। डिजिट लिखने में जरा सी गलती हुई और रुपया जिले के नुआव गांव में दूसरे खाता धारक के खाते में चला गया। जिस पर वार्ता किया गया तो युवक ने मोबाइल स्विच ऑफ कर दिया।

वाहनों में तेल भरने का काम करके परिवार चलाने वाले युवक मनजोत ने पंजाब से उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर की पुलिस से गुहार लगाई। लिहाजा योगी आदित्यनाथ की पुलिस युवक की गुहार पर सक्रिय हो गई। मोबाइल आफ करने के बावजूद खाता धारक को दबोच लिया। सीओ सदर शैलेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मनजोत के खाते में पैसा भेज दिया गया है। हुआ यह कि मनजोत खुद पेट्रोल पंप पर नौकरी करता है। वह अपने छोटे भाई हरमन सिंह को खूब पढ़ाना चाहता है। उसकी फीस जमा करने के लिए उसने अपने खाते से गूगल पर के द्वारा एक नंबर पर 22, 000 भेजना था। लिहाजा उसने पे करने के लिए सारे ऑप्शन को पूरा किया। लेकिन अंको के लास्ट डिजिट में उससे गलती हो गई। लिहाजा रुपया पंजाब के बजाय मीरजापुर में दूसरे खाते में आ गया।

विभिन्न माध्यमों से पता करते हुए उसने एसपी मीरजापुर से गुहार लगाई। मामला संवेदनशील होने के नाते एसपी ने सीओ सदर शैलेद्र त्रिपाठी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी। श्री त्रिपाठी ने जवानों को पता लगाकर खाता धारक को लाने के लिए भेजा।

अनायास 22000 खाते में आने पर युवक का मन डोल गया था। वह मोबाइल का स्विच ऑफ कर घूम रहा था। लेकिन पुलिस की चाह ने उसे युवक को थाने पहुंचा ही दिया। लिहाजा अब पुलिस खाते में आए हुए रकम को मनजोत के खाते में रिटर्न कर दिया गया।

# डीएम के निर्देश पर जिले के तहसीलों में असहायों को कम्बल का वितरण

**जाड़े से बचाव होगा**

### 1465 कम्बल का किया गया वितरण

**मीरजापुर।** कड़ाके की ठंड को देखते हुये जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में जनपद के चारों तहसीलों में सभी उप जिलाधिकारी द्वारा कुल 1465 निराश्रित/असहाय व गरीब व्यक्तियों को कम्बल/ब्लेंक्केट का वितरण किया गया। इसी प्रकार जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में जनपद में कुल 115 स्थानों पर अलाव जलाया गया। जनपद के सभी नगर पालिकों/नगर पंचायतों में रात्रि में आने वाले यात्रियों व गरीब व्यक्तियों आदि के लिये 06 स्थानों रैन बसेरा बनाया गया हैं।

उक्त आशय की विस्तृत जानकारी देते हुये अपर जिलाधिकारी वि0/रा0/प्रभारी अधिकारी आपदा शिव प्रताप शुक्ल ने बताया कि कड़ाके की ठंड व शीतलहर को देखते हुये जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी तहसीलों के उप जिलाधिकारी के द्वारा मलीन बस्तियों, झुग्गी, झोपड़ियों में रहने वाले गरीब व असहाय व्यक्तियों को कम्बल, ब्लेंक्केट का वितरण किया गया। अपर जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि कड़ाके की ठंड से बचने के दृष्टिगत जनपद में कुज 115 स्थानों पर अलाव भी जलाये गये, जिसमें तहसील सदर में 30, चुनार में 17, मड़िहान में 13 तथा लालगंज में 24, नगर पालिका परिषद मीरजापुर में 15, नगर पालिका चुनार में 06, नगर पालिका अहरौरा में 05, नगर पंचायत कछवा में 05 स्थानों पर अलाव जलवायें गये। इसी प्रकार रात्रि में यात्रा करने वाले यात्रियों, रिक्शा चालकों व अन्य व्यक्तियों के लिये जनपद के नगर पालिकाओं में 06 रैन बसेरा भी बनाया गया हैं। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि नगर पालिका परिषद मीरजापुर के अन्तर्गत सगरा बस स्टैण्ड में 25 व्यक्तियों की क्षमता, राजकीय रोडवेज परिसर मीरजापुर में 40 व्यक्तियों की क्षमता, तथा घंटाघर में 10 व्यक्तियों की क्षमता वाले अस्थायी रैन बसेरा का निर्माण किया गया हैं। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद अहरौरा पट्टी खुर्द पुलिस चैकी के बगल में 10 व्यक्तियों की क्षमता, नगर पालिका परिषद चुनार सामुदायिक भवन बालू घाट पर 20 व्यक्तियों की क्षमता तथा नगर पंचायत कछवा में जलकल परिसर में 10 व्यक्तियों की क्षमता वाला रैन बसेरा का निर्माण कराया गया। सभी रैन बसेरा में रजाई, गद्दा, चादर, तकिया, मैटी, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था डस्टबिन, मेडिकल किट तथा अलाव की व्यवस्था करायी गयी हैं। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने ठंड व शीतलहर को देखते हुये सभी उप जिलाधिकारियों एवं नगर पालिका/नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख चैराहो, बाजारों, रोडवेज एवं आवश्यकतानुसार अलाव तत्काल जलवाना सुनिश्चित करें।

### प्रदेश की प्रगति के लिए आवश्यक है व्यवसायिक शिक्षा : रत्नाकर मिश्र

**मीरजापुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को मंडल स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मंडल के तीनों जनपदों की चयनित 15 व्यवसायों में जिला स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किए अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आयोजन नोडल प्रधानाचार्य पीके शाक्यवार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सदर विधायक रत्नाकर मिश्रा द्वारा द्वीप प्रज्वलित करके किया गया। मुख्य अतिथि रत्नाकर मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा व्यवसायिक शिक्षा एवम कौशल विकास के क्षेत्र में अनेक कार्य किया जा रहा है जो प्रदेश की प्रगति के लिए आवश्यक है। प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को मुख्य अतिथि रत्नाकर मिश्रा ने अपने हाथों से मेडल एवं प्रमाण पत्र दिया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता विंध्याचल मंडल के संयुक्त निदेशक प्रशिक्षण एम एल गुप्ता ने किया। मौके पर जनपद भदोही के नोडल प्रधानाचार्य अजय यादव एवं सोनभद्र जनपद के नोडल प्रधानाचार्य जी एस यादव व छानबे आई टी आई प्रधानचार्य आलोक, संस्थान के कार्यदेशक उमाशंकर सिंह, अन्य उपस्थित रहे।

## वर्षा के जल संचयन को दो रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम लगेंगे : मनोज

जनसंदेश न्यूज

**योजना**


### रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम अधिष्ठापन कार्यों का अध्यक्ष ने किया शिलान्यास

**मीरजापुर।** नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल मंगलवार की सुबह तमाम भाजपा कार्यकताओं, पालिका के अधिकारियों के साथ लालडिग्गी स्थित पालिका के जलकल कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होने नगर के कई क्षेत्रों में पानी की समस्या को देखते हुये 15वें वित्त योजनांतर्गत मिनी नलकूप, नलकूप रिबोर, वाटर कूलर, रैन हार्वेस्टिंग सिस्टम अधिष्ठापन के प्रस्तावित कार्यों का फीता काटकर शिलान्यास किया। नगर में भूमिगत जलस्तर को बढ़ाने के लिए सिटी क्लब और जलकल कार्यालय के प्रांगण में भी रैन हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जायेगा।

बरसात के पानी का जलसंचयन करने की दृष्टि से नपाध्यक्ष ने यह निर्णय लिया है। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष ने कहा की पानी के समस्या के निदान और आम जनता की सुविधा के लिए 15वें वित्त योजना के अंर्तगत मिनी नलकूप अधिष्ठापन, रिबोर और नये वाटर अधिष्ठापन के प्रस्तावित कार्यों का शिलान्यास किया गया है। नगर के इन स्थानों पर वार्ड भ्रमण के दौरान स्थानीय रहवासियों द्वारा मिनी नलकूप लगाने और रिबोर कराने को लेकर मांग की गयी थी। इसके साथ ही नगर के इन सार्वजनिक स्थलों पर आमजन के सुविधा के लिए वाटर कूलर लगाने का फैसला लिया गया है। बरसात के पानी के जलसंचयन के लिए दो रैन हार्वेस्टिंग सिस्टम भी लगाए जायेंगे। मौके पर दिनेश तिवारी, भाजपा नगर मण्डल पश्चिमी अध्यक्ष अभय मिश्रा, गोवर्धन, आनन्द, विनोद, जलकल अभियंता सुधीर कुमार वर्मा, अवर अभियंता जटाशंकर पटेल, फोरमैन देवेन्द्र बहादुर सिंह आदि अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### कूप में गिरे बेसहारा दो बैल



**हलिया।** क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव स्थित वन चौकी के परिसर में बिना जगत के कूप में सोमवार को दो बेसहारा बैल अचानक कूप में गिर गये ग्रामीणों ने कूप में बैलों को गिरा देखकर इसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दिया जिस पर स्थानीय थाने के कांस्टेबल कुलदीप कुमार मौके पर पंहुचकर ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद दोनों बैलों को कूप से बाहर निकलवाया संयोग अच्छा था कि इस समय कूप में पानी नही है बताते चलें कि वन चौकी के परिसर बेसहारा पशुओं का आशियाना बन चुका है और सैकड़ों की संख्या में रात्रि में बेसहारा पशु परिसर में रहते हैं। इसके बाद झुंड के झुंड किसानों की फसल को चर रहे हैं जिसके कारण किसानों की फसल उजड़ रही है। ग्रामीणो ने संबंधित अधिकारियों से आश्रय स्थल की कई बार मांग की लेकिन वह भी नसीब नहीं हुआ।

### अवैध असलहा व कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना लालगंज पुलिस द्वारा एक अवैध तमंचा मय तीन जिन्दा कारतूस के साथ 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शस्त्र के विरुद्ध जारी अभियान में विधिक कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक लालगंज झानू प्रिया मय पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त, चेकिंग में भ्रमणशील थी कि इस दौरान थाना लालगंज क्षेत्र से पल्सर मोटरसाइकिल 02 व्यक्तियों प्रियांशू सिंह पुत्र प्रदीप सिंह निवासी खजुरी थाना लालगंज मीरजापुर, उमेश कंजर पुत्र वीरेन्द्र कंजर निवासी विकास नगर कॉलोनी थाना राबर्ट्सगंज सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया। आरोपी प्रियांशू के कब्जे से 02 जिंदा कारतूस व आरोपी उमेश कंजर के कब्जे से एक 315 बोर तमंचा मय 01 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार उपरोक्त दोनों आरोपियों को जेल भेजा गया। बरामद पल्सर मोटरसाइकिल का वैध कागजात प्रस्तुत न करने पर अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

### 70 लीटर कच्ची देशी शराब के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये गये है। मंगलवार को शिवजी सिंह मय पुलिस टीम द्वारा थाना लालगंज क्षेत्र से 03 आरोपियों छांगुर पुत्र रणधीर, आकाश पुत्र सुनील, राजेश पुत्र किशन निवासीगण खजुरी थाना लालगंज मीरजापुर को 20-20 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब(कुल 60 लीटर) के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई। वहीं दूसरी ओर उ0नि0 देवेन्द्रनाथ राय मय हमराह द्वारा थाना हलिया क्षेत्र से एक आरोपी रामकली पत्नी सियाराम निवासिनी हरसड़ थाना हलिया जनपद मीरजापुर को 10 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हलिया पर धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### महिला के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना अदलहाट मीरजापुर पर 13 अक्टूबर 2022 को थाना अदलहाट क्षेत्रांतर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा नामजद आरोपी के विरुद्ध स्वयं(वादिनी) को घर पर अकेला पाकर जबरदस्ती दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना अदलहाट पर धारा 376,511,506 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। मंगलवार को उ0नि0 राकेश कुमार सिंह मय पुलिस बल द्वारा की विवेचना में त्वरित कार्यवाही करते हुए नामजद आरोपी रामचन्द्र बिन्द पुत्र स्व0रामदास बिन्द निवासी धोबही थाना अदलहाट मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने दिया अलाव जलवाने का निर्देश

**लालगंज।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस/ उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा एवं तहसीलदार शशांक शेखर राय ने बढ़ती शीतलहर को देखते हुए क्षेत्र में दर्जनों गांवों में पहुंचकर सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने का लेखपालों को निर्देश दिया गया। कहा कि चिन्हित स्थानों पर अलाव जलता मिले। तहसील क्षेत्र के कुल 431 गांवों के अंतर्गत 24 सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि चिन्हित सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जल भी रहा है। तहसीलदार शशांक शेखर राय ने बताया कि क्षेत्र में सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण भी किया जा रहा है कि चिन्हित स्थानों पर अलाव जल रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के क्षेत्रीय लेखपालों को निर्देशित किया गया है कि अपने अपने क्षेत्र में चिन्हित स्थल पर अलाव जलवाने का काम करें। कहा कि यदि किसी क्षेत्र में चिन्हित स्थानों पर अलाव जलता नहीं मिलेगा तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### बीडीओ ने बताईं विज्ञान व गणित की बारीकियां

**लालगंज।** खंड विकास अधिकारी शिवनारायण सिंह ने मंगलवार को भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं से पठन-पाठन व शैक्षणिक गृह कार्य से लेकर क्लास वर्कगणित विषय को पढ़ाया। छात्र छात्राओं को बताया कि शिक्षा अभ्यास का विषय है। खंड विकास अधिकारी कक्षा 6 से लेकर 10 के छात्र छात्राओं को अलग-अलग विषयों को खास तौर से गणित विज्ञान के संबंध में प्रश्न करके प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी प्राप्त किए बच्चों को बताया कि क्लास वर्क और गृह वर्कदोनों में अभ्यास की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इसमें नियमित पठन-पाठन और विषय से संबंधित गतिविधि का अभ्यास प्रतियोगिता परीक्षा समिति बौद्धिक ऊंचाई मिलती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार द्विवेदी छात्र छात्राओं को माध्यमिक परीक्षा के तैयारी के संबंध में टिप्स बच्चों को बताएं। इस कार्यक्रम में नसरीन बेगम, मन मूरत, सूफिया बेगम, प्रीति मिश्रा, आंचल द्विवेदी, तनु अग्रहरी, नेहा अस्थाना, नम्रता अग्रहरि आदि मौजूद रहीं।

### गांव में मिला अजगर

**जिगना।** स्थानीय थाना के अंतर्गत हरगढ़ गांव के सूर्य बली पांडेय के बर्दवारी में बंधी भैंस के बगल में मंगलवार को 10 फिट लंबा अजगर देखा गया। अजगर दिखाई देने पर घरवाले व गांव वाले इकट्ठा हो गए। जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई। वन विभाग के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचकर अजगर को कब्जे में लेकर वन विभाग को चले गए।

### विख्यात डॉक्टर का आकस्मिक निधन, क्षेत्र में शोक

**कछवां।** आदर्श नगर पंचायत के प्रख्यात व विख्यात जाने माने चिकित्सक डा0 श्याम बिहारी सिंह का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं वाराणसी के महमूरगंज निवासी डॉक्टर श्याम बिहारी सिंह कछवां क्षेत्र के सर्वप्रथम एमबीबीएस डॉक्टर थे। वही मंगलवार शाम वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर परिवार जनों एवं उनके स्नेही जनों के समक्ष अंतिम संस्कार किया गया।

# किसी भी समस्या में हम हैं आपके साथ : डीएम


वृद्धाश्रम में सामान वितरित करतीं जिलाधिकारी।

जनसंदेश न्यूज

**कार्यक्रम**

### डीएम ने वृद्धाश्रम में बांटा कम्बल व अन्य उपयोगी सामान

**मीरजापुर।** वृद्धा आश्रम पटेंगरा नाला विंध्याचल में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के अध्यक्षता में 68 महिला एवं पुरुषों के बीच कंबल व कुछ अन्य दैनिक उपयोगी सामग्रियों को भेंट किया। साथ ही 11 नए टीबी रोगियों को गोद लेने का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में डॉक्टर सुधीर कुमार सिंह एवं क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव के साथ कछवां क्रिश्चियन हॉस्पिटल के प्रयास से किया गया। कछवां क्रिश्चियन हॉस्पिटल एवं जनपदीय स्वास्थ्य टीम द्वारा समस्त वृद्धजनों का शुगर, नेत्र, टीबी सहित अन्य स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए पाए गए समस्या ग्रस्त वृद्ध जनों को निःशुल्क दवा वितरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत जिला समन्वयक सतीश यादव द्वारा ऐसे मानवीय कार्य में मिले समय वह सहयोग के लिए जिलाधिकारी के साथ-साथ अन्य उपस्थित अधिकारी गणों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इन वृद्धजनों की सेवा व मदद करने के उपरांत मिलने वाले आशीर्वाद का कोई मोल नहीं है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र प्रसाद द्वारा आश्रम के निराश्रित को स्वास्थ्य संबंधी हर सुविधा आगामी समय में भी उपलब्ध कराते रहने का आश्वासन दिया गया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने निराश्रितों को आश्वासन दिया कि आप अपने को अकेला ना समझें। हम सभी आपके साथ हैं और आप सभी की किसी भी प्रकार की कोई समस्या आने पर समाधान के लिए हम सभी आपके बीच उपस्थित मिलेंगे।

इस दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर यू एन सिंह, डॉक्टर अनिल कुमार ओझा (एसीएमओ), डॉ सुदीप कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरीश चंद दुबे, दुर्गेश कुमार रावत, अवध बिहारी कुशवाहा, राजनाथ, मनीष कुमार, कमरुद्दीन, क्रिश्चियन हॉस्पिटल प्रबंधक रामचंद्र, अवनीश कुमार आश्रम अधीक्षक संजय कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### नशा से बर्बाद हो जायेगा नौनिहालों का भविष्य : नवनीत सेहरा


बस्ती के लोगों के साथ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट।

**लालगंज।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस/उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सभागार में कंजड़ बस्तिवासियों के साथ अवैध शराब कारोबार छोड़ने और नये रोजगार करने को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बताया गया कि कच्ची शराब का व्यवसाय बंद किया जाए। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस/उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा से संवाद करते हुए अवैध शराब कारोबारियों नेअपनी समस्याओं को रखा। बताया कि अवैध शराब के कारोबार में बहुत सारी समस्याएं आती है। बेहतर विकल्प मिलने पर इस कारोबार को छोड़ दिया जाएगा। बस्ती वासियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बताया कि सरकारी स्तर पर सरकार की संचालित योजनाओं की सुविधा उनके घर तक मिलेगी और छोटे-छोटे कारोबार के लिए बैंक से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। बस्ती के जसवंत सिंह ने बताया कि जो शराब का कारोबार नहीं करते हैं, उनको भी पुलिस द्वारा परेशान किया जाता है। इस संबंध में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बताया कि इस तरह नहीं होने दिया जाएगा। पर जो कानूनी रूप से गलत है, उसी पर पुलिस कार्रवाई होगी। कंजड़ बस्ती वासियों इस प्रशासनिक पहल को सकारात्मक बताते हुए कहा कि योजना गत व्यवस्था मिलने पर अवैध शराब का कारोबार छोड़ दिया जाएगा। खंड विकास अधिकारी शिव नारायण सिंह ने गांव स्तर पर संचालित विकास योजनाओं के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि शासन द्वारा मिल रहे सहयोग को दिया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रहीस अहमद के साथ पुरुष एवं महिलाएं भी मौजूद रही।

# कम्बल के सहारे गरीबों असहायों को ठंड से मिलेगी निजात : एसडीएम

**पुण्य का काम**

### रामेश्वरम समाजसेवी संस्था ने गरीबों में बांटे कंबल

जनसंदेश न्यूज


गरीबों को कम्बल वितरित करते एसडीएम।

**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र के ददरा हिनौता प्राचीन हनुमान मंदिर पर रामेश्वरम समाजसेवी संस्था की ओर से गरीबों असहायों के लिए कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। हनुमान मंदिर के देवस्थल से संस्था के प्रबंधक समाजसेवी रामेश्वर सिंह ने विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी गरीब बुजुर्गो को कम्बल वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और पुण्य के भागी बने।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी मड़िहान अश्विनी सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हें बुके देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष अरूण कुमार दूबे, विशिष्ट अतिथि अपना दल एस के रमेश सिंह पटेल का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

क्षेत्र में कड़ाके की ठंड को देखते हुए रामेश्वरम समाजसेवी संस्था अपने सहयोगियों के माध्यम से ददरा हिनौता हनुमान मंदिर के प्रांगण में दर्जनों गांवों से आए गरीब असहाय बुजुर्गो को कम्बल वितरण किया। इस अवसर पर एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह ने कहा कि संस्था की ओर से यह कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय एवं पुण्य का कार्य किया जा रहा है जिसमें गरीब परिवार के सदस्यों को हर तरह से मदद की जा रही है। ऐसे लोगों को समाज की जरूरत है और उनके सामाजिक कार्यों की प्रशंसा एवं सहयोग करके आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

# विश्व हिन्दू महासंघ ने फूंका शाहरुख व दीपिका पादुकोण का पुतला

**विरोध प्रदर्शन**

### फिल्म पठान देश व समाज में वैमनस्य फैलाने का कर रही कार्य

जनसंदेश न्यूज



पुतला फूंकते विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ता

**ओबरा।** शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की आगामी फिल्म पठान के हाल ही में रिलीज हुए गाने बेशरम रंग को लेकर विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। देश भर में इस फिल्म को लेकर भारी विरोध प्रदर्शन हो रहा है।

मंगलवार को विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं ने भी अभिनेता शाहरुख खान और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण का पुतला जलाकर विरोध जताया। संगठन के जिलाध्यक्ष रामकुमार जायसवाल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने कहा कि फिल्म से जुड़े लोगों द्वारा हिंदू सनातन धर्म को आहत किया गया है। शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण द्वारा अभिनीत फिल्म पठान देश व समाज में वैमनस्य फैलाने का कार्य कर रही है। फिल्म में केसरिया रंग का मजाक बनाने तथा नारी अस्मिता के साथ खिलवाड़ करने से विश्व हिंदू महासंघ आक्रोशित है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि फिल्म निमार्ताओं को हिंदू संस्कृति का भी ध्यान रखना चाहिए। हम ऐसी किसी भी फिल्म को नहीं चलने देंगे, जिसमें हिंदू मान बिंदुओं का उपहास, देवी देवताओं के अभद्र चित्र व नारी अस्मिता के साथ खिलवाड़ किया गया हो। इस दौरान संगठन सिनेमाघरों के मालिकों से भी अपील करेगा कि वे इस फिल्म को प्रदर्शित न करें। इस दौरान सत्यप्रकाश पांडेय, राकेश उपाध्याय, सुधीर पाठक, शुभम कुशवाहा, मनोज चौहान आदि रहे।

# जुमलेबाज सरकार ने देश का बेड़ा गर्क किया: राजेश द्विवेदी

जनसंदेश न्यूज

**खास मुलाकात**

### देश की सुरक्षा पर मंडरा रहा खतरा, महंगाई व बेरोजगारी से आम जनता परेशान




जनसंदेश टाइम्स कार्यालय में खास मुलाकात पर चर्चा करते पूर्व पीसीसी सदस्य राजेश द्विवेदी

**सोनभद्र।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व पीसीसी सदस्य राजेश द्विवेदी ने बीजेपी सरकार के विकास माडल को ढकोसला बताया। कहा कि जुमलेबाज सरकार ने देश का बेड़ा गर्क कर दिया है। महंगाई, बेरोजगारी दिनों दिन बढ़ रही है। देश की सुरक्षा खतरे में है। चीन व पाकिस्तान बार्डर पर लगातार हो रही घुसपैठ की घटनाएं इसका प्रमाण है। बीजेपी धर्म का उनमाद व छद्म राष्टवाद के सहारे राजनीति कर रही है। जनसंदेश टाइम्स कार्यालय में मंगलवार को खास मुलाकात के दौरान कांग्रेस नेता ने कानून व्यवस्था व विकास मुद्दे को लेकर सरकार पर जमकर हमला बोला।

सोनभद्र जिले को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू ने भारत का स्वीटजरलैड कहा था। उनके कार्यकाल में ही रिहंद डैम, बिड़ला एल्यूमिनियम प्लांट समेत कई कल कारखाने स्थापित हुए। हजारों लोगों को रोजगार मिला। आगे भी कांग्रेस शासन काल में सिमेंट निगम, एनटीपीसी, अनपरा व ओबरा में विद्युत परियोजनाओं की स्थापना हुई। सिंचाई के लिए कनहर बांध व सोन लिफ्ट कैनाल का निर्माण शुरू हुआ। 1990 के बाद यूपी में सपा, बसपा व बीजेपी की सरकार रही।

इनके कार्यकाल में विकास का कोई बड़ा कार्य जिले में नहीं हुआ। कांग्रेस की सत्ता जाने के बाद कानून व्यवस्था में लगातार गिरावट होती गई। गुंडे, माफियाओं को सरकार का संरक्षण मिलने लगा। वे जनप्रतिनिधि बनने लगे। योगी सरकार में भी अपराधियों पर निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हो रही है। इस सरकार से हर वर्ग परेशान है। बढ़ती महंगाई, जीएसटी, बेरोजगारी व खराब होती कानून व्यवस्था के मुद्दे को लेकर पार्टी निकाय चुनाव में जाएगी और बेहतर प्रदर्शन करेगी।

## संक्षेप

### नेकी की दीवार: आपके पास अधिक है तो यहां पर दें और नहीं है तो यहां से लें



फीता काटकर उद्घाटन करते सदर विधायक भूपेश चौबे

**सोनभद्र।** एक कहावत है नेकी कर दरिया में डाल। लेकिन सोनभद्र में लोग नेकी को दरिया में नहीं दीवारों पर टांग रहे हैं। जी हां रावर्ट्सगंज क्षेत्र के तहसील कालोनी युवा क्लब की ओर से कांशीराम पुलिस चौकी के पास नेकी की दीवार बनाई गई है। जहां से अब कई बेसहारों को मदद मिलेगी। ईरान की तर्ज पर रावर्ट्सगंज में नेकी की दीवार बनाई गई है। इसका स्लोगन दिया गया है, अगर आपके पास अधिक है तो यहां पर दें और अगर नहीं है तो यहां से लें। मंगलवार को सदर विधायक भूपेश चौबे व विश्व हिन्दु परिषद धर्म जागरण प्रमुख नर सिंह त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। युवा क्लब के संरक्षक अरूण प्रताप सिंह ने बताया कि नेकी की दीवार की मुहिम शुरू करने का निर्णय लिया गया है। जिस क्रम में तमाम जरूरत मंद लोग गर्म वस्त्र ले जा रहे है और कुछ लोग यहां कपड़े टांग कर चले जा रहे है। इस दौरान भाजपा मोहल्ला प्रमुख वार्ड पांच आकाश मिश्रा, समाजसेवी गणेश अग्रवाल, कमलेश चौबे, बृजेश श्रीवास्तव, ठाकुर अमित सिंह, राहुल मेहता, राजीव कुशवाहा, गौरव शुक्ला आदि रहे।

### दो ट्रकों में टक्कर, लगा जाम

**रेणुकूट।** पिपरी थाना क्षेत्र के रिहंद बांध के समीप स्थित नौकोठिया मोड़ पर मंगलवार की भोर में लगभग दो बजे दो ट्रकों की टक्कर से लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी प्रयास कर सुबह लगभग नौ बजे क्षतिग्रस्त ट्रकों को हटवाया तब जाकर जाम खुल सका। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। दोपहर दो बजे तक वाहनों की रफ्तार धीमी रही जिससे जाम की स्थिति घंटों बना रहा।

### ऑटो से गिरकर अधेड़ घायल, भर्ती

**दुद्धी।** कोतवाली क्षेत्र के धनौरा कृषि मंडी के पास मुख्य मार्ग पर एक चलती ऑटो से गिरकर एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार रघुनाथ 50 पुत्र हरिवंश निवासी डुमरडीहा ऑटो पर सवार होकर दुद्धी बाजार से अपने घर डूमरडीहा गांव जा रहे थे की कृषि मंडी के पास अचानक चक्कर आ गया और रघुनाथ गिर गए जिससे वे गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था मे तुरंत इलाज हेतु दुद्धी सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहाँ इलाज चल रहा है।

### वनिता समाज ने चिल्काडांड ग्राम में बांटा कंबल

**शक्तिनगर।** वनिता समाज एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर द्वारा परियोजना प्रभावित ग्राम चिल्काटाड़ ग्राम के 15 वार्ड के जरूरतमंद, निर्धन, दिव्यांग, विधवा एवं बुजुर्ग व्यक्तियों को सर्दी से राहत हेतु जयिता गोस्वामी अध्यक्षा, वनिता समाज, अन्य गण्यमान्य, अधिकारीगण, थानाध्यक्ष, वरिष्ठस दस्याओं एवं यूनियन के मानद सदस्यों, जनप्रतिनिधियों द्वारा 390 कंबलों का वितरण किया गया। इस कंबल वितरण का उद्देश्य सभी जरूरतमंद जनों को ठंड सेराहत दिलाना था। जयिता गोस्वामी ने कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली सभी जरूरतमंद जनों की सहायता हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कड़कड़ाती ठंड से राहत हेतु सभी जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया गया, ताकि गरीब लोगों कोसर्दी के मौसम से राहत मिल सके। इससे पूर्व बैगा बस्ती, परसवार राजा, अंबेडकर नगर, शक्तिनगर बस स्टैंड, पीडबल्यूडी मोड, ज्वाला मुखी मंदिर एवं कोटा बस्ती के जरूरतमंद एवं गरीब व्यक्तियों को सर्दी से राहत हेतु रात्रि में कंबल वितरण किया गया था। इस दौरान नील कमल भोगल, बिजोय कुमार सिकदर, राजेश कुमार एएसआई व यूनियन के प्रतिनिधिगण मौजूद थे।



### एक मुश्त समाधान योजना का उठाएं लाभ

**सोनभद्र।** समाज कल्याण अधिकारी(विकास)/जिला प्रबन्धक अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम मीना श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान सरकार ने उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम (समाज कल्याण ) विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में वितरित ऋण के बकायेदारों के हित को ध्यान में रखते हुये नई एकमुश्त समाधान योजना लागू की है, इसमें लाभार्थी का ऋण अवधि का साधारण ब्याज व चक्रवृद्धि ब्याज माफ कर दिया जायेगा, यह योजना उन मामलों में भी लागू होगी जिनकी वसूली प्रमाण-पत्र राजस्व विभाग को जारी किये जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि यह योजना 15 दिसम्बर से 30 जून 2023 तक लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में वितरित ऋण के बकायेदारों से अनुरोध है कि कार्यदिवस में भी 15 दिसम्बर से 3 जून 2023 तक सांय 5 बजे तक कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय में सम्पर्क कर मूलधन एवं समाधान ब्याज की धनराशि जमा कर एकमुश्त समाधान योजना का लाभ उठा सकते हैं।

# स्मृति ईरानी पर बयान मामले में कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष पर केस दर्ज

**नोटिस**

### भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता ने दिया था बयान, महिला आयोग ने दी नोटिस

जनसंदेश न्यूज



सदर कोतवाल को तहरीर सौंपती भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष

**सोनभद्र।** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सोनभद्र में केंद्रीय मंत्री व अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मंगलवार को सदर कोतवाली पुलिस ने यूपी कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ विभिन्न धारओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला आयोग ने मामले का संज्ञान लेते हुए कांग्रेस नेता को नोटिस जारी कर 28 दिसंबर को तलब किया है।

भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने सांसद स्मृति ईरानी पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर महिलाओं के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने का काम किया है। उधर पुलिस की एक टीम जांच के लिए वाराणसी रवाना कर दी गई है। सीओ सीटी राहुल पांडेय ने बताया कि भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष की तहरीर पर कांग्रेस नेता अजय राय के खिलाफ 354 (क), 501 व 509 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इधर राष्ट्रीय महिला आयोग ने अजय राय को नोटिस जारी कर 28 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे महिला आयोग के सामने पेश होना है। उधर इस मामले को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस जहां इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई बता रही है तो वहीं बीजेपी अजय राय की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रही है।

### अजय राय पर मुकदमा दर्ज करने पर विफरे कांग्रेसी, की निंदा

**सोनभद्र।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर आपत्तिजनक टिप्णी के मामले में एफआईआर दर्ज किए जाने की कांग्रेसजनों ने निंदा की है। कहा कि स्मृति ईरानी राजनीति में आने से पहले सिने कलाकर थी। इसी परिपेक्ष्य में अजय राय ने लटके झटके वाला बयान दिया था, इसमें कुछ भी गलत नही है। लेकिन बीजेपी सरकार विपक्ष की आवाज दबाना चाहती है। इसीलिए मुकदमा दर्ज कराया गया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष, रामराज गोड़, महिला जिलाध्यक्ष ऊषा चौबे, मीडिया प्रभारी शत्रुंजय मिश्रा, धीरज पांडेय, वरिष्ठ नेता राजेश द्विवेदी समेत तमाम कांग्रेसी नेताओं ने इस मामले में योगी सरकार को कटघरे में खड़ा किया। कहा कि प्रदेश में आए दिन महिला उत्पीड़न की घटनाएं हो रही हैं। सरकार इसे रोकने में नाकाम है कई दिनों तक पीड़ितों का मुकदमा नहीं लिखा जाता है। गुजरात की विलकिश बानों केस के आरोपियों को रिहा कर दिया गया। लेकिन अजय राय के बयान पर तत्काल मुकदमा लिख दिया गया। इससे साफ जाहिर होता है कि बीजेपी सरकार बदले की भावना से कार्य कर रही है। कहा कि अजय राय पर दर्ज मुकदमा वापस नहीं लिया गया तो पार्टी प्रदेशस्तर पर बड़ा आंदोलन छेड़ेगी।

### भाजपा विधायक ने अजय राय को दी खुली चुनौती दम हो तो मुझे हराएं

**सोनभद्र।** कांग्रेस पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के नरेंद्र मोदी को बनारस में हराने के बयान पर राजनीति गर्म हो गई है। मंगलवार को सदर विधायक भूपेश चौबे ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए अजय राय को खुली चुनौती दे दी। उन्होंने कहा कि दम हो तो वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में रावर्ट्सगंज सीट से मुझे हरा कर दिखाएं। अजय राय जहां से कहे हम वही से चुनाव लड़ेंगे और उन्हें हराएंगे। कहा कि कांग्रेस पार्टी का कोई वजूद नहीं बचा है। कांग्रेस में अनुशासन की कमी है। कांग्रेस नेता ने सोमवार को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लोस चुनाव में मोदी को वाराणसी से हराने की बात कहा था।

# जिला जज ने डीएम एसपी के साथ किया कारागार का निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** गुर्मा स्थित जिला कारागार का मंगलवार को जिला न्यायाधीश अशोक कुमार यादव, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान जिला जज ने कैदियों से मिलकर उनसे वार्ता किया और उनको उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के बारे में बारी-बारी से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने कैदियों से सरलता व सुगमता पूर्वक वार्ता कर कारागार द्वारा उपलब्ध करायी जा रही भोजन, नास्ता, स्वास्थ्य चिकित्सा, पीने के पानी आदि की गहनता पूर्वक जायजा लिया। जिला जज व जिलाधिकारी द्वारा महिला कैदियों से मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली गयी।

उन्होंने जिला कारागार के हातों के बैरकों में बारी-बारी से स्वयं जाकर कैदियों की स्थिति को देखा और वार्ता कर उनके परिवारों को मिलने-जूलने में हो रही दिक्कतों के बारे में पूछा, तो कैदियों द्वारा बताया गया कि यहां इस प्रकार की कोई समस्या नहीं होती है। इस दौरान उन्होंने महिला कैदियों के बच्चों के शिक्षा हेतु बने शिशु गृह के स्थिति का जायजा लिया, तो एक महिला कैदी द्वारा शिशुओं को पढ़ाती पायी गयी।

जिस पर बच्चों को और बेहतर शिक्षा देने के लिए निर्देशित किया गया। कारागार में बने अस्पताल बैरक को भी देखा जहां चिकित्सक उपस्थित मिले। कैदियों हेतु बनाये जा रहे रोटी, सब्जी चावल व दाल के गुणवत्ता को देखा गया और निर्धारित रोस्टर की जानकारी प्राप्त की गयी। निरीक्षण के दौरान सीजेएम सूरज मिश्रा, जेल अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव, प्रभारी जेलर सुरेश कमार सिद्धार्थ सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# आधा दर्जन दुकानों में भीषण चोरी

जनसंदेश न्यूज

**बेखौफ**

### नगदी समेत लाखों का सामान उड़ाया

### थाने से चंद कदमों की दूरी पर हुई चोरी से आक्रोश, नाराज लोगों ने किया चक्काजाम

**शक्तिनगर।** स्थानीय थाना के नाक नीचे बीती रात चोरों ने जमकर तांडव मचाया। आधा दर्जन दुकानों का ताला तोड़कर नगदी समेत सहित लोखों के सामान पर हाथ साफ कर लिया। घटना जानकारी के बाद आक्रोशित व्यापारियों ने चक्का जाम कर दिया। पुलिस द्वारा 48 घण्टे के अन्दर खुलासे के आश्वासन पर जाम समाप्त हुआ। बताया गया कि शक्तिनगर थाने के करीब सौ मीटर की दूरी पर आबाद राजीव गांधी मार्केट पीडब्ल्यूडी मोड़ पर बीती रात पहुंचे चोरो ने शटर का ताला तोड़कर अजीत अग्रहरि की किराना दुकान से दो लाख पंचानबे रुपया नगद, पप्पू अग्रहरि की दुकान से पैतीस हजार रुपये नगद, शर्मा मेडिकल स्टोर से पाँच हजार रुपये नगद के अलावा निहाल अहमद, नवीन कुमार एवं डॉक्टर पी एन पाठक के यहाँ भी तोडफोड़ कर हजारों का सामान लेकर चंपत हो गए।

सुबह जब दुकानदार अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो टूटा शटर एवं बिखरा सामान देखकर उनके होश उड़ गए। आधा दर्जन दुकानों में चोरी की जानकारी होने पर व्यापारी आक्रोशित हो गए एवं रोड जाम कर दिया। जाम की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए एवं लोगों को समझाने का प्रयास करने लगे लेकिन थाने के सामने हुई इस घटना से लोग हटने से इंकार कर दिया, प्रभारी निरीक्षक ने 48 घंटे के अन्दर चोरी का खुलासा करने का आश्वासन दिया तब जाकर लोगों ने जाम समाप्त किया।

पुलिस ने आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखना शुरू किया तो राजीव गांधी मार्केट के व्यापार मंडल अध्यक्ष अयोध्या गुप्ता के दुकान पर लगे कैमरे में रात करीब दो बजे के आस पास दो युवक लाईट तोड़ते दिखाई दे रहे थे जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोरों ने चोरी करने से पहले सबूत मिटाने का प्रयास किया है। चोरी की बड़ी घटना से जहाँ व्यापारियों में आक्रोश है। वही पुलिस की कार्य प्रणाली पर लोग सवाल उठा रहे हैं।

### भाजपा नेता व आभूषण व्यवसायी के घर को चोरों ने खंगाला, मचा हड़कंप



**दुद्धी।** कस्बे के दो वार्डों में बीती रात चोरों ने भाजपा नेता व आभूषण व्यवसायी के घर से नकदी समेत मोबाइल व लोखों के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब वे उठे तो अपना सामान मोबाइल नकदी समेत आभूषण गायब आवाक रह गए। कस्बे में जहां एक ही रात्रि में दो जगह चोरी कर चोरों ने पुलिस की नींद उड़ा दी है वहीं कस्बेवासियों में अगला शिकार खुद की होने का भय सता रहा है। घटना की जानकारी होने पर कस्बा इंचार्ज ने पीड़ितों के घर पहुँच कर चोरी के बावत जानकारी लेकर जांच में जुट गए है। बता दे पिकअप चोरी के बाद कुछ ही दिन बाद यह चोरी पुलिस सामने चुनौती बनती नजर आ रही है। वार्ड नं 9 निवासी भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह अपने परिजनों संग घर मे सोए हुए थे कि रात्रि में चोरों ने छत से घर मे प्रवेश कर मोबाइल,पर्स में रखे 4 हजार नकदी समेत 3 पायल व ब्रेसलेट पर हाथ साफ कर दिया। दूसरी घटना कस्बे के वार्ड नं 4 निवासी माँ गायत्री ज्वेलर्स के स्वामी अवधेश सोनी के घर की बाउंड्री फांद कर 18 हजार नकदी के साथ दो मोबाइल पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया।

## घायल महिला की इलाज के दौरान मौत




**रेणुकूट।** स्थानीय चौकी अन्तर्गत सोमवार की दोपहर सड़क दुघर्टना में घायल महिला की वाराणसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। मुर्धवा में स्थित वी मार्ट के सामने सोमवार की दोपहर में स्कूल से पढ़ाकर लौट रही अध्यापिका शैल देवी 50 पत्नी अशोक सिंह ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। जिनकी गंभीर हालत देखते हुए स्थानीय चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया। जहां वाराणसी में देर रात उपचार के दौरान अध्यापिका की मौत हो गई। सड़क पटरियों के क्षतिग्रस्त और अतिक्रमण के कारण नगर परिक्षेत्र में दुर्घटना में भारी इजाफा हुआ है। राहगीर सड़क पर चलते समय भयभीत रहते हैं।

# 2048 लाभार्थियों को बांटा गया ऋण स्वीकृत पत्र

**आयोजन**

### कलेक्ट्रेट सभागार में मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन

जनसंदेश न्यूज



लाभार्थी को ऋण स्वीकृत पत्र वितरित करते जनप्रतिनिधि व अधिकारी

**सोनभद्र।** कलेकट्रेट सभागार में मंगलवार को मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान 2048 लाभार्थियों को करोड़ों रुपए का ऋण स्वीकृत पत्र वितरित किया गया। इस दौरान सरकार द्वारा स्वरोजगार के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई और लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील की गई। मेगा क्रेडिट कैंप कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार किसानों, बेरोजगारों व गरीबों की भलाई के लिए तमाम योजनाएं चला रही हैं।

इन योजनाओं की सफलता का दारोमदार बैंकों पर है बैंकर्स यदि आसानी से पात्रों को ऋण उपलब्ध कराएं तो विकास को गति मिलेगी। उन्होंने लाभार्थियों से बैंक किस्त समय से जमा करने की अपील किया। इस दौरान समूहों को सीसीएल जारी करने में उत्कृष्ट कार्य के लिए इंडियन बैंक को प्रशस्ति पत्र दिया गया। अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्र ने बैंकों से सरकारी योजनाओं की पत्रावलियों को समय से निस्तारित करने का निर्देश दिया। इस मौके पर इंडियन बैंक के मीरजापुर मंडल प्रमुख कमलेश सिंह, एनआरएलएम उपायुक्त एके जौहरी, परियोजना अधिकारी डूडा रमेश उपाध्याय, अग्रणी जिला प्रबंधक अरुण कुमार पांडेय समेत विभिन्न बैंकों के प्रबंधक मौजूद रहे।

## सरकारी गजट की अवमानना बर्दाश्त नहीं

**ओबरा।** सरकारी गजट का उल्लंघन करते हुए ओबरा तहसील मुख्यालय ओबरा विधान सभा की जगह रॉबर्ट्सगंज विधानसभा में बनाए जाने के विरोध में अधिवक्ता 50 दिनों से आंदोलनरत है। वही इसे लेकर किया जा रहा भूख हड़ताल 14 वें दिन भी जारी रहा। मंगलवार को एड दिनेश दुबे तथा समाजसेवी विकास दुबे का भूख हड़ताल पर माल्यार्पण एड रामपाल शास्त्री व मिथिलेश तिवारी द्वारा किया गया।मौके पर सभा को अध्यक्ष रमेश मिश्रा, कपूरचंद पांडे, रमाशंकर यादव, महामंत्री अनिल मिश्रा, अनिल चौधरी, एसके चौबे, नसीम खान आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि ओबरा में तहसील बनाये जाने तक आंदोलन जारी रहेगा।इस अवसर पर एड अर्जुन शर्मा, एड पुष्पराज पांडे, एड अवधेश अग्रवाल, त्रिपुरारी शंकर पांडे, सुशील पांडे, राजेश गौतम, गजेंद्र यादव, उमेश चौबे, सुरेंद्र जौहरी, अनिल कुमार, विनोद गुप्ता, ब्रह्मा कुमार, कमलेश यादव, राज कुमार पांडे, राजू पाठक आदि मौजूद रहे।

# संघर्ष दिवस पर जरूरतमन्दों में हुआ कम्बल वितरित

**अवसर**

### समस्याओं को सरकार तक पहुचाने का किया जाएगा काम



जरूरतमन्दों में कम्बल वितरित करते विजय शंकर यादव

**ओबरा।** भारतीय अहिसा सेवा संस्थान के अध्यक्ष विजय शंकर यादव ने कहा कि संगठन 20 दिसम्बर को संघर्ष दिवश मनाता है। इस दिन वर्ष 2004 में छात्रों के मौलिक अधिकारों की आवाज उठाते हुए 9 दिन के अनवरत भूख हड़ताल के बाद आत्मदाह का प्रयास किया गया था। इस दौरान ईश्वर ने एक नया जीवन दिया। यह जीवन हमारे द्वारा ईमानदारी पूर्वक जनसेवा को समर्पित कर निरन्तर जन सेवा के क्षेत्र में अपने सामाजिक मंच के माध्यम से जनता की सेवा की जा रही है।

इसके तहत निरन्तर मतदाता जागरूकता अभियान के माध्यम देश प्रदेश में जनता को जगाते हुए संगठन प्रचार वाहन भी सेवा क्षेत्र में लगा रखा है। बेरोजगारी आयोग की मांग को लेकर संगठन सरकार को निरन्तर देश के युवाओं की समस्या से अवगत करा रहा है। डॉक्टर की पढ़ाई निशुल्क व सस्ती हो। सोनभद्र में एम्स की मांग को लेकर 2010 से संगठन अभियानरत है। वही मंगलवार को सँघर्ष दिवस के अवसर पर कड़ाके की ठण्ड को देखते हुए ग्रामीण अंचलों का दौरा कर जरूरत मन्दो में कम्बल वितरित किया गया। साथ ही आम जनो की समस्याओं को सुना गया। समस्याओं को सरकार तक पहुचाने का काम किया जाएगा। कम्बल वितरण कार्यक्रम जनवरी माह तक संगठन द्वारा जारी रहेगा।इस अवसर पर विनोद अग्रवाल, आनन्द तिवारी, वीरेंद्र शर्मा, अफजाल अहमद, अजय यादव, कमल वर्मा, अंतु कुमार, अमर नाथ, सुरेन्द्र भारती इत्यादि संगठन के लोग उपस्थित रहे।

# अपनी समस्याओं को पुलिस से बताएं व्यापारी: एएसपी

**बैठक**

## व्यापारियों के साथ एडीएम व एएसपी ने की मासिक बैठक


पुलिस लाइन सभागार में अफसरों संग बैठक करते एएसपी व एडीएम।

**चंदौली।** आपरेशन अपर पुलिस अधीक्षक सुखराम भारती की अध्यक्षता व अपर जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा की उपस्थिति में मंगलवार को पुलिस लाइन्स सभागार कक्ष में उद्यमियों की बैठक हुई। जिसमें व्यापारियों की समस्याओं को सुना गया एवं समस्याओं के निदान का आपरेशन एएसपी ने भरोसा दिया है।

आपरेशन एएसपी ने सभी व्यापारी बंधुओं से सिक्योरिटी कैमरा लगवाने के लिए आग्रह किया। साथ ही किसी भी तरह की परेशानी होने पर तत्काल इसकी सूचना नजदीकी पुलिस को देने की बात कही। वहीं व्यापारी बन्धुओं को पुलिस की तरफ से सुरक्षा का माहौल प्रदान करने का पूरा विश्वास दिलाया गया तथा यह भी कहा गया कि कोई भी किसी भी समय किसी भी प्रकार की समस्या व शिकायत पुलिस से बता सकता है जिसका गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने बताया कि व्यापारी बंधुओं को सैंपल के नाम पर फूड विभाग आफिसर अगर गलत तरीके से व्यापारी को परेशान करते हैं तो शिकायत करें। कहा कि सभी लोग एक साथ काम करें समाज में कोई गंदगी ना फैलाएं। इस बाबत पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि जिस तरह पुलिस लोगों के लिए अपना कार्य करती है उसी तरह व्यापारी भी देश की अर्थव्यवस्था में एक सिपाही की भांति कार्य करते हैं कई जगह व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर कोई व्यापारी अपनी समस्या लेकर पुलिस के पास जाए उसको सम्मानपूर्वक उसके साथ न्याय हो। इसके साथ फूड विभाग के लोग व्यापारी बन्धु को परेशान ना करें इसका एक उचित समाधान होना चाहिए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत अग्रहरि, घूरेलाल कन्नौजिया, अमीय पांडेय, अनिरुद्ध जायसवाल महामंत्री, अर्चना देवी महिला जिलाध्यक्ष, मंजू जायसवाल, मनोरमा गुप्ता, शीला देवी, शीला गुप्ता, आभा चौरसिया, बबलू सोनी, महेन्द्र गुप्ता, गुलाम गौस सिद्दीकी, जुनैद अंसारी आदि कई लोग उपस्थित रहे।

# देश जोड़ने के संकल्प के साथ निकली है भारत जोड़ो यात्रा: अजय राय

**प्रेस वार्ता**

## प्रांतीय अध्यक्ष की अगुवाई में यात्रा ने जनपद में किया प्रवेश

जनसंदेश न्यूज

**डीडीयू नगर।** जनपद के मिनी महानगर पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर में मंगलवार को भारत जोड़ो यात्रा पहुंची। यात्रा का नेतृत्व कांग्रेस के प्रयागराज मंडल के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने किया। उक्त यात्रा जीटी रोड स्थित शास्त्री पार्क में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात प्रारंभ हुई।

तत्पश्चात जीटी रोड होते हुए सुभाष पार्क तक गई वहां से पुनः यात्रा चंदौली के लिए प्रस्थान कर गई। यात्रा से पूर्व एक प्रेस वार्ता के दौरान अजय राय ने कहा कि यात्रा को अपार जनसमर्थन मिल रहा है। 11 दिसंबर से प्रयागराज निकली आज चन्दौली पहुच गयी है, वहीं स्मृति ईरानी पर अपने बयान पर सफाई देते हुए उन्होंने कहा कि उनका यह बयान विकास को लेकर दिया गया है। किसी महिला का अपमान करने की मेरी मंशा नहीं है। आज भी मैं अपने बयान पर अडिग हूं मैंने विकास के संदर्भ में यह बयान दिया था। वहीं जीएसटी की छापेमारी को लेकर उन्होंने यूपी सरकार पर भी हमला बोला ।

उन्होंने कहा कि 2024 में राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे कांग्रेस कार्यकर्ताओ और अमेठी के लोगों की प्रबल इच्छा है अमेठी कांग्रेस का परिवार है। इस यात्रा में जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, नगर अध्यक्ष रामजी गुप्ता, आनंद शुक्ला, मधु राय, नारायणमूर्ति ओझा, दशरथ चौहान, सरिता पटेल, शमीम मिल्की, शशिनाथ उपाध्याय, अकील अहमद बाबू, सरस्वती गुप्ता, फैयाज अंसारी, निहाल अख्तर बाबू आदि लोग शामिल रहे।


डीडीयू नगर में प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों से रूबरू अजय राय व अन्य कांग्रेसी

### चंदौली के शिल्पी थे पंडित कमलापति त्रिपाठी

**चंदौली।** प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में मंगलवार को पदयात्रा चंदौली मुख्यालय पहुंची यहां पर कांग्रेसियों ने सदर तहसील स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और आगे के लिए रवाना हो गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि चंदौली शिल्पी के रूप में पंडित को आज भी याद किया जाता है। कांग्रेस ने हमेशा लोगों के सम्मान और स्वाभिमान के लिए काम किया है। पदयात्रा का मतलब गरीबों को हिलाना और उनको याद दिलाना है। कांग्रेस ने कभी भी देश की भावना आहत नहीं किया। आज देश में अराजकता का माहौल है इसके लिए पूरी तरह से भाजपा सरकार जिम्मेदार है। प्रदेश में आए दिन लूटपाट हत्या की घटना हो रही है, लेकिन सरकार उसे रोकने में असफल है। झूठा दम भर गए कि प्रदेश में कानून राज कायम है लेकिन ऐसा नहीं है। इस दौरान जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, अमरनाथ, प्रदीप मिश्रा, दीपक जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

**संक्षेप**

### पुलिस ने विद्यालयों में चोरी करने वाले चोरों को पकड़ा


बलुआ थाने में चोरी के सामान के साथ आरोपित।

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के रामपुर से मुखबिर की सूचना पर मोहरगंज चौकी इंचार्ज ने तीन चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उनके पास से चोरी गये सामान भी बरामद किया है। बिगत कई महीनों से विद्यालयों में हो रहे चोरी को बलुआ ने चोरों को गिरफ्तार कर लिया। बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में मोहरगंज चौकी इंचार्ज शिवमणी त्रिपाठी ने मुखबिर की सूचना पर रामपुर से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोर कही चोरी के फिराक में थे। उसके पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ। मोहरगंज चौकी इंचार्ज शिवमणी त्रिपाठी ने बताया की सूरज कन्नौजिया, मुलायम व नीरज तीनों प्रभुपुर के रहने वाले है। जो बिद्यालयों में चोरी करते थे। 25 जुलाई 22 को सकलडीहा थाना के रैपुरा कम्पोजिट बिद्यालय से 6 बैटरी, बड़ी स्टेपलाइजर, सीपीयू, माउस, कीबोर्ड आदि सामान, धानापुर के जीयनपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से 5 सितंबर 22 को 8 सोलर बैट्री, सोलर प्लेट को चुराया था। सभी सामान को कबाड़ियों के यहां बेचकर पैसा आपस मे बांट लेते थे। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए तीनो आरोपितों को जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाले टीम में कांस्टेबल जितेंद्र कुमार व दुर्गविजय मौजूद थे।

### ठंड से बचाव के लिए डीएम ने जरूरतमंदों को बांटा कंबल

**चंदौली।** ठंड के मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन गरीबों को ठंड से राहत देने हेतु रात्रि भ्रमण कर तेजी से कवायद में जुट गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ईशा दुहन ने देर रात को नगर पंचायत चन्दौली स्थित रोड़ के किनारे, स्टेशन के सामने भ्रमण कर रहे जरूरतमंद लोगों में देर रात कंबल वितरण किया। साथ ही उनके स्वास्थ्य का हालचाल भी जाना। उन्होंने सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने की जानकारी ली। साथ ही उपजिलाधिकारी एवं नगर पंचायत को पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, निशुल्क खाद्यान, गोल्डेन कार्ड सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर पंचायत में जगह-जगह आवश्यकता अनुसार अलाव जलाने हेतु उपजिलाधिकारी सदर और अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न जरूरतमंदों को अच्छी क्वालिटी के कंबल वितरित किए जाए रहे हैं। उन्होंने सभी एसडीएम और ईओ समेत अन्य अधिकारियों को रात्रि भ्रमण कर शीत लहर से बचाव हेतु आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने खासकर रैन बसेरा, अलाव और कंबल वितरण स्वयं पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सहित अन्य संबंधित विभाग के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### प्रसव के दौरान नाभि काटने में बरते विशेष सावधानी

**कंदवा।** प्रसव के दौरान नाभि काटने में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। नवजात को सर्वप्रथम मां का दूध पिलाना ही हितकर होता है। यह जानकारी मंडल कोऑर्डिनेटर अपराजिता सिंह द्वारा मंगलवार को स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण के दौरान उपस्थित एएनएम को दी गई। वहीं प्रसव कक्ष में साफ-सफाई का दिशा निर्देश दिया गया। वहीं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा गया।मंडल कोआर्डिनेटर अपराजिता सिंह मंगलवार को पई, ओयरचक, बरहनी आदि स्वास्थ्य केन्द्रों पर मौजूद प्रसव कक्ष के निरीक्षण पर थी। पई व ओयरचक से होते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहना पहुंची कोआर्डिनेटर द्वारा मौजूद एएनम रीना यादव, सिंबू को प्रसव से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। इस दौरान प्रसव के दौरान विशेष सावधानी साफ-सफाई बरतने का दिशा निर्देश दिया गया। वहीं प्रसव कक्ष में आवश्यक सुविधाओं के बारे में जानकारी लेने हुए कमियों को दूर कराने का आश्वासन दिया गया। जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने का दिशा निर्देश दिया गया।

### बोगा ट्रैक्टर की आवाजाही से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

चहनियां। बलुआ थाना क्षेत्र के मारूफपुर बाजार में बालू ढोने वाले बोगा ट्रैक्टर से बाजारवासी परेशान है। तेज स्पीड में चलना ऊपर से लाउडस्पीकर बजाते है। बोलने पर झगड़ा पर उतारू हो जाते है। बाजारवासियों ने प्रदर्शन कर चेतावनी दी है। तीरगांवा से दर्जनों ट्रैक्टर बोगा बालू लेकर मारूफपुर बाजार होते हुए अन्यत्र आते जाते है। बाजार में मुख्य मार्ग पर बोल्डर लगा है उसके बाद भी बोगा ट्रैक्टर वाले तेज स्पीड में ओवरलोड बालू लादकर चलते है। यही नहीं ऊपर से लाउडस्पीकर लगाकर तेज गाना बजाते हुए चलते है। ग्रामीणों द्वारा कई बार इन्हें मना किया गया। नाराज बाजारवासियों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि एक तो ओवरलोड बालू लदे बोगा ट्रैक्टर वाले तेज स्पीड में चलते है ऊपर से लाउडस्पीकर तेज बजाते है। इससे पढ़ाई करने वाले बच्चों को परेशानी होती है। कभी-कभी तेज स्पीड में ये लोगों को धक्का मार देते है। इनके रवैये से लोग परेशान है। ग्रामीणों ने इन पर प्रतिबंध लगाने की मांग अधिकारियों से किया है। प्रदर्शन करने वालो में अरबिंद मौर्य, हरिहर यादव, दुलारे चौहान, मोहर्रम खान, सरफुद्दीन, अहमद खान, विसर्जन यादव, कमलाकांत, हरि यादव, आकाश, विश्वास, अनिल मौर्य, भैरव मौर्य आदि लोग थे।

### 23 को मनेगी चौधरी चरण सिंह की जयंती

**चंदौली।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती 23 दिसंबर को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस बाबत जिलाधिकारी ईशा दुहन ने बताया है कि उक्त के परिपालन में कृषि विज्ञान केन्द्र चन्दौली के परिसर में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया जायेगा। किसान सम्मान दिवस जिला एवं ब्लाक स्तर पर आयोजित किया जाय। इस उपलक्ष्य में किसान गोष्ठी एवं किसान प्रदर्शनी आयोजित की जायें और किसानों को सम्मानित किया जायें। कृषि एवं सम्बद्ध विभाग जैसे- सहकारिता विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन, मत्स्य विभाग, दुग्ध विकास विभाग, गन्ना एवं रेशम विभाग को ष्किसान सम्मान दिवस कार्यक्रम एवं विकास गोष्ठी एवं प्रदर्शनी में सक्रिय रूप से सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इसके नोडल अधिकारी उपकृषि निदेशक होंगे।

### चोरों ने उड़ाई भैंस पशुपालक हलकान

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के मोहरगंज चौकी अंतर्गत सराय रसूलपुर के सेवई के पुरवा गांव में सोमवार की रात चोरों ने दो भैंस सहित एक पड़वा को उठा ले गए। बताते हैं कि सराय रसूलपुर निवासी मजहर अपने जीविकोपार्जन के लिए भैस पाल रखा था। सोमवार के देर रात पूरा परिवार खाना खाकर सो रहा था कि इसी बीच चोरों ने दो भैंस सहित उसके 1 बच्चे को लेकर चलते बने। विगत 6 माह पूर्व भी उन्हीं के चार बकरियों को चोर उठा ले गए थे।

# शिवपाल यादव के समक्ष रखी सड़कों व नहरों की समस्या

जनसंदेश न्यूज

**चहनियां।** क्षेत्र में सड़कों, नहरों के साथ ही खाद एवं पानी आदि की समस्या को लेकर सपा नेता जयप्रकाश यादव लखनऊ में सपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री शिवपाल यादव से मुलाकात कर क्षेत्र में समस्यायों को लेकर पत्रक सौंपा। इसे संज्ञान में लेते हुए शिवपाल यादव ने मांगों को पढ़कर बिधानसभा मे उठाने की बात कही। सपा नेता जयप्रकाश यादव ने कहा कि क्षेत्र में चहनियां से लेकर डीडीयू नगर तक मार्ग की दशा ऐसी है कि चलने लायक नहीं है। दो पहिया या चार पहिया से आने जाने वाले लोग हिचकोले खाते आते जाते है।


लखनऊ में सपा नेता शिवपाल से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्या बताते जयप्रकाश यादव व अन्य।

इसके अलावा गांव में जाने वाले सड़कों की दशा भी दयनीय है। कस्बा से सटे खण्डवारी बंधवापर मार्ग से लोग कई गांवो को जाते है। रानेपुर से सराय मार्ग, लक्ष्मणगढ़ से होते हुए राधे के मड़ई होकर सराय मार्ग आदि कई मार्गों की हालत दयनीय है। जबकि सरकार कहती है सड़क गढ्ढा मुक्त है। नहरों की स्थिति यह है झाड़ झंखाड़ से पटा हुआ है। पानी टेल तक नहीं पहुच पा रहा है। खाद के लिए किसानों को चक्कर काटना पड़ रहा है। चहनियां कस्बा में दर्जनों जगह जल निगम की भूमिगत पाइप क्षतिग्रस्त है। शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। क्षेत्र में समस्यायों का अंबार है। सरकार कहती है विकास हुआ है, किन्तु अधिकारी ही सरकार की किरकिरी कर रहे है। पत्रक पाकर सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव ने विधान सभा मे मुद्दा उठाने की बात कही है। इस दौरान डा. बिरेन्द्र यादव आदि लोग उपस्थित थे।

### भोजापुर में जिले का 31 एकड़ में बनेगा पुलिस लाइन

**सकलडीहा।** शासन के निर्देश पर जिले में पुलिस लाइन बनने की कवायद तेज हो गयी है। मंगलवार को जिलाधिकारी ईशा दुहन के निर्देश पर एसडीएम मनोज पाठक और सीओ राजेश कुमार राय ने भोजापुर के समीप भूमि का चिन्हांकन किया। इस दौरान राजस्व कर्मी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। लम्बे समय से पुलिस लाइन के निर्माण को लेकर शासन की ओर से निर्देशित किया गया है। जिला प्रशासन के निर्देश पर एसडीएम मनोज पाठक भोजापुर रेलवे क्रासिंग के समीप 31 एकड़ भूमि पर पुलिस लाइन बनाने को लेकर भूमि का चिन्हित करने की कवायद शुरू कर दिया है। एसडीएम ने राजस्व कर्मियों के साथ पहुंचकर भूमि के बारे में जानकारी लिया। किसानों की भूमि का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जायेगा। इस बाबत एसडीएम मनोज पाठक ने बताया कि शासन के निर्देश पर चंदौली से सैदपुर निर्माण शुरू हो गया है। इसके साथ ही पुलिस लाइन की निर्माण के लिये भूमि का चिन्हित करने की कवायद शुरू कर दिया गया है। किसानों से वार्ता के बाद प्रस्ताव बनाकर जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को भेजा जायेगा। इस मौके पर सीओ राजेश कुमार राय, कोतवाल अनिल कुमार पांडेय, पूजा सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# डीएम ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**चंदौली।** जिलाधिकारी ईशा दुहन ने सोमवार की देर रात जिला संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कैंपस के अंदर अलाव ताप रहे लोगों से हालचाल जाना व उपस्थित रहने का कारण पूछकर मरीजों से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने मरीजों से इलाज के बाबत पूछा।

कहा कि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान किया जाए किसी भी प्रकार का भेदभाव एवं लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने चिकित्सकों से कहा मरीजों के प्रति संवेदनशीलता बरतते हुए उनका बेहतर इलाज करें। जिलाधिकारी ने उपस्थित चिकित्सकों से मरीजों के ईलाज की विस्तार से जानकारी व आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने 102 एवं 108 निशुल्क एम्बुलेंस सेवा के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों तक पहुंचने व अस्पताल तक लाने हेतु शासन के टाइम लाइन के भीतर सुनिश्चित करने के निर्देश चिकित्सक व ड्राइवरों को दिए। अस्पताल परिसर में बेहतर सफाई व्यवस्था निरंतर सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिये। जगह-जगह बायोमेडिकल डस्टबीन रखने व उपयोग हेतु निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी सदर एवं उपस्थित चिकित्सक को निर्देशित करते हुए कहा कि आकस्मिक दुर्घटना में बचाव हेतु अस्पताल में राजस्व, स्वास्थ्य एवं फायर ब्रिगेड सहित अन्य संबंधित विभाग के साथ माक ड्रिल सुनिश्चित किया जाय। ब्लड बैंक के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निगेटिव ब्लड की उपलब्धता नहीं रहने पर जिलाधिकारी ने सभी ब्लड ग्रुपो का ब्लड पर्याप्त मात्रा में रखने हेतु निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने ब्लड बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो कमियां पाई गई है उसकी भविष्य में दोबारा पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने पंडित कमलापति त्रिपाठी जिला अस्पताल परिसर में मरीजों के परिजनों को कंबल का वितरण भी किया और उनकी स्वास्थ्य की जानकारी ली।

# जिंदा रामजीत को मृत दिखाकर अवैध तरीके से कर दी वरासत

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** जनपद के पूरा विजयी निवासी रामजीत निषाद मंगलवार को जिलाधिकारी से मिले। इस दौरान उन्होंने खुदा को जिंदा बताते हुए कतिपय लोगों द्वारा कागज में मृत घोषित कर जमीन को अवैध तरीके से वरासत किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। बताया कि इस बात की जानकारी उन्हें उस वक्त हुई जब उनके किसान सम्मान निधि का पैसा उनके खाते में आना बंद हो गया। आरोप लगाया कि क्षेत्रीय लेखपाल को प्रभाव में लेकर गलत तरीके से वरासत किए जाने की बात कही और वरासत की गई जमीन को वापस अपने नाम कराने के साथ ही दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की।

उन्होंने शिकायती प्रार्थना-पत्र के जरिए बताया कि वह अत्यंत वृद्ध है। इसका फायदा उठाकर क्षेत्रीय लेखपाल अम्ब्रीश सिंह द्वारा खसरा संख्या-495, 596 व 799 को जूड़ा हरधन निवासी सर्वसती, अमरनाथ सिंह व शोभनाथ सिंह को वारिस दर्ज कराते हुए वरासत कर दिया। इस कारण रामजीत के किसान सम्मान निधि का पैसा आना बंद हो गया है। उन्होंने वरासत के पूर्व एवं बाद की खतौनी के साथ ही अपना आधार कार्ड, परिवार रजिस्टर की नकल आदि दस्तावेज पेश करते हुए अवैध तरीके से किए गए वरासत को निरस्त किए जाने की मांग की। साथ ही ऐसा कृत्य करने वाले दोषियों व षड्यंत्र में शामिल लेखपाल के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। साथ ही किसान सम्मान निधि का पैसा दिलाए जाने का आग्रह जिलाधिकारी से किया।


रामजीत निषाद।

### संत गाडगे ने मानवता को समर्पित कर दिया पूरा जीवन

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश धोबी कल्याण समिति जिला इकाई की ओर से मंगलवार को नूर पैलेस में बाबा संत गाडगे का 66वां परिनिर्वाण दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति एवं जनजाति समिति के प्रांतीय अध्यक्ष एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता डा. राजेश कुमार चौधरी ने बाबा संत गाडगे के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके साथ ही उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा संत गाडगे स्वच्छता के जनक एवं मानवता के पुजारी थे। बाबा संत गाडगे ने मानव सेवा में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। महाराष्ट्र की धरती पर हजारों की संख्या में धर्मशाला, प्याऊ, गौशाला, शिक्षण संस्थान का निर्माण कराया, जो मानव समाज के कल्याण में का आ रहे हैं। हम सभी को उनके जीवन संघर्ष, त्याग व मानवता के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेकर आगे चलना होगा, तभी सर्वसमाज का भला हो सकेगा। इस अवसर पर जमा धोबी समाज के लोगों ने बाबा संत गाडगे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा बाबा के बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुजीत कन्नौजिया, निरंजन कन्नौजिया, प्रमोद, लल्लन, उपेंद्र, तेजू, विजय, रामकृत, जितेंद्र, ढुन्नू, किशन, विजय आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष शिवचरन बाबू व संचालन जिलाध्यक्ष दुलारे राम कन्नौजिया ने किया।

# जनकल्याण व विकास के लिए सदैव रहूंगा संकल्पित: रमेश

**अवसर**

## अपने विधानसभा के विकास के लिए सदैव रहूंगा तत्पर

**डीडीयू नगर।** भाजपा सरकार देश व प्रदेश के विकास के लिए कृत संकल्पित है। डबल इंजन की सरकार देश व प्रदेश के विकास की नई इबारत लिख रही है। उक्त बातें विधायक रमेश जायसवाल ने मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न सड़कों के शिलान्यास के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अन्य सड़कों का भी शीघ्र ही मरम्मत व निर्माण होगा। अपने विधानसभा की विकास के लिए सदैव तत्पर रहूंगा।

कहा कि विकास के लिए धन की कमी आड़े नहीं आएगी। विदित हो कि विधायक रमेश जायसवाल द्वारा विगत कई दिनों से क्षेत्र की सड़कों के मरम्मत व निर्माण के लिए शिलान्यास किए जा रहे हैं। मंगलवार को भी विधायक ने अपने क्षेत्र में 2 करोड़ 48 लाख रुपए की लागत की 12 सड़कों का शिलान्यास किया। नये स्वीकृत कार्य सरने से गुवास सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य, मुगलसराय चकिया से लाखापुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य, नियमताबाद सरने सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य, गोबरहा गोपालपुर-ठकुरहन हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग का मरम्मत का कार्य, परासी खुर्द सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य, बसन्तपुर माइनर से सिकन्दरपुर सम्पर्क मार्ग का मरम्मत का कार्य, बबुरी-धरौली से हटिया सम्पर्क मार्ग का मरम्मत का कार्य, जरखोर कला सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य, चन्दौली-बबुरी मार्ग से चनहटा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य, शाहपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य आदि शामिल है।


सड़क योजनाओं का शिलान्यास करते विधायक रमेश जायसवाल।

# खेलकूद से होता है शारीरिक व मानसिक विकास

**प्रतियोगिता**

## आठ सौ मीटर बालक वर्ग की दौड़ में मधुकांत प्रथम

**चंदौली।** नगर स्थित चंदौली पालिटेक्निक कालेज के प्रांगण में मंगलवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ प्रधानाचार्य महेंद्र प्रताप सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। वहीं विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रधानाचार्य एमपी सिंह ने कहा कि खेल से युवाओं की प्रतिभा का विकास होता है।

युवाओं इस को चाहिए कि वह पढ़ाई के साथ खेल के प्रति भी अपना रूझान कायम रखें। इससे उनका शारीरिक व मानसिक विकास भी होगा। कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना ही हितकर है। इससे आपस में सामंजस्य बना रहता है। पढ़ाई के साथ ही खेलकूद जरूरी है। यह जीवन का अभिन्न अंग है। खेल गतिविधियों में हिस्सा लेने से मानव तन स्वस्थ रहता है। उक्त खेलकूद प्रतियोगिता के पहले दिन आठ सौ मीटर बालक वर्ग की दौड़ में मधुकांत ईश्वर प्रथम, द्वितीय बृजेश कुमार व तृतीय स्थान प्रदीप यादव को मिला। वहीं बालक वर्ग गोला प्रक्षेप में सिद्धार्थ प्रथम, आदर्श राय द्वितीय व आनंद यादव तृतीय स्थान पर रहे। इसके अतिरिक्त बालक वर्ग सौ मीटर दौड़, बालिका वर्ग गोला प्रक्षेत्र की प्रतियोगिताएं हुईं। इस दौरान क्रीड़ा अधिकारी राजेश प्रसाद, रामभवन आदि शिक्षक व छात्र उपस्थित थे। संचालन टीएन पाठक ने किया।


पालीटेक्निक कालेज के मैदान पर दौड़ लगाते प्रतिभागी खिलाड़ी।

### कांशीराम आवास मामले में कोर्ट में पेश हुए गिरफ्तार अधिकारी

**चंदौली।** चंदौली कांशीराम शहरी आवास योजना में हुए घोटाले में मंगलवार को गिरफ्तार किए गए एसडीएम व ईओ समेत कई अधिकारियों की कोर्ट में पेशी हुई। पेशी के दौरान पुलिस मीडिया से खुद को बचाती हुई नजर आई। कांशीराम शहरी आवास में हुए घोटाले को लेकर वादी चंद्र मोहन सिंह ने लंबी लड़ाई लड़ी और बीते सोमवार को आखिर सफलता मिल ही गई। पूर्व में तैनात जनपद में उच्चाधिकारी इसकी जद में आ गए और पुलिस ने उन्हें तैनाती स्थल से और रिटायर होने वाले कर्मचारियों को घर से पकड़कर कोतवाली ले आई। कांशीराम आवासीय योजना घोटाले पुलिस की कार्रवाई तेज हुई तो इसकी जद में एसडीएम और ईओ समेत पांच लोग आए। ईओ राजेन्द्र प्रसाद के बाद अम्बेडकर नगर में एसडीएम सुनील कुमार बरनवाल समेत पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुनील कुमार उस समय चंदौली में नायब तहसीलदार के पद पर तैनात थे। वे वर्तमान में पदोन्नत होकर अंबेडकर नगर जिले के भीटी तहसील में एसडीएम के पद पर कार्यरत हैं।

# नर्सिंग के छात्र-छात्राओं में आयुष मंत्री ने बांटा टैबलेट


मैक्सवेल कालेज में टेबलेट के साथ छात्र-छात्राएं व मुख्य अतिथि।

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित मैक्सवेल इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज जगदीशसराय में मंगलवार को आयुष औषधि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री डा.दयाशंकर मिश्र दयालु ने छात्रों और छात्राओं को टेबलेट प्रदान किया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन समय में सोशल मीडिया पर जुड़कर टेबलेट के माध्यम से छात्र शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ा सकते हैं। कोरोना काल में लोग सोशल मीडिया के करीब आए और इस माध्यम से ही लोगों का इलाज और सूचनाएं आदान-प्रदान का काम हुआ। कहा कि मैक्सवेल कॉलेज चंदौली में छात्रों ने लगातार पूरे प्रदेश में टॉप किया है। उन्होंने टॉप किए गए छात्रों को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि आप सभी मन लगाकर पढ़ाई करिए, ताकि आपके अंदर ज्ञान व गुणवत्ता आए। जिसके आधार पर आपका देश और विदेश में चयन हो सके। इस मौके पर जितेंद्र पांडेय, आशुतोष सिंह, कैलाश तिवारी, बृजेश तिवारी, रिंटू सिंह, प्रमोद तिवारी, राकेश मिश्रा, विनोद पांडेय, प्रिंसिपल डा.विजयलक्ष्मी, गौरव तिवारी मौजूद रहे। आभार डा.केएन पांडेय ने व्यक्त किया।

# स्पोर्ट्स

### प्रतिबंधित क्षेत्र में रहते हैं मेसी घर के ऊपर से नहीं उड़ सकते विमान

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी विश्वकप फुटबॉल में टीम की जीत के बाद से ही दुनियार के खेल प्रशंसकों में छाये हुए हैं। यहां तक कि उनकी तुलना दिग्गज पूर्व कप्तान डियागो माराडोना से भी हो रही है। मेसी के प्रशंसक अब निजी जिंदगी के बारे में भी जान रहे हैं। मेसी जिस जगह पर रहते हैं पर्यावरण के लिहाज से वह प्रतिबंधित क्षेत्र है। ऐसे में उनके घर के ऊपर से विमान भी नहीं उड़ सकते हैं। कुछ समय पहले स्पेन की एयरलाइंस के चेयरमैन ने भी यह बात कही थी। उन्होंने बताया था कि प्रतिबंधित इलाकों की वजह से बार्सिलोना एयरपोर्ट का विस्तार संभव नहीं है।
मेसी के घर का आकार फुटबॉल के मैदान जैसा है। न सिर्फ मेसी का घर बल्कि यह पूरा इलाका हरियाली से भरपूर है। अर्जेंटीना के कप्तान के घर में अभ्यास मैदान जिम स्वीमिंग पूल थियेटर रूम जैसी सभी सुविधाएं हैं। मेसी ने एंटोनेला रोकुजो से साल 2017 में शादी की थी। इन दोनों के तीन बच्चे भी हैं।

# स्वदेश पहुंचने पर अर्जेन्टीना की टीम का भव्य स्वागत

ब्यूनस आयर्स। लियोनन मेसी की कप्तानी में कतर में फीफा विश्वकप फुटबॉल जीतकर स्वदेश पहुंची अर्जेन्टीना टीम का भव्य स्वागत हुआ। अर्जेन्टीना की टीम ने एक रोमांचक मुकाबले में फ्रांस को पेनाल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर 36 साल बाद खिताब अपने नाम किया है। जिससे अर्जेन्टीना में जश्न का माहौल है। खिताब के साथ वापस लौटी फुटबॉल टीम के स्वागत और उसकी एक झलक पाने के लिए हजारों लोग सुबह से ही हवाई अड्डे पर पहुंच गये थे। कप्तान मेसी ओर टीम के राजधानी के ठीक बाहर इजेइजा में तड़के तीन बजे विमान से उतरने पर प्रशंसकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान टीम के लिए लाल कालीन भी बिछाया गया था। विमान से सबसे पहले मेसी विश्व कप ट्रॉफी थामे हुए कोच स्केलोनी के साथ उतरे। ये दोनों इसके बाद एक बैनर के करीब से उतरे जिस पर लिखा था ह्यधन्यवाद चैंपियन्सह्ल। खिलाड़ियों का स्वागत रॉक बैंड ला मोस्का ने गाते हुए किया। यह गाना एक प्रशंसक ने बैंड के एक पुराने गीत की धुन पर लिखा था और कतर में विश्व कप में अर्जेंटीना के प्रशंसकों के लिए टीम का एक लोकप्रिय अनौपचारिक गीत बन गया था। विश्व चैंपियन टीम के सदस्य इसके बाद ऊपर से खुली बस में सवार हुए। वे अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) के मुख्यालय तक की यात्रा करने के लिए सभी का इंतजार कर रहे थे।

खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक हाईवे पर जुटे थे और अर्जेन्टीना के ध्वज को लहरा रहे थे जिसके कारण बस काफी धीमी गति से चल रही थी। अधिकारियों ने इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखी। प्रयास किया। हवाई अड्डे से एएफए मुख्यालय तक लगभग 11 किलोमीटर की यात्रा करने में बस को लगभग एक घंटे का समय लगा। यहां आतिशबाजी से खिलाड़ियों का आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज ने मंगलवार को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया है जिसस देश जीत का जश्न मना सके।

### स्वदेश पहुंचने पर उपविजेता फ्रांस की टीम का शानदार स्वागत

पेरिस। फीफा विश्वकप फुटबॉल के खिताबी मुकाबले में हार के बाद भी स्वदेश लौटने पर फ्रांस की टीम का भव्य स्वागत हुआ है। टीम के सेंट्रल पेरिस में हजारों समर्थकों ने उनका नायकों जैसा स्वागत किया। स्टार खिलाड़ी काइलियन एमबापे और उनके साथी स्थानीय रात आठ बजे दोहा से चार्ल्स डी गॉल हवाई अड्डे पर उतरे। खिलाड़ी निराश होकर बाहर आ रहे थे पर हवाई अड्डे के कर्मचारियों ने उनका ह्यथैंक यू और ह्यपेरिस लव यू जैसे बैनरों से स्वागत किया। टीम हालांकि इस पर ध्यान दिये बिना आगे बढ़ गयी। खिलाड़ी हवाई अड्डे से बसों में सवार होकर प्लेस डे ला कॉनकॉर्ड पहुंचे जहां हजारों समर्थक उनका इंतजार कर रहे थे। समर्थकों के उत्साह को देखकर टीम का भी हौंसला बढ़ा। हैरानी की बात यह है कि टीम का ऐसा स्वागत तब भी नहीं हुआ था जब टीम गत विश्वकप में जीत के बाद स्वदेश लौटी थी। जब खिलाड़ी और कोच डिडिएर डेसचैम्प्स होटल की बालकनी में आए तो समर्थकों ने ध्वज लहराकर उनका स्वागत किया।

# नेशन्स कप जीतकर स्वदेश लौटी भारतीय टीम ने जमकर जश्न मनाया

### हॉकी इंडिया दो-दो लाख के इनाम देगी

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम वेलेंसिया में एफआईएच महिला नेशन्स कप जीतकर स्वदेश लौटी है। भारतीय टीम ने खिताबी मुकाबले में स्पेन की टीम को 1-0 से हराया था। इसी के साथ ही भारतीय महिला टीम ने 2023-24 प्रो लीग का टिकट हासिल कर लिया है।

जीत के साथ लौटी भारतीय टीम के जश्न मनाने का वीडियो भी सामने आया है। इसमें भारतीय टीम ट्रॉफी लिए हुए अपने ही अंदाज में डांस करती हुई दिखी। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी आया है। जिसे हॉकी इंडिया ने भी अपने ट्विटर हैंडल पर साझा किया है।

नेशन्स कप के फाइनल में भारत की ओर से गुरजीत कौर ने छठे मिनट में ही पेनल्टी कार्नर से गोल कर भारतीय टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद दोनों ही टीमें कोई गोल नहीं कर पायीं और इस प्रकार भारतीय टीम ने खिताब अपने नाम किया।

वहीं हॉकी इंडिया ने इस जीत पर खुश व्यक्त करते हुए टीम की प्रत्येक खिलाड़ी को 2-2 लाख रुपए नकद इनाम देने की घोषणा की है। इसके साथ ही भारतीय सहायक स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को भी एक लाख रुपए की राशि दी जाएगी।


# इंग्लैंड ने पाकिस्तान को टेस्ट सीरीज में 3-0 से हराया

कराची। बेन स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लैंड ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम को तीसरे टेस्ट में हराने के साथ ही तीन मैचों की सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया है। इससे पाक टीम के कप्तान बाबर आजम को करारा झटका लगा है। इंग्लैंड ने मंगलवार को पाक को तीसरे टेस्ट में 8 विकेट से हरा दिया। इंग्लैंड ने तीसरा टेस्ट 8 विकेट से जीता। उसे जीत के लिए 167 रन का लक्ष्य मिला था। 111 रन की शतकीय पारी खेलने वाले हैरी ब्रूक को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। उन्होंने सीरीज में 468 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी उन्हें ही मिला। पाकिस्तान ने पहली पारी में 304 जबकि दूसरी पारी में 216 रन बनाए थे जबकि इंग्लैंड ने पहली पारी में 354 रन बनाकर 50 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की थी।

इंग्लैंड ने पहली बार पाकिस्तान में सभी टेस्ट मैच जीते हैं। वहीं पाक को घर में पहली बार लगातार 4 टेस्ट हारने के अलावा क्लीन स्वीप से हार भी मिली। इससे पहले उसे ऑस्ट्रेलिया से भी अंतिम टेस्ट में हार का सामना करना पड़ा था। इस प्रकार आजम ने एक ऐसा खराब रिकॉर्ड अपने नाम किया है जिसे वह भूलना चाहेंगे।

पाक की टीम घर में 1955 से टेस्ट क्रिकेट खेल रही है। इस दौरान आजम सहित 26 खिलाड़ी बतौर कप्तान उतरे हैं पर किसी भी बार लगातार दो सीरीज में क्लीन स्वीप नहीं हुआ। इस तरह से आजम ने पिछले 25 कप्तानों की मेहनत बेकार कर दी। पहला टेस्ट 1 दिसंबर से शुरू हुआ था और 20 दिसंबर को उसने सीरीज गंवा दी। यानी 20 दिन में टीम ने घर में 67 साल का खराब रिकॉर्ड बना दिया है।

# बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन ने विराट के साथ तस्वीर साझा की



मीरपुर। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें लीजैंड बताया। तस्कीन ने विमान की एक तस्वीर जारी की है। इसमें वह विराट के साथ बैठे नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में दोनो ही खिलाड़ी खिलाड़ी कैमरे की तरफ पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं। तस्कीन ने विराट को टैग करते हुए लिखा कि दूसरे टेस्ट पर नजरें हैं। वहीं सोशल मीडिया पर लोगों ने भी इस तस्वीर पर अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं।

विराट सीरीज के पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में केवल एक रन बनाकर आउट हो गये थे। वहीं दूसरी पारी में उन्होंने नाबाद 19 रन बनाए थे। टेस्ट क्रिकेट में विराट ने काफी समय से शतक नहीं लगाया है। इसलिए अब उनकी नजरें दूसरे टेस्ट में लंबी पारी खेलने पर रहेंगी। विराट ने अपना अंतिम टेस्ट शतक साल 2019 में ईडन गार्डंस में बांग्लादेश के खिलाफ दिन रात के मैच में बनाया था। उस शतक को लगाए हुए उन्हें तीन साल से ज्यादा समय हो गया है। विराट ने हाल में बांग्लादेश के दौरे पर तीन मैचों की सीरीज के तीसरे और अंतिम एकदिवसीय में भी शतक लगाया था।

# फीफा विश्व रैंकिंग में ब्राजील अब भी शीर्ष पर

रियो डि जिनेरियो। अर्जेंटीना ने कतर में हुए फीफा विश्वकप 2022 को जीतने के साथ ही तीसरी बार यह खिताब अपने नाम किया है। इसके बाद भी ब्राजील की टीम फीफा विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर बनी हुई है। ब्राजील की टीम फरवरी 2022 से ही फीफा रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर बनी हुई है। इससे पहले बेल्जियम की टीम नंबर एक स्थान पर थी। ब्राजील की टीम इस बार क्वार्टर फाइनल में ही बाहर हो गयी थी। ब्राजील ने इस बार विश्वकप में तीन मैच जीते थे पर वह ग्रुप स्तर पर ही कैमरून से हार गयी थी। इसके बाद उसे क्रोएशिया के हाथों क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

वहीं अर्जेंटीना की टीम साल 2021 में कोपा अमेरिका खिताब जीतने के बाद से ही अब विश्व चैंपियन बनी है पर यह उसके लिए शीर्ष स्थान पर आने के लिए प्रर्याप्त नहीं था। इसका कारण यह है कि पेनल्टी शूटआउट जीत का मूल्य रेगुलेशन-टाइम जीत की तुलना में कम रैंकिंग अंक है। अगर फ्रांस या अर्जेंटीना 30 मिनट के अतिरिक्त समय सहित 120 मिनट के अंदर जीत जाते तो वे पहले नंबर पर पहुंच जाते।

### विश्वकप विजेता अर्जेंटीना दूसरे और फ्रांस तीसरे स्थान पर

अर्जेंटीना और फ्रांस एक स्थान ऊपर आकर दूसरे और तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं बेल्जियम की विश्वकप में ग्रुप स्तर पर ही बाहर हो गयी थी। वह दो स्थान नीचे आने के साथ ही चौथे स्थान पर फिसल गयी है। इंग्लैंड की टीम क्वार्टर फाइनल में किये प्रदर्शन के आधार पर पांचवें स्थान पर बरकरार है। वहीं क्वार्टरफाइनल तक पहुंची नीदरलैंड की टीम दो पायदान नीचे आगर छठे स्थान पर फीसल गयी है।

क्रोएशिया फीफा विश्व कप 2022 में तीसरे स्थान पर रही है। वहीं फीफा रैंकिंग में वह सातवें स्थान पर आई है। उसके पांच स्थान का लाभ मिला है और वह शीर्ष 10 में सबसे अहम टीम के रूप में उभरी है। दूसरी ओर क्वॉलिफाई करने में विफल रहने के कारण इटली आठवें स्थान पर खिसक गयी है। पुर्तगाल नौवें स्थान पर बनी हुई है। वहीं स्पेन तीन स्थान नीचे आकर 10वें स्थान पर पहुंच गयी है। पहली बार सेमीफाइनल तक पहुंची मोरक्को को 11 स्थान का लाभ हुआ है और वह और शीर्ष क्रम की अफ्रीकी टीम है। वहीं ऑस्ट्रेलिया भी 11 स्थान ऊपर आयी है। वह 27वें स्थान पर है। गुरुवार को नई रैंकिंग

नई फीफा रैंकिंग में टॉप 20 टीमें:

1 ब्राजील 2 अर्जेंटीना 3 फ्रांस 4 बेल्जियम 5 इंग्लैंड 6 नीदरलैंड 7 क्रोएशिया 8 इटली 9 पुर्तगाल 10 स्पेन 11 मोरक्को 12 स्विट्जरलैंड 13 यूएसए 14 जर्मनी 15 मेक्सिको 16 उरुग्वे 17 कोलंबिया 18 डेनमार्क 19 सेनेगल 20 जापान।

# विश्वकप से फीफा को सात अरब से अधिक की कमाई

**अनुमान से कम दर्शक पहुंचे**

दोहा। विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था (फीफा) ने कतर में हुए विश्व कप तक से भारी कमाई की है। फीफा की सात अरब 50 करोड़ डॉलर की कमाई हुई है जो उम्मीद से अधिक है। फीफा को अब अगले चार साल के वाणिज्यिक चक्र में 11 अरब डॉलर की कमाई की उम्मीद है। इससे फीफा के 211 सदस्य महासंघों को भी लाभ होगा क्योंकि इससे उन्हें भी अधिक धनराशि मिलेगी। यह विश्वकप कई मामनों में विवादों में भी घिरा रहा हालांकि फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने इस विश्वकप को सर्वश्रेष्ठ करार दिया। वहीं एक दक पहले जब कतर को विश्व कप की मेजबानी मिली थी तब उसका जमकर विरोध हुआ था। फीफा की मुख्य भूमिका वैश्विक फुटबॉल के नियमों पर निगरानी रखना और यह तय करना है कि विश्व कप अपने निर्धारित समय के अनुसार आयोजित हो। इसमें वह सफल रहा और उसने अरबों डॉलर की कमाई भी की।

खेल शुरू होने के बाद जमकर उलटफेर हुए और ब्राजील जर्मनी और पुर्तगाल जैसी टीमें बाहर हारे गयीं। वहीं मोरक्को ने सबको हैरान करते हुए सेमीफाइनल तक का सफर तय किया।

वहीं फाइनल बेहद रोमांच रहा। अर्जेंटीना और फ्रांस अतिरिक्त समय के बाद 3-3 से बराबरी पर थे और अंत में पेनल्टी शूटआउट में लियोनन मैसी की टीम अर्जेंटीना ने 4-2 से जीत दर्ज की। विश्वकप शुय होने से पहले कतर के खराब मानव अधिकार रिकॉर्ड को लेकर भी सवाल उठे कुछ यूरोपीय टीमों ने इसका विरोध किया पर फीफा के सख्त रुख से यह अधिक देर नहीं टिक पाया।

इस विश्वकप में कतर सरकार का जमकर हस्तक्षेप रहा और किसी भी विरोध को उसने दबा दिया। यहां तक विश्वकप में आम तौर पर होने वाले संवाददाता सम्मेलन भी नहीं हुए। इस बार विश्व कप में यूरोप से अधिक दर्शक नहीं आए पर अर्जेंटीना और मोरक्को से उम्मीद से अधिक प्रशंसक यहां पहुंचे। इस टूनार्मेंट से पहले अनुमान लगाया गया था कि एक करोड़ 20 करोड़ पर्यटक विश्वकप के दौरान कतर पहुंचेंगे पर अंत में यह संख्या बेहद कम रही।

मोरक्को जब सेमीफाइनल में पहुंचा तो उसके कई प्रशंसकों ने कतर पहुंचने के प्रयास किये जिसे रोकने के लिए कई उड़ानों को रद्द कर दिया गया था। विश्वकप के अन्य मैचों में हालांकि दर्शकों की संख्या कम दिखी तथा कई सीटें खाली पड़ी रही।

इस बार महंगे आवास के कारण भी दर्शक विश्वकप से दूर रहे। टूनार्मेंट के शुरू में तो खाली सीटों को भरने के लिए प्रतियोगिता के आयोजकों ने कतर के निवासियों को मुफ्त टिकट मुहैया कराई।

# अपमिश्रित शराब के सेवन से जा सकती है जान : डीएम

**जनसंदेश न्यूज**

चंदौली। जिलाधिकारी ईशा दुहन तथा जिला आबकारी अधिकारी चंदौली ने आमजन से आह्वान किया कि क्रिसमस एवं नववर्ष 2023 पर अवैध स्थानों व अड्डों से खरीदी गयी शराब मिथाईल अल्कोहल मिश्रित हो सकती है, जो एक घातक जहर है और इसकी बहुत थोड़ी सी भी मात्रा पीने से व्यक्ति अन्धा हो सकता है तथा उसकी जान भी जा सकती है।

आपका जीवन अमूल्य है, इसे सस्ती शराब के चक्कर में न गवायें। इसलिए अपनी एवं अपने परिवार को सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किसी भी दशा में अवैध स्थानों व अड्डो से खरीदकर शराब का सेवन न करें। यदि मदिरा का सेवन आवश्यक हो, तो अधिकृत आबकारी दुकान से ही सील लगी बोतल खरीदकर सेवन करें। शराब खरीदते समय शीशियों पर लगे क्यूआर कोड अवश्य देख लें। अधिकृत आबकारी दुकानों से शराब क्रय करते समय अपने मोबाइल फोन के गूगल प्ले स्टोर से आबकारी विभाग का स्कैनर एप यूपी एक्साइज स्कैनर स्वयं डाउनलोड कर शराब की शीशियों पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर वैधता की जाँच करने के उपरान्त निर्धारित मूल्य पर ही खरीदें।

यदि आपको किसी भी प्रकार की अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, तस्करी व निर्धारित मूल्य से अधिक पर मदिरा की बिक्री की सूचना प्राप्त होती है, तो इसकी सूचना अधिकारियों के मोबाइल नम्बर पर दें। शिकायत के लिए सुभाष चन्द्र, जिला आबकारी अधिकारी चंदौली-9454465611, शरद कुमार, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 सदर चन्दौली-9454466173, उमेश द्विवेदी, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 चकिया-9454466174, दीपक ओझा, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 सकलडीहा-9454466175, जय प्रकाश पाण्डेय, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4, मुगलसराय-9454466176, राम मोहन त्रिपाठी, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-5, नौगढ़-8707511989 के अलावा अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री की सूचना प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री 14405 तथा व्हाट्सएप नम्बर 9454466019 पर भी दिया जा सकता है।

# उद्घाटन मैच में धानापुर ने बीएलडब्लू को हराया

**जनसंदेश न्यूज**



क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर बल्लेबाजी करते मुख्य अतिथि।

नियामताबाद। मासूम क्रिकेट अकादमी के सौजन्य से बीपी स्कूल दुलहीपुर ग्राउंड में जनपदीय क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ मंगलवार को नीमा प्रदेश प्रवक्ता एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के सह संयोजक डा. ओपी सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पहला मैच धानापुर व बीएलडब्लू के बीच खेला गया, जिसमें धानापुर विजयी रहा। इस दौरान मुख्य अतिथि डा.ओपी सिंह ने कहा कि पूरी दुनिया में क्रिकेट खेलने के मामले में हमारा देश सबसे प्रसिद्ध है।

क्रिकेट एक उत्साहपूर्वक खेले जाने वाला खेल है जिसमें जरूरत के अनुसार नए-नए परिवर्तन भी होते रहे हैं और आज इन्हीं परिवर्तनों के तहत टेस्ट मैचों की जगह पर एक दिवसीय क्रिकेट मैच अधिक लोकप्रिय बन गए हैं। किसी भी खेल में खेल भावना एक दृष्टिकोण है, जो ईमानदारीपूर्वक खेलने, टीम के साथियों और विरोधियों के प्रति शिष्टाचार बरतने, नैतिक व्यवहार और सत्यनिष्ठा दिखाने तथा जीत या हार में बड़प्पन के प्रदर्शन की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में प्रबंधक अजय सिंह, शोजेब हुसैन, अरसद भाई, मुकेश पटेल, मनीष जायसवाल, प्रदीप पटेल उपस्थित थे।

## संक्षेप

### मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 72 लोगों का निःशुल्क इलाज



धानापुर में आयोजित मानसिक स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित चिकित्सक व अन्य।

धानापुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धानापुर में मंगलवार को मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मनोचिकित्सक द्वारा 72 लोगों को निःशुल्क इलाज किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित शिविर में चिकित्साधिकारी डा.जेपी गुप्ता ने लोगों से कहा कि मानसिक रोगों के प्रति अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है। समस्या बहुत साधारण स्तर से शुरू होकर बाद में जटिल मानसिक रोग, पागलपन का रूप ले लेती है। ऐसी समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर काउंसलिंग के माध्यम से आसानी से दूर किया जा सकता है। मानसिक रोगों से बचने के लिए हमें जीवन-शैली में सुधार लाने और नियमित रूप से योग को अपनाने की जरूरत है। मनोचिकित्सक डा.नितेश सिंह ने कहा कि मानसिक रोग से मनुष्य की दिनचर्या अव्यवस्थित हो जाती है। मानसिक रोग दो तरह के होते हैं साइकेट्रिक और न्यूरोट्रिक। कुछ लोगों को दूर से देखकर पहचान हो जाती है कि वह मानसिक रोगी हैं। सरकारी अस्पतालों में इसके लिए काउंसलिंग और दवाओं की निःशुल्क व्यवस्था है। इस अवसर पर डा.अमरनाथ सिंह, डा.संदीप, विनय कुमार, शशांक, रवि रंजन आदि लोग मौजूद रहे।

### चकिया नगर पंचायत में फिर गरजा बुलडोजर

चकिया। नगर पंचायत प्रशासक व उपजिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद ने नगर के वार्ड नंबर 8, मां दुर्गा नगर में पार्किंग स्थल के पास स्थित अर्धनिर्मित मकान को जेसीबी की मदद से जमींदोज करा दिया। नगर पंचायत द्वारा मृतक जहरुद्दीन के नाम से नोटिस भेजकर की गई कार्रवाई को लेकर वार्ड नंबर 9 के सभासद वैभव मिश्रा इसका विरोध करते हुए इस कार्रवाई को गलत बताया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि वार्ड नंबर 9 विभूति नगर निवासी किराना व्यवसाई फकरुद्दीन द्वारा वार्ड नंबर 8 में पार्किंग स्थल के पास सरकारी जमीन पर गेराज का पक्का निर्माण कराकर अतिक्रमण किया गया था। कई बार नोटिस देने के बावजूद अतिक्रमणकारी द्वारा अतिक्रमण खाली नहीं किया जा रहा था। जिसके सापेक्ष कार्यवाही करते हुए पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी की मदद से अतिक्रमण को खाली करा दिया गया। उधर, फकरुद्दीन ने बताया कि गेराज से संबंधित जमीन को लेकर उपजिलाधिकारी न्यायालय में मुकदमा लंबित है, बावजूद इसके नगर पंचायत प्रशासन द्वारा उनके मृतक चाचा जहरुद्दीन के नाम से नोटिस भेज कर आनन-फानन में कार्यवाही की गई, जो न्याय संगत नहीं है। वहीं एक दर्जन और लोगों को भी नोटिस जारी की गई थी लेकिन उनके मामले को दबा दिया गया। उन्होंने जिला प्रशासन से मामले की जांच कराकर न्याय दिलाने की मांग की है। सभासद वैभव मिश्रा ने बताया कि नगर पंचायत प्रशासन द्वारा मृतक के नाम से किस आधार पर नोटिस जारी कर उनका मकान गिराया गया और जब लगभग एक दर्जन से ज्यादा लोगों को नोटिस जारी की गई थी तो ऐसे में सिर्फ एक व्यक्ति पर कार्यवाही पर सवाल उठना लाजिमी है। इस दौरान अधिशासी अधिकारी मेही लाल गौतम, तहसीलदार चकिया विकास धर दुबे, राकेश रोशन, लेखपाल रामाशीष, रोहित, गुलाब मौर्य, चौकी प्रभारी दिनेश मौजूद रहे।

### डीएम ने देर रात चंदौली रैन बसेरा का लिया जायजा

चंदौली। जिलाधिकारी ईशा दुहन ने सोमवार की देर रात को नगर पंचायत चंदौली स्थित रैन बसेरा का निरीक्षण किया। इस दौरान टायलेट, स्नानगृह, शौचालय, भोजन, सोने हेतु चौकी-विस्तर आदि का निरीक्षण कर जायजा लिया। दीवार में सीलन लगें रहने पर गहरी नाराजगी जताई और दुरुस्त करने के निर्देश दिए। टॉयलेट के अंदर दरवाजा नहीं रहने पर सख्त निर्देश दिया। कहा कि तीन दिन के भीतर दरवाजा लगवाकर फोटोग्राफ के साथ अवगत कराया जाय। गरीबों और निराश्रितों को सर्दी के मौसम में रैन बसेरा में बिजली, शुद्ध पेयजल, भोजन, टॉयलेट, शौचालय आदि की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें। साथ ही फस्ट एड किट जिसमें जनरल दवाइयां हो अनिवार्य रूप से रखी जाये। कोविड प्रोटोकाल का सख्त पालन किया जाए। फुटपाथ पर सोने वाले गरीबों एवं अन्य लोगों को रैन बसेरा भी पहुंचाया जाय। ठंड से बचे रहने हेतु नगर में फुटपाथ पर रहने वाले आमजन को रैन बसेरा स्थलों की जानकारी दी जाय। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक से जिलाधिकारी ने भोजन के मीनू की जानकारी ली। कहा कि भोजन की गुणवत्ता सही रहे इसे निरन्तर सुनिश्चित किया जाय। समय-समय पर भोजन की गुणवत्ता की भी जांच सुनिश्चित किये जाने के निर्देश नगर पंचायत चंदौली के वरिष्ठ लिपिक को दिया। जिलाधिकारी ने ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों से उपस्थिति एवं रोस्टर ड्यूटी की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निर्देशित कर कहा कि अन्य बाजारों के चौराहों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों को चिन्हित कर अलाव जलाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सर्दी के मौसम में गरीबों और निराश्रितों को राहत पहुंचाने के लिए जरूरतमंदों को कम्बल बांटने तथा सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाने की व्यवस्था समय से करने के निर्देश दिए हैं। इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत चंदौली के सामने तालाब में गंदगी रहने पर कड़ी फटकार लगाई और तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिया। तालाब के आसपास रहने वाले जिन लोगों का नाबदान का पानी तालाब में गिरते हैं उनको नोटिस जारी करते हुए पूरी तरह गंदा पानी गिराने हेतु प्रतिबंधित करने हेतु निर्देश दिए। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सहित अन्य राजस्व विभाग के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# काकोरी कांड के सेनानायकों की कुर्बानी को भुलाया नहीं जा सकता

सकलडीहा। आजादी के 75 वीं वर्षगाँठ के अवसर पर भारत सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है। मंगलवार को संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में महाविद्यालय की ओर से स्वतंत्रता आंदोलन में मील का पत्थर-काकोरी क्रान्ति योजना विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान देश के बीर क्रांतिकारियों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। प्राचार्य प्रो प्रदीप कुमार पाण्डेय ने कहा कि काकोरी कार्यवाही आजादी के आंदोलन में मील का पत्थर था। असहयोग आंदोलन के वापसी से उपजी निराशा को इस कार्यवाही ने एक आशा की किरण जगाई। वही प्रो उदय शंकर झा और प्रो दयानिधि सिंह यादव ने कहा कि काकोरी कार्यवाही को इतिहास में पुनः रेखांकित करने पर जोर दिया और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो शमीम राईन ने कहा कि काकोरी कार्यवाही भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में एक अहम पड़ाव था, जिसमें भारत के गणतंत्र की परिकल्पना की गई। जिसमें मुख्य रूप से पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, ठाकुर रोशन सिंह तथा राजेंद्र लाहिड़ी आदि महानायक इस कार्यवाही में मुख्य भूमिका अदा किए। प्रो प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम को मनाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि राष्ट्रीय महानायकों के प्रति जागरूकता पैदा किया जाय और लोगों में राष्ट्रभक्ति की अलख जगाया जाय। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। आभार डा.दयाशंकर यादव ने किया। कार्यक्रम में डा.राजेश यादव, प्रोफेसर दयानिधि सिंह यादव, डॉ इंद्रजीत सिंह, डा.संदीप मिश्रा, प्रवीण मिश्रा, कंचन प्रजापति, राहुल राजभर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# शहाबगंज में गायत्री परिवार ने निकाली कलश यात्रा



शहाबगंज में कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाते चकिया विधायक।

शहाबगंज। गायत्री परिवार द्वारा हनुमान मंदिर के पास से मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गयी, जो कस्बा का भ्रमण कर कथा स्थल पर जाकर समाप्त हुआ। इसी के साथ नवचेतना जागरण व 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा को चकिया विधायक कैलाश खरवार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर कस्बा बाजार, सोनकर बस्ती होते हुए सेमरा बस स्टैंड गांधी स्मारक इंटर कॉलेज से भ्रमण कर यज्ञ स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा में पीत वस्त्रधारी स्त्री, पुरुष 51 कलश, 51 साहित्य लेकर आगे-आगे चल रही थी। वहीं गायत्री माता की सुन्दर झांकी डीजे, रथ के साथ निकाली गयी। कलश यात्रा में गायत्री परिवार के शिवरतन गुप्ता, गजेंद्र प्रसाद, शिव प्रकाश गुप्ता, दिनेश सेठ, सत्यनारायण यादव, मुरलीधर रस्तोगी, राजकुमार मोदनवाल, विजयी सोनकर, उपेन्द्र मिश्र, रितेश श्रीवास्तव, तरुण सिंह, कुंदन चौहान सहित हरिद्वार से शामिल थे।

# महाशिक्षक संघ के ओहदेदारों से कुलपति ने की चर्चा



सभागार में नवनिर्वाचित शिक्षकों को सम्मानित करती कुलपति

कार्यक्रम

**कुलपति सभागार में नव निर्वाचित शिक्षकों को किया सम्मानित**

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में प्रदेशीय विश्वविद्यालय महाशिक्षक संघ पुपुक्टा के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को कुलपति ने सम्मानित किया और इस दौरान उनसे शिक्षा गुणवत्ता को लेकर चर्चा भी की।

अभी हाल में हुए उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय महा शिक्षक संघ के चुनाव में टीडी पीजी कॉलेज के वरिष्ठ प्रवक्ता प्रो. हिमांशु सिंह उपाध्यक्ष पद पर व नागरिक पीजी कॉलेज जंघई के डॉ. योगेश दीक्षित ने संयुक्त मंत्री पद पर विजय हासिल की। विश्वविद्यालय आगमन पर कुलपति सभागार में कुलपति से मुलाकात करने पहुंचे। इस दौरान कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने उन्हें स्मृति चिन्ह व शाल भेंट कर सम्मानित किया और उनके निर्वाचन पर उन्हें बधाई भी दी। इस दौरान कुलपति ने विश्वविद्यालय महा शिक्षक संघ के पदाधिकारियों से देश प्रदेश के स्तर पर उच्च शिक्षा को लेकर चर्चा परिचर्चा किया और कहा कि शिक्षक अपने विद्वता से उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण कड़ी होता है, लोग अपने अपने सुझाव भी समय-समय पर विश्वविद्यालय को देते रहें जिससे छात्र और शिक्षकों को किसी प्रकार की समस्याओं का सामना ना करना पड़े। अवसर पर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. विजय प्रताप सिंह, महामंत्री डा. राहुल सिंह, प्रो. एके चतुर्वेदी, डॉ. पंकज गौतम, डॉ. नरेंद्र देव पाठक, डॉ. शैलेंद्र सिंह, डॉ. नरेंद्र कुमार सिंह, डॉ. विपिन कुमार सिंह, प्रो. अजय कुमार शुक्ला, डॉ. अरविंद कुमार सिंह, डा. धर्मेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस परेड में चयनित स्वयंसेविका का कुलपति ने किया सम्मान



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका आँचल मौर्या का गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2023 में चयन के उपरान्त कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने मंगलवार को कुलपति कार्यालय में माला पहनाकर स्वागत करके अच्छे प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राज बहादुर यादव ने इसे एनएसएस के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि बताया। शिक्षकों तथा कर्मचारियों ने भी आँचल मौर्या का स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. हिमांशु सिंह, महामंत्री डॉ. राहुल सिंह, प्रो. अजय द्विवेदी, संयुक्त मंत्री डॉ. गगेश दीक्षित, पूर्व कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राकेश कुमार यादव, नोडल अधिकारी डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. राकेश कुमार बिंद, निजी सचिव कुलपति डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, सुमित सिंह, राम कुमार शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## तमंचा और कारतूस संग गिरफ्तार

**सुइथाकला।** पुलिस को मंगलवार सुबह तमंचे संग मय एक जिन्दा कारतूस एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। पुलिस ने मामले में युवक का चालान न्यायालय को भेज दिया। बतौर पुलिस थाना क्षेत्र का मुस्तफाबाद निवासी हेमचन्द गौतम ऊर्फ हेमू 20 वर्ष पुत्र हरिलाल को क्षेत्र के ऊंच गांव मोड़ से मंगलवार सुबह 315 बोर के तमंचे और एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष संजय सिंह के निर्देशन में उपनिरीक्षक सच्चिदानन्द द्वारा मय हमराह वांछितों की तलाशी के दौरान मामले में सफलता मिली। बहरहाल गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने मामले में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान न्यायालय को भेज दिया। इस दौरान कान्स्टेबल राजू यादव व श्रीकान्त मौजूद रहे।



गिरफ्तार अभियुक्त और पुलिस टीम

## रेल रोकने गए 'अन्ना' का पुलिस ने किया चालान

**मीरगंज।** प्रयागराज से चलकर जौनपुर को जाने वाली एजे पैसेंजर ट्रेन के चलाये जाने की मांग को लेकर रेल रोकने गए जज सिंह अन्ना का पुलिस ने चालान कर दिया। अन्ना ने अधिकारियों को सूचित किया था कि एजे नहीं चलाये जाने पर वे 19 दिसंबर को रेल रोको आंदोलन करेंगे। सोमवार की भोर जैसे ही वे जरौना स्टेशन पहुंचे, पहले से ताक में बैठे थानाध्यक्ष ने उन्हें पुलिस जीप में बैठा कर थाने ले गए। अन्ना का आरोप है कि दिन भर उन्हें नजरबन्द रखा गया। शाम 6 बजे उनका चालान 151 के तहत एसडीएम मछलीशहर कोर्ट में कर दिया गया जहाँ उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। अन्ना ने भाजपा सरकार में रेल अधिकारियों को हिटलर की संज्ञा दी है। उनका कहना है कि वेअपनी मांग के लिए रणनीति बना रहे हैं।

## बीआरसी पर शिक्षक संकुल की मासिक बैठक आयोजित

**नौपेड़वा।** मंगलवार को बीआरसी पर शिक्षक संकुल की मासिक बैठक आयोजित की गई जिसमें खण्ड शिक्षा अधिकारी बक्शा उदय भान कुशवाहा ने सभी विद्यालयों को निपुण बनाने के लिए सभी संकुल अध्यापकों को संकल्प दिलाया। उन्होंने कहाकि सभी अध्यापक अपने विद्यालय के छात्रों से आत्मीय व्यवहार और लगाव रखें। शिक्षक संकुल से एक एक विद्यालय की समीक्षा भी किया। शिक्षक संकुल लीडर के रूप में कार्य करें। सभी प्राथ्यापक दक्षतापूर्वक विद्यालयों का आकलन करें। निपुण का पोस्टर प्रत्येक कक्षा कक्ष में लगा होना चाहिए सभी अध्यापक सरकार की मंशा अनुसार सभी कार्यों का सम्पादन करें। अगर विद्यालय मे कोई समस्या हो तो मुझे तुरन्त अवगत करायें। बैठक में एआरपी विष्णु शंकर लाल, साहब यादव, राजेश प्रजापति, चतुर्भुज यादव, संकुल प्रभारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, राजनाथ सिंह, संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।



बैठक को सम्बोधित करते वक्ता

# 5 साल से परेशान महिला को चिकित्सक ने पहुंचायी राहत



मिला आराम

**कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण करके डॉ. आलोक ने मरीज को किया स्वस्थ**

**जौनपुर।** 5 साल पहले कूल्हे का आपरेशन कराने के बावजूद भी दर-दर भटक रही पीड़िता अब पूरी तरह स्वस्थ हो गयी, क्योंकि नगर के नईगंज स्थित दुर्गा सिटी अस्पताल में डा. आलोक यादव ने उनके कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण कर दिया।

मालूम हो कि जिला मुख्यालय से सटे मोहम्मदपुर निवासी राम आसरे की लगभग 50 वर्षीया पत्नी सुनीता देवी के कूल्हे में 5 वर्ष पहले अचानक समस्या आयी। कई अस्पतालों का चक्कर लगाने के बाद किसी अस्पताल में उन्होंने अपने कूल्हे का आपरेशन करवाया। इसके बाद भी वह अपनी समस्या से ग्रसित थी ?इनके परिजनों ने जौनपुर के अलावा अन्य जनपदों में स्थित तमाम अस्पतालों में चक्कर लगा डाला लेकिन समस्या जस की तस बनी रही। इसी बीच दुर्गा सिटी अस्पताल से स्वस्थ होकर अपने घर गये एक मरीज ने हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. आलोक यादव के बारे में उनको जानकारी दिया। इस पर ?परिजन पीड़िता को लेकर दुर्गा सिटी अस्पताल लाये जहां डा. आलोक यादव ने नये सिरे जांच-पड़ताल करते हुये अपनी टीम के साथ सुनीता के कूल्हे का प्रत्यारोपण किया जो पूर्णतः सफल रहा। अपनी समस्या से निजात पायी पीड़िता ने डा. आलोक सहित पूरी टीम को धन्यवाद दिया। वहीं डा. आलोक ने कहा कि ऐसे तमाम मरीज उनके यहां से ठीक हो गये हैं।

# मछलीशहर के दो सीएचओ को कारण बताओ नोटिस

कार्रवाई

**सीएमओ के औचक निरीक्षण में नहीं मिले हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर**

**पीएचसी मीरगंज में कम मरीज मिलने पर संख्या बढ़ाने के लिए निर्देशित किया**



पीएचसी मीरगंज का निरीक्षण करती सीएमओ डा. लक्ष्मी सिंह

**जौनपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह ने मंगलवार को एसीएमओ डॉ. प्रभात कुमार के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछलीशहर अंतर्गत एडिशनल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मीरगंज, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मीरगंज और किलोरा का निरीक्षण किया। दोनों जगहों पर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया।

वह 2.30 के करीब एडिशनल पीएचसी मीरगंज पहुंचीं। वहां पर सभी कर्मचारी मौजूद मिले सिर्फ फामासिस्ट दवा लेने गए थे। वाह्य रोगी विभाग में मरीजों की संख्या कम होने पर वहां के चिकित्साधिकारी को मरीजों की संख्या बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही जांचों की संख्या भी बढ़ाया जाना जरूरी है। उन्होंने चिकित्साधिकारी को समय से पीएचसी पहुंचने और अपना कार्य सुचारू रूप से संपादित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मीरगंज का भी निरीक्षण किया। वहां के सीएचओ रंजीत सिंह मौके पर मौजूद नहीं थे। एएनएम किसी गांव में गर्भवती को देखने गई थीं। प्रसव कक्ष में एक प्रसूता भर्ती मिली जिससे सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने प्रसव कक्ष की स्थिति में सुधार लाने तथा केंद्र की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए निर्देशित किया। उसके बाद वह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तिलोरा भी गई वहां पर सीएचओ नहीं मिलीं। साफ सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं थी। सीएमओ ने दोनों ही सीएचओ से अनुपस्थित रहने के संदर्भ में कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## 20 लीटर शराब व चाकू के साथ दो गिरफ्तार

**मड़ियाहूँ।** पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के द्वारा चलाये जा रहे अपराधिक अभियान की तहत तथा मुखबीर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक ओमनारायण सिंह के नेतृत्व में 20 लीटर अवैध शराब दो जरकिन में लेकर जाते हुए सन्दिग्ध चेकिंग के दौरान वंशराज पुत्र वकील 22 वर्ष को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करने में पुलिस जुटी है। इसी क्रम में ग्राम मड़िया (भुभुआर) से अबुसाद पुत्र इस्माइल निवासी मल्हनी थाना कोतवाली को एक अदद चाकू के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर रही है।

## वांछित आरोपित गिरफ्तार

**गभिरन।** पुलिस ने छेड़खानी व पाक्सो एक्ट के मुकदमे में वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार चौबे ने बताया कि एसआइ विनोद कुमार राय व उनके हमराहियों ने आरोपित रोहित गौतम निवासी शेरपुर खरवां को मिले सुराग के आधार पर सुबह छिछुर चौराहा से धर दबोचा। लिखापढ़ी कर आरोपित का चालान कर दिया गया।

## स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**शाहगंज।** नगर की अग्रणी सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था ज्योत्सना द्वारा नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए हेल्दी बेबी शो का आयोजन करने जा रही है। प्रतियोगिता का आयोजन 22 दिसंबर गुरुवार को होगा। प्रतियोगिता में नवजात और नन्हे मुन्ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ सबसे स्वस्थ और तंदुरुस्त बच्चों को चयनित कर उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। ज्योत्सना अध्यक्ष एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डा. एसएल गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित होगी। पहला वर्ग 0 से 12 माह, दूसरा वर्ग 13 से 36 माह और तीसरा वर्ग 37 से 60 माह का होगा। प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन उसी दिन कार्यक्रम स्थल पर दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक होगा। इसके बाद 2 बजे से 4 बजे तक प्रतियोगिता चलेगी। विजेताओं का फैसला बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण और उनके टीकाकरण में आधार पर किया जाएगा। सभी प्रतिभागी बच्चों के लिए आकर्षक उपहार और प्रमाण पत्र की व्यवस्था की गई है। महामंत्री राजेश सिंह ने नगर वासियों को अपने परिवार के बच्चों को प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराने और आसपास के लोगों और पड़ोसियों तक इस प्रतियोगिता की जानकारी साझा करने की अपील की।

## चोरी की घटनाओं से बचाव के लिए पुलिस ने किया सतर्क

**महराजगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आए दिन हो रही चोरी व छिनैती की घटनाओं को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह, थानाध्यक्ष शैलेंद्र पांडे ने पुलिस बल के साथ कस्बे का भ्रमण करते हुए सभी व्यापारियों से सीसीटीवी कैमरे व घटनाओं के बचाव के लिए सतर्क रहने की बात कही। इस दौरान भ्रमण करते हुए दो दिन पूर्व हुए छिनैती वाली जगह पर गए साथ ही दुकानदारों को सतर्क करते हुए सीसीटीवी लगवाने की बार-बार अपील की। इस दौरान एबीएस चौकी प्रभारी हरीश चंद्र सिंह, उप निरीक्षक मुन्नी लाल कन्नौजिया सहित पुलिस बल मौजूद रहे।



चोरी की घटनाओं को लेकर व्यापारियों को जागरुक करते एसपी ग्रामीण

# हिंसा के खिलाफ महिलाएं उठाएं आवाज : नीता वर्मा



राष्ट्रीय जेंडर अभियान के तहत जागरूक करती महिलाएं

आह्वान

**राष्ट्रीय जेंडर अभियान के तहत चलाया गया जागरुकता अभियान**

**जौनपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय जेंडर अभियान के तहत ब्लाक बक्शा विकासखंड के सभागार में महिला शक्ति केंद्र की टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम किया गया। उक्त कार्यक्रम में महिला शक्ति केंद्र की महिला कल्याण अधिकारी नीता वर्मा द्वारा महिलाओं के लिंग असमानता के बारे में बताते हुए कहा कि महिलाओं के प्रति हो रही हिंसा के खिलाफ महिलाओं को स्वयं आवाज उठानी चाहिए। इस पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि सरकार द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर जो कि महिला और बालिकाओं के लिए बनाया गया है जिसमें एक ही छत के नीचे उन्हें 5 सुविधाओं से लाभान्वित किया जाता है।

इसी क्रम में जिला समन्वयक बबीता ने सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, बाल सेवा योजना सामान्य, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, वृद्धावस्था योजना के बारे में विस्तार से बताया। जिला समन्वयक प्रतिभा सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय जेंडर अभियान 25 नवंबर से 23 दिसंबर तक चलाया जा रहा है जिसमें बालक और बालिका के प्रति हो रहे लिंग असमानता के बारे में बताते हुए कहा कि सरकार इस लिंग असमानता को कम करने हेतु विभिन्न प्रयास कर रही है उसमें सबसे मुख्य महिलाओं व बालिकाओं हेतु सरकार द्वारा संचालित बालिकाओं के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। उसी प्रकार महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा के लिए कई टोल फ्री नंबर जैसे 181 महिला हेल्पलाइन नंबर, 1090 विमेन पावर हेल्पलाइन नंबर, 1098 हेल्पलाइन नंबर, 112 तत्काल पुलिस सेवा टोल फ्री नंबर चलाए जा रहे हैं, जिसकी सहायता से महिलाएं व बालिकाएं अपनी समस्या का समाधान पा सकती है। कार्यक्रम में समूह की महिलाएं व अन्य महिलाएं तथा बालिकाएं उपस्थित रहीं।

# ससुराल आए युवक की ट्रेन से कटकर मौत



**मीरगंज।** जंघई-प्रयागराज रेलखंड पर असवां गांव के पास एक युवक ने ट्रेन के सामने छलांग लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक ससुराल आया हुआ था। उसकी पहचान महेश कुमार हरिजन (32) ग्राम खरगपुर थाना सुरियावां जनपद भदोही के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक की शादी आठ वर्ष पूर्व मीरगंज थाना क्षेत्र के असवां गांव निवासी रामसहाय हरिजन की पुत्री सुलेखा देवी के साथ बड़े धूमधाम के साथ हुई थी। दो दिन पूर्व युवक अपने ससुराल आया हुआ था। सोमवार को गोरखपुर से चलकर कुर्ला जाने वाली 15018 एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूद कर उसने आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या का कारण पता नहीं चल सका है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# प्राथमिक विद्यालय में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**जौनपुर।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित नई चेतना-पहल बदलाव की कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय मिसिरपुर में रचना विशेष विद्यालय की तरफ से जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम को सम्बोधित करती शिक्षिका बेबी रानी यादव

कार्यक्रम में दिव्यांग महिलाओं के प्रति भेदभाव विषय पर विद्यालय की विशेष शिक्षिका नीतू यादव ने बताया कि दिव्यांग बालिकाओं या महिलाओं के साथ कोई भेदभाव या उनके साथ बुरा बर्ताव नहीं कर सकता है। यदि करता है तो उसके खिलाफ आरपीडब्ल्यूडी 2016 एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका बेबी रानी यादव ने भी इस अधिनियम की प्रशंसा करते हुए कहाकि वाकई हमारा देश बदल रहा है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश चन्द्र मौर्य ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के विषय में विस्तार से जानकारी विद्यालय के मुख्य समन्वयक सुनील कुमार गुप्ता ने दी। इस मौके पर दामिनी यादव, हरेन्द्र मौर्या, लाल साहब यादव आदि विशेष शिक्षक मौजूद रहे।

# प्रभु का अवतरण दीन दुखियों के कल्याण के लिए हुआ था : फादर विक्टर

जनसंदेश न्यूज



सेंट जॉन्स स्कूल में क्रिसमय का त्योहार मनाते बच्चे

समारोह

**सेंटजॉन्स स्कूल में हर्षोल्लास के साथ क्रिसमस का त्योहार मनाया गया**

**जौनपुर।** सेंटजॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर में हर्षोल्लास के साथ क्रिसमस का त्योहार मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ईश प्रार्थना से हुई। कक्षा प्रथम एवं द्वितीय के बच्चों ने स्वागत नृत्य किया। तीसरी कक्षा के बच्चों ने मनमोहक समूह नृत्य किया। कक्षा छठवीं की छात्रा स्पर्श अग्रहरी ने अपने भाषण में क्रिसमस पर्व के बारे में जानकारी दी।

दीप्ती कश्यप के नेतृत्व में विद्यालय की अध्यापिकाओं ने कैरोल सॉंग गाया। कक्षा चौथी एवं पाँचवीं के विद्यार्थियों ने प्रभु यीशु के जीवन पर आधारित एकांकी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को क्रिसमस की शुभकामना देते हुए कहा कि हर धर्म पाप से बचने और पुण्य कर्म करने की प्रेरणा देते हैं। पुण्य कर्म छप्पर फाड़कर फल देता है और पाप कर्म थप्पड़ मारकर लेता है। प्रभु यीशु ने अपने आचरण एवं उपदेशों के द्वारा दीन-दुखियों की सेवा को ही पुण्य बताया एवं दूसरों को कष्ट देने को पाप कहा। प्रभु का अवतरण ही दीन-दुखियों के कल्याण के लिए हुआ था। फादर ने महाभारत के एक दृष्टांत को उद्धृत करते हुए कहा कि जीवन भर पुण्य करने वाले भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य एवं कर्ण को युद्धभूमि में मरना पड़ा क्योंकि उन्होंने एक गलत कार्य किया था। पितामह एवं द्रोणाचार्य ने द्रौपदी-चीर हरण पर मौन रखा एवं कर्ण ने अन्याय पूर्वक अभिमन्यु-वध में सहयोग किया और मरते हुए अभिमन्यु को पानी देने से इनकार कर दिया। एक पाप भी पुण्य क्षय के लिए काफी है अतः हमें पाप कर्म से बचना चाहिए।

कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखने लायक था। कैरोल सॉंग पर सभी बच्चे खुशी से झूम उठे। सांताक्लॉज ने बच्चों को उपहार दिया। कार्यक्रम के अंत में कक्षा छह की छात्रा आस्था गौतम ने उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में कक्षा चार के अब्दुल्ला अनस, कक्षा पाँच की यशस्वी यादव एवं कक्षा छह की सगुन उपाध्याय ने कुशल मंच संचालन किया।

# स्कूल बस की चपेट में आने से मासूम की मौत

**जौनपुर।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हरलालका रोड पर स्कूल बस की चपेट में आने से एक मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई।

बताया जाता है कि मंगलवार दिन के 1 बजे मोहल्ला आलमगंज निवासी मोहम्मद साबिर की 8 वर्षीय पुत्री आनाविया स्कूल से पढ़कर ई-रिक्शा से घर जा रही थी। उसी समय अचानक भीड़-भाड़ होने के नाते ई-रिक्शा में झटका लगा। झटका लगने के कारण उक्त बालिका अचानक सड़क पर आ गई और तेज गति से आ रही स्कूल की एक बस की चपेट में आ गई। स्कूल बस का चक्का उक्त बालिका के ऊपर से पार हो गया। स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। एक युवक उसे उठाकर जिला अस्पताल ले गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की जानकारी जैसे परिजनों को लगी रोते बिलखते जिला अस्पताल पहुंचे और बच्ची की लाश को लेकर घर चले गए। शहरी इलाके में जाम की समस्या से जहां निजात नहीं मिल रही है वहीं दुर्घटना का डर हमेशा बना रहता है। जाम के कारण उक्त स्कूल की मासूम बच्ची दुर्घटना का शिकार हो गयी। शहरी इलाके के कई बड़े स्कूलों द्वारा बड़े वाहनों का प्रयोग किया जा रहा है जिसके कारण शहर में जाम की समस्या उत्पन्न हो जा रही है।

# तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय तहसील में स्थित एमिनेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल रायपुर जमालपुर के प्रांगण में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 7 से लेकर 12 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने मैदान के रनर पर जलती मशाल को लेकर दौड़ लगाकर किया गया।

मंगलवार को एमिनेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जलती मशाल के साथ किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि नवोदय विद्यालय मड़ियाहूं के प्राचार्य बाल कृष्ण रहे। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के पूर्व मुख्य अतिथि ने सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद छात्रों ने पीटी के माध्यम से मुख्य अतिथि का स्वागत किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य बालकृष्ण ने अपने हाथ में जलती खेल मशाल लेकर पूरे खेल रनर का चक्रमण कर किया। वार्षिक खेल प्रतियोगिता में कक्षा सात से लेकर इंटर तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। उसके बाद प्रतियोगिता छात्रों की 6 टीमों ने मुख्य अतिथि को रनर पर चलकर सलामी दिया। अपने संबोधन में प्राचार्य बाल कृष्णा ने कहा कि खेल के माध्यम से छात्रों को सीखने का अवसर मिलता है। यही अवसर उनके जीवन का सबसे बड़ा गोल्डन बनता है। आज हर खेल भारत का विश्व स्तर पर खेला जाता है और प्रदेश और देश के खिलाड़ी उसमें प्रतिभाग कर विभिन्न प्रकार के मेडल को जीतकर अपने देश का गौरव बनाते हैं। हर विद्यालय को चाहिए कि अपने बच्चे को खेल के हर विधा को देश की संस्कृति मानकर सिखाएं और उन्हें ऊर्जावान बनाएं। वार्षिक खेल प्रतियोगिता में कुल विद्यालय परिवार 12 प्रकार के खेलों को तीन दिवस में खेलवाया जाएगा। जिसमें कबड्डी, क्रिकेट, खो-खो, रिले, 100 से 200 मी. दौड़ समेत अन्य खेल खेले जाएंगे। एमिनेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने सभी आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर शोभनाथ पाठक, राजेश सिंह, डा. अजय सिंह, भीमसेन सिंह, श्री राम जानकी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सूर्यभान सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सिपाही ने जरूरतमंद को दिया कंबल

**सुजानगंज।** घने कोहरे और कड़ाके की ठंड आमजन मानस के पर अपना प्रभाव डाल रही है। सोमवार की रात रेडबेज के पास एक व्यक्ति ठंड से कांप रहा था। रात के गश्त में चल रहे अरुण यादव सिपाही की नजर उस व्यक्ति पर पड़ी तो दरिया दिली दिखाते हुए उस व्यक्ति को थाने पर ले आकर उसे एक कम्बल दिया।

# कड़कड़ाती ठंड की मध्य रात्रि के बाद रैन बसेरों का डीएम ने लिया जायजा

**निरीक्षण**

### गोपीगंज रैन बसेरा का डीएम ने किया निरीक्षण, जरुरतमन्दों को डीएम ने दिया कम्बल

**जनसंदेश न्यूज**

**गोपीगंज।** ठिठुरन भरी अर्द्ध रात्रि के बाद सोमवार की देर रात जिलाधिकारी गौरांग राठी ने गोपीगंज नगर पालिका परिषद के कार्यालय में बनाए गए अस्थाई रैनबसेरा, ज्ञानपुर रोड स्टेशन, गोपीगंज बस अड्डा सहित अन्य स्थलों पर रैन बसेरा व अलाव की व्यवस्था का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने गरीब व निराश्रित व्यक्तियों को ठंड के प्रकोप से बचाने के लिए किये जाने वाले राहत कार्यो की जानकारी ली।रैन बसेरा में विश्राम कर रहे मुसाफिरों से हाल चाल लेते हुए उनका कुशलक्षेम पूछा व रैन बसेरों में अलाव, भोजन आदि की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों, गरीबों, असहायओं को कंबल व गर्म वस्त्र भी वितरित किया। इसके अलावा डीएम ने फुटपाथ के किनारे सो रहे गरीब व असहाय लोगो को रैन बसेरों में ही रात्रि विश्राम करने को कहा उन्होंने कहा कि सभी रैन बसेरों में ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई हैं।



ज्ञानपुर रोड स्टेशन पर बने रैन बसेरा की जानकारी लेने जाते डीएम गौरांग राठी



भदोही रेलवे स्टेशन के बाहर सोमवार की मध्य रात्रि जल रहे अलाव की जानकारी लेते इओ जी लाल

### अधिशासी अधिकारी ने जलवाया अलाव

**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर नगर पालिका व नगर पंचायत क्षेत्रो के 28 स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। नगर पालिका परिषद भदोही के अधिशाषी अधिकारी जी लाल ने भी नगर क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर रात में अलाव जलवा कर व्यवस्था का जायजा लिया।

## शराब की दुकानों पर आबकारी विभाग ने की चेकिंग

**ज्ञानपुर।** अपर मुख्य सचिव, आबकारी आयुक्त, जिलाधिकारी संयुक्त आबकारी आयुक्त एवं उप आबकारी आयुक्त के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी अरुण कुमार शुक्ल के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र एक संजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा हमराही अरविंद कुमार सिंह उदय चंद्र सिंह एवं अरशद जमाल सिद्दीकी के साथ शराब की दुकानों पर चेकिंग की गयी। चेकिंग टीम ने देसी शराब दुकान पाली, गोसाई बाजार, पसरियापुर मिल्की एवं विदेशी मदिरा दुकान गोसाई बाजार का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया गया। जांच के दौरान मिलावट व घटतौली के अलावा क्यू आर कोड की स्कैनिंग की गई। साथ ही ग्राम अमिलहरा में दबिश देकर चेकिंग की गई। अन्य टीम में जिला आबकारी अधिकारी के साथ आबकारी निरीक्षक सीता सिंह ने देशी व विदेशी शराब दुकान गोपपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर स्टॉक की जांच की। कोई अनियमितता नही पाई गई। सभी विक्रेताओं को यथोचित निर्देश दिए गए।

## गहमागहमी के बीच पड़े 84 फीसदी मत

**ज्ञानपुर।** बहुप्रतिक्षित डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हो गया। सुबह 10 बजे से दोपहर चार बजे तक 84 फीसदी मतदान हुआ। बुधवार को सुबह 11 बजे से मतगणना शुरू होगी। जिसमें अध्यक्षी महामंत्री संग अन्य पदों के विजेता सामने आएंगे। मंगलवार को सुबह से ही सरपतहां स्थित अधिवक्ता चैंबर में गहमागहमी का माहौल शुरू हो गया। कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह 10 बजे से मतदान शुरू हुआ। अध्यक्ष सहित अन्य पदों के प्रत्याशी अपने पक्ष में माहौल बनाते रहे। दोपहर चार बजे तक दो बूथों पर 1217 मतदाताओं के सापेक्ष 1023 यानि 84 फीसदी मतदान हुआ। चुनावी चर्चा में अध्यक्षी पर सीधी टक्कर जबकि महामंत्री के लिए त्रिकोणीय मुकाबला दिख रहा है। फिलहाल बुधवार को मतगणना के बाद तस्वीर साफ हो जाएगी। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस के जवान चक्रमण करते रहे। अब सभी की नजरें नतीजे पर टिक गई है। बुधवार को एक-एक मतों की गिनती की सूचना लाडस्पीकर के माध्यम से दी जाएगी।

## संक्षेप

### साइकिल सवार को बचाने में पलटा ऑटो, आधा दर्जन घायल

गोपीगंज। नगर के ज्ञानपुर रोड सोनखरी मोड पर ज्ञानपुर से गोपीगंज की तरफ आ रही ऑटो साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में एक मोटरसाइकिल सवार को धक्का मारते हुए पलट गई, जिससे ऑटो में सवार आधा दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। मंगलवार की शाम ज्ञानपुर से सवारी लादकर आटो गोपीगंज आ ही रही थी, कि सोनखरी मोड़ के पास साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में मोटरसाइकिल से टकराते हुए पलट गई। जिसमें मोटरसाइकिल पर बैठी महिला मुलेला देवी 42 वर्ष, चंद्रशेखर 45 निवासी बसवापुर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जबकि ऑटो चालक मोहसिन पुत्र मोहम्मद हफीज निवासी गोपीगंज का पैर फ्रैक्चर हो गया है। इसके साथ ही दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को पास के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

### भूमि विवाद में भिड़ीं महिलाएं, छह का चालान

**भदोही।** जमीनी विवाद को लेकर सोमवार को दो पक्षों में जमकर कहासुनी हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से आधा दर्जन महिलाओं का चालान किया है। जानकारी के मुताबिक चौरी थाना क्षेत्र के अनेगपुर की यादव बस्ती में सोमवार को सुबह भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गए। हालांकि इस विवाद में दोनों पक्षों से सिर्फ महिलाएं शामिल रहीं। कहासुनी के बाद विवाद और बढ़ता इससे पहले ही मुकामी पुलिस को सूचना मिल गई। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी मनीष कुमार उपाध्याय मय फोर्स मौके पर पहुंच गए और मौके पर यथास्थिति बनाए रखने को लेकर दोनों पक्षों को शांत कराया। चौकी प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि यादव बस्ती में भूमि विवाद की सूचना मिली थी। मामले में दोनों पक्षों से आधा दर्जन महिलाओं का शांतिभंग में चालान किया गया है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

### दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

भदोही। डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला सम्बंधित अपराधों में त्वरित कार्यवाही अपराधों की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही तथा पंजीकृत अभियोग के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिया गया है। इसी के क्रम में थानाध्यक्ष ऊंज के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअसं-111/2022 धारा-498अ ,304इ भादवि. व 3/4 डी.पी. एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण बसंत लाल शर्मा पुत्र स्व. खिलाड़ी शर्मा और सुशीला देवी उर्फ बिटोला देवी पत्नी बसंत लाल निवासीगण सहसीपुर जनपद भदोही को सहसीपुर से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया।

### किसान सम्मान दिवस के रूप में मनेगा पूर्व पीएम का जन्मदिन

ज्ञानपुर। डीएम गौरांग राठी के निर्देश पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस 23 दिसम्बर शुक्रवार को किसान सम्मान दिवस के रूप में चिन्तामणि राय इण्टर कालेज मूसीलाटपुर में मनाया जाएगा। उप कृषि निदेशक डॉ. अश्वनी कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया किसान सम्मान दिवस में किसानों को तकनीकी जानकारियां दी जाएगी।

### बगैर अनुमति धर्म विशेष के प्रचार-प्रसार में सात पर केस

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के किशुनदेवपुर गांव में सोमवार को बगैर अनुमति के एक विशेष वर्ग द्वारा धर्म का प्रचार प्रसार करने के मामले में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि ग्राम प्रधान छविनाथ यादव की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए गोपीगंज पुलिस ने विभिन्न धारा में मुकदमा कायम किया है। किसुनदेवपुर गांव में सोमवार को एक वर्ग विशेष द्वारा धर्मांतरण कराने की सूचना पर बड़ी संख्या में पुलिस गांव पहुंच गयी। वहां पर मौजूद लोगों को हिरासत में लेकर थाना ले आयी। जिसको लेकर गांव मे हड़कंप मच गया। कुछ लोग उन्हें छुडाने के लिए थाने पहुच गये। इस संबंध मे ग्राम प्रधान ने तहरीर देकर अवगत कराया कि ज्ञान चन्द सोनकर ने अपने घर पर बड़ी संख्या में गांव के लोगो को एकत्र कर रखा है। इसमे प्रयागराज के डेविड पुत्र स्व. डीएस डीन, राम सिंह सोनकर मेजा प्रयागराज के साथ ज्ञानचन्द के पुत्र शेखर उनकी पत्नी सरस्वती देवी व मुन्नी देवी पत्नी राम सिंह व आशीष एकत्र होकर वर्ग विशेष के लोगों को एकत्रित कर अनाधिकृत रूप से बिना किसी अनुमति के वर्ग विशेष के धर्म के विषय पर चर्चा करते हुए प्रार्थना करने व उससे सम्बन्धित लाभ बता रहे थे। सूत्रों से मिली जानकारी से की इनका कार्य वर्ग धर्म के विशेष लोगों कि आस्था को ठेस पहुंचाने वाला है। ग्राम प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ धारा 188, 298 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

### थानाध्यक्ष ने चौकीदारों में सीटी व टॉर्च वितरित किया

पवांरा। थाना प्रांगण में मंगलवार को थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया ने क्षेत्र के समस्त चौकीदारों को सीटी व टॉर्च वितरित किया। उन्होंने चौकीदारों को कहा कि आप लोग रात में अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त करेंगे और कहीं कोई घटना घटित होने पर तुरन्त पुलिस को सूचित करेंगे। रात्रि में कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो तुरन्त इसकी भी सूचना थाने पर दे ताकि समय रहते कोई अपराध होने से रोका जा सके।

## खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने स्वयं सहायता समूहों को दी जानकारी



ज्ञानपुर ब्लॉक सभागार में समूह की महिलाओं को खाद्य सुरक्षा अधिनियम की जानकारी देते अधिकारी

**गोपीगंज।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश के क्रम में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने स्वयं सहायता समूहों को विकास खंड कार्यालय ज्ञानपुर में प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता चंदन पांडेय सहायक आयुक्त खाद्य खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने अपने संबोधन में बताया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं खाद्य कारोबार के क्षेत्र में अच्छी उन्नति कर सकती हैं। विभाग उनको लेवलिंग लाइसेंसिंग इत्यादि के बारे में सुविधा मुहैया कराएगा। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कृष्ण त्रिपाठी ने महिलाओं को कौशल विकास के संबंध में जानकारी दी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद वर्मा ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को फूडलाइसेंसिंग एवं अन्य कानूनों के बारे में जानकारी दी। समूह की महिलाओं प्रीति मौर्य एवं सुनीता देवी ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रशिक्षण टीम में विभाग के अन्य अधिकारीगण ओपी सिंह एवं जेपी सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# सेंट मेरिज स्कूल में क्रिसमस को लेकर मनाई खुशियां

**जनसंदेश न्यूज**

**आयोजन**

### स्कूल के आस-पास रहने वाले जरूरतमंदों में बांटे गए कंबल

### मुख्य अतिथि के रूप में कालीन निर्यातक परवेज अंसारी रहे मौजूद

**भदोही।** क्रिसमस की तैयारियों को लेकर मंगलवार को सेंट मेरिज स्कूल में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि कालीन निर्यातक परवेज अंसारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के आस-पास रहने वाले जरूरतमंदों को मुख्य अतिथि द्वारा कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उनके द्वारा ग्रुप डांस व अन्य तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुति दी गई। जिसका सभी ने सराहना की। साथ ही दिव्यांगों के बीच कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें म्यूजिकल चेयर, गुब्बारे फूलना, राउंड- राउंड दौड़ लगाना। प्रतियोगिता में विजेता दिव्यांगों को गिफ्ट देकर पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही मुख्य अतिथि ने 150 दिव्यांगों व जरूरतमंदों में कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के बीच इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होने से उनकी बहुत बड़ी मदद हो जाती है। इस तरह के आयोजनों से उनमें आत्मबल बढ़ता है और बच्चो को भी उनकी मदद करने के लिए स्कूल की तरफ से प्रेरणा मिलती है। श्री अंसारी ने कहा कि मैं भी सेंट मेरिज स्कूल का छात्र रहा हूं। आज मेरी जो भी कामयाबी है। इसका श्रेय इस विद्यालय को जाता है। यह भदोही का सबसे अच्छा स्कूल है। स्कूल के प्रिंसिपल फादर आनंद लाकरा ने वहां पर मौजूद सभी बच्चों को और अन्य लोगों को क्रिसमस और नववर्ष की बधाई दी। इस मौके पर फादर डेविड, सिस्टर रेनू, सिस्टर कृपावती, सिस्टर फ्लोरेंसिया, नीरज मिश्रा, आकिब जाफर अंसारी, गौरव अग्रवाल मौजूद रहें।



दिव्यांगों में कम्बल वितरित करते मुख्य अतिथि कालीन निर्यातक परवेज अंसारी और प्रिंसिपल आनंद लाकरा



क्रिसमस के मौके पर रंगारंम कार्यक्रम प्रस्तुत करते सेंट मेरिज स्कूल के बच्चे

## समाज सेवा के लिए तैयार है एनएसएस : राज बहादुर

**जौनपुर।** मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के सौदागर हाल में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय कैंप का आयोजन हुआ जिसमें पूर्वांचल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक का सम्मान समारोह रखा गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व समन्वयक डॉ. हसीन खान ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वर्तमान समन्वयक डॉ. राजबहादुर यादव रहे एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व समन्वयक प्रोफेसर डॉ. राकेश कुमार यादव रहे। सभी अतिथियों का पुष्प एवं बुके देकर प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने स्वागत किया। स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादर खान ने कहाकि राष्ट्रीय सेवा योजना देश के प्रति हर सेवा के लिए तत्पर होती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा बच्चे अपना सर्वांगीण विकास एवं देश के लिए एक अहम योगदान दे सकते हैं। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना को एक नया आयाम देना है। समाज और देश के प्रति सभी स्वयंसेवक एवं सेविकाओं को हर वक्त तैयार रखना है। नई-नई सरकार की योजनाओं के साथ सभी स्वयंसेवकों को उनका लाभ पहुंचाना है। विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में कहाकि पूर्वांचल विश्वविद्यालय ऐसा मात्र विश्वविद्यालय है जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के सबसे ज्यादा स्वयंसेवक और स्वयंसेविका मौजूद हैं जो हर आपदाओं में अपना अहम योगदान देते है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. हसीन खान ने कहाकि राष्ट्रीय सेवा योजना अपने कर्म से आज देश में नाम रौशन कर रही है। मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज की छात्रा आंचल मौर्य कर्तव्य पथ पर परेड के लिए चयनित की गई है जो हर्ष का विषय है। इस मौके पर डॉ. कमरुद्दीन शेख, डॉ. जीवन यादव, डॉ. नीलेश सिंह, डॉ. ममता सिंह, डॉ. राकेश कुमार बिंद, डॉ. प्रेमलता गिरी, डॉ. शाहिदा परवीन, अहमद अब्बास खान इत्यादि महाविद्यालय परिवार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविका मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग की सतर्कता से स्क्रब टायफस काबू

**नियंत्रण**

### चार गांवों में संभावित मरीजों पर रखी निगरानी, दो सप्ताह से नहीं मिले हैं मरीज

### 1,773 गोष्ठियों के जरिए लाई जागरूकता और 11 मरीजों का किया उपचार

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** स्वास्थ्य विभाग की आक्रामक रणनीति के चलते जनपद में स्क्रब टायफस बीमारी फिलहाल नियंत्रित हो गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि दो माह से कोई मरीज नहीं मिला है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य टीम ने अन्य दो विभागों के साथ मिलकर लगातार दो माह निगरानी की। फिर चार गांवों में सर्वेक्षण अभियान चलाया और 35 संभावित मरीजों के ब्लड सैंपल लेकर जांचें। इस प्रयास से जिले में कुल 11 लोगों में स्क्रब टायफस का पता चला। इसके बाद झाड़ियों की सफाई, एंटी लार्वा छिड़काव कराने के साथ रोडेंट रैट की बिलें बंद करावाई। 1,773 गोष्ठियों के जरिए लोगों में जागरूकता फैलाई।

सीएमओ ने बताया कि सफलतापूर्वक दो इनक्लूबेसन पीरियड पूरा कर लेने के बाद अब स्क्रब टायफस का मामला बंद करने की प्रक्रिया शुरू होगी। इनक्लूबेसन पीरियड वह समय होता है जितने दिन तक वायरस से प्रभावित होने के बाद भी मरीज में रोग के लक्षण नहीं दिखाई देते हैं। ओरिएन्टिया सुसुगैमी बैक्टीरिया से प्रभावित होने के बाद भी मरीज के शरीर में स्क्रब टायफस के लक्षण दिखने में एक सप्ताह का समय लग जाता है। जनपद में 27 नवम्बर को मछलीशहर में 9 लोगों के ब्लड सैंपल लिए गए। इसमें एक व्यक्ति के पाज़िटिव होने का पता तीन दिसम्बर को बीएचयू से मिली रिपोर्ट में चला। तब से दो इनक्लूबेसन पीरियड बीत चुके हैं। इसलिए अब इस मामले को बंद करने की प्रक्रिया चल रही है।



### कैसे फैलती है बीमारी

ओरिएन्टेना सुसुगैमी संक्रमित किलनी जब किसी को काटती है तो उसके रक्त को ओरिएन्टेना सुसुगैमी से संक्रमित कर देती है। काटने के एक सप्ताह तक (इनक्लूबेसन पीरियड) पता नहीं चलता। उसके बाद बीमारी के लक्षण दिखने लगते हैं। प्रभावित व्यक्ति को ठंड और कम्पन के साथ बुखार, बदन दर्द, सिरदर्द, कभी-कभी शरीर पर लाल चकत्ते निकल आते हैं। इसे पहचानने का सबसे अच्छा तरीका किलनी के काटने वाले स्थान पर काला निशान बन जाता है। बीमारी के कारक चारों वातावरणीय परिस्थितियों की श्रृंखला तोड़ने के लिए बीमार लोगों का इलाज कर बैक्टीरिया खत्म करना, झाड़ियों की साफ-सफाई, चूहों के बिलों को बंद कराकर इनके वाहक किलनी (चीगर) और चूहों पर नियंत्रण करना जरूरी होता है।

## हिना की मदद के लिए असमा अरबिक कॉलेज ने बढ़ाया हाथ



**खेतासराय।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पाराकमाल गांव स्थित असमा अरबिक कॉलेज ने हिना बचाव अभियान को आगे बढ़ाते हुए हिना की मदद किया है। मदद में एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान किया जिससे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। हिना पड़ोसी जनपद आजमगढ़ की बेटी है। जो फेफड़े सम्बन्धित गम्भीर बीमारी से ग्रसित है। उसके फेफड़े का ट्रांसप्लांट होने के लिए मोटी रकम की जरूरत है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह उक्त कॉलेज में हिना बचाओ मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जिससे छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें हिना मदद नाम की दान पेटी में विद्यार्थियों ने मदद डालकर हिना को बचाने का प्रयास किया है। इसके अलावा स्कूल प्रबंधक के तरफ से भी हिना के लिए आर्थिक मदद किया गया। इस तरह से कुल एक लाख रुपये की उक्त कॉलेज ने मदद भेजा है। हिना पड़ोसी जनपद आजमगढ़ की बेटी है जिसके गोद में चार मासूम बच्चे है। उसको फेफड़े सम्बन्धित गम्भीर बीमारी हो गयी है। इलाज कराने तक पैसे नहीं है। इसके इलाज का एक मात्र उपाय है फेफड़े का ट्रांसप्लांट है जिसके लिए सोशल मीडिया सहित अन्य लोगों द्वारा विभिन्न तरीके से हिना के मदद के लिए हिना बचाओ मुहिम को आगे बढ़ा रहे है लोगों से मदद मांग रहे है।

# दिवंगत प्रधानाध्यापिका के आश्रितों को दी एक लाख की सहायता

**गभिरन।** खुटहन खंड बेसिक शिक्षाधिकारी पंकज कुमार ने मंगलवार को दिवंगत प्रधानाध्यापिका उमा देवी के गृहगांव कलापुर पहुंचकर स्वजन के प्रति संवेदना जताते हुए एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि उनके पति भगवान दास को सौंपी। यह सहायता राशि ब्लाक के शिक्षकों ने जुटाई थी। इस मौके पर खंड शिक्षाधिकारी ने कहा कि उमा देवी के निधन से न सिर्फ बेसिक शिक्षा विभाग बल्कि समाज के नौनिहालों की भी अपूरणीय क्षति हुई है। मालूम हो कि प्रधानाध्यापिका उमा देवी का गत 26 नवंबर की रात करीब दस बजे हृदयाघात से निधन हो गया था। वह प्राथमिक विद्यालय टिकरी खुर्द में तैनात थीं। अपने सेवाकाल का आरंभ उन्होंने 21 मार्च 1991 में प्राथमिक विद्यालय कलापुर में सहायक अध्यापक पद पर तैनात होने के साथ किया था। उन्होंने 30 वर्ष तक बेसिक शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दीं। उनके परिवार में पति भगवानदास के अलावा दो पुत्र व दो पुत्रियां हैं। परिवार उन्हीं पर आश्रित था। शोक संवेदना जताने वालों में प्राथमिक शिक्षक संघ खुटहन के अध्यक्ष राज कुमार यादव, शशिकांत यादव, प्रमोद कुमार यादव, रामचंद्र यादव, आशीष कुमार यादव, राजीव सिन्हा, वेंकटेश्वर विश्वकर्मा, वीरेंद्र प्रताप मौर्य, वीरेंद्र कुमार सिंह, रमेश चंद्र, गौरव यादव, शैलेंद्र कुमार आदि रहे।



दिवंगत प्रधानाध्यापिका के आश्रितों को एक लाख का चेक सौंपते एबीएसए

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## चौपाल लगाकर ग्रामीणों की सुनी गई समस्याएं

**जलालपुर।** सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांवों की ओर कार्यक्रम में मंगलवार को तहसीलदार केराकत ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनके निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यक्रम में तहसीलदार अमित कुमार त्रिपाठी ने नहोरा गांव के पंचायत भवन में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही निस्तारण करने के निर्देश दिए। ग्राम प्रधान ऋषि राज द्वारा भी एक चकमार्ग की पैमाइश के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया जिसे संज्ञान में लेते हुए तहसीलदार ने हल्का लेखपाल को मौके पर जाकर निस्तारण करने का निर्देश दिया। तहसीलदार ने ग्रामीणों से गांव के आसपास के अन्य गांवों के बारे में चर्चा की तथा सभी ग्रामीणों से कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारे से मिलजुल कर रहे ताकि उनका व उनके गांव का नाम ऊंचा हो। इस अवसर पर ग्राम प्रधान ऋषि राज यादव, बीडीएल प्रमोद कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक सुशील कुमार त्रिपाठी, लेखपाल अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, विनय पांडेय, चंद्रिका, टीपू कुमार सहित गांव के तमाम लोग मौजूद रहे।



# प्रधानों, प्रधानाध्यापकों को किया जागरूक

**कार्यक्रम**

### करंजाकलां बीआरसी पर ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी संपन्न

**जौनपुर।** करंजाकला के मानव संसाधन केंद्र डाल्हनपुर के प्रांगण में एक दिवसीय संगोष्ठी उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ब्लाक के सभी विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष ग्राम प्रधान व प्रधानाध्यापक, शिक्षकों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन कर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भाजपा नेता सुनील यादव मम्मन ने किया। इस मौके पर उन्होंने प्रबंध समिति के अध्यक्ष व ग्राम प्रधानों को 19 पैरामीटर के संतृप्त करण एवं डीपीटी धनराशि के उपयोग के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि जिस विद्यालय में 19 पैरामीटर पूरे हो गए हैं, वहां के प्रधान को सम्मानित किया जाएगा। उप शिक्षा निदेशक डायट प्राचार्य डॉ. सच्चिदानंद यादव ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें। बच्चों को शिक्षा संवाद की मुख्यधारा से जोड़ें। नौनिहालों की उपलब्धि व लक्ष्य की प्राप्ति से होगा। वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. आरएन यादव ने कहा कि विद्यालय में शिक्षण कार्य पूरे मनोयोग से करें जिससे ब्लॉक प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर सके। विज्ञान एआरपी संदीप चौधरी ने लक्ष्य हासिल करने के लिए निपुण भारत मिशन कार्यक्रम को विस्तार पूर्वक पीपीटी के माध्यम से बताया। गणित एआरपी सतीश चंद्र मौर्य डीबीटी के द्वारा गांव के खाते में शासन द्वारा भेजे गए बजट को किस तरह खर्च किया जाए इसकी जानकारी दी। एबीएसए श्रवण कुमार यादव ने कहा कि प्रधानाध्यापक टीम लीडर की भावना से काम करें। अधिकारी विद्यालय का निरीक्षण करने जाएं तो शिक्षकों के मनोबल बढ़ाने का काम करें। इसके पूर्व एबीएसए श्रवण कुमार ने आए हुए अतिथियों को बुके अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर एआरपी जगदीश यादव, मनोज सिंह, अच्छेलाल, डॉ. अतुल प्रकाश यादव, अटेवा के मीडिया प्रभारी इंदु प्रकाश यादव, मनोज यादव अतुल सिंह, अनिल यादव, शिवपाल यादव, मोहम्मद हाशिम, अनिल मिश्रा, चंद्रप्रकाश, सुनील, संजय सिंह, विजय लक्ष्मी, वैदेही सखी मौजूद रहे। संचालन संजय यादव ने किया।



संगोष्ठी को सम्बोधित करते वक्ता

# समभाव का गुण रखने वाला हो मेयर

राघवेन्द्र केशरी






वाराणसी। निकाय चुनाव आते ही उम्मीदवारों में जहां चुनाव मैदान में उतरने की ललक है वहीं मतदाताओं भी इस बार अपने संभावित प्रत्याशी से आस लगाए बैठे हैं। इसी कड़ी में जनदसंदेश टाइम्स की ओर से बनारस के अधिवक्ताओं से हमारा मेयर कैसा हो पर चर्चा की गई। जिसपर उन्होंने अपनी बेबाकी से राय रखी। बताया कि हर बार की तरह इस बार का चुनाव दलगत राजनीति से हटकर विकास और जन सुविधाओं पर आधारित होना चाहिए। जिसमें जनप्रतिनिधि सुलभता से जनता के बीच उपलब्ध होने के साथ उसके अंदर संभाव का भी गुण विद्यमान हो। बताया कि हमारा महापौर ऐसे होना होना चाहिए जो सभी को सरलता से उपलब्ध होने के साथ समास्याओं पर त्वरित रूप से एक्शन ले सके। ऐसा न हो कि हर बार की तरह इस बार भी वह चुनाव के दौरान जनता के बीच आए और चुनाव जीतने के बाद नजरों से ओझल न हो जाए। उनका दूरभाष भी संपर्क के बाहर न हो या कोई समर्थक फोन उठाकर यह न कह दे कि अभी साहब व्यस्त हैं। ऐसे ही विचार व्यक्त करते हुए नगर के अधिवक्ताओं ने अपनी राय दी। कुछ ने बताया कि जनता के लिए एक विशेष जनसुनवाई की व्यवस्था हो तो प्रति सप्ताह महापौर की निगरानी में अधिकारियों के साथ लोगों की शिकायतों पर निर्णय ले सके। महानगर में आने वाले निगम सीमा क्षेत्रों में मूलभूत सुविधओं पर विशेष ध्यान देने वाला हो। साथ ही स्पष्ट निर्देश देकर कार्रवाई करा सके। नगर के अन्य अधिकरियों से सामन्जस्य स्थिापित कर सभी जनता की समस्याओं को खुद पर एक आम नागररिक के तौर पर आंककर देख सके।

## जन समस्याओं पर तत्काल ले सके निर्णय, आसानी से सुलभ हो सके

## चिकित्सकीय सुविधाओं व सेवाओं पर हो विशेष ध्यान, शिकायत पर ले ऐक्शन



महापौर के अंदर समभाव का गुण हो, विशेष परिस्थितियों में जनता को तत्काल सेवा उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करे। प्रशासनिक कार्यों की समस्या पर भी लोगों की ओर से पैरवी कर सके।

दीपक कुमार राय (कान्हा)
अधिवक्ता



आसानी से उपलब्ध हो, जनसुविधाओं को सामान्य लोगों तक पहुंचाने की व्यवस्था कर सके, शहर की स्वच्छता, चिकित्सा और पेजयल की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने वाला हो।

अरुण कुमार मौर्य
अधिवक्ता



कोरोना काल से लोगों को चिकित्सकिय सुविधओं की ज्यादा आवश्यकता पड़ रही है। जिसके लिए महंगे महंगे इलाज और दवाइयों का बोझ उनको आर्थिक ओर मानसिक तौर पर कमजोर कर रहा है। महापौर इनपर विशेष ध्यान देने वाला चाहिए।

प्रमोद कुमार मौर्य, अधिवक्ता



महापौर ऐसा हो जो दलगत सोच से उपर उठकर काम करे, किसी भी प्रकार से उनमें पक्षपात की भावना न हो, सेवाभाव के साथ उसको कार्य का अनुभाव हो, जो किसी भी परिस्थिति में आम जनमानस की दिक्कतों को सुनकर उसका निवारण कर सके।

विकास चौहान - अधिवक्ता

## चिकित्सकीय सुविधा पर दे विशेष ध्यान


इस बार महापौर का चुनाव ऐसा होना चाहिए जो चिकित्सकिय सुविधा पर विशेष जोर दे सके। कोरोना काल से ही लोगों को चिकित्सकिय सुविधाओं की ज्यादा दरकार है। शहर के सभी सरकारी अस्पतालों में जन सामान्य के लिए उत्तम चिकित्सा की व्यवस्था करा सके। महापौर की यह ओर से इलाज संबंधी सुविधाओं के लिए समस्या हाने पर एक टोल फ्री नंबर भी जारी किया जाना चाहिए। ताकि लोग सुविधा न मिलने पर उसपर शिकायत दर्ज करा सकें। नगर का प्रथम व्यक्ति होने के नातकारे महापौर का यह दायित्व होना चाहिए कि समाज के सभी वर्गों को एक निगाह से देखे और उनके साथ एक सामान्य व्यवहार कर सभी को सुविधा मुहैया कराए।

## काशी का मेयर कैसा हो... ?

निकाय चुनाव की तैयारियां तेज हैं। हालांकि अभी चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं हुई है। लेकिन विभिन्न पार्टियों में संभावित प्रत्याशियों की दावेदारी की कवायद परवान चढ़ रही है। भारतीय लोकतंत्र में उम्मीदवारों का चयन पार्टियों द्वारा होता है। वो जिसे टिकट देती हैं, वही चुनावी जंग में ताल ठोकते हैं। पार्टियों के चयन का अपना पैमाना होता है, उनकी तवज्जो सिर्फ जिताऊ कैंडिडेट पर होती है। इस प्रक्रिया में मतदाता की राय कोई मायने नहीं रखती। मेयर प्रत्याशी के गुण दोष को लेकर लोग क्या सोचते हैं इसे सामने लाने के मकसद से जनसंदेश टाइम्स ने 'अपका मेयर कैसा हो' श्रंखला शुरू की है। इस कड़ी में हमारी ओर से समाज के विभिन्न तबके के अलग-अलग लोगों की राय लेने का क्रम शुरू किया गया है। कुछ लोगों तक हम खुद पहुंचेंगे और जिन तक हम नहीं पहुंच पायें, वो खुद भी हमें अपनी राय लिखकर दे सकते हैं, हम उसे भी सामने रखने का प्रयास करेंगे। आप संबंधित जानकारी हमारे ईमेल-jansandeshvaranasi@gmail.com और व्हाटसएप्प नंबर 9696126371 पर भेज सकते हैं।



पूरण महराज



पं.विकास महराज



पं. त्रिलोकीनाथ मिश्र



पं. गणेश प्रसाद मिश्र



प्रभाष महराज



ममता टंडन

# सिर्फ संगीत ही नहीं, सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी हुआ...

### यह सांस्कृतिक गठजोड़ के मील का पत्थर साबित हुआ

### काशी में इस तरह का आयोजन करके सभी को मौका मिला

### काशी तमिल संगमम के विराम पर कलाकारों की राय

राधेश्याम कमल

एक माह तक चले काशी तमिल संगमम का हालांकि बनारस में विराम हो गया है लेकिन इसे चाहे सांस्कृतिक नगरी काशी के कलाकार हो या फिर मंदिर-मठ आश्रम से जुड़े धर्माचार्य हो कोई भी इस आयोजन को भूला नहीं पा रहा है। जहां पर बनारस के संगीत कलाकारों का मानना है कि इस आयोजन से सिर्फ संगीत ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी हुआ। यह सांस्कृतिक गठजोड़ का मील का पत्थर साबित हुआ है। वहीं धर्माचार्यों का मानना है कि काशी तमिल संगमम एक अद्भुत व आलौकिक आयोजन रहा। इसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। इससे भाषा के प्रति लोगों में सम्मान और भी जागृत हुआ है। इस संदर्भ में जनसंदेश टाइम्स ने काशी तमिल संगमम की उपलिब्धयों के बारे में शहर के कलाकारों से बातचीत की।

प्रसिद्ध तबला वादक पं. पूरण महराज बताते हैं कि काशी तमिल संगमम में उत्तर व दक्षिण दो जगहों का संगम हुआ। इसमें दक्षिण भारतीय व उत्तर भारतीय दोनों जगहों के कलाकारों ने भाग लिया जिससे दोनों ही जगहों के बारे तथा वहां की संस्कृति व संगीत को जानने व समझने का मौका मिला। वाकई यह बहुत ही अच्छा प्रयास रहा। इस तरह का आयोजन हमेशा होना चाहिए। इसके लिए सरकार बधाई की पात्र है जिसने काशी में इस तरह का आयोजन करके सभी को मौका दिया।

प्रसिद्ध सरोद वादक पं. विकास महराज बताते हैं कि यह उत्तर भारत व दक्षिण भारत का समागम था। इसमें दक्षिण भारतीय कलाकारों को उत्तर भारतीय कलाकारों को सुनने व जानने का मौका मिला। एक प्रकार की यह मैत्री थी। यह पहला मौका था जिसमें हर तबके के कलाकारों को इसमें मौका मिला। इसमें सिर्फ संगीत ही नहीं सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी हुआ। इससे उत्तर भारतीय व दक्षिण भारतीय के बीच में जो भी दीवार थी वह टूट गई। इसके लिए सरकार बधाई की पात्र है।

तबला वादक पं. त्रिलोकीनाथ मिश्र बताते हैं कि काशी तमिल संगमम से काशी को बहुत ही उपलब्धि हासिल हुई है। इसका फायदा आगे और भी मिलेगा। समारोह में कुछ तमिल लोगों ने हमसे हिंदी में भी बातचीत की। काशी का उन्होंने बखान भी किया। यह समागम काशी के लिए एक इतिहास बन गया है। सरकार ने यह समागम करके बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की। इसके लिए सरकार साधुवाद की पात्र है। इस तरह का आयो्जन हमेशा होना चाहिए।

तबला वादक पं. प्रभाष महराज कहते हैं कि काशी विश्व की सबसे प्राचीन नगरी मानी जाती है। दक्षिण व उत्तर का संगीत एक ही तरह है। काशी में एक माह तक काशी तमिल संगमम हुआ वह काफी अलौकिक व अद्भुत रहा। प्रसिद्ध गायक इल्लाया राजा ने यहां आकर जो गायन किया उससे यहां के लोगों ने उनके गायन को सुना व सराहा। इस संगमम से एश्ाा लगा जैसे यह एक भारत बन गया हो। यह संगमम सांस्कृतिक गठजोड़ का मील का पत्थर साबित हुआ।



प्रसिद्ध गायक कलाकार पं. गणेश प्रसाद मिश्र का कहना है कि काशी तमिल संगमम के दौरान मेरा बीएचयू के एम्फी थियेटर ग्राउण्ड पर मेरा प्रोग्राम था। मेरे बाद तमिल कवाकार का कार्यक्रम था। यह बहुत ही सुखद था। तमिल कलाकार को भी बहुत अच्छा लगा। तमिल कलाकारों ने कहा कि यहां आकर हमें सीखने का मौका मिला। कहा कि स्वर वही है, भाव भी वही है लेकिन उन स्वरों में केवल भाषाएं अलग हैं। यह गुरु के प्रति समर्पण व मां सरस्वती के चरणों में तर्पण हैं।

प्रसिद्ध कथक नृत्यागंना ममता टंडन का कहना है कि काशी कला व संस्कृति से समृद्ध नगरी रही है। दक्षिण भारत भी कला व संस्कृति से समृद्ध है। दोनों ही संस्कृति के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में काशी तमिल संगमम का बनारस जैसे शहर में आयोजन होना बहुत ही अच्छी पहल रही। इस संगमम में जब तमिलनाडु के कलाकार यहां आये तो अब यहां से भी कलाकार तमिलनाडु जायेंगे। यह बहुत ही अच्छा प्रयास था। इस संगमम में काशी के बहुत सारे कलाकारों ने परफारमेंस किया। इससे तमिलनाडु के कलाकारों के बीच एक अच्छा संदेश भी गया। यह आयोजन कलाकारों के बीच में एक यादगार समारोह बन गया है। इसको लोग महेशा याद रखेंगे।

# मैरी क्रिसमस से गूंजा सेंट जॉन्स प्रांगण

### प्रभु यीशु के जन्मोत्सव को प्ले के सहारे सेंट जॉन्स मढ़ौली के बच्चों ने किया प्रस्तुत





आयोजन

### विद्यालय में धूमधाम से शिक्षकों संग बच्चों ने मनाया क्रिसमस

### आयोजन के बाद तीन जनवरी तक स्कूल में विंटर वेकेशन

**वाराणसी।** सेंट जॉन्स की मढ़ौली शाखा में मंगलवार को प्रभु यीशु के जन्मोत्सव मैरी क्रिसमस को धूमधाम से मनाया, इस दौरान पूरे विद्यालय प्रागंण को आकर्षण ढंग से सजाया गया था। बच्चों की ओर से प्रभु यीशु के जन्मोत्सव की झांकी प्ले के माध्यम से प्रस्तुत किया गया जिससकी सभी ने सराहना की।

मैरी क्रिसमस कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य फॉदर हेनरी, उप-प्रधानाचार्य फॉदर आकाश, सिस्टर रीना ने सामूहिक रुप से किया। विद्यालय के बच्चों की ओर से कार्यक्रम शुभारम्भ की घोषणा की गयी। विद्यालय प्रांगण में खुले मंच पर छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया। मैरी क्रिसमस से संबंधित कार्यक्रम के बीच बीच में आयोजित रंगारंग कार्यक्रमों ने सभी को आकर्षित कर दिया। बच्चों ने कार्यक्रम के माध्यम से बताया कि प्रभु यीशु को जन्म किस उद्देश्य से हुआ था समाज में पनप रहे तमाम बुराईयों को खत्म करने व सम भाव के लिए प्रभु यीशु ने इस धरती पर जन्म लिया। कार्यक्रम में सबसे आकर्षण का केंद्र रहा बच्चों की ओर से प्रस्तुत प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर खुबसूरत सा प्ले, मनमोहक अंदाज में आयोजित इस प्ले में बच्चों ने माता मरियम की पूरे गाथा को प्ले के माध्यम से प्रस्तुत किया, गौशाल में प्रभु के जन्म को चरवाहों तक पहुंचाने की सुंदर प्रस्तुति ने लोगों के मन में अमिट छाप छोड़ी, सभी ने करतल ध्वनि से बच्चों के समूहों का स्वागत किया। इस इसके साथ ही जिंगल बेल पर छोटे बड़े बच्चों की प्रस्तुति आकर्षण रही। पूरे विद्यालय को मैरी क्रिसमस की तर्ज पर आकर्षण रुप से सजाया गया था, गुनगुनी धूप में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी ने अपनी अपनी प्रस्तुतियों को आकर्षण बनाया। बाइक पर सवार सांता क्लाज की ओर से सभी को मैरी क्रिसमस की शुभकामना देते हुए फॉदर हेनरी व फॉदर आकाश को मैरी क्रिसमस से संबंधित कैप लगाया गया, इसके बाद सांता क्लाज की ओर से फादर हेनरी को मैरी क्रिसमस की बधाइ दी गयी। रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों ने सभी का मैरी क्रिसमस की बधाई दी। फादर हेनरी ने सभी को मैरी क्रिसमस की बधाई दी। और प्रभु यीशु के संदेशों को उन्होंने सभी से साझा किया।

उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु ने समाज को एक साथ सम भाव से रहने का संदेश दिया उनका जन्म बुराईयो को खत्म करने के लिए ही हुआ था। हम सभी बड़े ही सौभाग्यशाली हैं जो हर साल प्रभु यीशु का जन्मोत्सव मनाते हैं। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इसके बाद विंटर विकेशन के लिए स्कूल को तीन जनवरी तक के लिए बंद करदिया गया।

# लाल गिरजाघर में भक्तों ने की विशेष प्रार्थना

जन्मोत्सव पर विशेष

### बच्चों ने प्रभु यीशु की जीवन गाथा को नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया

**वाराणसी।** कैंटोमेंट स्थित लाल गिरजा घर में मंगलवार को मैरी क्रिसमस के आगमन पर के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने प्रभु यीशु के जन्मोत्सव से संबंधित नाटक की प्रस्तुति कर लोगों को मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ चर्च में विशेष प्रार्थन से हुआ, प्रभु के जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर पूरे चर्च को आकर्षण रुप से सजाया जा रहा है। चर्च के मैदान को भी गमलों व अन्य पौधों से आकर्षण बनाया जा रहा है। फादर की ओर से सभी को मैरी क्रिसमस के लिए शुभकामना दी जा रही है।



कैरोल गीत गाते भक्तजन

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम को आकर्षण बनाने के लिए बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम को प्रस्तुत कर अपनी अमिट छाप छोड़ी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# 'मरने पर तेरही, पोल गिरने पर बरही'

आंख मिचौली

जितेंद्र श्रीवास्तव

करंट विभाग के सुपर-डुपर बाबू ही नहीं प्रदेश की योगी सरकार भी उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण करने की बात करते हैं। इसको लेकर समूची कवायद भी की जा रही है। लेकिन खंड स्तर के अभियंता इसको हल्के में लेते हुए दरकिनार कर देते हैं। ऐसा लगता है कि पब्लिक की समस्याओं के निराकरण में उनकी रत्ती भर भी दिलचस्पी नहीं है। कुछ ऐसे ही हालात बयां करते हैं पिंडरा बाजार में लगे जर्जर पोल के चलते। हाईटेंशन लाइन का बोझ उठाये वर्षों पुराना यह पोल काफी जर्जर हो चुका है। पोल का निचला हिस्सा इस कदर गल चुका है कि अब गिरा-तब गिरा वाली उसकी स्थिति हो गयी है। भगवान भला करें विद्युत तारों का, जिन्होंने इस बूढ़े पोल को सहारा दे रखा है अन्यथा कब का वह जमींदोज हो चुका होता। इस बात की जानकारी देने जब चंद जागरुक लोग करंट विभाग के इलाकाई दफ्तर पहुंचे और वस्तुस्थिति से अवगत कराया तो जिम्मेदार अभियंता का टका सा जवाब था-'भइया-बाबू किसी के मर ने के बाद ह ी उसकी तेरही होती है, जब खंभा गिरकर मर जाएगा तो उसकी जगह नया पोल लगाकर बरही करा देंगे।' आप लोग परेशान क्यों होते हैं।

### जब सर्द मौसम में जकड़ गया प्रिंटर

ऐसा नहीं है कि सर्दी सिर्फ और सिर्फ मानुष को ही लगती है। निर्जीव वस्तुएं भी इसकी चपेट में आ जाती है। इसे साबित करता है करंट विभाग का प्रिंटर। सर्दी में जकड़ में करंट विभाग के प्रिंटर के आने से राजस्व वसूली में काफी प्रभाव पड़ा। पिछले दिनों वरुणापुल स्थित करंट विभाग के राजस्व काउंटर का प्रिंटर सर्द मौसम में ऐसा जकड़ा कि अपराह्न बाद राजस्व वसूली पूरी तरह ठप हो गयी। तमाम उपभोक्ता काउंटर पर खड़े होकर प्रिंटर के चालू होने का काफी समय से इंतजार करते रहे, लेकिन राजस्व वसूलने वाला बंदा नदारद हो गया था। वहां यह बताने वाला भी कोई नहीं था कि आखिर कब तक प्रिंटर चालू होगा, समय पर चालू हो पाएगा या नहीं। सिर्फ खिड़की पर एक संदेश चस्पा कर दिया गया कि प्रिंटर खराब है। शायद इस संदेश के साथ विभाग ने अपने कर्त्तव्य की इतिश्री कर ली।

### आखिर पड़ोसी से क्यों होती है जलन

वर्तमान में यदि कोई साधन-सम्पन्न हो जाता है तो सबसे अधिक जलन नातेदारों-रिश्तेदारों को ही नहीं पड़ोसी की भी होती है। लेकिन जब किसी को 24 घंटे बिजली मिले और पड़ोसी न जले तो यह कैसे हो सकता है। जी हां, शहर क्षेत्र से जुड़े देहात के कई फीडर ऐसे हैं, जिनसे जुड़े उपभोक्ताओं को लगातार बिजली नहीं मिलती है। शहरी क्षेत्र में तो टनाटन 24 घंटे बिजली मिल रही है। जबकि देहात क्षेत्र के फीडरों से निर्धारित रोस्टर के शिड्यूल के मुताबिक बिजली दी जाती है। ऐसे में शहरी फीडर के समीपवर्ती रहने वाले देहात क्षेत्र के फीडरों से जुड़े लोगों को तब जलन होने लगती है, जब उनके यहां बिजली नहीं होती और पड़ोसी का घर रोशन होता रहता है। लिहाजा, रोस्टर के मुताबिक बिजली पाने वाले उपभोक्ता टनाटन निर्बाध बिजली आपूर्ति न पाने की कसक लिये पड़ोसी को कोसने से बाज तक नहीं आते।

### प्राइवेट कर्मचारी यानी कमाऊ पूत

करंट विभाग में तो तमाम काम प्राइवेट फर्मों के हवाले हैं, जिनके यहां काम करने वालों को प्राइवेट कर्मचारी कहा जाता है। विभाग के निचले स्तर के ही नहीं ऊंचे स्तर के अभियंता और अधिकारी भी है, जिन्होंने कई काम के लिए प्राइवेट कर्मचारी पाल रखे हैं। ऐसे कर्मचारी कमजोर उपभोक्ताओं को सताने से बाज नहीं आते। चाहे मीटर चेकिंग का बहाना हो या फिर कटियामारों के खिलाफ अभियान चलाने की। चाहे त्रुटिपूर्ण बिल को सही कराने की बात हो या फिर कनेक्शन देने की। चाहे खराब ट्रांसफॉर्मर बदलवाने की बात हो या फिर किसी प्रकार के फॉल्ट को सही कराने की। हर जगह लोगों का सामना प्राइवेट कर्मचारियों से होती है। ये प्राइवेट कर्मचारी उपभोक्ताओं को दुधारू गाय की तरह दुहते हैं और चलते बनते हैं।